RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 79
लखनऊ, शुक्रवार, 8 जनवरी, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



चाहे आप विवाहित हैं या नहीं, सहमति सबसे जरूरी है
विविध-12

www.dailypioneer.com

## जंग के मैदान में बदला अमेरिकी संसद परिसर

# ट्रंप समर्थकों का तांडव, हिंसक झड़प में चार मरे

### सुरक्षाकर्मियों से जमकर हुई भिड़ंत, गोलियां चलीं, शीशे तोड़े, गुंबदाकार यूएस कैपिटल में आतंकी हमले जैसा दृश्य

- प्रतिनिधि सभा की स्पीकर पेलोसी का कार्यालय क्षतिग्रस्त
- ट्विटर और फेसबुक ने ट्रंप के अकाउंट बंद किए

एजेंसी। वाशिंगटन



वाशिंगटन में अमेरिका के कैपिटल भवन में हिंसक प्रदर्शन करते चुनाव में पराजित हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक

**अमेरिका** के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हजारों समर्थक कैपिटल परिसर में घुस गए और पुलिस के साथ उनकी झड़प हुई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। हमले के दौरान दर्जनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

गुंबदाकार कैपिटल भवन में चारों शीशे टुकड़े बिखरे पड़े थे। चुनाव नतीजों से नाराज दंगाइयों ने जबर्दस्त तरीके से हिंसक कार्रवाई की और पूरे माहौल को अराजक बना दिया। ऐसा लग रहा था कि पूरा परिसर जैसे जंग की मैदान में तब्दील हो गया हो। इस दौरान नए राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडेन के नाम पर मुहर लगाने की संवैधानिक प्रक्रिया भी बाधित हुई। कांग्रेस के सदस्य बुधवार को 'इलेक्टोरल कॉलेज वोट' की गिनती कर रहे थे, इसी दौरान बड़ी संख्या में ट्रंप के समर्थक सुरक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करते हुए कैपिटल परिसर में घुस गए। पुलिस को इन प्रदर्शनकारियों को काबू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इन हालात में प्रतिनिधि सभा और सीनेट तथा पूरे कैपिटल को बंद कर दिया गया। उपराष्ट्रपति माइक पेंस और सांसदों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया।

पुलिस ने बताया कि बुधवार को कैपिटल परिसर में हंगामे और दंगे के बीच एक पुलिस अधिकारी की गोली लगने से एक महिला की मौत हो गई। कई प्रदर्शनकारी घायल भी हुए हैं। वाशिंगटन डीसी पुलिस प्रमुख रॉबर्ट कोंटे ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों द्वारा कैपिटल परिसर में किए दंगों को 'शर्मनाक' बताया। पुलिस ने बताया कि तीन अन्य लोग भी इस घटना में मारे गए। बिगड़ते हालात के बीच राष्ट्रीय राजधानी में कर्फ्यू लगा दिया गया। लेकिन बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी कर्फ्यू का उल्लंघन करते हुए सड़कों पर उतर आए। मेयर मुरियल बोसर ने दोपहर में कर्फ्यू की घोषणा कर दी थी। हमले में कांग्रेस (संसद) के निम्न सदन प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी के कार्यालय में भी तोड़फोड़ की गई। पेलोसी के (शेष पेज 9)

### मोदी ने की अमेरिका में हिंसा की निंदा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों और पुलिस के बीच बुधवार को हुई हिंसक झड़प पर चिंता व्यक्त की और कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को गैरकानूनी प्रदर्शनों से बदलने की अनुमति नहीं दी जा सकती। प्रधानमंत्री मोदी ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर अमेरिका में सत्ता के सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण हस्तांतरण की प्रक्रिया को जारी रखने का आह्वान भी किया। मोदी का यह बयान ट्रंप के हजारों समर्थकों के कैपिटल परिसर में घुसने और पुलिस के साथ उनकी हिंसक झड़प के बाद आया। इन घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। साथ ही नए राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडन के नाम पर मोहर लगाने की संवैधानिक प्रक्रिया बाधित हुई। मोदी ने कहा, वाशिंगटन डीसी में हिंसा और दंगे की खबरों से चिंतित हूं। सत्ता का सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण हस्तांतरण जारी रहना चाहिए। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को गैरकानूनी प्रदर्शनों के जरिए बदलने की अनुमति नहीं दी जा सकती। वाशिंगटन डीसी स्थित कैपिटल परिसर में अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य बैठते हैं। प्रदर्शन के दौरान वहां चर्चा जारी थी और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन की चुनावी जीत की पुष्टि की जानी थी। ट्रंप के समर्थक कैपिटल में चल रही बहस के बीच में सीनेट चेंबर तक पहुंच गए थे। पुलिस को इन प्रदर्शनकारियों को काबू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इन हालात में प्रतिनिधि सभा और सीनेट तथा पूरे कैपिटल को बंद कर दिया गया। उपराष्ट्रपति माइक पेंस और सांसदों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

## बाइडेन की जीत पर संसद की भी मुहर, ट्रंप ने कबूली हार



बाइडेन-कमला हैरिस की फाइल फोटो

- लोकतंत्र पर हमले से हिली अमेरिकी कांग्रेस ने डेमोक्रेट जो बाइडेन की चुनावी जीत का औपचारिक रूप से किया सत्यापन
- ट्रंप ने बयान जारी कर 20 जनवरी को गद्दी छोड़ने का किया ऐलान

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिकी** कांग्रेस ने गुरुवार को एक संयुक्त सत्र में तीन नवंबर को हुए चुनाव में राष्ट्रपति पद के लिए जो बाइडेन एवं उपराष्ट्रपति पद पर कमला हैरिस के निर्वाचन की औपचारिक रूप से पुष्टि कर दी। कांग्रेस के संयुक्त सत्र में निर्वाचन का सत्यापन गुरुवार तड़के किया गया।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सैकड़ों समर्थकों द्वारा हिंसक तरीके से कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) में दाखिल होने एवं कांग्रेस की कार्यवाही बाधित किए जाने के बाद बुधवार देर रात संयुक्त सत्र की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। चुनाव नतीजों के संसद से सत्यापन पर टिप्पणी करते हुए ट्रंप ने कहा कि यह फैसला राष्ट्रपति पद के इतिहास में उनके पहले महान कार्यकाल की समाप्ति को प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि वह 20 जनवरी को सुचारु तरीके से सत्ता का हस्तांतरण करेंगे।

ट्रंप ने एक बयान में कहा कि चूंकि चुनाव के नतीजों से मैं पूरी तरह से असहमत हूं और इस तथ्य पर कायम हूं, इसके बावजूद 20 जनवरी को सुचारू (शेष पेज 9)

## कोरोना वैक्सीन की पहली खेप जल्द, तैयार रहें राज्यः केंद्र

- आज फिर होगा देशव्यापी टीकाकरण का पूर्वाभ्यास

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



टीकाकरण के बारे में राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों से चर्चा करते डॉ. हर्षवर्धन

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि उन्हें कोविड-19 टीके की पहली खेप जल्दी ही मिल सकती है और इसे प्राप्त करने के लिए वे तैयार रहें। मंत्रालय ने एक पत्र में कहा कि आपूर्तिकर्ता टीके की आपूर्ति 19 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के केंद्रों पर करेगा। इनमें आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। शेष 18 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को टीका उनके संबंधित सरकारी चिकित्सा भंडारण डिपो से मिलेगा। इनमें अंडमान निकोबार द्वीप समूह, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दमन और नागर हवेली, दमन एवं दीव, गोवा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, लक्षद्वीप, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, पुडुचेरी, सिक्किम, त्रिपुरा और उत्तराखंड शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय में प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) के सलाहकार डॉ. प्रदीप हलदर ने पांच जनवरी के पत्र में कहा, सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को कोविड-19 टीके की पहली खेप जल्द मिल सकती है। उन्होंने कहाकि इस संबंध में, आपसे आग्रह किया जाता है कि टीके की आपूर्ति को प्राप्त करने के लिए पहले से ही तैयारी रखें। पत्र में कहा गया है कि टीके का जिलों में वितरण पंजीकृत लाभार्थियों के मुताबिक होगा, जिसके लिए जल्दी अलग से एक पत्र भेजा जाएगा। गौरतलब है कि देश के औषधि नियंत्रक ने रविवार को ऑक्सफोर्ड- (शेष पेज 9)

## गैंगवारः हत्याकांड के आरोपी की तीन मंजिला इमारत पर चला बुलडोजर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- आजमगढ़ में हुई कार्रवाई

**लखनऊ** के विभूति खंड थाना क्षेत्र में बीते बुधवार की शाम मारे गए अजीत सिंह की हत्या के मामले में आरोपी बनाए गए आजमगढ़ के माफिया ध्रुव कुमार सिंह उर्फ कुंटू सिंह के खिलाफ शासन के आदेश पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। गृह विभाग के प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को बताया कि आजमगढ़ के छपरा सुल्तानपुर जीयनपुर स्थित कुंटू सिंह की तीन मंजिला बिल्डिंग पर जिला प्रशासन ने बुलडोजर चलवा कर उसे ध्वस्त कर दिया।

कुंटू पर आज़मगढ़, मऊ, जौनपुर में गम्भीर धाराओं में 67 मुकदमे दर्ज हैं। बुधवार की रात हुई कई राउंड फायरिंग में अजीत सिंह का एक साथी मोहर सिंह और एक डिलीवरी ब्वॉय आकाश भी घायल हुआ था। घायल मोहर सिंह की तहरीर पर कुंटू सिंह, अखंड सिंह और गिरधारी विश्वकर्मा के खिलाफ 302, 307,120बी और धारा 34 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

गृह विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि नगर पंचायत जीयनपुर में नक्शा के विपरित ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह पुत्र रुद्र प्रताप सिंह निवासी छपरा सुल्तानपुर, जीयनपुर आजमगढ़ द्वारा अवैध रूप से निर्माण कराए गए बिल्डिंग के धवस्तीकरण की कार्रवाई जिलाधिकारी राजेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार की उपस्थिति में की गयी।

ईओ नगर पंचायत जीयनपुर द्वारा उक्त बिल्डिंग को ध्वस्तीकरण करने के लिए आदेश पारित किया गया था। प्रवक्ता के अनुसार जिलाधिकारी ने बताया कि ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह के खिलाफ मुकदमा संख्या 467/2013 उप्र गिरोह बन्द अधिनियम से संबंधित दिनांक 20 मार्च 2020 9 अगस्त 2020 तथा 17 अक्टूबर 2020 द्वारा पूर्व में ही कई संपत्तियों को कुर्क किया जा चुका है।

## जेईई एडवांस प्रवेश परीक्षा तीन जुलाई को होगीः शिक्षा मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**देश** के विभिन्न भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में दाखिले के लिए जेईई एडवांस परीक्षा इसी साल 3 जुलाई को आयोजित की जाएगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। निशंक ने बताया कि कोविड-19 की स्थिति को देखते हुए संयुक्त प्रवेश परीक्षा- जेईई एडवांस के लिये 12वीं कक्षा में 75 फीसदी अंक की निर्धारित पात्रता मानदंड में इस बार भी छूट दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह शीर्ष और बहुत महत्वपूर्ण परीक्षा है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी की स्थिति से अभी तक हम उबर नहीं पाए हैं। इसी के चलते पिछले वर्ष की ही तरह इस वर्ष भी दाखिले के लिए 12वीं कक्षा में 75 फीसदी अंकों की अनिवार्यता नहीं रखी गयी है। गौरतलब है कि जेईई एडवांस परीक्षा के लिए पात्रता मानदंडों के तहत या तो छात्रों को 12वीं कक्षा में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक अथवा प्रवेश परीक्षा में शीर्ष 20 पर्सेंटाइल रैंक (शेष पेज 9)

## बातचीत से पहले किसानों ने किया शक्ति प्रदर्शन



कुंडली-सोनीपत एक्सप्रेसवे पर ट्रैक्टर रैली में भाग लेते किसान। फोटोः रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- सिंघू, टिकरी, गाजीपुर बॉर्डर और हरियाणा के रेवासन में निकाली ट्रैक्टर रैली, कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग पर अड़े

**सरकार** से बातचीत से पहले हजारों किसानों ने केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ गुरुवार को प्रदर्शन स्थल-सिंघू, टिकरी और गाजीपुर बॉर्डर और हरियाणा के रेवासन में ट्रैक्टर रैली निकाली।

प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों ने कहा कि 26 जनवरी को हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से राष्ट्रीय राजधानी में आने वाले ट्रैक्टरों की प्रस्तावित परेड से पहले यह महज एक 'रिहर्सल' है। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के प्रमुख जोगिंदर सिंह उगराहां ने कहा कि 3500 से ज्यादा ट्रैक्टरों और ट्रॉलियों के साथ किसान मार्च में हिस्सा लिया। पंजाब के बड़े किसान संगठनों में से एक उगराहां ने कहा कि वह तीन कानूनों को वापस लेने के अलावा किसी बात पर राजी नहीं होंगे।

केंद्र सरकार और किसान संगठनों के बीच शुक्रवार को आठवें दौर की बातचीत होनी है। प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों और तीन केंद्रीय मंत्रियों के बीच सोमवार को सातवें दौर की बैठक बेनतीजा रही थी क्योंकि किसान तीनों कानूनों को निरस्त करने की अपनी मांग पर डटे हुए हैं। दिल्ली पुलिस और हरियाणा पुलिस के कर्मियों की भारी तैनाती के बीच ट्रैक्टर (शेष पेज 9)

### कानूनों को वापस लेने के अलावा किसी भी मुद्दे पर विचार को तैयारः तोमर



**नई दिल्ली।** केंद्र और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच होने वाली महत्वपूर्ण वार्ता से एक दिन पहले केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को कहा कि सरकार तीन नये कृषि कानूनों को वापस लेने के अलावा किसी भी प्रस्ताव पर विचार करने को तैयार है। हालांकि, किसानों की केंद्र सरकार से एक मुख्य मांग नये कृषि कानूनों को वापस लेने की है। आंदोलनरत किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से वार्ता का सरकार की ओर से खाद्य मंत्री पीयूष गोयल और (शेष पेज 9)

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,093 | ↓ 80 | |
| निफ्टी | 14,137 | ↓ 08 | |
| सोना | 50,335 | ↓ 714 | /10g |
| चांदी | 69,708 | ↓ 386 | /kg |

### क्विक न्यूज

**डीएलएड अभ्यर्थी भी शिक्षक भर्ती के लिए होंगे मान्य**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआइओएस) से डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) का कोर्स करने वाले अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। यह अभ्यर्थी अब प्राथमिक स्कूलों की शिक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने इस कोर्स को भी शिक्षक बनने के लिए मान्य किया है, बशर्ते वे केंद्र और राज्य की शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण हों। बता दें कि परीक्षा नियामक प्राधिकारी सचिव अनिल भूषण चतुर्वेदी ने उप्र शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 व 2019 में एनआइओएस से डीएलएड करने वालों को बाहर कर दिया था। एनसीटीई की तरफसे सभी प्रदेशों के मुख्य सचिव को जारी पत्र में डीएलएड करने वालों को राहत दी गयी है।

## कुलपतियों की नियुक्ति में पोलिटिकल प्रेशर खत्म कियाः राज्यपाल

- उच्च शिक्षण संस्थानों को बेहतर करने के लिए रोड मैप तैयार कर काम किया जा रहा है।
- समाज व राजनीति में अभी महिलाओं को लंबा सफर तय करना होगा।



साक्षात्कारः आनंदीबेन पटेल

**गुजरात** में सरकार की मुखिया थीं तो उत्तर प्रदेश में वह राज्य की संवैधानिक प्रमुख हैं। मध्य प्रदेश की भी यही जिम्मेदारी उनके पास है और कुछ समय के लिए यही भूमिका छत्तीसगढ़ में भी निभा चुकी हैं। सीधी सपाट बात करना उनके मूल में है और शायद यही कारण है कि उन्होंने माना कि विश्वविद्यालयों व उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए सरकारों को जितना कुछ करना चाहिए था, उतना किया नहीं जा सका। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल के तौर पर तकरीबन डेढ़ साल बिता चुकीं आनंदीबेन पटेल ने कहा कि कुलपतियों की नियुक्ति में राजनीतिक दबाव व सिफारिश का बोलाबाला हुआ करता था लेकिन उन्होंने इस संस्कृति को बदलते हुए मेरिट पर आधारित पारदर्शी व्यवस्था को लागू किया है। पायनियर के ब्यूरो प्रमुख **राज बहादुर सिंह** व प्रमुख संवाददाता **सतीश सिंह** के साथ विशेष बातचीत में राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षा में यूपी अभी गुजरात जैसे राज्य से पीछे है और इसे काफी आगे जाना होगा। प्रस्तुत हैं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से बातचीत के प्रमुख अंशः-

**प्रश्नः- उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों को बेहतर करने के लिए ढांचागत तौर पर क्या किए जाने की आवश्यकता महसूस की?**

**उत्तरः-** जब यूनिवर्सिटी शुरू होती है तो उसका धीरे-धीरे विकास होता है। ऐसे में 100 साल या 50 साल की यूनिवर्सिटी के सर्वांगीण विकास के सरकार की तरफ से जो सहयोग मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला। बिल्डिंग आधी-अधूरी हैं। आधे से अधिक अध्यापक संविदा पर पढ़ा रहे हैं। ऐसे में गुणवत्ता युक्त शिक्षा की अधिक अपेक्षा नहीं की जा सकती। ऐसे विषयों पर सरकार से संवाद कर चीजें व्यवस्थित की जा रही हैं। सरकार शिक्षकों की भर्ती कर रही है। यह सब पलक झपकते नहीं किया जा सकता। एक रोड मैप तैयार कर काम किया जा रहा है।

**प्रश्नः- गुजरात में आपने सरकार चलायी, यहां गवर्नर हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में क्या फर्क पाती हैं?**

**उत्तरः-** इस मामले में यूपी भी और एमपी भी काफी पीछे हैं। गुजरात में शतप्रतिशत पूर्णकालिक टीचर हैं। यहां संविदा की भरमार हैं। कुलपति क्या कर रहे हैं, पता नहीं चलता। बहरहाल हम सुधार के रास्ते पर हैं और यह दिखने भी लगा है। फर्जी डिग्री वालों पर रोक लगाई गई है। सारी चीजें ऑनलाइन कराई जा रहीं हैं।

**प्रश्नः- क्या कुलपति की नियुक्ति में राजनीतिक दबाव का अनुभव हुआ?**

**उत्तरः-** हां, यह एक ऐसी सच्चाई है जिससे मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। कुलपति की नियुक्ति में राजनीतिक दबाव को समाप्त करने पर ध्यान केन्द्रित किया। इसे खत्म किया है। नियुक्ति प्रक्रिया में परिवर्तन किया। पहले विज्ञापन नहीं निकाले जाते थे। अब निकाले जाते हैं। पूरे देश से आवेदन आ रहे हैं। तीन सदस्यीय सर्च कमेटी में राज्य सरकार, यूनिवर्सिटी व राजभवन का एक-एक प्रतिनिधि होता है। मैं स्वयं अभ्यर्थियों से बात करके उनके विजन की थाह लेती हूं। केजीएमयू के लिए पहली बार में नहीं मिला दूसरी बार प्रकिया शुरू की गयी। मोइनुद्दीन चिश्ती अरबी फारसी भाषा यूनिवर्सिटी के लिए तीसरी बार प्रक्रिया शुरू हो रही है।

**प्रश्नः- क्या आप प्रो-एक्टिव राज्यपाल की अवधारणा से सहमत हैं?**

**उत्तरः-** मैं इस बहस में नहीं पड़ती। बात को यूं समझिए। कोई भी सरकारी आदेश देखिए। उसमें लिखा होता है राज्यपाल की अनुमति से। तो ऐसे में जहां जरूरत समझती हूं वहां देखती हूं। जानकारी भी ले सकती हूं। सामान्यतया ऐसा नहीं होता। अब जैसे बच्चों की पढ़ाई की बात होगी तो मैं उसे देखूंगी।

**प्रश्नः- समाज व राजनीति में महिलाओं की स्थिति को कैसा पाती हैं?**

**उत्तरः-** जहां लड़कियां पढ़ रहीं हैं वहां का स्तर ऊंचा है। अधिकांश पुरस्कार उन्हीं के हिस्से में जाते हैं। जिनको पढ़ने का मौका नहीं मिला वे पीछे रह गयी हैं। ऐसे में सरकार स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उनका स्तर ऊंचा उठाने की कोशिश कर रही है। यह प्रयोग सफल भी हो रहा है। राजनीति में भी कमोवेश यही हालत है। आज भी पुरुष आगे हैं। पंचायत चुनाव में ही देखिए। पहले खुद थे बाद में महिला सीट होने पर पत्नी को लड़ाते हैं और जीतने के बाद जहां महिलाओं को कामकाज सीखना चाहिए वहां पुरुष ही सारा काम कर रहे हैं। अभी महिलाओं को लंबा सफर तय करना होगा। (शेष पेज 9)

# मिशन शक्ति के तहत योगी सरकार की अनूठी पहल

## सरकारी अस्पतालों में 22 जनवरी को पैदा हुई बेटियों का सरकार मनाएगी जन्म दिवस

● एक से 20 जनवरी तक जन्म लेने वाली बेटियों की संख्या के बराबर कराया जाएगा पौधरोपण








पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार मिशन शक्ति अभियान के तहत जनवरी-फरवरी माह में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन शुरू किया है। प्रदेश में पहली बार महिलाओं व बेटियों के लिए शुरू हुये इस वृहद अभियान में आधी आबादी को सशक्त बनाने का जमीनी स्तर पर काम हो रहा हैं। महिलाओं और बेटियों को इस अभियान से न सिर्फ सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है बल्कि उनको इन योजनाओं का लाभ भी सीधे तौर पर मिल रहा है। इस अभियान को आगे बढ़ाते हुये आगामी 22 जनवरी को सरकारी अस्पतालों में जन्म लेने वाली बेटियों का जन्मदिवस मनाए जाने का सरकार ने फैसला लिया है जिसके तहत योगी सरकार की ओर से मां व बेटी को उपहार भी दिए जाएंगे। मिशन शक्ति के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम को बढ़ावा देते हुए यूपी के जनपदों में एक जनवरी से 20 जनवरी तक जन्म लेने वाली बेटियों की संख्या के बराबर पौधरोपण का कार्य भी किया जाएगा। इन वृक्षों के संरक्षण का दायित्व पुरूषों को सौंपा जाएगा। बालिकाओं के निम्न लिंगानुपात वाले ब्लॉकों की सभी ग्राम सभाओं से डिजिटल एनालॉग गुड्डा-गुड्डी बोर्ड की शुरुआत की जाएगी। इसका क्रियान्वन करते हुए समस्त ग्राम पंचायतों में छह माह के अंदर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ-साथ ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में भी इसे शामिल किया जाएगा।

प्रदेश में बेटियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए अभियान के जरिए प्रशासन की पाठशला कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत उन बालिकाओं और महिलाओं की काउंसलिंग की जाएगी जो विभिन्न प्रशासनिक सेवाओं जैसे पुलिस, फौज, एयरफोर्स समेत मेडिकल, इंजीनियरिंग व उद्योग जगत में आगे बढ़ने का सपना देख रहीं हैं।

कार्यक्रम में जिलाधिकारियों व उच्चधिकारियों द्वारा ऑफलाइन व ऑनलाइन कैरियर काउंसलिंग शिविरों का आयोजन कर उनकी काउंसलिंग की जाएगी। मिशन शक्ति अभियान के तहत हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश स्तर पर 24 फरवरी को किया जाएगा। इस बार जिलाधिकारी किशोरियों व महिलाओं से दो घंटे तक संवाद स्थापित कर यौन शोषण, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक हिंसा और दहेज उत्पीड़न जैसे मुद्दों पर बात करेंगे। इन मुद्दों पर महिलाओं व बेटियों को संरक्षण, सुरक्षा, सुझाव और सहायता भी देंगें।

उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों के जिलाधिकारी वेबिनार, चौपालों, ऑनलाइन बैठक और वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए किशोरियों व महिलाओं से रूबरू होंगे।

# यूपी में पहले व दूसरे चरण में 34 लाख लोगों को लगेगी वैक्सीन: जय प्रताप सिंह

● इनमें 9 लाख हेल्थ वर्कर और 25 लाख फ्रंट लाइन वर्कर हैं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** वैक्सिनेशन को लेकर गुरुवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन की तरफसे सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ की गई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा है कि प्रदेश में पहले 34 लाख लोगों को वैक्सीन लगेगी। पायनियर हिंदी के साथ बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह वैक्सीन पहले व दूसरे चरण में 34 लाख लोगों के लिए उपलब्ध होगी। इनमें 9 लाख हेल्थ वर्कर हैं और 25 लाख फ्रंट लाइन हेल्थ वर्कर हैं। स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि अभी वैक्सीन आने की तिथि क्या होगी, यह तय नहीं है। सारे प्रोसीजर पूरा होने के बाद सप्लाई करने वाली कम्पनी सभी राज्यों को वैक्सीन अधिकृत सेंटर पर पहुंचायेगी। उसके बाद वहां सभी जिलों और सब सेंटर्स को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद वैक्सिनेशन की प्रक्रिया शुरू होगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि पहले और दूसरे चरण में मुफ्त उपलब्ध होगी। इसके बाद 50 वर्ष से ऊपर असाध्य रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार उपलब्ध होगी। इसके बाद जरूरत महसूस हुई तो भारत सरकार ओपेन मार्किट के लिए व्यवस्था करेगी। कल सभी राज्यों में ड्राई रन के मसले पर स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में यह बात रखी गई कि यूपी में 11 जनवरी को ड्राई रन का आयोजन किया गया है, ऐसे में यहाँ 11 जनवरी को ही फाइनल ड्राई रन होगा।

# कोविड संक्रमण काल मे 18 करोड़ परिवारों तक पहुंची सरकार



● 17 जनवरी से शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोविड** 19 संक्रमण के दौर में प्रदेश की 24 करोड़ आबादी में से राज्य सरकार ने 18 करोड़ परिवार तक पहुंच कर हालचाल लिया है अथवा उनका कोविड टेस्ट कराया गया है। वैसे पूरे देश में सबसे ज्यादा कोविड टेस्ट उत्तर प्रदेश में किये जा रहे हैं। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में संक्रमण कम हो रहा है, लेकिन अभी समाप्त नहीं हुआ है इसलिए आवश्यक है कि सभी लोग सावधानी बरतें। उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन की तैयारियों को लेकर ड्राई रन का फाइनल अभियान 11 जनवरी 2021 को पूरे प्रदेश में चलाया जायेगा जिससे किसी प्रकार की कमी को पहले से ही दूर कर लिया जायेगा। इसके साथ ही वैक्सीन भण्डारण, सुरक्षा आदि की व्यवस्था की जा रही है तथा वैक्सीन आने के बाद तय लक्षित समूहों को लगाने की कार्यवाही की जायेगी। जबकि 10 जनवरी से मुख्यमंत्री आरोग्य मेला सभी शहरी व ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रारम्भ किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 17 जनवरी से पल्स पोलियो अभियान चलाया जायेगा, जिसके अन्तर्गत 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियों की दवा पिलायी जायेगी।

# आपराधिक छवि के व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए

● हत्या की बढ़ती घटनाओं पर डीजीपी ने पुलिस अफसरों के कसे पेंच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के कई जिलों में हत्या की घटनाओं पर डीजीपी ने पुलिस अफसरों के पेंच कसे हैं। उन्होंने कहा है कि आपराधिक छवि के व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। यदि पूर्व में हत्या आदि जघन्य अपराध में जमानत पर हो तो उनके जमानत निरस्तीकरण पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बीट प्रणाली को और प्रभावी बनाते हुए महत्वपूर्ण सूचनाओं के संग्रहण के लिए थाना प्रभारियों की जिम्मेदारी तय की जाए।

प्रदेश के सभी जोनल एडीजी, रेंज के आईजी, डीआईजी और जिलों के पुलिस कप्तानों को बृहस्पतिवार को जारी किए गए सख्त निर्देशों में डीजीपी ने कहा है कि क्षेत्राधिकारी स्तर के अधिकारियों द्वारा समस्त ग्रामों व मोहल्लों का भ्रमण कर इस बात की समीक्षा कर ली जाए कि कहीं किसी प्रकार की गुटबन्दी वैमनस्यता तो नहीं है । यदि वैमनस्यता व गुटबन्दी परिलक्षित होती है तो तत्काल आवश्यक निरोधात्मक कारवाई की जाए। हत्या के अभियोग में समस्त वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। फरार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई तथा आवश्यकतानुसार साक्ष्यों के आधार पर रासुका, गैंगेस्टर एक्ट व शस्त्रो के निस्त्रीकरण की कारवाई की जाए। हत्या के ऐसे अभियोग जिनका अनावरण नहीं हुआ हैए उनका क्षेत्राधिकारियों के निकट पर्यवेक्षण में अनावरण की कार्रवाई सम्बन्धित थाना प्रभारियों द्वारा सुनिश्चित की जाए। हत्या सम्बन्धी अभियोगों की विवेचना का पर्यवेक्षण गहनता से करते हुए समय से आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया जाए। महत्वपूर्ण मामलों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में लगवाकर प्रभावी पैरवी कराते हुए न्यायालय से अभियुक्तों को सजा दिलाई जाए। पुराने रंजिश व विवाद में सक्रिय भाग लेने वाले ,हिंसा का सहारा लेने वाले तथा अपराधिक तत्वों का सहयोग लेने वालो को चिन्हित कर नियमानुसार निरोधात्मक कारवाई की जाए। थाना क्षेत्र के प्रत्येक रंजिश व विवादों का अंकन ग्राम व मोहल्ला विवाद रजिस्टर में कर लिया जाए तथा स्थलीय निरीक्षण भी किया जाए । वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इसकी समीक्षा भी की जाए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा समय समय पर समीक्षा कर निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए।

# ड्राई रन के दूसरे चरण में नोडल अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो: अमित मोहन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अमित मोहन प्रसाद ने ड्राई रन के दूसरे चरण में नोडल अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोविड वैक्सीन आने तक वैक्सीनेशन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। प्रदेश के नागरिकों को स्वस्थ रखना राज्य का विषय हैए इसलिए अधिकारी जनहित में निर्णय लेने में कोई संकोच न करें। कोविड वैक्सीनेशन के पूर्वाभ्यासद्ध पर कहा कि 11 जनवरी को द्वितीय चरण का ड्राई रन होगा। प्रथम चरण में जो कमियां सामने आई उन्हें दूसरे चरण में दूर कर ली जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वैक्सीनेशन के लिए वेटिंग रूम, आवजर्वेशन रूम की स्पष्ट व्यवस्था के साथ वैक्सीनेशन स्थल ऐसा हो जहां हर उम्र के लोग सुगमता से जा सकें। उन्होंने निर्देश दिया कि ड्राई रन के द्वितीय चरण से पूर्व ही सम्बंधित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कोविन ऐप की जानकारी सुनिश्चित करा ली जाय। कोविड वैक्सीनेशन हेतु स्टाफ की ट्रेनिंग पर चर्चा करते हुए अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने निर्देश दिये हैं कि जितने स्टाफ की आवश्यकता है उससे 25 प्रतिशत अधिक स्टाफ को प्रशिक्षित किया जायए जिससे किसी भी आकस्मिकता का सामना किया जा सके। उन्होंने कहा कि एएनएन की ट्रेनिंग वैक्सीनेशन माड्यूल पर करा दी जाय तथा वेरिफायर और वैक्टीनेटर दोनों को प्रशिक्षित किया जाय। प्रसाद ने निर्देश दिया कि जो भी अभियान चलाये जाएं उनमें कोविड वैक्सीनेशन की तिथियों को शीर्ष प्राथमिकता पर रखा जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कोविड वैक्सीनेशन की टीम को पोलियो ड्रॉप पिलाने हेतु घर.घर जाने वाली टीम से अलग रखा जाय। उन्होंने कहा कि कुछ जनपदों में स्थानीय मेले आदि में पोलियो ड्रॉप बूथ लगाने का प्रचलन है, जबकि इसके लिए प्रदेश स्तर पर योजना बनाकर सभी जनपदों को समान योजना से लाभान्वित किया जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि जो जनपद नियमित टीकाकरण में पिछड़े हैं, उन जनपदों में क्षेत्रवार समीक्षा कर ली जाए और ऐसे स्थलों को चिन्हित कर लिया जाय जहां कम प्रतिशत दिखायी देता है। ऐसे स्थलों पर जनपदों में तैनात एएनएम और आशाओं को विशेष सक्रिय करके टीकाकरण का अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए संवेदीकरण किया जाय।

# म्यांमार के रोहिंग्या अजीजुल्लाह की सात दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**संत कबीर** नगर के खलीलाबाद से गिरफ्तार किए गए म्यांमार के रोहिंग्या अजीजुल्लाह 7 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड कोर्ट ने मंजूर कर दी है। इधर दूसरी ओर एटीएस की एक टीम मुंबई भेजी गई है। एटीएस अजीजुल्लाह के जरिए टेरर फंडिंग के नेटवर्क को तलाश रही है।

इससे पहले बुधवार को गिरफ्तार किए गए अजीजुल हक उर्फ अजीजुल्लाह को आतंकवाद निरोधक दस्ते ने बृहस्पतिवार को लखनऊ में एटीएस की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया। अदालत ने अजीजुल्लाह को 31 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजे जाने के आदेश दिए। एटीएस की ओर से अजीजुल्लाह को पुलिस कस्टडी रिमांड पर दिए जाने संबंधी प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए अदालत ने 7 दिन की रिमांड मंजूर की। रिमांड की अवधि शुक्रवार को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी। रिमांड पर पूछताछ के दौरान एटीएस अजीजुल्लाह से उसके नेटवर्क के बारे में जानकारियां एकत्र करने का प्रयास करेगी। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वह करीब तीन साल तक मुंबई में रहा है। उसके बैंक खातों में मुंबई से पैसे भी ट्रांसफर किए गए हैं। इस सूचना के आधार पर एटीएस की एक टीम मुंबई भेजी गई है। बैंक खातों में अन्य प्रांतों व विदेशों से आए धन के स्त्रोत की भी जानकारी जुटाई जा रही है। फर्जी कागजातों के आधार पर पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज तैयार करने में उसकी मदद करने वाले लोगों के बारे में भी एटीएस जानकारी एकत्र करेगी। बुधवार को एटीएस ने बखिरा ब्लॉक के एक तकनीकी सहायक को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। राशन कार्ड समेत अन्य दस्तावेज बनवाने में मदद करने वाले एटीएस के रडार पर हैं।

# राजधानी में हो रही घटनाओं पर सख्ती से निपटने का अल्टीमेटम

**प्रदेश** की राजधानी लखनऊ में दो गैंगवार और बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर पुलिस महानिदेशक हितेश चन्द्र अवस्थी ने लखनऊ कमिश्नरेट के पुलिस अफसरों को तलब किया। कमिश्नर डीके ठाकुर, ज्वाइंट कमिश्नर निलॉब्जा चौधरी, ज्वाइंट कमिश्नर लॉ एंड आर्डर नवीन अरोड़ा से उन्होंने वारदातों पर नाराजगी जताई और अजीत सिंह हत्याकांड के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। ठाकुरगंज में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या, विभूति खंड में रिटायर्ड अधिकारी के घर डकैती, विकास नगर में बद्री सर्राफ के मालिक पर फायरिंग की घटनाओं पर डीजीपी ने कार्रवाई पर जवाब तलब किया। साथ ही लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों व अफसरों को हटाने के दिए निर्देश दिए। डीजीपी ने कहा कि क्राइम इंटेलिजेंस मजबूत करें और पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए। डीजीपी ने थाने स्तर पर बनी क्राइम टीम और क्राइम ब्रांच की निष्क्रियता पर नाराजगी जताई। डीजीपी ने राजधानी में हो रही घटनाओं पर सख्ती से निपटने का अल्टीमेटम दिया है।

# वैक्सीनेशन की तैयारियों को लेकर अखिलेश ने सरकार पर लगाए सवालिया निशान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि कोरोना का टीका लगाने के नकली अभ्यास में भाजपा सरकार के सरकारी इंतजाम की असली सच्चाई खुल गई है। जिस वैक्सीन को लगाने से पहले खराब होने से बचाने के लिए ठंडे बक्से में जल्दी से जल्दी एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाना सबसे बड़ी जरूरत है, उसके लिए जानलेवा लापरवाही भाजपा सरकार के कामकाज पर एक बड़ा प्रश्नचिन्ह है। एक मामला सामने आ गया पर बड़े पैमाने पर होने वाले अभ्यास में कहां क्या हो रहा है, इसकी जानकारी जरूर छुपाई गई होगी।

अखिलेश ने कहा कि सवाल यह है कि सरकार ने बड़ी संख्या में ड्राई रन सेंटर तो बना दिए और वहां स्टाफ की तैनाती भी कर दी लेकिन सरकार यह नहीं बता रही है कि इस सबके लिए बजट कहां है, वैक्सीन की कोल्ड चेन सुरक्षा के लिए सरकारी इंतजाम में गाड़ियों की उपलब्धता की क्या स्थिति है, यह स्पष्ट नहीं। भाजपा सरकार ने ड्राई रन में वैक्सीन की ट्रेनिंग स्टाफ को दी है पर यह नहीं पता चला है कि उन्हें किसने ट्रेंड किया है। आधी अधूरी तैयारी के साथ बिना विशेषज्ञ ट्रेनिंग दिए जाने का क्या औचित्य है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि वैक्सीन के संबंध में कुछ डाक्टरों और विशेषज्ञों ने जो सवाल उसके परीक्षण और साइड इफेक्ट के बारे में उठाए है, उस पर सरकार का कोई जवाब नहीं आया है। भारत द्वारा कोविड.19 से बचाव का टीका सालभर में बना लेना चिकित्सा विज्ञान का अभूतपूर्व कदम है। इस टीके का तीसरा और पूर्ण परीक्षण अभी नहीं हुआ है।

# प्रदेश में संगठित लूटपाट और खुलेआम हत्या से खुली भाजपा के सुशासन की पोल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने प्रदेश में बढ़ती अराजकता, गैंगवार और लूटपाट, डकैती की घटनाओं पर भारतीय जनता पार्टी की योगी सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए आरोप लगाया है कि मौजूदा निजाम में अपराधियों, गैंगस्टरों और संगठित डकैतों का वर्चस्व कायम हो चुका है। भाजपा के संकल्प पत्र में अपराध व अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति व वादे की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं। अपराधी इतने मनबढ़ हो चुके हैं कि राजधानी के पॉश इलाके गोमतीनगर में खुलेआम गोली मारकर मऊ जनपद के व्यक्ति की हत्या कर दी गयी जिसमें राहगीर भी गोलीबारी से घायल हो गए। यह घटना भाजपा के सुशासन के दावे की पोल खोलती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राजधानी लखनऊ अपराधियों और गैंगस्टरों के गैंगवार का सुरक्षित स्थल बन चुका है। यही कारण है कि अपराधी जहां और जिस जगह चाहते हैं जघन्य घटनाओं को अंजाम देते हैं और आसानी से फरार हो जाते हैं। योगी सरकार का कानून व्यवस्था पर नियंत्रण पूरी तरह खत्म हो चुका है। पुलिस अपराधियों के सामने बौनी हो चुकी है। लल्लू ने कहा कि उप्र में कानून व्यवस्था का आलम यह है कि रोजाना महिलाओं और बच्चियों के साथ रेप, गैंगरेप और हत्या की घटनाएं घटित हो रही हैं और पुलिस पीड़ित की मदद करने के बजाए आरोपियों को बचाने का काम कर रही है।

# बदायूं घटना में पीड़ित परिवार को एक करोड़ मुआवजा व नौकरी दे सरकार: आराधना

**लखनऊ। कांग्रेस** विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि बदायूं की घटना में पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए मुआवजे के तौर पर दिए जाएं तथा परिवार को एक आवास और एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए। इसके अतिरिक्त पीड़ित परिवार वाले जिस जांच एजेंसी से चाहें उस जांच एजेंसी से घटना की जांच कराई जाए तथा एक विशेष अधिवक्ता लगाकर मुकदमे की पैरवी कराई जाए। मोना ने कहा है कि बदायूं के उघैती थानाक्षेत्र में एक 50 वर्षीय आंगनवाड़ी कार्यकत्री महिला के साथ हुई सामूहिक बलात्कार एवं हत्या की घटना बहुत ही वीभत्स एवं मानवता को शर्मसार करने वाली है। कांग्रेस नेता ने कहा है कि हाथरस की घटना सहित उत्तर प्रदेश में महिलाओं के प्रति इसी तरह की घटित हो रही घटनाओं में भुक्तभोगी महिला और उसका पीड़ित परिवार जब शासन-प्रशासन से फरियाद करता है तो सरकार में सर्वोच्च पदों पर बैठे हुए वे लोग हाथरस काण्ड में अपराधियों के साथ खड़े नजर आते हैं।

# अजय कुमार सिंह चौहान बने यूपी कांग्रेस कंट्रोल रूम के चेयरमैन

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने संगठन को और अधिक गतिशील एवं संचार व संवाद को और अधिक चुस्त दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से अजय कुमार सिंह चौहान अज्जू को फिर उप्र कांग्रेस कण्ट्रोल रूम का चेयरमैन एवं प्रभाकर मिश्रा व रंजीत को सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। उल्लेखनीय है कि अजय कुमार सिंह पूर्व में छात्र संगठन, युवा कांग्रेस में विभिन्न पदों व प्रदेश कांग्रेस में प्रवक्ता व कण्ट्रोल रूप इंचार्ज के पद पर अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं।

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
सम्पत्ति प्रबन्ध
कार्यालय प्रथम तल आफिस काम्पलेक्स सेक्टर-9 वृन्दावन योजना लखनऊ।

पत्रांक-7435/सं0प्र0-वृन्दावन/सी-222अ0आ0वर्ग/इन्दिरा नगर, रायबरेली दिनांक-18/12/2020

मृत्योपरान्त नामान्तरण हेतु नोटिस प्रकाशनार्थ

परिषद की इन्दिरा नगर योजना, रायबरेली के अन्तर्गत श्री हरिशंकर मिश्र पुत्र श्री माता प्रसाद मिश्र के पक्ष में कार्यालय के प्रदेशन पत्र 426/सं.प्र.राय./दिनांक 06.09.1994 द्वारा अ.आ. वर्ग भवन संख्या सी-222 आवंटन किया गया था। आवंटी की पत्नी श्रीमती प्रेमा देबी ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 27.08.2020 द्वारा कार्यालय को सूचित किया है कि उनके पति श्री हरिशंकर मिश्र की मृत्यु दिनांक 24.04.2014 को हो गयी है तथा उक्त भवन संख्या सी-222 का नामान्तरण अपने नाम किए जाने का अनुरोध किया है। अब भवन का नामान्तरण आवेदिका के पक्ष में किया जाना है। अतएव यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति हो तो आवश्यक नोटिस दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर साक्ष्य सहित कार्यालय में अपनी आपत्ति दाखिल करें। निर्धारित अवधि के अन्दर आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में सम्पत्ति का नामान्तरण मृतक की पत्नी श्रीमती प्रेमा देबी के पक्ष में कर दिया जायेगा। फिर किसी का कोई दावा मान्य नहीं होगा। अन्तरण के उपरान्त यदि कोई वाद-विवाद उत्पन्न होता है तो इसके लिए परिषद उत्तरदायी नहीं होगा, अन्तरण हेतु श्रीमती प्रेमा देबी पत्नी स्व0 हरिशंकर मिश्र ही उत्तरदायी होंगी।

(के.डी.शर्मा)
सम्पत्ति प्रबन्धक

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Khanum Zia Fatima Rashid Khan था, जो अब बदल कर Zia Fatima Khan हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Zia Fatima Khan D/o Abdul Rashid Khan, 18H/37C/2R/C Karamat Ki Chauki, Kareli, Allahabad.

सूचना

मेरा नाम हाईस्कूल अंकपत्र/प्रमाणपत्र में लिपिकीय त्रृटि के कारण Utkarsh Srivastav S/O Satish Kumar Srivastav के स्थान पर Utkarsh Srivastava S/O Satish Kumar Srivastava अंकित हो गया है। मुझे Utkarsh Srivastav S/O Satish Kumar Srivastav के नाम से जाना व पहचाना जाय।

# शराब की दुकानों पर अब अंकित करना होगा ड्रंकन ड्राइविंग न करने का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में सड़क दुर्घटना से बहुत लोग अपनी जान गवांते है । इनमें से ज्यादातर मौतें शराब पीकर गाड़ी चलाने से होती हैं। शराब पीकर वाहन चलाना कानूनन अपराध है। इसके बावजूद कतिपय लोग अपनी जान से खिलवाड़ करते हुए नशे की हालत में वाहन चलाते है, जिससे वे अपने साथ दूसरों की जान भी खतरे में डालते हैं।

अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर भूसरेड्डी ने कहा कि इसको दृष्टिगत रखते हुए शराब पीकर गाड़ी न चलाए जाने के सम्बन्ध लोगों को जागरूक किया जाना आवश्यक है। अपर मुख्य सचिव द्वारा बताया गया कि पूर्व में भी मुख्यमंत्री द्वारा मदिरा की दुकान पर ड्रंकन ड्राइविंग न करने का संदेश अनिवार्य रूप से प्रसारित करने के निर्देश दिए गए थे। आबकारी विभाग द्वारा मदिरा की दुकानों के बाहर कम से कम 36 गुणा 24 इंच के पोस्टर पर तथा देशी मदिरा एमाडल शाप एवं बार के अन्दर जहां मदिरा का उपभोग अनुमन्य है, कम से कम 18 गुणा 12 इंच के पोस्टर पर शराब पीकर वाहन न चलाए जाने सम्बन्ध में संदेश प्रसारित करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग के पोर्टल पर भी ऐसे चित्रमय संदेशों को अपलोड कराया गया है जहां से लाइसेंसियों द्वारा इसे डाउनलोड किया जा सकता है। अपर मुख्य सचिव ने कहा है कि दुकानों पर ऐसे संदेश अंकित न होने की दशा में अनुज्ञापियों पर अर्थदण्ड आरोपित करने का नियमों में प्राविधान किया गया है।

# भाजपा राज में महिलाएं व बेटियां असुरक्षित: रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद ने जनपद बदायूं के उघैती इलाके के धर्मस्थल में पुजारी तथा अन्य के द्वारा 50 वर्षीय महिला के साथ किये गये हैवानियत पूर्ण दुष्कर्म एवं उसकी निर्मम हत्या को मानवता को शर्मसार करने वाला बताते हुये कहा कि भाजपा सरकार में ऐसे घिनौने कृत्यों की बाढ़ आ गयी है। महिलाएं और बेटियां अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही हैं। डॉ अहमद ने कहा कि बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं का नारा देकर सत्ता में आने वाली सरकार महिला सशक्तीकरण के नाम पर महिलाओं को ही धोखा दे रही है। सम्पूर्ण प्रदेश के कोने कोने से बेटियों और महिलाओं के साथ अत्याचार और अनाचार की घटनाएं हो रही हैं और सरकार अपराधियों पर नकेल कसने के बजाय मूक बधिर बनकर तमाशा देखने का काम कर रही है।

# कारागारों की सुरक्षा होगी और अधिक चुस्त-दुरुस्त

● अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने की कारागार विभाग के कार्यो की उच्च स्तरीय समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में गृह विभाग के सभागार में कारागार विभाग के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में कारागार विभाग के कार्यो की विस्तृत एवं गहन समीक्षा की गई। बैठक मे निर्देश दिए गए कि जिन कारागारों का निर्माण कार्य 80 प्रतिशत से अधिक हो चुका हैए उन्हें पूर्ण कराते हुए अभियान चला कर टेक ओवर का कार्य आगामी दो माह में अवश्य पूर्ण कर लिया जाए। उल्लेखनीय है कि कारागारों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चुस्त दुरूस्त व सुदृढ करने हेतु कारागार विभाग के अन्तर्गत कुल 168 निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। कारागार विभाग की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चुस्त दुरूस्त बनाये जाने के लिए प्रदेश की कारागारों में जेल वार्डर के रिक्त पदों के सापेक्ष पीएसी के 823 आरक्षियों को 2 वर्ष की प्रतिनियुक्ति पर कारागार विभाग में तत्काल तैनात किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। मैरिट बेस आनलाइन स्थानान्तरण सिस्टम प्रणाली के तहत किए जाने वाली कार्यवाही को भी 15 दिन में पूर्ण किए जाने के निर्देश बैठक में दिए गए। नवनिर्मित कारागारों के लिए जरूरी पदों के सृजन की करवाई को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे सूचना सं. 04/2021

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा जारी सूचना संख्या 156/2020 दिनांक 14.12.2020 एवं 158/2020 दिनांक 15.12.2020 द्वारा निम्नलिखित एक्सप्रेस गाड़ी को कुहासे के कारण दिनांक 31.03.2020 तक निरस्त किया गया था। पुनः इस गाड़ी का संचलन निम्नानुसार प्रारम्भ किया जायेगा।

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | स्टेशन से-तक एवं गाड़ी का नाम | निरस्तीकरण के दिन | रिस्टोर की प्रभावी तिथि प्रारम्भिक स्टेशन से |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 04674 | अमृतसर-जयनगर | मंगलवार, बृहस्पतिवार, शक्रवार, रविवार | 15.01.2021 |
| 2. | 04673 | जयनगर-अमृतसर | सोमवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शनिवार | 16.01.2021 |
| 3 | 04006 | आनन्द विहार-सीतामढ़ी | प्रतिदिन | 15.01.2021 |
| 4. | 04005 | सीतामढ़ी-आनन्द विहार | प्रतिदिन | 17.01.2021 |

कृपया ध्यान दें:- (1) उपरोक्त गाड़ियों के सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होगें। (2) इन गाड़ियों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 से बचाव एवं इसकी रोकथाम हेतु जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

मुजाधि/टी-93 मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें।

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# शूटरों की तलाश में टीमें पूर्वांचल रवाना

## विभूतिखण्ड में गैंगवार के दौरान हत्या का मामला चर्चित बिकरु कांड से नहीं सुधरा पुलिस प्रशासन, दो दर्जन के करीब मुकदमों के बाद भी अजीत सिंह के पास थे असलहे, हिस्ट्रीशीटर की स्कार्पियो पर लगा था विधान परिषद का पास



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कानपुर** के चर्चित बिकरु कांड के बाद भी पुलिस और प्रशासन सचेत नहीं हुआ। इसका साफ उदाहरण राजधानी के विभूति खंड में हुए गैंगवार में निकल के आया है। मऊ से जिला बदर किया गया दो दर्जन के करीब मुकदमों में नामजद अजीत सिंह लाइसेंसी असलहा के साथ राजधानी में रह रहा था। अजीत विधायक सर्वेश सिंह की हत्या का मुख्य गवाह था। उसके पास एक बुलेट प्रूफ गाड़ी भी थी जिस पर सचिवालय का पास भी लगा हुआ था। इससे अपराधी की पहुंच और रसूखदारी साफ पता चलती है। हलांकि पुलिस के आला अधिकारियों ने इस मामले में कुछ भी कहने से साफ़ इंकार कर दिया। हालांकि आरोपियों की तलाश में पुलिस सहित एसटीएफ की कई टीमें पूर्वांचल भेजी गई हैं।दरअसल विभूतिखण्ड थाना क्षेत्र में बीती रात खुलेआम गैंगवार में हिस्ट्रीशीटर अजीत सिंह मारा गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अजीत सिंह पर 22 मुकदमे दर्ज हैं, जिसमें से पांच मुकदमे हत्या के हैं। कुण्टू ,कुनकुन सिंह ने गिरधारी सिंह के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था।

**कमता बस अड्डे पर मिली खून से सनी बाइकें:** गैंगवार में मऊ के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजीत सिंह की गोली मारकर हत्या के मामले में गुरुवार को कमता बस अड्डे पर पुलिस ने दो लावारिस बाइक बरामद की। माना जा रहा है कि हमलावर इन्हीं गाड़ियों से आए थे। बाइक पर खून भी लगा हुआ है। पुलिस का कहना है कि गैंगवार में मोहर सिंह की फायरिंग में एक हमलावर के सीने में भी गोली लगी थी। इसके बाद वह साथियों के साथ बाइक से भाग निकला था। इस मामले में बदमाशों की गोली से घायल मोहर सिंह की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ विभूति खंड थाने में नामजद एफआइआर दर्ज की गई है।

**कमता से बदमाश कार में बैठकर हुए फरार:** मिली जानकारी के अनुसार अजीत सिंह की हत्या करने के बाद शूटर कमता बस अड्डे गए । शूटरों ने हत्या में इस्तेमाल की गई बाइक को बस अड्डे पर ही छोड़ दिया और वह कार में बैठकर फरार हो गए। वहीं पुलिस बाइक सवार बदमाशों की तलाश में राजधानी की सीमाओं पर नाकाबंदी कर तलाश करती रही।

## मुख्तार के पाले में जाना अजीत को पड़ गया भारी!

इस्लाहुद्दीन शेख राजा। लखनऊ

### कुन्टू के जेल जाने के बाद मऊ और आजमगढ़ में अजीत का बढ़ गया था वर्चस्व, बाहुबली मुख्तार के कहने पर सीपू सिंह हत्याकाण्ड में बन गया था गवाह

**आजमगढ़** के पूर्व विधयक सर्वेश सिंह उर्फ सीपू की हुई हत्या से पहले अजीत सिंह उर्फ लंगड़ा, जेल में बंद कुन्टू सिंह के आंख का तारा हुआ करता था। पर हत्या में खुद का नाम आने के बाद जब अजीत मऊ से लेकर आजमगढ़ तक फैले उसके साम्राज्य पर कब्जा कर बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी के पाले में चला गया, यही नहीं उसने जब विरोध में गवाही देने की भी तैयार कर ली तभी से वह कुन्टू को फूटी आंख नहीं सुहाया। उसका रवैया नहीं बदला जिसके बाद कुन्टू ने जेल में ही उसकी हत्या की साजिश रच दी। सूत्र बताते हैं कि इसकी जिम्मेदारी उसने खुद के खास अखण्ड प्रताप सिंह व कन्हैया उर्फ डाक्टर को सौंप दी। दोनों करीबियों ने लंगड़े के दिसम्बर में जिलाबदर होते ही उसका पीछा करना शुरू कर दिया। जब लगड़े के राजधानी आने की भनक उसके खास सिपाहसलारों को लगी तो पूर्वांचल के शाप शूटर तलाशते हुए लखनऊ आ धमके। जानकारों की मानें तो जनवरी माह की शुरूआत में ही शूटरों ने अखण्ड व कन्हैयालाल की मदद से लंगड़े की रैकी करनी शुरू कर दी थी। पर वो रात्री अपार्टमेंट से ज्यादा बाहर नहीं निकलता था। सामान लेने के लिए बुधवार रात निकला तभी अपार्टमेंट से ही शूटरों ने उसका पीछा कर लिया। कठौता झील के पास क्रास फायरिंग हुई जिसमें अजीत की मौत हो गयी। गोलीबारी में साथ रहा मोहर व राहगीर के अलावा शूटर भी घायल हुए। इसकी पुष्टि अवध बस अड्डे के पास से मिली मोटरसाइकिलों से हुआ। वहां मिले फुटेज में शूटर घायल अवस्था में चारपहिया वाहन से शहीद पथ की तरफ जाते दिखे हैं। पुलिस की दो टीमें मऊ और आजमगढ़ पहुंच चुकी है। वो वहां की पुलिस की सम्पर्क में हैं। शूटरों की वहीं पनाह लेने की आशंका है। उधर पीएम रिपोर्ट में अजीत के शरीर में कई गोली लगने की पुष्टि हुई है।

## सीरियल किलर भाइयों के दो गुर्गे गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की हुसैनगंज पुलिस ने सीरियल किलर भाईयों के दो खास गुर्गों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 35 लाख रुपए व एक स्कॉर्पियो बरामद की है। इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि पकड़े गए शातिरों में राज मण्डल कैसरबाग से हिस्ट्रीशीटर है और इस पर करीब 19 आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।जानकारी के अनुसार हुसैनगंज पुलिस ने बताया कि उनकी पुलिस टीम के दारोगा कमलेश राय व एसएसआई नईम अपराधियों की धरपकड़ के लिए वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी यह कि स्कारपियो से 2 लोग आते दिखे पुलिस ने रोकने का प्रयास किया जो तेज रफ्तार होकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी करके स्कॉर्पियो समय दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम कैसरबाग निवासी राजमण्डल व हुसैनगंज निवासी सुंदर बताया। पुलिस का कहना है पकड़े गए शातिर अपराधी राज मण्डल कैसरबाग से हिस्ट्रीशीटर है और इस पर 19 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए अपराधी का सीरयल किलर भाईयों के लिए काम करते थे।

## गैंगस्टर एक्ट का दुरुपयोग रोकने के लिए नई गाइडलाइन जारी

विधि संवाददाता। लखनऊ

### हाईकोर्ट ने इसका पालन नहीं करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ दिया कार्रवाई का आदेश

**सूबे** के पुलिस महानिदेशक ने गैंगस्टर एक्ट का दुरुपयोग रोकने के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इस नई गाइडलाइन पर संतुष्टि जताई है। साथ ही इसका पालन नहीं करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश भी दिया है।

जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश मनोज कुमार निर्मल की जमानत याचिका पर दिया है। पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई के दौरान पाया था कि पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के प्रावधानों का दुरुपयोग किया जा रहा है। पीठ ने इस पर चिंता जाहिर करते हुए पुलिस महानिदेशक को गैंगस्टर एक्ट का दुरुपयोग रोकने के लिए गाइडलाइंस बनाने का आदेश दिया था। पीठ के इस आदेश के अनुपालन में नौ दिसंबर 2020 को नई गाइडलाइन बनाई गई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वकील राव नरेंद्र सिंह ने इस आशय की जानकारी दी। इस संदर्भ में पुलिस महानिदेशक का हलफनामा भी प्रस्तुत किया गया। इस नई गाइडलाइन में कहा गया है कि जिन मामलों में अन्तिम रिपोर्ट भेजी जा चुकी हो या मुल्जिम को दोषमुक्त किया जा चुका हो, उन्हें गैंगचार्ट के आपराधिक विवरण में शामिल नहीं किया जाए। नई गाइडलाइन में यह भी कहा गया है कि गैंगस्टर के तहत पंजीकृत अभियोगों की विवेचना अनिवार्यत: दूसरे थाने के थाना प्रभारी द्वारा ही कराई जाएगी। थाना प्रभारी द्वारा गैंगचार्ट में प्रत्येक मुल्जिम के विरूद्ध पंजीकृत मुकदमों के परिणाम का भी उल्लेख किया जाएगा।




## राजधानी में 147, सूबे में मिले कोरोना के 815 नए केस

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना वायरस का संक्रमण कम हो रहा है। गुरुवार को राजधानी में कोरोना के 147 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 815 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 11787 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 2306 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8452 मरीजों की और राजधानी में 1124 की मौत हो चुकी है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,47,401 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,48,87,930 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 815 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 11,787 कोरोना के एक्टिव मामले में से 4,702 लोग होम आइसोलेशन में हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक कुल 5,70,605 लोग कोविड.19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं।

## चंद घंटों में अपहृत बरामद, अपहर्ता गिरफ्तार

**लखनऊ।** पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर एवं पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवि कुमार के मार्गदर्शन में काम कर रही काकोरी पुलिस टीम ने अपहरण युवक को सर्विलांस और पुलिस टीमों की मदद से सकुशल चंद घंटों में बरामद कर लिया। साथ ही पुलिस ने आठ अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस का दावा है कि अपहरणकर्ताओं के पास से घटना में प्रयोग एक असलहा, दो जिंदा कारतूस और एक आल्टो कार, एक बाइक , नौ मोबाइल , सात एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। आरोपियों के खिलाफपुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। डीसीपी दक्षिण रवि कुमार ने बताया कि बुधवार को शाह आलम पुत्र मोहम्मद असलम निवासी थाना सोनहा जिला बस्ती ने बताया कि उनके मित्र लालमन जायसवाल पुत्र ब्रह्मानंद जयसवाल ग्राम गुमड़ी सुखा पुरवा थाना उतरौला जिला बलरामपुर को काकोरी थाना अंतर्गत मछली मंडी से शाम करीब 4.30 बजे कुछ लोगों ने अगवा कर लिया है अपरहण व्यक्ति के मोबाइल से ही छोड़ने के एवज में एक लाख चालीस हजार रुपये की मांग की जा रही है सूचना पर कार्रवाई करते हुए प्रभारी निरीक्षक प्रमेद कुमार सिंह ने एक स्पेशल टीम का गठन किया जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर अपहरणकर्ताओं को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया।

## हिमेश हत्याकांड की गुत्थी अभी भी अनसुलझी

**लखनऊ।** बीते मंगलवार को मलिहाबाद क्षेत्र के कुसभरी गांव में सुबह घर के अंदर मृत मिले 23 वर्षीय हिमेश की हत्या की गई थी। हत्यारों ने सिर पर भारी वस्तु से प्रहार कर उसकी हत्या की थी। बुधवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। इसके अलावा जांच के लिए विसरा भी सुरक्षित किया गया है। पुलिस अब हिमेश की हत्या के मामले में प्रेम प्रसंग समेत कई अन्य बिंदुओं पर गहनता से जांच पड़ताल कर रही है। वहीं हिमेश के परिवारीजनों ने घटना के दो दिन बाद भी हत्यारोपितों की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस पर उन्हें बचाने का आरोप लगा रही है। हिमेश के पिता जगदीश त्रिवेदी का आरोप है कि उनके बेटे को गांव के ही सत्यनारायण, राम अवध, जुगल और एक युवती ने मिल कर उसकी हत्या की है।

## प्लाट बुक कराने के नाम पर भाई-बहन से 10 लाख की ठगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गुड़म्बा** के रियल स्टेट बिजनेस प्रमोटर कंपनी सिगमा राक इंफ्रावेंचर्स प्रालि. कल्याणपुर के निदेशक मो. मेहदी और बिजनेस मैनेजर तान्या पर एक भाई बहन ने 10 लाख ठगी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।राजाजीपुरम निवासी सुनील अय्यर पीडब्ल्यूडी में वेब ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। सुनील अय्यर ने बताया कि उन्होंने व उनकी जेडीएम अपार्टमेंट, सेक्टर 5 नयी दिल्ली निवासी बहन ने स्टेट बिजनेस प्रमोटर कंपनी सिगमा राक इंफ्रावेंचर्स प्रालि के निदेशक मोहम्मद मेहदी और बिजनेस मैनेजर तान्या के माध्यम से कुर्सी रोड स्थित प्लांटिंग पर 3 प्लाट ईएमआई पर बुक कराये थे। उक्त प्लाट हेतु बैंक के माध्यम से उन्होंने 2.68 लाख व उनकी बहन द्वारा 7.24 लाख कंपनी को भुगतान किया गया था। अगस्त-सितम्बर 2017 में कंपनी अपना पंजीकृत कार्यालय मां पीताम्बर हाउस, मेन रिंग रोडए कल्याणपुर को बंद करके भाग गयी। अय्यर का आरोप है कि उनके द्वारा दिए गए अग्रिम चेक कंपनी फरवरी 2018 तक लगाती रही। काफी खोजबीन के बाद जब अय्यर ने कंपनी के निदेशक मो. मेहदी और बिजनेस मैनेजर तान्या को खोज निकला तो दोनों ने मार्च 2018 में रकम वापस करने का झूठा आश्वासन दिया। इसके बाद 26 अगस्त 2020 को कंपनी ने पीड़ित को 2.80, 2.80 व 5 लाख के तीन चेक व 19 नवम्बर 2020 को 1.50 के दो चेक दिए जो बांउस हो गए। इंस्पेक्टर गुडम्बा रितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## स्कूलों के लिए परिषद ने जारी की अवकाश तालिका

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा परिषद की तरफ से गुरुवार को प्रदेशभर के 1.60 लाख प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्कूलों की अवकाश तालिका जारी कर दी गई। सचिव प्रताप सिंह बघेल की ओर से सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भेजी गई सूची में होली की एक छुट्टी कम हुई है और गुरु तेग बहादुर सिंह शहीद दिवस की एक नई छुट्टी जोड़ी गई है।पिछले साल होलिका दहन व होली की छुट्टी 9 से 11 मार्च 2020 तक तीन दिन हुई थी। 2021 में होलिका दहन व होली का अवकाश दो दिन 28 व 29 मार्च को रहेगा। 24 नवंबर को गुरु तेग बहादुर सिंह शहीद दिवस का अवकाश जोड़ा गया है। राष्ट्रीय पर्वों 26 जनवरीए 15 अगस्त व 2 अक्तूबर समेत संत रविदास जयंती 27 फरवरी व डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती 14 अप्रैल को स्कूल तो खुलेंगे लेकिन शिक्षण कार्य स्थगित रहेगा।

## पीजीआई की ओपीडी व्यवस्था में परिवर्तन

**लखनऊ।** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान की ओपीडी सेवाओं की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन किया गया है। अब 20 नए रोगियों के साथ पुराने 40 रोगी का होगा फालोअप होगा। पीजीआई के निदेशक डॉ आरके धीमान के मुताबिक सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार ओपीडी प्रात: 9 बजकर 30 मिनट से 4 बजे तक और शनिवार को प्रात: 9 बजकर 30 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगी।

## उत्तरायणी कौथिग 14 से सीएम होंगे मुख्य अतिथि

**लखनऊ।** पर्वतीय महापरिषद लखनऊ द्वारा आयोजित उत्तराखण्ड का पौराणिक ऐतिहासिक एवं धार्मिक पर्व उत्तरायणी कौथिग 2021 का आयोजन 14 जनवरी से 23 जनवरी तक भारत रत्न गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन गोमती तट पर किया जायेगा जिसकी तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। उत्तरायणी कौथिग में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। इसके साथ ही कई सांसद, मंत्री, विधायक, समाजसेवी सहित कई गणमान्य अतिथियों का समागम होगा।

कार्यालय नगर पंचायत ऊँचाहार (रायबरेली)

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

नगर के सर्वांगीण विकास एवं उपलब्धियों से भरे 03 वर्ष पूर्ण होने पर एवं नववर्ष 2021 की हार्दिक शुभकामनायें

1. प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत झुग्गी झोपड़ी एवं आवास विहीन व्यक्तियों के लिए नगर पंचायत ऊँचाहार में 655 अवास स्वीकृत एवं 250 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण।
2. शासन की मंशानुरूप कान्हा गौशाला एवं पशु आश्रय योजना का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाना है।
3. शासन की मंशानुरूप ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन हेतु एम0आर0एफ0 सेंटर का निर्माण कार्य।
4. नगर क्षेत्र में पेयजलापूर्ति पम्प नम्बर 01 पर पम्प रिबोर का कार्य कराया गया।
5. नगर क्षेत्र में 17 समरसबेल पम्प अधिष्ठापन का कार्य।
6. सभी घरों तक जलापूर्ति की व्यवस्था हेतु समरसेबल पम्प से पी0वी0सी0 लाइन बिछा कर आपूर्ति की जा रही है।
7. नगर सीमान्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 02 अदद सार्वजनिक शौचालय का निर्माण।
8. नागरिकों के सुविधाओं हेतु एक अदद मोबाइल शौचालय क्रय किया गया।
9. वार्ड नं0 5 मो0 सरॉय में आर0ओ0 फ्रिज अधिष्ठान का कार्य।

-: जनहित में अनुरोध :-

1. कोविड–19 कोरोना वायरस से बचाव हेतु अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें।
2. कोविड–19 कोरोना वायरस से बचाव हेतु घर से निकलने पर मास्क/गमछा से मुंह ढक कर ही निकलें।
3. कोरोना वायरस से बचाव हेतु सोशल डिस्टेन्स बना कर रखें।
4. मा0 न्यायालय के आदेशानुसार पॉलीथीन का प्रयोग वर्जित है। कृपया पॉलीथीन का प्रयोग न करें और न ही नालियों में पॉलीथीन/कूड़ा आदि फेकें।
5. अपने सुझाव एवं शिकायत से हमें अवश्य अवगत कराएं।



निखिलेश कुमार मिश्रा
अधिशासी अधिकारी

सदस्यगण
नरेन्द्र गुप्ता, मो0 अन्सार, राजबहादुर मौर्य, रीता त्रिदेवा, मो0 सलीम कुरैशी, शशिप्रभा, ममता पाण्डेय, रजिया बानो, तबस्सुम खातून मंसूर फात्मा।

नामित सदस्य
ओमप्रकाश साहू, दीपू मौर्य, अभिषेक वर्मा



शाहीन सुल्तान
अध्यक्ष

## आध्यात्मिक विभूतियां यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रगति** पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में सेक्टर ओ पोस्टल ग्राउण्ड केन्द्रीय विद्यालय के सामने अलीगंज में चल रहे यूपी महोत्सव.2020 की 15वीं सांस्कृतिक संध्या में आयोजित संत समागम में अनेक आध्यात्मिक विभूतियां यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित हुईं।

यूपी महोत्सव की 15वीं सांस्कृतिक संध्या समारोह में रवि शंकर आईएएस, अशोक बाजपेयी सांसद, प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और उपाध्यक्ष एनबी सिंह ने डॉ आशीष गुप्ता के संयोजन में हुए संत समागम में संत आचार्य मगन मिश्रा, संत ज्ञानी जी महाराज, संत भरतदास जी महाराज, संत बाल व्यास, संत प्रबोधानन्द गिरी , संत शिवा नन्द, संत अवधेशानंद, संत अमृतदास, संत राजेन्द्र त्रिवेदी, साध्वी रंगीता मणि, संत राजेशस्वरा नन्द, संत श्री 1008 स्वामी गोविन्दाचार्य महाराज, संत 108 महंत उमाकान्त जी महाराज, संत जगदाचार्य शंख वाले बाबा, संत ज्ञानेश जी महाराज, संत सन्तोषदास जी महाराज, संत ज्ञानेश्वरानन्द जी महाराज, संत अशोकानन्द जी महाराज को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित किया।

**रुद्र ने आंखों में पट्टी बांध लगाया निशाना:** समारोह का आकर्षण रूद्र रविशंकर गुप्ता का आध्यात्मिक ज्ञानार्जन रहा। सोहम डिवाइन मिडब्रेन एकेडमी की निदेशक अर्चना शंकर के पटुशिष्य रूद्र ने आंखों पर कई परतों की पट्टियां बांधकर बिना देखे पढ़नाए बिना देखे लिखना और बिना देखे रंग बिरंगे गुब्बारों का रंग बताकर उनको भेद कर दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया।

**11 जनवरी तक बढ़ाया गया यूपी महोत्सव:** समारोह में प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और उपाध्यक्ष एन बी सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि जनता और दुकानदारों के विशेष आग्रह पर यूपी महोत्सव को आगामी 11 जनवरी तक बढ़ा दिया गया हैए जिसका समय यथावत रहेगा।

**पग पग लिए जाऊं तोहरी बलइयां:** सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ तनुजा सक्सेना ने अपनी सुमधुर आवाज में नैनों में बदरा छाए गीत को सुनाकर श्रोताओं का मन मोह लिया। इसी क्रम में तनुजा ने पग पग लिए जाऊं तोहरी बलइयां सहित अन्य गीतों को सुनाकर श्रोताओं की असंख्य तालियां अर्जित कीं। सत्यवान राठौर ने जयतु जननी जन्म भूमि को सुनाकर श्रोताओं को मातृभूमि की महत्ता से अवगत कराया। इसी क्रम में रियल मेकर्स म्यूजिक एकेडमी के कलाकारों वंशिका गुप्ता, अनुकृति गौतम, शान्वी श्रीवास्तव, अदिति यादव ने रंगलो रंगलो गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा। आराध्या त्रिपाठी ने छम छम छम, अवनीश श्रीवास्तव ने तू प्यार का सागर है, रिद्म कनौजिया ने आओ हुजूर, अवनी श्रीवास्तव ने हमे तुमसे प्यार कितना, स्वरांजलि सैनी ने रेलिया बैरन पिया को लिए जाये रे लोकगीत को सुनाकर श्रोताओं की तालियां बटोरी।

# एलयू इंजीनियरिंग संकाय के 13 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 13 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट सिंगसिस सॉफ्टवेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है। विवि के प्रवक्ता प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक सॉफ्टवेयर कंपनी ने एमसीए के सात छात्रों अवंतिका सिंह, प्रीति रंजन, तुषारिका पांडेय, शिवांगी शुक्ला, अभिनव, देवेंद्र कंडपाल, तोशांक राज श्रीवास्तव व बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के पांच छात्रों सिद्धार्थ श्रीवास्तव, संदीप पटेल, अभय वर्मा, ओमकार यादव, सौरव चौरसिया एवं बीएटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के एक छात्र सचिन गुप्ता को चयनित किया है। कंपनी द्वारा आयोजित एप्टीट्यूड टेस्ट, टेक्निकल टेस्ट एवं पर्सनल इंटरव्यू को उत्तीर्ण कर छात्र सॉफ्टवेयर इंजीनियर ट्रेनी के पद पर चयनित हुए हैं। डॉ हिमांशु पाण्डेय, इंचार्ज ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेलए इंजीनियरिंग संकाय ने बताया कि सिंगसिस के साथ ही आईपीएचएस टेक्नोलॉजी मे एमसीए के दो छात्रों शिवम सिंह और अंशु शर्मा का चयन हुआ एवं बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के कृष्णा द्विवेदी ने कॉमन एप्टीट्यूड टेस्ट को 97.53 परसेंटाइल के साथ पास किया।

# जच्चा-बच्चा के उचित पोषण को आंगनबाड़ी केन्द्रों को मजबूत बनाना होगा : राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** के सभी जिलों में महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से तैयार पोषण सामग्री का वितरण किया जाय। यह निर्देश गुरुवार को प्रदेश की राज्यपाल द्वारा राजभवन में किये गये प्रस्तुतीकरण पर सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

राज्यपाल ने कहा कि एक टाइम आंगनबाड़ी के बच्चों को पोषण मिलना आवश्यकता है, यदि जरूरी हो तो महिला स्वयं सहायता समूहों को अग्रिम भुगतान की व्यवस्था की जाय इसके साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों पर खाना पकाने हेतु जरूरी सामग्री जैसे एलपीजी गैस, बर्तन तथा खाद्य सामग्री भी दी जाय ताकि गर्म एवं ताजा पौष्टिक आहार बच्चों को उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जहां कहीं अक्षय पात्र संस्थाएं हैं, वहां पर उनकी सेवाएं ली जा सकती हैं। राज्यपाल ने कहा कि निर्माण क्षेत्र में जो श्रमिक महिलाएं कार्य कर रही हैं। उनकी भी नियमित जांच की व्यवस्था होनी चाहिए क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में महिलाएं एनीमियां की शिकार हैं। ऐसी गर्भवती महिलाओं से जो बच्चे पैदा होते हैं, वे जन्म से ही कुपोषण के शिकार हो जाते हैं। अतः हमें जच्चा एवं बच्चा दोनों के उचित पोषण पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देना है और इस कार्य के लिये हमें अपने आंगनबाड़ी केन्द्रों को मजबूती देने के साथ-साथ उन्हें आवश्यक संसाधन देने ही होंगे। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को उचित प्रशिक्षण भी देना होगा। ये कार्य हमें अच्छी सोच के साथ करने हैं। उचित होगा कि पोषाहार वितरण के समय ग्रामीणों की जनसहभागिता के साथ साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहें। उन्होंने कहा कि हमें हर क्षेत्र में आदर्श आंगनवाड़ी केन्द्र बनाना चाहिए। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र पर फल व सब्जी वाटिका को भी प्राथमिकता से तैयार करें इससे जैविक सब्जियां प्राप्त होंगी। इससे पौष्टिक आहार भी मिलेगा। राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केन्द्र पर गुड़, चना भी वितरित करने का सुझाव सम्बन्धितों को दिया गया। निदेशक बाल विकास एवं पुष्टाहार डा सारिका मोहन ने बताया कि वर्तमान में 18 जनपदों में महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से पोषण वितरण का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के उन्नाव तथा फतेहपुर में पोषण निर्माण यूनिटों की स्थापना की जा चुकी है तथा उत्पादन शुरू हो गया है। अन्य जिलों में कार्य प्रगति पर है।

# बेसिक शिक्षा मंत्री ने लांच किया शैक्षिक पोर्टल विकल्प

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बेसिक** शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ सतीश द्विवेदी ने गुरुवार को 75 जिलों के लिए उत्तर प्रदेश मुक्त शैक्षिक पोर्टल विकल्प को लांच किया। इस दौरान उन्होंने ओईआर विकल्प पोर्टल के डैशबोर्ड पृष्ठ का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्राइवेट कंपनियों की मदद से सरकारी स्कूलों में परिवर्तन की शुरुआत की जा रही है। डॉ द्विवेदी निशातगंज स्थित राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

डॉ सतीश द्विवेदी ने कहा कि सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में सीखने की उपलब्धि और अवधारणा क्षमता के परिदृश्य को बेहतर बनाने के लिए नवीन प्रथाओं को लागू करने पर विचार किया जा रहा है। हमने विभिन्न विकास साझेदारों के समर्थन से स्कूलों के उल्लेखनीय परिवर्तन की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि इस तरह के पहलुओं के विभिन्न मॉडल आज व्यापक रूप से उपलब्ध हैं। इस क्षेत्र में काम करने वाले एचसीएल फाउंडेशन जैसे संगठनों के सहयोग से इन्हें सफलतापूर्वक लागू किया जा सकता है और उत्तर प्रदेश के बुनियादी शिक्षा में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लाया जा सकता है। इस अवसर पर निदेशक बेसिक शिक्षा डॉ सर्वेंद्र विक्रम सिंह, समुदाय एचसीएल फाउंडेशन आलोक वर्मा, निदेशक राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान ललिता प्रदीप, ऑपरेशन हेड योगेश कुमार समेत शिक्षक आदि मौजूद रहे।

# लविवि के सात एनसीसी कैडेट गणतंत्र दिवस परेड में चयनित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों के 7 एनसीसी कैडेटों को रक्षा मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस शिविर 2021 के लिए चुना गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय के लेफ्टिनेंट प्रो डीके सिंह ने जानकारी दी है कि कुल 34 कैडेटों की उत्तर प्रदेश की टुकड़ी में 14 महिलाएं हैं जिनमें से 4 लखनऊ विश्वविद्यालय की हैं। विवि के प्रवक्ता प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार गणतंत्र दिवस शिविर एनसीसी के सबसे कठिन शिविरों में से एक है। अपने अपने राज्यों में प्रारंभिक गणतंत्र दिवस प्रशिक्षण पूरा करने के बाद पूरे भारत के कई कैडेट रक्षा मंत्रालय के प्रशिक्षकों के तत्वावधान में दिल्ली में 48 दिनों के प्रशिक्षण से गुजरते हैं, गणतंत्र दिवस समारोह और उसके समापन के बाद, जिसमें प्रधान मंत्री और भारत के राष्ट्रपति के साथ इंटरेक्शन शामिल है, सभी कैडेटों को 4 फरवरी 2021 को फिर से वापस अपने अपने स्टेट भेजा जाएगा।

**उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 निविदा सूचना– विशिष्टी संख्या –02/EMTC-II(L) /2020&21 किराये पर डीजल कार की आवश्यकता** वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम (GST Act) के अर्न्तगत पंजीकृत डीजल चालित कार स्वामियों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों/ट्रैवल एजेन्सियों से अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत अनुतरंग एवं दूरसंचार मण्डल–द्वितीय, लखनऊ के प्रयोगार्थ एक अदद डीजल चालित कार (चालक सहित) यथा हांडा अमेज, मारूती स्विफ्ट डिजायर या समकक्ष वाहन(कार) जिनकी न्यूनतम औसत ईधन खपत 15.00 किमी0 प्रति लीटर से कम न हो आठ माह के लिये किराये पर लिये जाने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। वाहन वर्ष 2018 से पूर्व निर्मित न हों। निविदा प्रपत्र रू0 560.00 (रू0 पाँच सौ साठ मात्र) जी0एस0टी0 सहित (अप्रतिदेय) क्रय करना एवं धरोहर धनराशि रू0 2,000.00 (रूपये दो हजार मात्र) जमा करना अनिवार्य है। समस्त भुगतान केवल इलेक्ट्रानिक माध्यम (RTGS/NEFT) से Executive Engineer, EMTD, Gomtinagar, Lko के खाता सं0–3803765988, सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, कमता चौराहा, अयोध्या रोड, लखनऊ, IFS Code& CBIN0285125 में ही स्वीकार होंगे। उक्त भुगतान की बैंक द्वारा प्रमाणित पावती निविदादाता द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी। नगद भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी कार्यदिवस में दि0 08.02.2021 अथवा अवकाश की दशा में अगले कार्यदिवस को 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र www.upptcl.org की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करना अनिवार्य है। भरी हुई मोहरबन्द निविदायें उसी दिन 14.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी तथा उसी दिन 15.00 बजे इच्छुक निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अनुतरंग एवं दूरसंचार मण्डल–द्वितीय कमरा नं.315, 320, पारेषण भवन, विभूति खण्ड–2, गोमतीनगर, लखनऊ पत्रांक–05 दिनांक – 7.1.21 राष्ट्रहित में बिजली बचायें।

# नोएडा में बन रहे उत्कृष्टता केंद्र के काम में आई तेजी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने जारी किए 659.66 लाख रुपए

**लघु** एवं मध्यम स्तर के उद्यमों, इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के स्टार्टअप्स को उन्नत तकनीकी सहायता का लाभ प्रदान करने के लिए यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग नीति के अन्तर्गत नोएडा में उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना की जा रही है। इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने नोएडा में लिथियम-आयन सेल आधारित उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए 659.66 लाख रुपये की पहली किस्त अवमुक्त कर दी है। एसीएस आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग आलोक कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने पहले ही उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना के प्रथम् चरण को प्रारम्भ करने के लिए 219.90 लाख रुपये के अपने अंशदान के लिए सहमति प्रदान कर दी है। इंडियन सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के सहयोग से सेंटर फार डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग नोएडा द्वारा कार्यान्वित किए जाने वाली उत्कृष्टता केन्द्र परियोजना की अनुमानित लागत 1675.89 लाख रुपये है। जिसमें से 854.90 लाख इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का योगदान होगा जबकि यूपी सरकार और आईसीईए द्वारा क्रमशः 284.99 लाख तथा 536 लाख का योगदान किया जाएगा। परियोजना कार्यान्वयन की अवधि 30 दिसंबर 2020 से 36 महीनों के लिए निर्धारित की गई है तथा उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना का कार्य दिसंबर 2023 के अंतिम सप्ताह तक पूर्ण होने की संभावना है।

# यूपीनेडा को मिली केंद्रीय अनुदान की राशि

**लखनऊ।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा यूपीनेडा के माध्यम से क्रियान्वित किए गए सोलर रूफ टॉप कार्यक्रम के तहत 2018-19 का केंद्रीय अनुदान नेडा को जारी कर दिया है। करीब सवा सात करोड़ रुपए से इस परियोजना को और गति मिलेगी। नेडा के अनुसार यह धनराशि यूपीनेडा को प्राप्त हो गया है जिसे 833 उपभोक्ताओं के बैंक खाते में प्रेषित किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम से संबंधित अतिरिक्त स्थापित क्षमता व अवशेष केन्द्रीय अनुदान धनराशि 9 करोड़ रूपए की माँग भारत सरकार से की गयी है जिसकी प्राप्ति अतिशीघ्र संभव है। जिसे अवशेष उपभोक्ताओं के बैंक खातों में यूपीनेडा द्वारा प्रेषित किया जायेगा। इसी प्रकार सोलर रूफ टाप को बढ़ावा दिये जाने संबंधी राज्य सरकार की सौर ऊर्जा नीति 2017 के अन्तर्गत 913 उपभोक्ताओं के बैंक खातों में 2.74 करोड़ रूपये की राज्य सब्सिडी हस्तान्तरित की जा चुकी है।

# शासन से अनुमति मिलने पर जल्द होगा डिप्लोमा इंजीनियर्स का महाधिवेशन

## ● प्रांतीय कार्यकारणी बैठक में हुए कई निर्णय, विशेष भत्ते और आनलाइन आगणन पर जोर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डिप्लोमा** इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण का प्रान्तीय महाधिवेशन शासन से अनुमति मिलते ही अतिशीघ्र कराया जाएगा। डिप्लोमा इंजीनियर्स को मिलने वाले विशेष भत्ते और आनलाइन आगणन प्रक्रिया संचालित कराने के लिए अतिशीघ्र प्रतिनिधि मण्डल अपर मुख्य सचिव लोक निर्माण विभाग से मिलेगा। इसके अलावा अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की प्रान्तीय कार्यकारिणी में विचार विमर्श एवं चर्चा की गई। प्रान्तीय संघ भवन 96 महात्मागांधी मार्ग में आयोजित इस बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष इं हरिकिशोर तिवारी, प्रान्तीय महामंत्री वीके कुशवाहा ने कहा कि डिप्लोमा इंजीनियर्स के कई आन्दोलन और हड़ताल के उपरान्त मुख्य सचिव स्तर पर वार्ता के बाद डिप्लोमा इंजीनियर्स को चार सौ रूपये विशेष भत्ता दिया गया था जिसे कोरोना काल के दौरान खत्म कर दिय गया था लेकिन अब सरकार की राजस्व वसूली लगभग सामान्य हो रही है। ऐसे में सरकार पर उक्त विशेष भत्ते की मांग रखी जाए। इसी तरह अनावश्यक खर्च से मुक्त एवं पारदर्शिता के लिए लोक निर्माण विभाग में आगणन की व्यवस्था को आनलाइन किया जाए। इससे कर्मचारी अधिकारियों के आने जाने का खर्चा भी बचेगा तथा पारदर्शिता भी बनी रहेगी। इस दौरान प्रतिक्षित महाधिवेशन को लेकर हुई लम्बी चर्चा के उपरान्त तय किया गया कि जब शासन-प्रशासन से अनुमति मिल जाएगी। कोविड-19 की गाइड लाइन का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए अतिशीघ्र महाधिवेशन कराया जाएगा।

# तहसील में करप्शन लेस गुड गवर्नेन्स कायम होने तक कोर्ट बहिष्कार

संवाददाता। मोहनलालगंज

## ● आमसभा में अधिवक्ताओं ने जताई नाराजगी, लिया फैसला

**राजस्वकर्मियों** की रिपोर्ट आने में लेटलतीफी से हदबरारी और बंटवारे के मुकदमों का तय समय में निपटारा नहीं हो पा रहा है। दाखिल खारिज व पट्टे की जमीनों को संक्रणीय घोषित कराने और आवासीय भूमि को अकृषिक घोषित कराने के मुकदमे दर्ज करने में कोर्ट कर्मियों की मनमानी समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर तहसील प्रशासन के रवैये से खफा चल रहे अधिवक्ताओं की नाराजगी गुरुवार को तहसील बार एसोसिएशन की आमसभा में फूट पड़ी। बार एसोसिएशन की शिकायत के बावजूद तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार पर आंखें मूंदे रहने और आरोपों पर जवाब देने के लिए तहसील अधिकारियों की गैरमौजूदगी को लेकर अधिवक्ताओं का आक्रोश और बढ़ गया। नाराज अधिवक्ताओं ने तहसील प्रशासन की कड़े शब्दों में निन्दा कर जमकर भड़ास निकाली। बारी बारी से अधिवक्ताओं की शिकायतें सामने आने के बाद बार एसोसिएशन की आमसभा ने तहसील में करप्शन लेस गुड गवर्नेन्स कायम होने तक तहसीलदार और एसडीएम कोर्ट का बहिष्कार करने का प्रस्ताव पारित किया। तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री देवेश सिंह ने बताया तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमित गतिविधियों को लेकर तहसीलदार और एसडीएम कोर्ट का अनिश्चितकालीन बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है।

# अभियंताओं के उत्पीड़न के मामले लेकर ऊर्जा मंत्री से मिला संगठन

**लखनऊ।** दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं की लम्बे समय से लंबित मुद्दों को लेकर यूपी पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में 8 सदस्यीय प्रतिनिध मंडल ने ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा के साथ शक्ति भवन में बैठक की और अभियंताओं की समस्याओं को लेकर सरकार को एक मांग पत्र सौपा। संगठन ने यह मांग उठाई की सभी समस्याओं को अबिलम्ब निस्तारित कराया जाए। विगत दिनों एक दलित अभियंता को चाहे रिवर्ट करने का मामला हो, पावर कार्पोरेशन सहित बिजली कम्पनियों के मुख्यालयों पर विभिन्न पदों पर तैनाती का मामला हो पर अबिलम्ब कार्यवाही की मांग उठाई गई। ऊर्जा मंत्री ने एसीएस ऊर्जा व चेयरमैन पावर कार्पोरेशन को लिखित निर्देश दिया की सभी मुद्दों पर परीक्षण कर प्रभावी कार्यवाही शुरू की जाए। ऊर्जा मंत्री के साथ बैठक के बाद एमडी एम देवराज के साथ पदाधिकारियों ने बैठक की।

# ठाकुरगंज हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** ठाकुरगंज इलाके में बीतें दिनों सरेराह गोलीमार कर हुई विपिन विश्वकर्मा की हत्या में पुलिस ने गुरुवार रात घटना का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। आरोपियों के पास से पिस्टल भी बरामद हुई है। पुलिस कमिश्नर के प्रवक्ता की मानें तो कनक सिटी रिंग रोड ठाकुरगंज में बीते दिनों हुई विपिन विश्वकर्मा की गोली मारकर हत्या के मामले में नामजद मुकदमें में पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिये लगातार दबिश दे रही थी। गुरुवार को पुलिस टीम ने घटना का खुलासा कर दो आरोपियों चाचा-भतीजे सुशील यादव और रेशु सिंह को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद की है। एसीपी आईपी सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश, वर्चस्व, प्रापर्टी और रुपये के लेनदेन में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। आरोपियों से पूछताछ चल रही है और जानकारी लेने की कोशिश की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में जख्मी किसान की मौत

**मोहनलालगंज।** उदवतखेड़ा गांव में बुधवार की रात संदिग्ध रुप से जख्मी हुए किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच कर रही है। मोहनलालगंज के उदवतखेड़ा निवासी बुजुर्ग शिवराज बुधवार की रात अनाज भण्डार कक्ष में जख्मी पाए गए। उनके गले में फांसी का फंदा और सिर पर चोट थी। परिवारीजन उन्हें पहले खुझौली फिर मोहनलालगंज के निजी अस्पताल ले गए जहां गुरुवार की सुबह तड़के उनकी मौत हो गई।

## जानकीपुरम में महिला ने लगाई फांसी

**लखनऊ।** जानकीपुरम के सेक्टर तीन में गुरुवार दोपहर एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम रणजीत सिंह भदौरिया ने बताया कि सेक्टर तीन जानकीपुरम विस्तार निवासी आशीष राठौर अपने पिता हरिनाम, मां राजरानी और पत्नी मीरा (25) के साथ रहते हैं। गुरुवार दोपहर घर के ऊपरी हिस्से के कमरे में मीरा ने अंदर से दरवाजा बन्द कर पंखे में साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस कटर से लोहे का दरवाजा काटकर अंदर दाखिल हुई। पुलिस ने शव फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## पिकप गाड़ी ने किसान को रौंदा, मौत

**लखनऊ।** गोसाईंगंज के कासिमपुर बिरुहा गांव के पास गुरुवार को एक पिकप गाड़ी ने सड़क के किनारे खड़े किसान को रौंद दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए सीएचसी ले गई जहाँ डक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज के मुताबिक बाराबंकी जिले के लोनी कटरा थाना क्षेत्र के ईदई का पुरवा गांव निवासी भरत यादव 45 कासिमपुर गांव के पास सुल्तानपुर रोड पर खड़ा किसी वाहन का इंतजार कर रहा था तभी लखनऊ से गोसाईंगंज की ओर जा रही पिकप गाड़ी ने उसे रौंद दिया। वह सब्जी बेचने आया था।

## ट्रेन की टक्कर से युवक की मौत

**लखनऊ।** गोसाईंगंज के गंगागंज इलाके में छदरौली रेलवे क्रासिंग पर गुरुवार की सुबह अमेठियन का पुरवा थाना नगराम निवासी नीरज 20 ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। चचेरे भाई नीरज ने गोसाईंगंज पुलिस को सूचना दी कि उसका भाई नीरज बीते 6 जनवरी की रिस्तेदारी में जाने की बात कह कर निकला था। गुरुवार को वापसी के दौरान वह छदरौली रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन की चपेट में आ गया।

## मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रशिक्षण आयोजित

**मोहनलालगंज।** मच्छरजनित बीमारियों की रोंकथाम के लिए गुरुवार को मोहनलालगंज सीएचसी पर एएनएम, आशा कार्यकत्री समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला मलेरिया अधिकारी डीएन शुक्ल और सीएचसी अधीक्षिका डॉ ज्योति कामले ने मच्छरजनित बीमारियों पर काबू पाने के लिए गांव और कस्बे की बस्तियों में जलजमाव नहीं होने देने के लिए लोगों को जागरुक करने का अभियान चलाने पर जोर दिया। इस दौरान स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सादिया अंसारी, ब्लाक कम्यूनिटी प्रोसेस मैनेजर आनन्द मोहन त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आयुष छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता एलोपैथ के बराबर करने की मांग

**लखनऊ।** केंद्रीय होम्योपैथी परिषद के पूर्व सदस्य डॉ अनुरुद्ध वर्मा ने सरकार से आयुष चिकित्सा छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति के छात्रों के बराबर 12000 रुपये प्रतिमाह करने की मांग की है। मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार ने प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों के छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता 7500 से बढ़ाकर 12000 रुपये कर दिया है, इसका लाभ केवल एमबीबीएस और बीडीएस के छात्रों को मिलेगा। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में डॉ वर्मा ने कहा है कि इसके पूर्व सभी चिकित्सा पद्धतियों के छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता एक साथ बढ़ाया जाता था परंतु इस बार इसमें आयुष (आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथी ) के छात्रों को छोड़ दिया गया है।

## आइटीआई करने वाले छात्रों को रोजगार मुहैया कराएंगे प्रधानाचार्य

**लखनऊ।** प्रदेश भर के आइटीआई संस्थानों के छात्रों के लिए खबर अच्छी है। अब पढ़ाई के बाद उन्हें नौकरी के लिए भटकना नही होगा बल्कि संस्था के प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी होगी कि कैम्पस प्लेसमेंट के जरिये रोजगार मुहैया कराए। साथ ही आइटीआइ संस्थानों को रोजगार सम्बन्धी रिकार्ड भी रखना होगा। ऐसा न करने वाली संस्थाओं के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। संयुक्त निदेशक, व्यावसायिक शिक्षा एससी तिवारी ने बताया कि तकनीकी शिक्षा के नाम पर चल रही मनमानी को रोकने के लिए व्यावसायिक शिक्षा विभाग की ओर से यह कदम उठाये गए हैं। यह निजी संस्थानों पर भी लागू होगा।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बेहटा - सीतापुर

पत्रांक : 1332/15वॉ वित्त/पंचम राज्य वित्त/निविदा पत्रा0/20–21 दिनांक : 07.01.21

## निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बेहटा के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्यों की मोहरबंद निविदायें समस्त पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 14.01.2021 के अपरान्ह 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 04.30 बजे पंजीकृत ठेकेदारों के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। किसी भी टेण्डर को स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 08.01.2021 से दिनांक 14.01.2021 तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से सांय 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत की जमानत धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो खण्ड विकास अधिकारी बेहटा के नाम बंधक होगा। टेण्डर स्वीकार की स्थिति में एवं प्रतिभूति की धनराशि स्वीकार टेण्डर की 10 प्रतिशत जमा करना अनिवार्य होगा, अन्य शर्तों आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक निविदा के साथ हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां जमा करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंको एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत का नाम | परियोजना का नाम | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है | कार्य की प्राक्कलित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रिहार | पेन्टेड रोड से सावित्री के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति | 996000.00 | 500.00 | 20000.00 |
| 2 | बेहटा पकौरी | लहरपुर तम्बौर रोड से पचायत भवन तक इण्टरलाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति | 995000.00 | 500.00 | 20000.00 |
| 3 | तम्बौर देहात | कस्तूरबा गाँधी स्कूल से फार्मेसी कालेज मोड तक इण्टरलाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति | 789000.00 | 500.00 | 16000.00 |
| 4 | तम्बौर देहात | मेन रोड से फार्मेसी कालेज मोड तक इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति | 736000.00 | 500.00 | 15000.00 |
| 5 | सुमली | सुमली में नाला निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति | 997000.00 | 500.00 | 20000.00 |
| 6 | बिसवॉ खुर्द | स्टेट बैक बिसवॉखुर्द में पार्किंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति | 693000.00 | 500.00 | 14000.00 |
| 7 | तम्बौर देहात | कस्तूरबा स्कूल में सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति | 998000.00 | 500.00 | 20000.00 |
| 8 | बिसवॉ खुर्द | इण्डिका प्लाईवुड के पास सार्वजनिक शौचालय निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति | 421000.00 | 500.00 | 9000.00 |

खण्ड विकास अधिकारी
बेहटा–सीतापुर


# प्राइमरी स्कूलों और अस्पताल के जर्जर भवन दे रहे हादसों को न्योता

नवनीत तिवारी। मोहनलालगंज






**गाजियाबाद** में श्मशान घाट पर छत गिरने से पच्चीस लोगों की मौत के बाद भी राजधानी में शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के जिम्मेदार सबक लेने को तैयार नहीं हैं। लिहाजा अकेले मोहनलालगंज ब्लाक में ही तीन प्राइमरी स्कूलों में जर्जर भवन बच्चों की जान का जोखिम बढ़ा रहे हैं। जबकि गोशाईगंज में होम्योपैथिक अस्पताल का जर्जर भवन रोगियों की जान सांसत में डाल रहा है। सरकार का कायाकल्प अभियान भी यहां बेमतलब साबित हो रहा है।

मोहनलालगंज ब्लाक के प्राइमरी स्कूल लवल का भवन बेहद पुराना और जर्जर है। दीवारों में दरारें आ चुकी हैं और जगह जगह प्लास्टर टूटकर गिर रहा है। स्कूल स्टाफ और पंचायत की ओर से इसकी शिकायत बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कर जर्जर भवन को ढ़हाने और नया भवन निर्माण कराने की मांग की जा चुकी है। लेकिन आंख मूंदकर बैठे विभाग के जिम्मेदार अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं। प्राइमरी स्कूल जबरौली की हालत भी कमोवेश ऐसी ही है। स्कूल का पुराना भवन बेहद जर्जर और निष्प्रयोज्य हालत में है। लिहाजा प्राइमरी स्कूल के बच्चों की क्लासेज अपर प्राइमरी स्कूल की बिल्डिंग में शिफ्ट करनी पड़ी है। प्रधान और स्कूल टीचर्स इसकी शिकायत बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों से भी कर चुके हैं लेकिन जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। प्राइमरी स्कूल नगराम का जर्जर भवन भी हादसे को दावत दे रहा है। निष्प्रयोज्य भवन से बच्चों की क्लासेज दूसरे स्कूल कैम्पस में शिफ्ट कर किसी तरह काम चलाया जा रहा है। शिकायतों के बावजूद शिक्षा विभाग और नगर पंचायत के अधिकारी हाथ पर हाथ रखे बैठे हैं।

**होम्योपैथिक अस्पताल जर्जर, रोगियों की मुसीबत:** गोशाईगंज के राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल कपेरा मदारपुर का भवन जर्जर हालत में है। दीवारों से प्लास्टर गिर रहा है और भवन में शीलन ने डेरा डाल रखा है। लेकिन शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कान में उंगली डालकर बैठे हैं। लिहाजा रोगियों को जान का जोखिम उठाकर अस्पताल के जर्जर भवन में आकर इलाज कराना पड़ रहा है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र प्रसाद ने बताया प्राइमरी स्कूल लवल और जबरौली के जर्जर भवन को ध्वस्त कर नए कमरों का निर्माण कराने के लिए पीडब्ल्यूडी से मूल्यांकन कराकर विभाग से बजट मांगा गया है। प्राइमरी स्कूल नगराम के लिए नगर पंचायत अधिकारियों से भी बातचीत की जा रही है। जल्द से जल्द समस्या का समाधान करा लिया जाएगा। वहीं राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय की प्रभारी रितु परिहार ने बताया भवन की बदतर हालत को लेकर उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया है।

# विकास कार्यों की डीएम ने की बिंदुवार समीक्षा

● आधा दर्जन विभाग रहे निशाने पर

● नहरों में पानी व गौशाला की स्थिति को लेकर गम्भीर दिखे डीएम

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**शासन** के नवीन सर्वोच्च प्राथमिकता के दिसंबर माह के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक जिला अधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में की गई ।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के विकास कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की ।इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता नहर को निर्देश देते हुए कहा कि खरीफ्ध् रबी की फसल के दौरान किसानों के खेतों में पानी रोस्टर के अनुसार पहुंचना चाहिए। यदि पानी रोस्टर के अनुसार नहीं पहुंचेगा तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि विद्युत बकाया भुगतान अविलंब कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों का भुगतान ग्राम पंचायतों के माध्यम से कराना सुनिश्चित करें।जनपद में संचालित गोआश्रय स्थलों में पशुओं के कुशल संरक्षण के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि पशुओं के ठंड से बचाव के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त होना चाहिए। पर्याप्त मात्रा में अलाव, पशु कोट की उपलब्धता सुनिश्चित हो। साथ ही साथ भूसा, हरा चारा, पशु आहार भी पर्याप्त मात्रा में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सहभागिता योजना के अंतर्गत कुपोषित परिवारों को गाय उपलब्ध कराकर पोषण युक्त परिवार बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को यह भी निर्देश दिया गया कि पशुओं की इयर टैगिंग में कोई लापरवाही नहीं होना चाहिए ।स्वास्थ्य विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने दवाइयों की उपलब्धता ,नवजात शिशु एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण कुत्ता काटने वाला इंजेक्शन आदि की व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए । साथ ही साथ उन्होंने शासन द्वारा संचालित जनहित योजना आयुष्मान में अधिक से अधिक पात्रों का गोल्डन कार्ड बनाकर उन्हें योजना से आच्छादित करने को कहा ।निर्माण कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार को निर्देश देते हुए कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदुआईकला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वेवाना में अधूरे निर्माण कार्य पूर्ण करा कर तत्काल हस्तगत करना सुनिश्चित करें। कायाकल्प योजना अंतर्गत जनपद में संचालित 1586 परिषदीय विद्यालयों में के सापेक्ष मात्र 527 विद्यालयों का कायाकल्प किया गया है ।जिसकी समीक्षा कर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी को तत्काल विद्यालयों का कायाकल्प कराने की हिदायत दी ।उन्होंने कहा कि कायाकल्प के साथ-साथ विद्यालयों की भौतिक प्रगति का निरंतर निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। बाकी विकास कार्यों में जनपद की अच्छी प्रगति जिलाधिकारी ने अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यों के प्रति निरंतरता बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि जनपद की रैंकिंग महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यों के प्रति कोई भी अधिकारी लापरवाही ना बरतें और इमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने में कोई लापरवाही ना बरतें। इस दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा,परियोजना निदेशक प्रदीप पांडे, जिला विकास अधिकारी बिरेंद्र सिंह, अर्थ संख्या अधिकारी अनुपम कुमार सिंह एवं अरुण कुमार शुक्ल, अपर अर्थसंख्या अधिकारी भूपेंद्र तिवारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारीध् कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।


समीक्षा बैठक में मौजूद डीएम व सीडीओ पायनियर

# संपर्क, संवाद व प्रवास के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करना है : कमलेश श्रीवास्तव

संवाददाता। अयोध्या




**भाजपा** महानगर के करिअप्पा मंडल की बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को और गतिशील करने पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सम्पर्क, संवाद व प्रवास के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करना है। जिसके लिए कार्यकर्ता अपनी भूमिका तय कर लें। पार्टी का लक्ष्य सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करना है। जिसमें बड़ी भूमिका पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की होगी। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाजिक गतिविधियों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाता है। कोरोना काल में गरीबों व जरुरतमंदों की सेवा करने को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने सराहनीय कार्य किया। मंडल स्तर पर पार्टी की नियमित बैठकें होनी चाहिए। 15 दिन में एक बैठक अवश्य हो। सेक्टर की बैठकें भी इसी तरह से आयोजित की जाय।

पदाधिकारी मण्डलों में प्रवास करें तथा बैठकों की जिम्मेदारी सम्हालें। वार्ड व बूथ कमेटियों को सक्रिय करने के साथ इनकी भी नियमित बैठकें हो। बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष रवि सोनकर ने किया। इस अवसर पर महानगर महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, सचिन सरीन, वीरेन्द्र शर्मा, जय प्रकाश श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, रामलौटन कन्नौजिया मौजूद रहे।

# दोहरे हत्याकांड में मृतक के परिजनों का आरोप

● एसडीएम व तहसीलदार की लापरवाही से हुई घटना

दोनों अधिकारियों के निलंबन की मांग

**अम्बेडकरनगर।** जिले की पूर्वी सीमा पर स्थित राजेसुलतानपुर थाना क्षेत्र में हुए दोहरे हत्याकांड में प्रशासनिक मशीनरी ने अपनी गर्दन को फंसते देख चार कर्मचारियों पर कार्यवाही भले ही कर दी है लेकिन मृतक के परिजन खुलकर पूरी घटना के लिए उपजिलाधिकारी आलापुर धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव व तहसीलदार को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। मृतक के भतीजे ने जारी किए गए अपने बयान में स्पष्ट रूप से आरोप लगाया है कि यदि अधिकारियों ने समय रहते निर्णय ले लिया होता तो इस हत्याकांड से बचा जा सकता था । मृतक के परिजन अभी भी दहशत के साए में जी रहे हैं तथा परिवार की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि मतदाता सूची में नाम बढ़ाए जाने तथा निवास प्रमाण पत्र जारी किए जाने का मामला उप जिला अधिकारी व तहसीलदार के समक्ष लगभग डेढ़ माह से लंबित चल रहा था। घटना के दिन सोमवार को भी उप जिलाधिकारी कार्यालय में ही दोनों पक्षों में तनातनी देखने को मिली थी। आलापुर से राजेसुलतानपुर तक जारी रही इस तनातनी की गंभीरता को भापने की आवश्यकता भी अधिकारियों ने नहीं समझी। जिसका परिणाम हुआ कि तहसील मुख्यालय से जाने के कुछ ही देर बाद दो भाइयों की हत्या कर दी गई।

# अमरेन्द्र कांत बने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के जिला संयोजक

● जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया स्वागत

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**भारतीय** जनता पार्टी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को जीत दिलाने के प्रति काफी गंभीर है। भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पूर्व में घोषित जिला संयोजक भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शिव नायक वर्मा को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने के बाद उनके स्थान पर भाजपा के जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का जिला संयोजक नियुक्त कर पंचायत चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत दिलाने की अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित किया है। बृहस्पतिवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में पंचायत चुनाव के नव नियुक्त जिला संयोजक भाजपा जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह का स्वागत भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने किया। स्वागत के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा की अध्यक्षता और जिला संयोजक अमरेंद्र कांत सिंह के संचालन में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के सम्बंध में सम्पन्न हुई बैठक में पंचायत चुनाव में सभी पदों पर जिताऊ प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारने और जीत दिलाने के लिए भाजपा नेताओं के साथ विचार विमर्श किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि 2021में पंचायत के सभी पदों पर जिताऊ और स्वच्छ छवि के प्रत्याशियों को उतार कर सभी पदों पर जीत दर्ज कराकर प्रदेश नेतृत्व को उपहार देने का कार्य भाजपा कार्यकर्ता करेंगे।भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अपने स्वच्छ छवि और जनता में अच्छे सेवा भाव के कारण लोकप्रियता प्राप्त कर जीत दिलाने में सहायक सिद्ध होगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नव नियुक्त जिला संयोजक जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह के स्वागत और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में सम्पन्न हुई बैठक में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक डायरेक्टर यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष रमाशंकर सिंह,जिला महामंत्री सुरेश कन्नौजिया,बाबा राम शब्द यादव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला मंत्री दिलीप पटेल (देव),चंद्रिका प्रसाद,दीपक तिवारी, विदेश सम्पर्क विभाग प्रमुख संदीप श्रीवास्तव,मण्डल अध्यक्ष मनोज मौर्य आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



अमरेन्द्र कांत का स्वागत करते जिलाध्यक्ष पायनियर

# जीएम रेलवे ने की विस्तृत समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**पूर्वोत्तर रेलवे** के महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी ने एम.एस.टीम पर आयोजित कार्य समीक्षा बैठक के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे पर चल रहे कार्यों के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की । बैठक में अपर महाप्रबन्धक अमित कुमार अग्रवाल, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक अनिल कुमार सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक एस.सी.प्रसाद, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर ए.के.पाण्डेय, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण आर.के.यादव, प्रमुख मुख्य इंजीनियर सतीश कुमार पाण्डेय, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर अनिल कुमार मिश्र, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री तनुजा पाण्डेय, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल अतुल कुमार श्रीवास्तव, मुख्य परियोजना निदेशक/स्टेशन डेवलपमेंट एस.के.मिश्र, महाप्रबन्धक के सचिव डी.के.खरे, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह तथा उप महाप्रबन्धक/सामान्य कृष्ण चन्द्र सिंह, मण्डल रेल प्रबन्धक/लखनऊ डा. मोनिका अग्निहोत्री, मण्डल रेल प्रबन्धक/इज्जतनगर आशुतोष पन्त तथा अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/वाराणसी प्रवीण कुमार एवं अन्य शाखाधिकारियों ने भाग लिया। महाप्रबन्धक श्री त्रिपाठी ने सिगनल एवं दूरसंचार प्रशिक्षण केन्द्र, गोरखपुर, नवस्थापित क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान, गाजीपुर, डिवीजनल मल्टी-डिसिप्लनरी टेऊनिंग इन्स्टीट्यूट, इज्जतनगर सहित पूर्वोत्तर रेलवे के समस्त प्रशिक्षण संस्थानों, छात्रावासों एवं वहाँ उपलब्ध सुविधाओं में विस्तार एवं सुधार हेतु किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इसी क्रम में श्री त्रिपाठी ने वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडल के अस्पतालों में हास्पिटल इन्फॉरमेंशन मैनेजमेंट सिस्टम लागू किये जाने हेतु चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुये अनेक व्यवहारिक सुझाव दिये।

# राज्यसभा सांसद ने बाबा साहब के प्रतिमा का किया अनावरण

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**भारतीय** जनता पार्टी जातिवाद एवं परिवारवाद की पार्टी नहीं है। यह सर्वथा जनसामान्य के लिए कार्य करने वाले डॉ. भीम राव अंबेडकर की विचारधारा पर चलती है। हमेशा दलित, शोषित, पिछड़े समाजों को लेकर उनको उचित स्थान देने का काम करती है। सामान्य कार्यकर्ता भी भारतीय जनता पार्टी के सदस्य से राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा सकता है और पार्टी उस सामान्य कार्यकर्ता के नेतृत्व में कार्य करती है। उक्त विचार उत्तर प्रदेश से भाजपा के राज्यसभा सांसद जयप्रकाश निषाद ने व्यक्त किया। श्री निषाद खजनी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम सभा पिपरा ग्राम बरी में भारत रत्न बाबा साहब डा. भीम राव अम्बेडकर के आदम कद प्रतिमा का अनावरण एवं माल्यापर्ण कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व खजनी चौराहे पर रूद्र महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ता एवं भारतीय जनता पार्टी खजनी मण्डल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा राज्य सभा सांसद जय प्रकश निषाद क़ा ऐतिहासिक स्वागत व अभिनंदन किया गया। विशिष्ट अतिथि अर्जुन सिंह कश्यप, राष्ट्रीय अध्यक्ष रुद्र महा सेना एवं कमलेश निषाद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रुद्र महा सेना ने भी विचार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष एडवोकेट धरणीधर राम त्रिपाठी, मंडल उपाध्यक्ष रामवृक्ष सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा रत्नेश कुमार पाण्डेय, नरेन्द्र कुमार महंता, अरविन्द निषाद, अजीत निषाद, आईटी विभाग राहुल साहनी, मुकेश साहनी, अमित साहनी, रिक्की चंद आदि उपस्तिथ थे।

# सगे भाइयों की हत्या के मामले में बड़ी कार्रवाई

● एडीओ पंचायत, दो वीडिओ व लेखपाल निलंबित

**अम्बेडकरनगर।** राजेसुलतानपुर थाना क्षेत्र के मल्लेपुर मजगवा गांव में सोमवार को सगे भाइयों की हत्या के मामले में आखिरकार प्रशासनिक स्तर पर भी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। पूरे मामले में आरोपों की जद में आए ग्राम पँचायत विकास अधिकारी बनकटा बुजुर्ग उपेंद्र सिंह तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मल्लू पुर मजगवा अंकुर शर्मा को जिला पंचायत राज अधिकारी शेष देव पांडे ने निलंबित कर दिया है। इसके अलावा तत्कालीन एडीओ पंचायत अजय कुमार मौर्या को भी निलंबित कर दिया गया है। आरोपी अमित सिंह का निवास प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में लेखपाल श्रीराम को उप जिलाधिकारी धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने निलंबित कर दिया है। एक साथ चार चार कर्मचारियों का निलंबन किए जाने से सरकारी अमले में हलचल मच गयी है। आपको बताते चलें कि ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की भूमिका पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया था। जिससे जिला पंचायत राज अधिकारी ने दो ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों व सहायक विकास अधिकारी, पंचायत को निलंबित कर दिया। उल्लेखनीय है कि पूरे प्रकरण में अमित सिंह का नाम बनकटा बुजुर्ग से काटकर मल्लेपुर मझगवां में अंकित किए जाने के मामले में दोनों ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की भूमिका प्रतीत हो रही थी। यही कारण है कि एक गांव से नाम काटने तथा दूसरे गांव में नाम जोड़े जाने में महज 8 दिन का ही अंतराल था जबकि किसी गांव का निवासी बनने के लिए कम से कम छह माह तक वहां पर निवास करना आवश्यक होता है लेकिन इस संवेदनशील मामले में ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों ने इस सरकारी निर्देश का खुला मजाक उड़ाया जिसका परिणाम हुआ कि दिन दहाड़े दो सगे भाइयों की हत्या कर दी गई।

# परमहंस के सानिध्य में संतों, गरीबों को कंबल भेंट कर किया सम्मानित

संवाददाता। अयोध्या



**वैष्णो** नगरी अयोध्या के सिद्ध पीठ तपस्वी जी की छावनी सैकड़ों गरीब साधु संतों असहायों को अन्तर्राष्टीय हिंदू महासंघ भारत में जगत गुरु परमहंस आचार्य के सानिध्य में कंबल देकर के सम्मानित किया। अयोध्या के तपस्वी छावनी में निरंतर साधु.संतों गरीबों सहयोगी सेवा होती रहती है। इस अवसर पर जगतगुरु परमहंस आचार्य जी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म मैं सेवा ही सर्वोपरि है और सेवा से ही ईश्वर के सन्निकट पहुंचा जा सकता है। जनवरी माह की इस कड़ाके की ठंड में एक समय का भोजन ना मिलने से कोई परेशानी नहीं होती है लेकिन शरीर को गर्म रखने के लिए ठंडक से बचने के लिए कंबल की आवश्यकता होती है इसलिए ऐसे समय में अंतर्राष्टीय हिंदू महासंघ अयोध्या में कंबल बांट कर के बहुत पुनीत कार्य कर रहा है। महासंघ के राष्टीय अध्यक्ष सुनील शुक्ल ने कहा भारत संतों का देश है सृष्टि के आरंभ से लेकर अभी तक देश के विकास में उनका योगदान सर्वाधिक रहा है। जिस तरह रामरज्य वशिष्ठ और विश्वामित्र जी ने कार्य किया था आज देशवासियों के लिए परमहंस जी कर रहे है। उन्होंने केंद्र सरकार से परमहंस दास जी के लिए राष्टीय संत की उपाधि की मांग की और कहा की राष्टहित में मैं भारत को हिंदू राष्ट बनाने की मांग का समर्थन करता हूं। ने कहा अयोध्या के सांस्कृतिक सीमा में अंडा मांस मदिरा बंद होना चाहिए। अवध नशा मुक्त होना चाहिए। अवध में वध स्वीकार नहीं किया जाएगा। श्री शुक्ल ने कहा जिस दिन भारत हिंदू राष्ट घोषित हो जाएगा उस दिन मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोने की प्रतिमा लगाऊंगा। कंबल वितरण के अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष दीपिका सिंह दीदी भी उपस्थित रही।

# दस तक पूर्ण करें निर्माण कार्य : मंडलायुक्त



पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**मण्डलायुक्त** जयन्त नार्लिकर ने गोरखनाथ मंदिर में बने अस्थायी कैम्प कार्यालय में मकर संक्रान्ति मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जो सड़क निर्माण कार्य चल रहा है उसे 10 जनवरी तक पूर्ण कर लें। इसके बाद मकर संक्रान्ति मेले में आने वाली भीड़ के दृष्टिगत किसी प्रकार की खुदाई आदि न कराया जाये। उन्होंने कहा कि मकर संक्रान्ति का मेला यहां का सबसे बड़ा मेला होता है जिसके दृष्टिगत पार्किंग व्यवस्था, अलाव एवं सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी सी.सी. टी.वी से भी करायी जायें इसके साथ ही पुलिस भी जगह जगह तैनात रहे। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि मकर संक्रान्ति मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के जूता चप्पल रखने के लिए स्थान चिहिन्त किया। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेले में विभिन्न स्टालों द्वारा प्रयोग की जा रही विद्युत वायरिंग की जांच कर लें। उन्होंने कहा कि मेले में श्रद्धालुओं की जानकारी के लिए पर्याप्त संख्या में साइनेज आदि भी लगाया जाये तथा कोविड के प्रोटोकाल का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराया जाये।

### तेजी लाने का निर्देश

**इसके** उपरान्त उन्होंने कुष्ठ आश्रम राजेन्द्र नगर एवं गुरूकुल विद्यालय में बन रहे पार्किंग स्थल तथा मोहद्दीपुर, जंगल कौड़िया फोरलेन के निर्माण कार्य को देखा और निर्देश दिया कि कार्य में तेजी लाई जाये। इस अवसर पर डीआइजी राजेश मोदक, जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पाण्डियन, नगर आयुक्त अंजनी कुमार सिंह आदि उपस्थित रहें।

# भाजपा सरकार में किसानों के साथ सबसे ज्यादा बेइंसाफी : पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**सरकार** के द्वारा किसानों के लिए बनाए गए नए कानूनों को लेकर किसान संगठनों का आंदोलन चरम पर है जिसमें समाजवादी पार्टी के द्वारा सपा के मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी किसान घेरा कार्यक्रम आयोजित कर गांव गांव में घेरा बनाकर अलाव के साथ चौपाल लगाकर किसानों की समस्याओं पर चर्चा का कार्यक्रम बीते 25 दिसंबर से जारी है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के आह्वाहन पर बृहस्पतिवार को भी टाण्डा विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर सूरापुर के पिपरी मोहम्दी में ''समाजवादी किसान घेरा कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया। रामदुलार वर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरूआत की गयी जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व एमएलसी अजय कुमार उर्फ विशाल वर्मा ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार में किसानों के साथ सबसे ज्यादा अन्याय होने की बात करते हुए सपा शासनकाल के दौरान किसानों के हित में किए गए किसान कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व एमएलसी ने घेरा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आज किसानों की स्थित बहुत ही दयनीय हो गई। किसानों की फसलों का वाजिब मूल्य नहीं मिल पा रहा है तो वही सिंचाई के समय क्षेत्र की नहरों में पानी और गोदामों से यूरिया नदारद है। किसानों की समस्याओं का निस्तारण करने के बजाय केंद्र की सरकार ने किसान बिल के रूप में काले कानून को लागू कर किसानों की कमर को तोड़ने का काम कर रही है। इस दौरान लालजी पटेल,अंगद वर्मा,रईस अहमद सेक्टर अध्यक्ष, सहजराम विश्वकर्मा बूथ अध्यक्ष, गुड्डू पाल, मो0नईम, राम मगन, घनश्याम यादव, जयहिंद पटेल, खलीक अहम प्रधान खेतापुर, अनूप सिंह, जन्त्री वर्मा, कुलदीप वर्मा, झिन्कू राम वर्मा, दिनेश वर्मा, फूलचंद वर्मा, विनोद कन्नौजिया, अरविन्द गौतम, राम अवतार यादव, कमलेश राजभर, वुधिराम चौहान, अनिल गुप्ता, सोनू चौबे, अनिल वर्मा, विनोद वर्मा जिला अध्यक्ष सरदार सेना, प्रह्लाद गौतम सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।


किसान घेरा कार्यक्रम में किसानों को सम्बोधित करते पूर्व एमएलसी पायनियर

# अधिकारीगण शिकायतों का गंभीरता के साथ समयबद्ध करें निस्तारण : डीएम

**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों प्रत्येक दिन देखा जाय। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर सीएम सन्दर्भ, सीएम हेल्पलाइन, जिलाधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऑनलाइन, मण्डलायुक्त आईजी डीआईजी, पीजी पोर्टल उप मुख्यमंत्री, मंत्री, शासन राजस्व परिषद निदेशालय आर्थिक मदद, अवैध भूमि कब्जाए मुख्य सचिव, महिला हेल्प डेस्क के अतिरिक्त ऑनलाइन प्रथम स्तर व सीएम हेल्पलाइन प्रथम स्तर, द्वितीय स्तर, तृतीय स्तर व चतुर्थ स्तर पर प्राप्त सभी शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें, पोर्टल पर लंबित रोजाना सर्च करें जिससे वह नियत समय सीमा में शिकायतों के डिफाल्टर होने से पूर्व में गुणवत्तापरक निस्तारण सुरक्षित हो सके। उन्होंने डैसबोर्ड से आगामी 03 दिवस के डिफाल्टर होने वाले सन्दर्भो की सूची को सर्च कर निस्तारण सुनिश्चित करने, जनसुनवाई में संयुक्त रूप से पृष्ठांकित प्रकरणों में संयुक्त आख्या लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व विभाग के शिकायतों में ग्राम समाज, तालाब, चकरोड, आबादी, बंजर आदि भूमि पर अवैध कब्जा करने अथवा लेखपाल द्वारा पैमाइश न किये जाने की शिकायतें आ रही है। कतिपय शिकायत पट्टे की भूमि पर कब्जा करने, नाली, नाले पर अतिक्रमण आदि होती है। ऐसे सभी प्रकरणों का भी गुणवत्ता परक निस्तारण सुनिश्चित करें। जनमानस की लाभप्रद योजनाएं यथा शहरी ग्रामीण आवास की मांग, छात्रवृत्ति, शादी अनुदान, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, धात्री महिलाओं को मिलने वाला आहार, शौचालय अनुदान, राशन कार्ड, निकास सम्मान निधि, नाली.नाले का निर्माण, चकरोड की पटाई, वरासत आदि योजनाओं में तथ्यात्मक आख्या लगाई जाएं।

## चीन की रणनीति

### डब्लूएचओ जांच से इनकार

**नि:संदेह** चीन ने वूहान संक्रमण के प्रति लापरवाही बरती जिसका भारी खामियाजा हमारे जीवन की सबसे बड़ी महामारी के रूप में सारी दुनिया को भुगतना पड़ा। अब वह जरूरतमंद देशों को वैक्सीन और दवाओं की किटें सप्लाई कर हमारी हमदर्दी वापस पाना चाहता है, पर वायरस के जन्म की वैश्विक जांच से इनकार उसके लिए हानिकारक हो सकता है। चीन कोविड-19 प्रसार में अपनी भूमिका से लगातार इनकार करता रहा है और वह स्वयं को दूसरों की तरह पीड़ित के रूप में पेश करता है। लेकिन समस्या यह है कि वह इस मामले से जितना बचने की कोशिश करता है, उतनी ही उसकी विश्वसनीयता घटती है। वह दुनिया के साथ 'हेल्थ सिल्क रूट' की राजनयिक पहल से अपने आलोचकों को खामोश करना चाहता है। अब विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ भी उससे 'बहुत निराश' है जिस पर शुरुआत में चीन की बात मानने का आरोप लगा था। चीन ने अभी उसकी अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की टीम को प्रवेश की अनुमति नहीं दी है जो वायरस के मूल की जांच करना चाहती है। चीन इस मिशन को दुनिया द्वारा स्वयं को बदनाम करने के एक और अभियान की तरह देखता है। लेकिन उसका यह प्रयास महामारी फैलने के मामले में उसकी संलिप्तता छिपा नहीं सकता है। चीन द्वारा पहले टेस्ट किटों और अब वैक्सीन देने के प्रयासों का उल्टा नतीजा निकला है। विकसित देशों और उसके अपने सहयोगी तुर्की तक ने खराब टेस्ट किटों को अस्वीकार किया था। अब चीन को उम्मीद है कि वह कम विकसित देशों को अपनी वैक्सीन दे सकता है। लेकिन उसके अपने ही देश में माडर्ना, एस्ट्राजेनेका व जान्सन एंड जान्सन की तुलना में वैक्सीनों की सुरक्षा व प्रभावशीलता पर कोई जानकारी न देने



के कारण संदेह पैदा हो गया है। चीन के पड़ोसी देश भी उसकी वैक्सीन लेने को तैयार नहीं हैं। समझौतों के साथ जुड़ी शर्तों के कारण एशियान देशों को भी कदम पीछे खींचने को मजबूर होना पड़ा है। चीन मांग कर रहा है कि वे वायरस जन्म की वैश्विक जांच की मांग से समर्थन वापस लें। इस कारण इनमें से कुछ देशों ने पश्चिमी दवा कंपनियों से अनुबंध किए हैं। चीन की विस्तारवादी नीतियों तथा कर्ज के जाल में फंसने से बचने के लिए बहु-प्रचारित बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव-बीआरआई के प्रति भी अब उनकी प्रतिक्रिया में उत्साह नहीं है। चीन इस नकारात्मकता से ध्यान हटाने तथा स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र में अपना वर्चस्व बढ़ाने का प्रयास कर रहा है ताकि उसके विज्ञान व बायोटेक् उत्पादों की बाजार तैयार हो सके। चीन का गुलाम मीडिया देश में कंसर्ट, पार्टियों व उत्सवों के माध्यम से सामान्य जनजीवन की छवि पेश कर दिखाना चाहता है कि उसने महामारी पर लगाम लगा दी है। लेकिन कुछ क्षेत्रों से आने वाली खबरें यह छवि ध्वस्त करती हैं। चीन अन्य अन्य दवा कंपनियों की तुलना में वैक्सीन की बहुत अधिक खूराकें तैयार कर रहा है ताकि दूसरे देश उसे खरीद सकें। मलेशिया और फिलीपीन्स से उसने इस उम्मीद से समझौते किए हैं कि वे चीन के विस्तारवादी इरादों का विरोध बंद करेंगे। चीन वैक्सीन का प्रयोग अपना एजेंडा आगे बढ़ाने के लिए कर रहा है। वास्तव में 'स्वास्थ्य पहले' का उसका एजेंडा व्यापक क्षेत्र पर अपना प्रभाव बढ़ाने की चाल है ताकि वह विभिन्न देशों की सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग कर सके। हांगकांग की एक ब्रोकर फर्म के अनुसार चीन गरीब व विकासशील देशों के बाजार के केवल 15 प्रतिशत पर कब्जा कर 2.8 बिलियन डालर की वैक्सीन बेच सकता है। इससे उसका विश्व स्वास्थ्य अर्थव्यवस्था में दबदबा हो जाएगा। उसने अलीबाबा को इथियोपिया और दुबई में विशाल गोदाम बनाने को कहा है जिनका प्रयोग अफ्रीका और मध्यपूर्व में वैक्सीन वितरण के लिए होगा। वह ब्राजील, मोरक्को और इंडोनेशिया में वैक्सीन उत्पादन सुविधायें बना रहा है। क्या चीन वैश्विक जांच से इनकार कर अपनी छवि सुधार सकेगा? दुनिया चीन के षडयंत्रों से परिचित है और वह 'सबके स्वास्थ्य का समुदाय' बनाने के शी जिनपिंग के नए एजेंडे में फंसने वाली नहीं है।

# आतंकवाद का गढ़ पाकिस्तान

पाकिस्तान की न्याय व्यवस्था भी राजनेता-सेना-मुल्ला त्रिकोण के समर्थन पर निर्भर है और आतंक के प्रसार में योगदान करती है। पाकिस्तान को व्यावहारिक होना चाहिए।



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



आतंकवाद संबंधी पाकिस्तान की दंड न्याय प्रणाली न केवल राजनेता-सेना-मुल्ला त्रिकोण के समर्थन पर आधारित है, बल्कि उसने दंड न्याय व्यवस्था के दो मूल तत्वों-अभियोजन व न्याय से समझौता किया है। अनेक आतंकवाद विरोधी कार्रवाइयों-एटीए आतंकवाद विरोधी अदालतों-एटीसी व बहुप्रचारित राष्ट्रीय कार्ययोजना-एनएपी के बावजूद पाकिस्तान में आतंकवाद संबंधी मामलों में यदि सजा हो भी तो उसकी दर बहुत कम है। न्यायपालिका ऐतिहासिक रूप से पाकिस्तानी अवस्थापना का हिस्सा रही है और पचास के दशक में प्रधान न्यायाधीश जस्टिस मुहम्मद मुनीर ने देश पर जनरल अयूब खान के अवैध कब्जे को उचित ठहराने के लिए 'आवश्यकता का सिद्धान्त' गढ़ा था। उन्होंने कहा था, 'जो अन्यथा अवैध हो वह आवश्यकता होने पर वैध हो जाता है।' लेकिन अपने भीतर जारी टकरावों के कारण न्यायपालिका राजनेताओं व जनरलों का मुकाबला करने की स्थिति में नहीं है और अपने आंतरिक संघर्षों के कारण वह कानून लागू नहीं करा पाती है। पूर्व पाकिस्तानी सेना प्रमुख और राष्ट्रपति परवेज़ मुशर्रफ की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत ने जल्दबाजी में बहुमत से मृत्यु दंड दिए जाने की घोषणा कर दी थी जिसे बाद में उलट दिया गया। हाल ही में पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश ने एक याचिका अस्वीकार कर दी जिसमें पाकिस्तानी सेना प्रमुख का कार्यकाल बढ़ाने को चुनौती दी गई थी। याचिका पर तीन दिन नाटक चला जिसने राजनेताओं व जनरलों को परेशान कर दिया था। लेकिन आखिरकार प्रशासन के सभी क्षेत्रों में प्रबंधन के माहिर निहित स्वार्थी तत्वों ने सुनिश्चित किया है कि उनकी 'आतंकी नर्सरियां' चलती रहें। पाकिस्तान पर निगरानी एजेंसी फ़ाइनेंसियल एक्शन टास्क फ़ोर्स-एफ़एटीएफ द्वारा आतंक के समर्थन व वित्त प्रायोजन के लिए 'काली सूची' में डालने का खतरा मंडरा रहा है। लेकिन कुछ सप्ताह पहले सिंध उच्च न्यायालय ने चार आतंकियों को हिरासत में लेने का प्रांतीय सरकार का आदेश खारिज कर दिया जिन पर अमेरिकी पत्रकार डैनियल पर्ल के अपहरण तथा जघन्य हत्या का आरोप था। पत्रकार के भयानक रूप से अंग-भंग के कृत्य ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को झकझोर दिया था, लेकिन प्रांतीय अदालत ने इसे 'शून्य' घोषित करते हुए कहा है कि 'हिरासत' की आवश्यकता नहीं है। अमेरिका के कार्यकारी अटार्नी जनरल जेफ़्री रोज़ेन ने कहा है कि 'सजा को उलटने वाला न्यायिक फैसला और रिहाई का आदेश सभी जगह आंतक पीड़ितों को दु:ख देने वाला है।' पत्रकार के परिवार ने इसे 'न्याय का मजाक' बताया है। भारत हाफ़िज सईद, जकीउर रहमान लखवी व मुंबई में 26-11 नरसंहार के अन्य आरोपियों के बारे में पाकिस्तानी न्याय प्रणाली की कार्रवाइयों से अच्छी तरह परिचित है जिनको अक्सर 'हिरासत' में लिया जाता है, 'घर पर गिरफ्तार' रखा जाता है और 'सजा' दी जाती है ताकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के गुस्से और एफ़एटीएफ की कार्यवाहियों से बचा जा सके जो कठोर दंड का कारण बन सकती हैं। लेकिन इनके बावजूद ये आतंकी अपनी दुष्टतापूर्ण गतिविधियां लगातार जारी रखते हैं। खुफ़िया स्रोतों के अनुसार डैनियल पर्ल हत्या के मामले में मुख्यत: आतंकी व कट्टर सुन्नी संगठन लश्करे झांगवी पर आरोप लगा था। अदालतों ने ऐसे संगठनों के बारे में हीलाहवाली का परिचय दिया है। पाकिस्तानी सेना और उसकी खुफ़िया एजेंसी इंटर सर्विसेज़ इंटेलीजेंस-आईएसआई ऐसे गिरोहों को पालती-पोसती रही है और उसने सुनिश्चित किया है कि ऐसे तत्वों के महत्वूर्ण 'संपर्क' व 'हमदर्द' सेना में हमेशा बने रहें। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया गया है कि न्यायपालिका इस मामले में नरमी बरते जिससे आतंकी गतिविधियों के खिलाफ प्रतिबद्धता केवल नाममात्र की रह जाती है। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि पिछले सप्ताह लश्करे झांगवी और आईएसआईएल आतंकियों ने अपहरण के बाद 11 हजारा शिया कोयला खनिकों की निर्मम हत्या की। पहले उनके हाथ बांधे गए और फ़िर गोलियों से भून दिया गया। यह पाकिस्तान में खूनी सामाजिक हिंसा का एक और उदाहरण है जो अपनी क्रूरता तथा सरकार की मिलीभगत का बेजोड़ नमूना पेश करता है। पाकिस्तान में यह त्रासद नाटक जारी रहने का एक नमूना मानवाधिकार मंत्री शीरीन मजारी के बयान से स्पष्ट होता है। उन्होंने कहा था, 'भारत ने बलूचिस्तान में आंतकियों को पैसा दिया है जिससे इस प्रांत में उनका विस्तार हुआ है।' लेकिन वास्तव में यह बयान उत्पीड़ित शिया हजारा समुदाय की स्थिति छिपाने का प्रयास है। मारे गए खनिक इसी समुदाय के थे। इस समुदाय को क्वेटा में कंटीले तारों और ऊंची दीवारों से घिरी बस्तियों में बंद रखा गया है, जबकि पिछले दो दशकों में हुई नस्ली हिंसा में सैकड़ों की जानें गई हैं। पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों तथा शिया, अहमदियों व अन्य 'अल्पसंख्यक समझे जाने वाले' लोगों को न्याय मिलना असंभव हो गया है। यदि कोई व्यक्ति न्याय और संवैधानिक प्राविधानों का संरक्षण प्राप्त करने के लिए संघर्ष करता है तो भी पाकिस्तानी न्याय व्यवस्था उसे समाज में दबंगों से बचाने में सफ़ल नहीं होती है। इसका एक उदाहरण मुमताज कादरी है जिसने दिनदहाड़े पंजाब के गवर्नर सलमान तासीर की हत्या कर दी थी। अदालत जाते समय स्थानीय निवासियों ने इस हत्यारे पर फूल बरसाए थे। कादरी को मौत की सजा देने वाले जज को जिला बार असोसिएशन की हड़ताल का सामना करना पड़ा था, उनके कार्यालय में तोड़फोड़ की गई तथा अंतत: उनको अपनी जान बचाने के लिए देश छोड़ कर भागने पर मजबूर किया गया। पाकिस्तान में गवाहों को संरक्षण देने का कार्यक्रम पूरी तरह विफ़ल हो गया है क्योंकि 'प्रभावशाली' संस्थायें आमतौर से उनका उत्पीड़न कर अपने बयान उलटने पर मजबूर करती हैं तथा ऐसे में लोग अपराधियों के खिलाफ गवाही देने से डरते हैं। पाकिस्तान में फैलते आतंकवाद का ठीकरा तथाकथित 'गैर-राज्य कारकों' पर थोप दिया जाता है, लेकिन यह तर्क अब अपनी सारी विश्वसनीयता खो चुका है। यदि विधि निर्माता-राजनेता, कानून लागू करने वाले-पुलिस व अर्धसैनिक बल, सेना, धार्मिक-सामाजिक नेता तथा न्यायपालिका ऐसे तत्वों से मिलीभगत न रखें तो ऐसी स्थितियां लंबे समय तक नहीं बनी रह सकती हैं। वास्तव में अनेक बार ये आतंकी तत्व दूसरों से बदला लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए उनके आतंकी संपर्कों व श्रृंखला को तोड़ना आसान नहीं होता है तथा उनका समर्थन आधार बना रहता है। इसलिए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान का यह कहना अनुचित है कि वे स्वयं 'आतंक के शिकार' हैं क्योंकि यह भस्मासुर स्वयं उन्होंने पैदा किया है। पाकिस्तान में सेना, राजनेता, मुल्ला व न्यायपालिका का चतुर्गुट कभी ऐसे तत्वों से अपने संपर्क नहीं तोड़ सकता है। लेकिन उनको याद रखना चाहिए कि आतंकवाद के फ़िसलन भरे रास्ते पर चलने से कोई सुरक्षित नहीं रह सकता है।

# फ़िलहाल सुरक्षित हैं जूलियन असांजे!

> एक राजनीतिक अपराध के लिए अमेरिका ने एक विकीलीक्स संस्थापक के प्रत्यर्पण हेतु ब्रिटेन को मनाने का भरसक प्रयास किया था।

**गुइन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)



हाल ही में, एक ब्रिटिश न्यायाधीश ने अंतत: विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को प्रत्यर्पित करने एवं उन्हें 175 वर्ष के कारावास की सजा देने के इरादे से किए जा रहे अमेरिका के प्रयास को खारिज कर दिया। अमेरिका द्वारा उन्हें इस आधार पर सजा मिलना तय था कि एक बार निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उन्हें हाईटेक आतंकी करार दिया था।

व्हिसिल ब्लोअर के प्रति अमेरिकी सुरक्षा अवस्थापना का प्रतिशोधी रुख ध्यान देने योग्य है। अमेरिकी सरकार ने एक राजनीतिक अपराध के लिए एक गैर अमेरिकी, अनिवासी अमेरिकी के प्रत्यर्पण हेतु ब्रिटेन को मनाने के लिए भरसक प्रयास किया था। वाशिंगटन ने सदैव लंदन को आश्वस्त किया कि असांजे को संभवत: केवल चार से छह वर्ष की सजा दी जाएगी लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं थी कि एक बार अमेरिकी धरती पर पहुंच जाने के बाद वह सजा दस गुनी नहीं कर दी जाएगी।

अमेरिकी अभियोजकों ने भी, असांजे तक अपने हाथ पहुंचाने के प्रयास को एक दीवानी अपराध का आरोप लगाते हुए गैर राजनीतिक दर्शाने का प्रयास भी किया, जिसमें पेंटागन का कम्प्यूटर संजाल हैक करने हेतु साजिश करने का आरोप लगाया गया, लेकिन यदि उन्हें अमेरिका को प्रत्यर्पित कर दिया जाता, तो उन्हें जासूसी कानून के तहत गोपनीय सूचनाएं जारी करने के चलते 17 आरोपों का सामना करना पड़ता।

पूर्व अमेरिकी खुफिया विश्लेषक, चेलिसा मैनिंग जिन्होंने विकीलीक्स को एक दशक पूर्व अमेरिकी दूतावासों के 7,25,000 वर्गीकृत केबिल्स दिए थे, को असांजे पर इल्ज़ाम लगाने हेतु दबाव बनाने के इरादे से पुन: पुन: आठ महीने के लिए कारावास में डाल दिया गया था। वो 2016 में ओबामा द्वारा क्षमादान दिए जाने से पूर्व पहले ही 35 वर्ष के कारावास की सजा में से 4 वर्ष की जेल काट चुकी थीं। भारी दबाव के बीच स्वीकार नहीं किया और जितने दिनों तक उन्होंने बात करने से इनकार किया उसके लिए प्रतिदिन 1,000 डॉलर का जुर्माना भुगतना पड़ा और अंत में आत्महत्या का प्रयास करने के बाद मार्च 2020 में रिहा कर दी गईं। जुर्माना अभी भी जारी हैं, हालांकि, और वो एक कंगाल एक्टिविस्ट हैं जिन पर अमेरिकी सरकार का 2,56,000 डॉलर बकाया है।

अमेरिकी सरकार के लिए प्रतिशोधी शब्द निश्चित रूप से बनता है और लंदन के ओल्ड बेली में जज वनीसा बैराइटसर को असांजे तक हाथ पहुंचाने के लिए चलाए जा रहे अमेरिकी अभियान को विफल करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। शुक्र है, अंत में उन्हें रास्ता मिल गया। उन्होंने व्यवस्था दी कि यद्यपि अमेरिकी अभियोजकों ने मुकदमा चलाने के लिए असांजे को प्रत्यर्पित करने हेतु कानूनी पूर्वापेक्षाओं को पूरा किया था, उनका अनुरोध ठुकराया गया क्योंकि अमेरिकी पदाधिकारी उन्हें अपना जीवन समाप्त कर लेने से नहीं रोक सकते। वो पिछले आठ वर्षों से एकाकी नजरबंदी में हैं और उनकी मानसिक स्थिति भी इतनी कमजोर हो चुकी है कि अब अमेरिकी जेल का एकाकीपन नहीं झेल पाएंगे।

असांजे अब लंदन के बेलामार्श जेल में वापस भेज दिए गए हैं और एकाकी नजरबंदी में वापस चले गए हैं क्योंकि बेलामार्श में कोविड महामारी का प्रकोप बढ़ रहा है। जमानत के लिए उनके आवेदन को इस सप्ताह बाद में विचार हेतु लिया जाएगा। वो पूरी तरह खतरे से बाहर नहीं है, क्योंकि अमेरिकी सरकार नि:संदेह अपील करेगी। हालांकि, जज बैराइटसर ने संभवत: अपने निर्णय में उनके स्वास्थ्य को आधार बनाया क्योंकि एक उच्चतर न्यायालय द्वारा उसे उलटने की संभावना कम होती है। इस बीच, असांजे पहली बार अपनी पत्नी के साथ घर में रह सकेंगे जिससे वो यूकैडोर दूतावास में राजनीतिक शरण लेने के दौरान मिले थे और दोनों बेटों से भी मिल सकेंगे।

व्हिसिल ब्लोअर का रास्ता बहुत लंबा और एकाकी होता है। एडवर्ड स्नोउेन, जिन्होंने 2013 में अमेरिकी वैश्विक इलेक्ट्रानिक निगरानी परिचालनों के पैमाने को लेकर दुनिया को सतर्क किया था, अभी भी रूस में निर्वासित जीवन जी रहे हैं। लेकिन ऐसे लोग उन चंद संरक्षणों में शामिल जो दंभी सुरक्षा राज्य के कुकृत्यों के खिलाफ हमारे पास होते हैं। डेनियल एस्लबर्ग, जिन्होंने वियतनाम में अमेरिकी सरकार के अपराधों का विवरण देने वाले पेपर चुराकर प्रकाशित किए थे, का कहना है : "अमेरिकी जनता को तत्काल यह जानना आवश्यक है जो दैनिक रूप से उनके नाम पर किया जा रहा है। ऐसे में अनधिकृत खुलासे के अलावा और कोई चारा नहीं रह जाता है।" जूलियन असांजे मजबूती से उस परम्परा में शामिल हैं। उन पर आरोप लगाने वाले आमतौर से यह आरोप लगाते हैं कि जो गोपनीय सामग्री उन्होंने प्रकाशित की थी उससे लोगों के जीवन को खतरा है, लेकिन यदि यह बात सच होती तो आने निश्चित रूप से उन लोगों के नाम अब तक विस्तार से सुन लिए होते। उनके खुलासे इराक में अमेरिकी सैन्य दुष्कृत्यों को बारे में उतने ही मूल्यवान थे जितने कि वियतनाम के बारे में एल्सबर्ग के। जिन चंद लोगों ने वह वीडियो देखा वे कभी नहीं भूल पाएंगे जिनमें अमेरिकी अपाची हेलीकाप्टर का एक चालक निरपराध नागरिकों पर मशीन गन से गोलियां बरसा रहा था, यह कहते हुए कि कि इन मृत दोगलों को देखिए, और युद्ध में अपने बच्चों को लाना इनकी गलती है।

असांजे के निजी जीवन के पहलू भी हैं जिनका साया बरकरार है, जैसे कि स्वीडन में महिलाओं यौन दुर्व्यवहार के दो आरोप। लेकिन मामला यह भी है कि 2010 में अमेरिकी दूतावास के केबिलों का खुलासा करने से पूर्व असांजे और विकीलीक्स के खिलाफ गंभीर प्रयास किए जा रहे थे। कुछ भी हो उनके पेशेवर बर्ताव का उनके निजी जीवन से कोई लेना-देना नहीं है, भले ही उन चीजों को सही नहीं ठहराया जा सकता। अब जबकि यूके की अदालत ले असांजे का राहत प्रदान की है, ऐसे में उनका और चेलिया मैनिंग का सम्मान किया जाए। हमलों से घिरे इन अनसुने नायकों ने यह अर्जित किया है।

## आप की बात

### दोषियों को फांसी दें!

**उ.प्र.** के बदायूं जिले में भारतीय संस्कृति सभय्ता को झकजोर कर देने वाली घटना ने फिर इंसानियत और मानवता को शर्मशार किया है। समाचार पत्र के समाचार के आधार पर पूजा करने गईं 50 साल की महिला से पुजारी समेत 3 लोगो ने गैंगरेप किया।और निर्दयता का नंगा नाच देखिए कि इन वासना के भूखे भेड़ियों ने पैर तोड़ा और गुप्तांग में रॉड डालकर मार डाला। इन वहशियों को दुष्कर्म करते समय उनकी मां , बहन की तस्वीर नजर नही आई? कहते है मंदिर हमारे धर्म आस्था के वो केंद्र होते है जंहा हम भक्ति आराधना करते है।पुजारी हमे आशिर्वाद, प्रसाद देते है।परन्तु इस कलयुगी वासना के भूखे दरिंदे पुजारी को बिल्कुल भी धर्म ,मानवता, का ध्यान नही...? क्या कसूर था उस निर्दोष महिला का जो इन दरिंदो का शिकार बनी। और जीवन लीला ही समाप्त हो गई। क्या अब मंदिरों में भी ऐसी शर्मनाक, घिनोने घटनाक्रम घटित होंगे...? विचारणीय और दुखद लगता है आखिर क्या सुरक्षा व्यवस्था है। नारीशक्ति की इतनी दुर्दशा और शर्मनाक घटनाएं। क्यों नही कानून और सजा के नियमों में सकती नही? दरिंदगी ,हैवानियत और नृशंसता के इन दानवों को जल्द से जल्द फांसी होना चाहिए।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### कब खुलेंगे कालेज?

**कोरोना** वायरस ने समस्त विश्व को अपने चंगुल में ले लिया।सब कुछ अस्त व्यस्त और त्रस्त सा हो गया। शिक्षण संस्थान पर लगे ताले, अभी तक नहीं खुल।देश की राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली विश्वविद्यालय को खुले लगभग एक साल होने को है। लेकिन अभी भी खुलने के आसार नजर नहीं आ रहे। ऐसा प्रतीत हो रहा मानो, ऑनलाइन पद्धति ही आम शिक्षा ग्रहण करने की राह को प्रशस्त कर रही है। देश के विभिन्न हिस्सों में कॉलेज और स्कूल समेत डिग्री कॉलेज को खोला जा रहा, नोएडा और गाजियाबाद में भी सब कुछ सामान्य हो रहा। लेकिन दिल्ली में अभी भी कई शिक्षण संस्थानों में ताले लगे है। मेट्रो शुरू हो गई, हवाई यात्रा शुरू हो गई, एक साल होने को है, लेकिन विद्यार्थियों ने अभी तक कॉलेज नहीं देखा। देश के कई राज्यों और जिलों में स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय खोले जा रहे है, फिर आखिर क्यों दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी वर्ष के छात्रों के लिए नहीं खोले जा रहे? कॉलेज का सुचारू रूप से न चलना, विज्ञान वर्ग और प्रैक्टिकल से जुड़े कोर्स के विद्यार्थियों के लिए काफी नुक़सान भरा रहा है। ऑनलाइन शिक्षा को एक आपातकाल विकल्प के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय


### ठीक नहीं टकराव बढ़ना

**किसानों** का आंदोलन इन दिनों लंबा खिंचता जा रहा है। किसानों का प्रदर्शन जारी है और कोई हल निकलता दिख नहीं रहा है। न किसान मानने को तैयार है न सरकार झुकने को तैयार है। वार्ताओं के असफल होने के बाद भी दौर पर दौर चलना कहीं न कहीं कोई उम्मीद अवश्य जगाती है कि अंत में जाकर कोई न कोई हल तो जरूर ही निकलेगा। आंदोलन के चलते तोड़ फोड़ होने और रास्तों के रुकने से नुकसान हो रहा है। साथ ही तनाव भी बढ़ रहा है। सरकार किसानों के लिए फायदे का सौदा बताकर कृषि बिल लाई है तो किसान इनको मानने से इनकार रहा है। कृषि सुधार बिल को समझने में कुछ न कुछ गफलत जरूर है जिसे आमने-सामने बैठकर ही दूर किया जा सकता है। ताजे हालातों में आंदोलन का हल वार्ता के माध्यम से ही संभव है। दोनों पक्षों को कुछ नरम रुख तो करना ही होगा। बार बार हो रही वार्ताओं का बेनतीजा होना राष्ट्र हित में नहीं है।बीच का रास्ता निकाला जाना चाहिए इससे अवरोध के साथ ही हो रहा नुकसान दूर हो सकेगा।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण ही किसान मुख्य धारा में शामिल हो पाया है नहीं तो देश का किसान केवल वोट पर राजनीति का मोहरा भर होता था।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**मैं** बहुत निराश हूं कि चीन ने अब तक हमारी टीम के आगमन की अनुमति पर निर्णय नहीं किया है, उसके चलते दो सदस्यों ने पहले ही यात्रा आरम्भ कर दी है।

–**टीए घेब्रिएसस**
डब्लूएचओ प्रमुख



**नई** शिक्षा नीति समानता एवं भारत की जरूरतों पर आधारित है और इसकी प्रकृति राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों है, इसे व्यापक परामर्श के बाद लाया गया है।

–**रमेश पोखरियाल निशंक**
केंद्रीय शिक्षा मंत्री

# डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने सुनी कार्यकर्ताओं की शिकायतें

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**उप मुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्या ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस प्रयागराज में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम जनों की शिकायतों की जनसुनवाई कर समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी को जन्मदिन की बधाई दी। एवं 8 जनवरी को राजकीय पब्लिक लाइब्रेरी कंपनीबाग में होने वाले गौरव अनुभूति कार्यक्रम के बारे में पार्टी के कार्यकर्ताओं से जानकारी ली। इस मौके पर विधायक हर्षवर्धन बाजपेई विक्रमाजीत मौर्या पूर्व विधायक दीपक पटेल गुरु प्रसाद मौर्या अवधेश चंद्र गुप्ता भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी रणजीत सिंह पार्षद मनोज कुशवाहा अरुण अग्रवाल कुंज बिहारी मिश्रा देवेश सिंह वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी विवेक अग्रवाल राजू पाठक राघवेंद्र कुशवाहा सुभाष वैश्य रमेश पासी किशोरी लाल जायसवाल श्याम प्रकाश पांडेय विश्वास श्रीवास्तव बबलू केसरवानी आशीष जायसवाल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### भाजपाइयों ने किया उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या का स्वागत

**प्रयागराज।** प्रयागराज भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के प्रयागराज आगमन पर बमरौली एयरपोर्ट एवं चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस में पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में विधायक हर्षवर्धन बाजपेई विक्रमजीत मौर्य पूर्व विधायक दीपक पटेल प्रसाद मौर्या अरुण अग्रवाल अवधेश चंद्र गुप्ता कुंज बिहारी मिश्रा देवेश सिंह गिरि बाबा वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी कुमार नारायण राजू पाठक विवेक अग्रवाल गिरिजेश मिश्रा रमेश पासी यश विक्रम पार्टी आनंद दुबे सुभाष वैश्य पार्षद मनोज कुशवाहा पवन श्रीवास्तव आशीष गुप्ता चंदन भट्ट कौशिकी सिंह उमेश शुक्ला आदि सैकड़ों पार्टी के वरिष्ठ नेता पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रहे।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**अखरी** बाइपास स्थित हाईवे पर बृहस्पतिवार को सुबह लगभग 10 बजे सड़क दुर्घटना में कंठीपुर निवासी आशुतोष सिंह पटेल 30 वर्ष बाइक सवार की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के तुरंत बाद घटनास्थल पर ट्रैक्टर छोड़कर चालक फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अखरी चौकी इंचार्ज गौरव पांडेय ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा तथा ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंठी पुर निवासी विजय नारायण सिंह पटेल के दो पुत्रों में से छोटा पुत्र आशुतोष सिंह पटेल बृहस्पतिवार को सुबह लगभग 10 बजे घर से रामनगर के लिए बाइक से जा रहे थे जाते समय अखरी बाईपास के बगल में आर्यन स्कूल के सामने हाईवे पर बाइक के पीछे से आ रहे ट्रैक्टर के चपेट में आने से आशुतोष सिंह पटेल की मौके पर ही मौत हो गयी।घटना की सूचना मिलने पर उनके पिता विजय नारायण पटेल व उनकी मां बदामा देवी तथा पत्नी शिव कुमारी सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

## शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों को जाति-धर्म, लिंग क्षमता एवं आर्थिक स्तर के आधार पर भेदभाव करने की आजादी नहीं है: डॉ. रमाकांत मिश्र

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

'**शिक्षा में** लैंगिक अंतराल की समस्या का समाधान आसान नहीं है असमानता की परतों एवं जाति तथा समुदाय आधारित लामबंदी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए नामांकन एवं बदलाव के मानक सूचकों से परे जाने एवं स्कूलों में बच्चों के अनुभव को गहराई से देखने की आवश्यकता है। उक्त बातें कमलाकर चौबे आदर्श सेवा विद्यालय इंटर कालेज, वाराणसी के प्रधानाचार्य डॉ0 रमाकांत मिश्र ने दी।

डॉ0 मिश्र ने कहा कि स्कूल उस समाज का सूक्ष्म रूप होता है, जिसमें हम रहते हैं। समाज में प्रचलित अंतवैयक्तिक एवं अंतर्सामुहिक चलन अक्सर स्कूल में भी दिखाई देते हैं। यदि शिक्षकों को पर्याप्त संवेदनशील नहीं बनाया गया है और पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं दिया गया है तो उनका व्यवहार और पूर्वाग्रह स्कूल में भी आ सकता है। शैक्षिक प्रशासक एवं राजनेता स्कूलों में व्याप्त भेदभाव के लिए इसे बहाना बनाते हैं। इस मामले में हमें उन देशों से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है, जिन्होंने इस प्रकृति का सफलतापूर्वक मुकाबला किया है और इस बात पर जोर दिया है कि स्कूलों तथा सार्वजनिक वित्त पाने वाले संस्थानों को संविधान में निर्दिष्ट अधिकारों तथा बाध्यताओं का पालन करना पड़ेगा। भारत के संविधान में स्थापित समानता के अधिकार तथा भेदभाव के विरूद्ध अधिकार को देखते हुए शिक्षकों एवं सभी शिक्षा पर शासकों का यह कर्तव्य है कि स्कूलों में भेदभाव रहित वातावरण सुनिश्चित हो। शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों को जाति-धर्म, लिंग क्षमता एवं आर्थिक स्तर के आधार पर भेदभाव करने की आजादी नहीं है। उन्होंने कहा कि लड़कियां भी लैंगिक सामाजिकरण के घेरे में रहती है, जो जातियों, जन-जातियों एवं समुदायों तथा शहरी-ग्रामीण भेद के अनुसार अलग-अलग होता है। इससे अलग प्रकार की आकांक्षाएं क्षमताएं एवं आत्म विश्वास का स्तर तैयार होता है। समानता का यह प्रयास सीखने वालों को कमियों से उबरने तथा सर्वांगीण विकास करने में मदद करने वाले तरीकों में अंतर को दूर करता है।

## क्विक न्यूज

### तहसील पुनर्गठन की मांग हुई तेज

**सफीपुर उन्नाव।** सफीपुर तहसील के बार एसोसिएशन के निवर्तमान महामंत्री हरि प्रकाश कुशवाहा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे गए पत्र में बताया है कि तहसील सफीपुर लगभग 70 वर्ष पुरानी है। किंतु पिछले शासनकाल में बांगरमऊ में नवसृजित तहसील में सफीपुर के लगभग 180 गांव शामिल कर दिए गए जबकि सदर तहसील व हसनगंज तहसील के गांव सफीपुर तहसील के समीप हैं। जबकि इन गांवों से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर तहसीलें स्थित है। जिससे दूरस्थ तहसील को आने-जाने में वाद कार्यों तथा फरियादियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। महामंत्री ने प्रधानमंत्री को भेजे गए पत्र के माध्यम से सफीपुर तहसील का पुनर्गठन कराए जाने की मांग की है।

### जाम से मुसीबतों का होता सामना

**फतेहपुरचौरासी उन्नाव।** नगर पँचायत फतेहपुर चौरासी के शीतला देवी चौराहा व मुख्य बाजार मे आये दिन लगने वाले जाम से नागरिकों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जाम से निकलने के लिए लोगों को घण्टों इन्तजार करना पड़ता है। शीतला देवी चौराहा तथा काली मिट्टी चौराहे पर टेम्पो चालकों की अराजकता के कारण भी जाम की समस्या बढ़ जाती है। गुरुवार को काली मिट्टी दबौली रोड पर शीतला देवी चौराहे पर एक लम्बा ट्रक मोड़ने के चक्कर में फँस गया जिससे काफी देर तक जाम लगा रहा। वहीं मुख्यबाजार में सब्जी आदि की दुकानें सड़क पर लगने से भी निकलना कठिन हो जाता है। नगर की सँकरी गलियों में सड़क व खड़ंजों पर अतिक्रमण एवं जानवरों के बंधने से आये दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शीतला देवी चौराहे पर जाम से दोनों तरफवाहनों की लम्बी लाइन लगी रही।

### समाज के प्रति प्रतिबद्धता दोहराना जरूरी: सौरभ

**प्रयागराज।** पिछले कायम सभी रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए डेनवर ऑटोग्राफकलेक्शन की प्रसिद्ध अभिनेता शाहरुख खान के ऑटोग्राफवाली सिंगल बोतल परफ्यूम का एक लाख रूपए की उच्च बोलीपर ऑक्शन हुआ। ऑक्शन का आयोजन चौरिटेबल संस्थानों के लिए धन जुटाने के उद्देश्य से किया गया। इस ऑक्शन के माध्यम से एकत्रित किए गए फंड के बराबर धनराशि इस ब्रांड ने दान कर दिया। आयोजन के दौरान डेनवर ऑटोग्राफकलेक्शन की कुल सात बोतलें ऑनलाइन लाइव ऑक्शन के माध्यम से ऑक्शन की गईं और इन सभी परफ्यूम की बोतलों पर शाहरुख खान के असली सिग्नेचर थे। सौरभ गुप्ता डायरेक्टर वेनेसा केयर प्राइवेट लिमिटेड ने कहा कि समाज के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए डेनवर ऑटोग्राफकलेक्शन के पहले यूनिट को हमने दान के लिए ऑक्शन करने का फैसला लिया। जिसमें जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इस उद्देश्य के लिए व्यक्तिगत रूप से हस्ताक्षर किए गए। नए डेनवर ऑटोग्राफकलेक्शन को इसीलिए चुना क्योंकि विशिष्ट परफ्यूम की तरह ही उनकी दुनियाभर में जबरदस्त फैन फॉलोइंग है।एफएमसीजी ब्रांड वेनेसा केयर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लांच किया गया।

### टीईटी परीक्षा सात मार्च को कराए जाने की मांग

**प्रयागराज।** ऑल बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने टीईटी परीक्षा सात मार्च को संपन्न कराए जाने और पंचायत चुनाव के ठीक तुरंत बाद नई भर्ती का विज्ञापन जारी करने की मांग की है। इसके लिए बुधवार को ऑल बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह और हजारों की संख्या में डीएलएड बीएड बीटीसी प्रशिक्षुओं ने ट्वीटर पर जमकर हल्ला बोल किया। टीईटी परीक्षा को लेकर परीक्षा नियामक प्रयागराज द्वारा सात मार्च को प्रस्ताव शासन के पास भेज दिया गया लेकिन प्रशासन के ढुलमुल रवैया और टीईटी परीक्षा पंचायत चुनाव बाद होता देख रहे डीएलएड बीएड बीटीसी प्रशिक्षुओं ने आज ट्वीटर पर हल्ला बोला। प्रदेश सरकार पर दबाव पूर्ण अपनी बात कही टीईटी परीक्षा सात मार्च को ही संपन्न कराई जाए। जिससे बेसिक शिक्षा विभाग में रिक्त पड़ी लाखों की संख्या में सीटें भरी जाएं।अभी हाल ही में पीएबी की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश के 41 व 42 फीसदी क्रमशः प्राथमिक एवं जूनियर प्राथमिक विद्यालयों में छात्र और शिक्षक अनुपात बुरी तरह बिगड़ा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शिक्षामित्र के रिक्त सीटें भी जल्द से जल्द भरी जाए। पिछले दो साल से शिक्षामित्र की सीटों को छोड़कर प्राथमिक विद्यालय में नई शिक्षक भर्ती नहीं आई हुई है। ऐसे में प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके लाखों की संख्या में आशान्वित प्रशिक्षित प्रशिक्षु नई भर्ती को लेकर चिंतित है।

### नाबालिक को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**फतेहपुर चौरासी,उन्नाव।** नाबालिक पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए माँ ने थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी माँ ने थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी सत्रह वर्षीया नाबालिग पुत्री को अचलगंज थाना क्षेत्र के गाँव हड़हा निवासी शुभम पुत्र नत्थू बीते मंगलवार को बहला फुसला कर भगा ले गया है। जिसमें माँ ने गाँव के ही संदीप पुत्र शिवमंगल तथा अजीत पुत्र रामखेलावन को भी पुत्री को भगवाने में शामिल होने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक राघवन कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### राष्ट्रीय एकता का प्रतीक तकिया मेला का हुआ शुभारंभ



**उन्नाव।** एकता एवं सद्भावना का प्रतीक सहस्त्र लिंगेश्वर बाबा एवं मोहब्बत शाह तकिया मेले का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर अध्यक्ष विधानसभा हृदय नारायण दीक्षित एवं जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार व मुख्य विकास अधिकारी डा0 राजेश कुमार प्रजापति अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार पाण्डेय ने किया। विधान सभा अध्यक्ष ने तकिया पाटन में बाबा मोहब्बतशाह के मेले में विधिवत रूप से चादर पोसी करने के बाद सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव मन्दिर में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा यह स्थान हिन्दु मुस्लिम एकता का सन्देश देता है। हमें समाज में जाति, धर्म को भूलाकर विकास की धारा में एक साथ प्रगति में अहम भूमिका निभाने का कार्य करना है। इस अवसर पर सम्बन्धित जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### बदायूं में महिला के साथ जघन्य गैंगरैप कर उसकी हत्या के विरोध में आप के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

**वाराणसी।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष कैलाश पटेल के नेतृत्व में गुरूवार को जिला मुख्यालय पर बदायूँ जिला में महिला के साथ गैंगरैप व हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया और डीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। दिल्ली से आप के सुल्तानपुरी क्षेत्र के विधायक मुकेश अहलावत ने कहा कि बदायूँ जिले के उघेती थाना के बीते रविवार की रात में, पूजा स्थल पर एक पुजारी व उसके साथियों ने एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका के साथ सामूहिक बलात्कार के बाद उसकी जघन्या हत्या की वारदात को अंजाम दिया। यहीं नहीं बलात्कारी दरिंदों ने सामूहिक बलात्कार और हत्या के बाद महिला के शव को अर्द्धनग्न अवस्था में पीड़िता के घर के सामने फेंक दिया।दरिंदों ने बर्बरतापूर्ण तरीके से महिला के गुप्तांग में लोहे की रॉड डाल दिया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई ।थोड़ी देर बाद महिला की मौत हो गई। आप के कार्यकर्ताओं ने सूबे के सरकार पर आरोप लगाया है इनके राज में बलात्कारियों व अपराधियों के हौंसले बुलंद हैं और प्रदेश की महिला भी अब सुरक्षित नहीं रहीं।

## पांच वर्षों में एक करोड़ से अधिक आजीविका का लक्ष्य: विनीत

**प्रयागराज।** विकास में उद्यमशीलता का समावेश करने वाला समूह न केवल भारत में मौजूद है अपितु दक्षिण पूर्व एशिया और अफ्रीका में भी सेवाएं देता है। पांच वर्षों में एक करोड़ से अधिक आजीविका का लक्ष्य तय किया गया है। मुंबई के अविष्कार ग्रुप ने दो हजार एक में शुरुआत के बाद बहुत लंबा सफर तय किया। पांच हजार की सीड कैपिटल के साथ शुरू हुआ। विनीत राय के नेतृत्व का ग्रुप इंपैक्ट इन्वेस्टिंग के क्षेत्र में अग्रणी खिलाड़ी बन गया। ग्रुप भारत में इंपैक्ट ईकोसिस्टम के विकास में अग्रणी है और दुनिया की मुख्य कंपनियों में से एक है।

भारत इंडोनेशिया बांग्लादेश और केन्या में सात हजार कर्मचारियों की मदद से ग्रामीण इलाकों पर केंद्रित अविष्कार ग्रुप ने सामाजिक क्षेत्र में काम कर रही सत्तर कंपनियों में निवेश किया है। यह एक सौ दस मिलियन लोगों जिनमें से पचपन प्रतिशत महिलाएं हैं के जीवन को प्रभावित कर चुका है। इसने तीन लाख से ज्यादा नौकरियों एवं आजीविकाओं का निर्माण किया है। पहले फंड अविष्कार के साथ इंपैक्ट इन्वेस्टिंग के क्षेत्र में एक इकाई वाले वेंचर कैपिटल संगठन के रूप में शुरू हुआ यह समूह एक संपूर्ण डेवलपमेंट ईकोसिस्टम बन चुका है। ग्रुप इंपैक्ट इन्वेस्टिंग के क्षेत्र के लिए इन सभी व्यवसायों में नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभा रहा है। जबकि आरोहण भारत का सबसे बड़ा टेक्नॉलॉजी संचालित फाईनेंशल समावेशी प्लेटफॉर्म है। इंटैलिकैप का सामान्य एक्शन प्लेटफॉर्म संकल्प फोरम उद्यमियों एवं निवेशकों के लिए सबसे बड़े वैश्विक समावेशी विकास मंचों में से एक है।

## शस्त्र निरस्तीकरण के विरोध कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**कांग्रेस** कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधालय अजय राजय राय का शस्त्र लाइसेंस रद्द किए जाने का विरोध किया है। अजय राय का शस्त्र लाइसेंस रद्द किए जाने के विरोध कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन को पत्रक सौंपा कर विरोध जताया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि प्रदेश में जंगल राज है। कानून का राज्य समाप्त हो गया है। कांग्रेस नेता अजय राय लगातार जनविरोधी सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ते है और जनहित में संघर्ष करते है। ऐसे में इनके सुरक्षा की जिम्मेदारी राज्य की है। आरोप लगाया कि सरकार के दबाव में जिला प्रशासन अजय राय की सुरक्षा से खिलवाड़ करते हुए उनके शस्त्र लाइसेंस को निरस्त किया है। ज्ञापन सौपने वालों में महानगर अध्यक्ष राघेवन्द्र चौबे, जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, विश्वनाथ कुंवर सतेत दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## नवविवाहिता ने ससुरालीजनों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

● **न्याय न मिलने पर दी आत्मदाह की दी धमकी**

**बांगरमऊ उन्नाव।** पड़ोसी कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला जोगियाना निवासी अजमत की पुत्री मेहरून्निसा ने कोतवाली में तहरीर देकर अपने ससुराली जनों पर दहेज उत्पीड़न, मार पीट और हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा पंजीकृत किए जाने की मांग उठाई है । न्याय न मिलने पर मेहरुन्निसा ने लखनऊ में विधानसभा के सामने आत्महत्या करने की चेतावनी भी दी है । गंजमुरादाबाद के मोहल्ला जोगियाना निवासी अजमत की पुत्री मेहरून्निसा द्वारा कोतवाली में दी गयी तहरीर में कहा गया है कि उसका विवाह जून 2019 में औरास थाना क्षेत्र के ग्राम इनायतपुर बर्रा निवासी वजीम अहमद पुत्र यासीन के साथ हुआ था । विवाह में मेहरून्निसा के पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज भी दिया था । लेकिन ससुराली जन दहेज में मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे । मेहरून्निसा के मुताबिक बाइक खरीदने के लिए उनके मायके वालों ने किसी तरह से अस्सी हजार रुपया कर्ज लेकर ससुराली जनों को दे दिया । लेकिन ससुरालीजन उस धन से मोटरसाइकिल नहीं लाए और नन्द महताबन के निकाह में खर्च कर दिया। मेहरून्निसा ने जब ससुराली जनों से पूछा कि रुपये मिलने के बाद मोटरसाइकिल क्यों नहीं लाए ? इस पर ससुरालीजन नाराज हो गए और जेठ व पति ने उसके साथ मारपीट की तथा मिट्टी का तेल डालकर जला कर मारने का प्रयास किया । मौका मिलने पर मेहरून्निसा ससुराल से भाग खड़ी हुई । इस घटना को लेकर लखनऊ में वाद भी चला । लेकिन कुछ ही दिनों बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया और मेहरून अपनी ससुराल चली गई । इसके बाद दिनांक 13 दिसंबर 2019 को भी मेहरून्निसा को जलाकर मारने का प्रयास किया गया । तब मेहरून्निसा ने संबंधित थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग उठाई । लेकिन फिर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई और ससुराली जन लगातार मेहरून्निसा का उत्पीड़न करते रहे। मेहरून्निसा ने आज पुन: ससुराली जनों के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत करने की मांग उठाई है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति में दिखाई देते हैं महामना के शैक्षिक दर्शन: प्रो. डीपी सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**काशी हिन्दू** विश्वविद्यालय के संस्थापक महान शिक्षाविद् एवं स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती के अवसर पर मालवीय मूल्य अनुशीलन केन्द्र की ओर से व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष प्रो. डीपी सिंह ने कहा कि जब संपूर्ण देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा था और परतंत्रता की जंजीरों में जकड़ा था ऐसे वक्त में महामना ने एक ऐसे विश्वविद्यालय की संकल्पना की जो न केवल शैक्षिक विकास, बल्कि चरित्र निर्माण का भी कार्य करे और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए। प्रो. सिंह ने कहा कि ऐसी दृष्टि केवल महामना जैसे महान व्यक्तित्व की ही हो सकती थी। उन्होंने कहा कि अपने सार्वजनिक जीवन में महामना का सबसे महत्वपूर्ण योगदान शिक्षा के क्षेत्र में रहा। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के रूप में वह आज न सिर्फ देश भर में अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति अर्जित कर रहा है। उन्होंने कहा कि महामना मानते थे कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण होना चाहिए। उनकी सोच थी कि बौद्धिक विकास से अधिक महत्वपूर्ण चारित्रिक विकास है और इन्हीं विचारों को आधार बनाकर उन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की संकल्पना को मूर्त रूप दिया। यूजीसी चेयरमैन ने कहा कि महामना की इसी दृष्टि को आज नए विश्वविद्यालयों एवं शैक्षिक संस्थानों की स्थापना के केन्द्र में रखना होगा। उन्होंने कहा कि मालवीय जी महिलाओं की शिक्षा के पुरजोर पैरोकार थे क्योंकि उनका मानना था कि महिलाएं ही भविष्य को जन्म देंगी और उनकी शिक्षा एक उज्जवल व सशक्त भविष्य का आधार बनेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. राकेश भटनागर ने कहा कि महामना ने राष?ट्र निर्माण के लिये शिक्षा को एक माध्यम चुना। उनका ये मानना था कि शिक्षा एक ऐसा प्रकाश है जो गरीबी, भुखमरी और अशिक्षा के अंधकार को दूर करता है और इसी ध्येय से उन्होनें राष?ट्र निर्माण के उद्?देश?य से काशी हिन्दू विश?वविद्यालय की स्थापना की जहाँ विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के साथ साथ उनका चरित्र निर्माण भी किया जा सके जिससे वे हमेशा अपनी मातृभूमि से प्रेम करें और जनकल्याण में भागीदार बनें। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद सदस्य प्रो. बच्चा सिंह, प्रो. आद्या प्रसाद पाण्डेय, कुलसचिव डॉ. नीरज त्रिपाठी, प्रो. एके सिंह, डॉ. उषा त्रिपाठी समेत अन्य उपस्थित रहे।

## किसान समुदाय को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश में वाटर फिल्ट्रेशन प्लांट किए स्थापित

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**किसान** समुदाय को सशक्त बनाने के अपने उद्देश्य के अनुरूप अग्रणी इनोवेशन संचालित कृषि विज्ञान कंपनीए एफएमसी इंडिया किसानों को अपने सामुदायिक आउटरीच प्रोग्राम . प्रोजेक्ट समर्थ द्वारा बेहतर व समृद्ध जीवन की ओर ले जा रही है। किसानों को शुद्ध जल एवं अच्छी सेहत प्रदान करने के उद्देश्य सेए एफएमसी इंडिया ने एक अभियान चलाया हैए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारत में अगले 3 सालों में 200,000 किसान परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। कंपनी उत्तर प्रदेश के विभिन्न गांवों में 21 विशाल सामुदायिक वाटर फिल्ट्रेशन प्लांट एवं आरओ टेक्नॉलॉजी पर आधारित एक स्वाईप.कार्ड इनेबल्ड डिस्पेंसिंग सिस्टम स्थापित कर चुकी है। अप्रैल 2021 तक यह राज्य के गांवों में अन्य 20 प्लांट स्थापित करने की योजना बना रहा है।

## रूढ़िवादिता छोड़े तभी होगा उत्थान

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**आबादी** के हिसाब से भलें ही मुस्लिम वर्ग देश में दूसरे स्थान पर हो लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में सबसे पिछड़े हुए हालात में है। वहीं अल्पसंख्यक समुदाय में जैन धर्म ही सबसे ज्यादा शिक्षित है। उक्त बातें गुरूवार को उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सचिव डॉ. आलमीन अली ने डीएवी पीजी कॉलेज के अल्पसंख्यक समिति के तत्वावधान में उच्च शिक्षा में अल्पसंख्यक विद्यार्थियों का शैक्षिक सशक्तिकरण मुद्दे और चुनौतियाँ विषय पर आयोजित वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता कही। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा समय समय पर योजनायें बनायी जा रही है। जिसमें से नया सबेरा, नई उड़ान, पढ़ो परदेस जैसी योजनायें अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए स्वर्णिम योजनायें है, जिसका लाभ वे उठा सकते है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय में खासतौर से मुस्लिम समाज को रूढ़िवादिता छोड़कर अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए आगे आना होगा तभी समाज का विकास संभव है। अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक डॉ. शिवबहादुर सिंह ने कहा कि यूजीसी ने जिस प्रकार से आईक्यूएसी के अन्तर्गत कॉलेजों में अल्पसंख्यक समितियों का गठन किया है वह अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र - छात्राओं के लिए काफी मददगार साबित होगा। राष्ट्र एवं समाज को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए अल्पसंख्यकों का सशक्त होना सबसे आवश्यक है। स्वागत आयोजन सचिव डॉ. कमालुद्दीन शेख, विषय स्थापना आईक्यूएसी की समन्वयक डॉ. पारूल जैन ने किया। संचालन डॉ. नजमूल हसन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. हसन बानो ने दिया।

## अलबेली संस्था ने जरूरत मंदों के सहायतार्थ शुरू की अनूठी पहल नेकी की दीवार



● **सदर विधायक पंकज गुप्ता तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रशान्त कटियार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया शुभारंभ**

**उन्नाव।** अलबेली सामाजिक संस्था द्वारा गरीबों और जरुरत मंदों के सहायतार्थ शुरू की गई अनूठी पहल नेकी की दीवार का आज सदर विधायक पंकज गुप्ता तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष उषा कटियार के प्रतिनिधि एवं पुत्र प्रशान्त कटियार ने संयुक्त रूप से फीता काट नेकी का शुभारंभ किया तथा लगभग आधा सैकड़ा बच्चों को खिलौना ऊनी कपड़े और पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। अलबेली समाजिक संस्था की अध्यक्ष सुधा अवस्थी द्वारा नेकी करने की अनूठी शुरुआत नेकी की दीवार योजना शुरू की गई है। जिनके द्वारा मोती नगर में नेकी की दीवार अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रशान्त कटियार के सहयोग से नेकी की दीवार का निर्माण करा आज से जरुरत मंदों और गरीबों की सहायता शुरू की गयी। उद्घाटन के बाद समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि निश्चय ही योजना से जरुरत मंदों का भला होगा। अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रशान्त कटियार ने कहा कि सुधा अवस्थी में समाज सेवा के लिए कूट कूट कर जज्बा और जज्बात भरे हैं। नेकी की दीवार की चर्चा के दौरान समाज सेवा की इस अनूठे प्रयास को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। संस्था की अध्यक्ष सुधा अवस्थी ने बताया कि सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शनिवार को 12 बजे से चार बजे के मध्य जरूरत मंदों को नेकी दीवार पर आवश्यक सामग्री मिलेगी उन्होंने सहयोग के लिए प्रशान्त कटियार और बहुमूल्य समय देने के लिए सदर विधायक पंकज गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रामबोध शुक्ला अखिलेश अवस्थी, संजय ऐडी विशाल सिंह श्रीमती राधा नागेन्द्र पांडेय मंजुलता अवस्थी विनीता देवी निम्मी अरोडा प्रीति गुप्ता राजकुमारी बाथम गीता मिश्रा आदि मौजूद रहीं।

## महापौर ने मृतक संजय सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि दी



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**सरागोवर्धन** वार्ड के पार्षद संजय सिंह उर्फ डाक्टर की असामयिक निधन पर गुरूवार को नगर निगम कार्यालय के सामने शहीद उद्यान में गुरूवार को दोपहर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महापौर मृदुला जायसवाल ने की। शोक सभा में महापौर मृदुला जायसवाल ने मृतक पार्षद संजय सिंह की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि दी। इसके अलावा कांग्रेस के पूर्व विधायक अजय राय, नगर निगम के उपसभापति नरसिंह दास, पार्षद प्रशांत सिंह पिंकू, महानगर उपाध्यक्ष मनीष चोबे, पार्षद कुंवरकांत सिंह,पार्षद विजय जायसवाल सहित दर्जनों पार्षद उपस्थित रहे।

## विराट किसान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन

**उन्नाव।** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत विराट किसान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन तकिया पाटन विकास खण्ड सुमेरपुर में किया गया है। मेले का शुभारम्भ अध्यक्ष विधान सभा द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मैकेनाइजेशन योजना एवं अन्य योजनाओं के स्वीकृत पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कृषि और ऋषि का नाता आदिकाल से है। समय के साथ इसमें विकास हुआ है। किसानों की आमदनी किस तरह से दुगनी हो इसके लिये सरकार विभिन्न योजनायें चला रही है। बताया सरकार 50 से 80 प्रतिशत तक का अनुदान भी दे रही है। दूसरी ओर किसानों की उपज भी समर्थन मूल्य पर क्रय करने की भी व्यवस्था कर रही है। उन्होने किसानों को खेती के साथ-साथ पशुपालन करने का भी आह्वाहन किया। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि किसान भाई पंजीकरण करायें। गेहूँ के साथ साथ दलहनी तिलहनी फसलें भी लें और साथ ही सब्जियों की खेती के साथ ही जैविक खेती भी करें जिससे आमदनी बढ़ेगी। उन्होने पराली दो खाद लो अभियान से जुड़ने पर भी बल दिया और कहा कि जनपद में 42 गौशालाओं में गौवंश एवं गोबर की खाद उपलब्ध है। किसान भाई पराली देकर गोबर की खाद प्राप्त करें जिससे चारे में व्यय कम होने के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी। मेले में जिलास्तरीय अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



### कल्याण मिशन योजना के तहत विभिन्न ब्लाकों में कार्यक्रम आयोजित

**उन्नाव।** प्रदेश में किसानों की वर्तमान आय को दोगुना करने के लिये किसान कल्याण मिशन योजना का क्रियान्वयन शुरू किया गया। इस संकल्प को पूरा करने हेतु यह निर्णय लिया गया है। विकास खण्ड सि0सिरोसी, मियॉगंज, पुरवा, बॉगरमऊ, औरास एवं बीघापुर में गोष्ठी, मेला, प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमे किसानों के कल्याण से जुड़े सभी विभागों ने चयन पत्र का वितरण किया। सभी कार्यक्रमों में क्षेत्रीय विधायकों ने लाभार्थी कृषकों को चयन पत्र वितरित कर सम्बोधित किया।

# राम मंदिर भारत के स्वाभिमान और गौरव का प्रतीक होगा : आरएसएस

**भाषा।** गांधीनगर

**आरएसएस** ने बृहस्पतिवार को कहा कि अयोध्या में बनने वाला राम मंदिर भारत के स्वाभिमान और गौरव का प्रतीक होगा तथा इसका भूमि-पूजन समारोह देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। संघ ने कहा कि इस मंदिर निर्माण के लिए चंदा जुटाने की खातिर व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। संघ के एक शीर्ष नेता ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पांच लाख गांवों के 10 करोड़ परिवारों से संपर्क कर मंदिर निर्माण के लिए चंदा जुटाएगा। यहां उवरसाड गांव में तीन दिवसीय चिंतन शिविर की समाप्ति के बाद संघ ने तीन क्षेत्रों पर अपना ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया। इनमें हिंदू पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने और पर्यावरण की रक्षा के साथ ही हिंदू समाज में जन्म, भाषा और जाति के कारण पैदा हुए मतभेदों को दूर कर सामजिक समरसता हासिल करना शामिल है।

तीन दिवसीय यह बैठक पांच जनवरी को शुरू हुई थी जिसमें मोहन भागवत और भैय्याजी जोशी जैसे शीर्ष नेताओं के अलावा भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और आरएसएस से संबद्ध लगभग 34 संगठनों के प्रमुखों ने भाग लिया। आरएसएस के सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल ने बैठक के बारे में जानकारी देते हुए कहा, मंदिर देश के स्वाभिमान और गौरव का प्रतीक होगा। बैठक में मंदिर निर्माण के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि विहिप ने जनसंपर्क अभियान की योजना बनाई है और (बैठक में) यह निर्णय लिया गया कि संघ के सभी संगठनों के सदस्य पाँच लाख गाँवों और 10 करोड़ से अधिक परिवारों से संपर्क कर चंदा जुटाएंगे और उन्हें राम मंदिर के निर्माण से जोड़ेंगे।

कृष्ण गोपाल ने कहा कि चंदा लोगों की इच्छा पर निर्भर है लेकिन हम किसी व्यक्ति से कम से कम 10 रुपए और एक परिवार से 100 रुपए की उम्मीद करते हैं और जो अमीर हैं, वे अपनी इच्छा के अनुसार दान दे सकते हैं। आरएसएस नेता ने कहा कि बैठक में निकट भविष्य में तीन गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया गया। कार्यकर्ताओं से समाजिक समरसता का संदेश फैलाने को कहा गया है। हर कोई एक है, हर कोई समान है।

हमारे त्योहार हर किसी के लिए हैं, हमारे रीति-रिवाज हर किसी के लिए हैं, धार्मिक शिक्षाएं सभी के लिए हैं। हमें जाति, भाषा और जन्म के भेदों को दूर करना होगा। उन्होंने संकेत दिया कि आरएसएस हिंदू समाज में एकता लाना चाहता है। दूसरी गतिविधि हिंदू संस्कृति से प्रेरित पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देना होगा। हमारे संज्ञान में आया है कि परिवार टूट रहे हैं। हम पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देना चाहते हैं। तीसरी गतिविधि जिसे आरएसएस बड़े पैमाने पर शुरू करना चाहती है, वह पर्यावरण संरक्षण है। आरएसएस का मानना है कि पर्यावरण के खराब होने से भविष्य में पानी की कमी सहित कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं। केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर किसानों के आंदोलन के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में गोपाल ने कहा, "किसानों और सरकार को बातचीत के जरिए कोई हल निकालना चाहिए। कोरोना महामारी के कारण देश में पैदा हुई स्थिति पर भी चर्चा हुई और स्वास्थ्य पेशेवरों सहित विभिनन कोविड योद्धाओं के प्रयासों की सराहना की गई।



भोपाल में मप्र राज्य कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ। साथ में वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह प्रेस कांफ्रेंस करते हुए।

## केरल के विधानसभाध्यक्ष ने कहा, उनके कर्मचारी से पूछताछ केलिए पूर्व अनुमति जरूरी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल विधानसभा अध्यक्ष पी. श्रीरामकृष्णन ने बृहस्पतिवार को कहा कि डॉलर तस्करी के मामले में उनके सहायक निजी सचिव से सीमा शुल्क विभाग द्वारा पूछताछ करने के लिए उनकी पूर्व अनुमति जरूरी है। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि वह किसी भी जांच में बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे। श्रीरामकृष्णन ने विधानसभा कार्य विधि के नियमों का हवाला देते हुए कहा कि विधानसभा परिसर में किसी भी व्यक्ति के खिलाफ विधिक कार्वाई करने के लिए स्पीकर की अनुमति आवश्यक है।

श्रीरामकृष्णन ने विधानसभा सचिव एस वी उन्नीकृष्णन नायर द्वारा हाल में सीमा शुल्क विभाग को भेजे गए पत्र को भी उचित ठहराया, जिसमें कहा गया है कि विधानसभा सचिवालय के तहत आने वाले किसी व्यक्ति से पूछताछ के लिए विधानसभा अध्यक्ष की सहमति आवश्यक है। श्रीरामकृष्णन का यह बयान ऐसे समय आया है जब एक दिन पहले मीडिया में खबर आई थी विधानसभा सचिव ने उनके सहायक निजी सचिव के अयप्पन को पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी करने के बाद सीमा शुल्क विभाग को पत्र भेजा है।

चूंकि राज्य विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार को शुरू होने वाला है, विधानसभाध्यक्ष ने यह भी कहा कि विपक्षी यूडीएफ के उस नोटिस पर उचित कार्यवाही होगी जिसमें उन्हें सोने और डॉलर की तस्करी में आरोपों के मद्देनजर संवैधानिक पद से हटाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा, नियमों के अनुसार, विधानसभा परिसर के भीतर किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कोई कानूनी कार्वाई करने के लिए स्पीकर की अनुमति आवश्यक होती है। सब कुछ कानून के नाम पर किया जाता है। इसलिए, सचिव ने (सीमा शुल्क विभाग को) को केवल सूचित किया कि सब कुछ सदन की कार्य विधि के नियमों के तहत किया जाना चाहिए।

## ई-निविदा रैकेट मामले में ईडी ने भोपाल, हैदराबाद में छापेमारी की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मध्य प्रदेश के कथित ई-निविदा धांधली रैकेट से जुड़ी धनशोधन संबंधी जांच के सिलसिले में भोपाल, हैदराबाद और बेंगलुरु में कई स्थानों पर छापेमारी की है। यह मामला तीन हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि से जुड़ा है।आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि सबूत जुटाने के लिए एजेंसी ने मामले में संलिप्त विभिन्न संदिग्धों के स्थानों पर इस सप्ताह की शुरुआत में छापेमारी अभियान शुरू किया और यह कार्वाई धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि मध्य प्रदेश के एक पूर्व मुख्य सचिव से जुड़े परिसर सहित भोपाल, हैदराबाद और बेंगलुरु में कम से कम 15-16 स्थानों पर छापेमारी की गई और आज भी कुछ स्थानों पर छापेमारी जारी है। ईडी ने पिछले साल एक आपराधिक मामला दर्ज किया था।

## राजस्थान में बसपा के विधायकों के कांग्रेस में विलय के मामले में विधानसभा अध्यक्ष को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान में बसपा के सभी छह विधायकों के राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी में विलय के मामले में दो याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को राज्य विधानसभा अध्यक्ष और अन्य को नोटिस जारी किए। न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर और न्यायमूर्ति के एम जोसेफ की पीठ ने इस मामले में विधानसभा सचिव और कांग्रेस में शामिल हुए बसपा के सभी छह विधायकों को भी नोटिस जारी किए हैं। बहुजन समाज पार्टी और भाजपा के विधायक मदन दिलावर ने इस मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ अलग अलग अपील दायर की हैं।

उच्च न्यायालय ने 24 अगस्त, 2020 को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष से कहा था कि बसपा विधायकों के राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस में विलय के खिलाफ भाजपा के मदन दिलावार की अयोग्यता की याचिका पर तीन महीने के भीतर निर्णय करें। साथ ही, उच्च न्यायालय ने दिलावर की याचिका आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए 22 जुलाई को उनकी अयोग्यता याचिका अस्वीकार करने का अध्यक्ष का पिछले साल मार्च का आदेश निरस्त कर दिया था।

उच्च न्यायालय ने इस मामले में बसपा की याचिका खारिज करते हुए उसे अध्यक्ष के यहां अयोग्यता याचिका दायर करने की छूट प्रदान की थी। दिलावर ने बसपा के विधायकों के विलय को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय से अनुरोध किया था कि विधानसभा अध्यक्ष के आदेश के अमल पर रोक लगाई जाए। इस मामले में उच्चतम न्यायालय ने विधानसभा अध्यक्ष के आदेश पर रोक लगाने के लिए दिलावर की याचिका को निरर्थक बताते हुए उसका निस्तारण कर दिया था क्योंकि उच्च न्यायालय ने इसी मुद्दे पर अपना आदेश पारित कर दिया था।

राजस्थान विधानसभा के लिए 2018 में हुए चुनाव में ए छह विधायक बसपा के टिकट पर जीते थे लेकिन बाद में सितंबर, 2019 में वे कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए थे। इन विधायकों में संदीप यादव, वाजिब अली, दीपचंद खेरिया, लखन मीना, जोगेन्द्र अवाना और राजेन्द्र गुधा शामिल हैं। इन विधायकों ने 16 सितंबर, 2019 को कांग्रेस में विलय का आवेदन किया था और अध्यक्ष ने 18 सितंबर, 2019 को इस संबंध में आदेश दे दिए थे। दिलावर ने इसे चुनौती देते हुए कहा था कि अध्यक्ष ने इन छह विधायकों के कांग्रेस में विलय को गलत अनुमति दी है। राजस्थान की 200 सदस्ईय विधान सभा में सत्तारूढ़ कांग्रेस में बसपा के इन विधायकों के विलय से गहलोत सरकार की स्थिति मजबूत हो गई थी। बसपा विधायकों के विलय के बाद विधान सभा में कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 100 से ज्यादा हो गई थी।

## क्विक न्यूज

### भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति खराब हो रही है: महबूबा

**श्रीनगर।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत दुनिया भर को अल्पसंख्यकों के साथ एक सम्मानजनक व्यवहार करने का उपदेश दे रहा है, जबकि देश में अल्पसंख्यकों की स्थिति खराब हो रही है। महबूबा मुफ्ती विदेश मंत्री एस. जयशंकर द्वारा श्रीलंका दौरे पर तमिलों को लेकर दिए गए बयान के संदर्भ में टिप्पणी कर रही थी। जयशंकर ने बुधवार को कहा था कि यह श्रीलंका के हित मे है कि एकीकृत देश के भीतर ही तमिलों की समानता, न्याय, शांति और सम्मान की आकांक्षाओं को पूरा किया जाए। पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने ट्वीट किया, दूसरे देशों को अल्पसंख्यकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार का उपदेश दे रहे है, जबकि भारत मे अल्पसंख्यको की स्थिति खराब हो रही है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष ने कहा कि भारत सहित किसी भी देश की प्रगति के लिए सामाजिक एकजुटता आवश्यक है।

### उज्जैन के जेल में आरोपी आरक्षक को दिल का दौरा पड़ा, मौत

**उज्जैन।** उज्जैन की भेरुगढ़ जेल मे बंद जहरीली शराब के मामले के आरोपी तथा पुलिस आरक्षक का दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। कारा अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। जेल अधीक्षक अलका सोनकर ने बृहस्पतिवार को कहा, आरक्षक सुदेश खोड़े 25 नवंबर से जेल मे बंद था और कल रात करीब 2.40 बजे उसे दिल का दौरा पड़ा। इसके बाद डॉक्टरो को बुलाया गया लेकिन आरक्षक को बचाया नही जा सका। सोनकर ने बताया कि आरक्षक (42) की मौत के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट पुनीता चौहान जेल मे पहुंची और मामले मे सह आरोपियो के बयान दर्ज किए। इसके बाद चौहान की उपस्थिति मे खोड़े के शव का पोस्टमार्टम भी कराया गया। मालूम हो कि उज्जैन मे जहरीली शराब पीने के बाद पिछले साल अक्टूबर माह मे 14 लोगो की मौत हो गई थी। मरने वालो मे अधिकांश गरीब लोग थे। घटना की उच्चस्तरीय जांच के बाद तत्कालीन पुलिस अधीक्षक और एक आबकारी अधिकारी सहित कई अधिकारियों का तबादला कर दिया गया था।

### न्यायमूर्ति राघवेंद्र ने मुख्य न्यायाधीश की शपथ

**देहरादून।** उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने न्यायमूर्ति राघवेंद्र सिंह चौहान को उत्तराखंड के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। यहां राजभवन मे एक सादे समारोह मे मौर्य ने न्यायमूर्ति चौहान को पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल, मुख्य सचिव ओम प्रकाश और पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति और राज्य सरकार के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। उत्तराखंड के मुख्य न्यायाधीश बनने से पहले न्यायमूर्ति चौहान तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे।

### उच्च न्यायालय से अखिल गोगोई की जमानत अर्जी खारिज

**गुवाहाटी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन के संबंध मे दायर एक मामले मे गोहाटी उच्च न्यायालय ने कृषक मुक्ति संग्राम परिषद एवं राइजोर दल के नेता अखिल गोगोई की जमानत अर्जी बृहस्पतिवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति कल्याण राय सुराना एवं न्यायमूर्ति अजित बरठाकुर की उच्च न्यायालय की खंड पीठ ने अखिल गोगोई की जमानत याचिका खारिज की। संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ कथित हिंसक प्रदर्शन के मामले मे गोगोई को दिसंबर 2019 मे गिरफ्तार किया गया था और तब से वह गुवाहाटी केंद्रीय कारागार मे बंद है। गोबोई को 12 दिसंबर 2019 को गिरफ्तार किया गया था। बाद मे यह मामला राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौप दिया गया था।

### न्यायमूर्ति हिमा कोहली ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली

**हैदराबाद।** न्यायमूर्ति हिमा कोहली ने बृहस्पतिवार को तेलंगाना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली। न्यायमूर्ति कोहली दिल्ली हाईकोर्ट मे न्यायाधीश पद पर आसीन थी। राजभवन मे आयोजित कार्यक्रम मे राज्यपाल तमिलीसाई सुंदरराजन ने उन्हे पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी. कृष्णा रेड्डी, तेलंगाना के कई मंत्री और अन्य गणमान्य लोग कार्यक्रम के दौरान मौजूद थे। कोहली न्यायमूर्ति आर एस चौहान की जगह लेंगी। चौहान का तबादला उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर हुआ है।

### चिड़ियाघर में आवारा कुत्तों के कारण चार काले हिरणों की मौत

**पुणे (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के पुणे जिले मे राजीव गांधी प्राणि उद्यान मे आवारा कुत्तो के हमले मे चार काले हिरणो की मौत हो गई और एक हिरण घायल हो गया। चिड़ियाघर के निदेशक राजकुमार जाधव ने बताया कि घटना बुधवार सुबह की है। यह चिड़ियाघर पुणे के कात्रज मे स्थित है। वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत काले हिरण संरक्षित पशु हैं जिनके शिकार पर प्रतिबंध है। अधिकारी ने बताया कि कुछ आवारा कुत्ते चिड़ियाघर मे घुस आए और काले हिरणो के बाड़े मे घुस गए।



नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देव मुलाकात करते हुए।

## शिवसेना ने राहुल की प्रशंसा की कहा- दिल्ली के शासक डरते हैं उनसे

**मुंबई।** शिवसेना ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ खड़ा होने के लिए राहुल गांधी को योद्धा बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली के शासक कांग्रेस नेता से डरते हैं। शिवसेना के मुखपत्र सामना में एक संपादकीय में कहा गया कि यह अच्छी बात है कि राहुल गांधी कांग्रेस अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। संपादकीय में कहा गया, दिल्ली के शासकों को राहुल गांधी का डर लगता है। ऐसा नहीं होता तो अनावश्यक गांधी परिवार को बदनाम करने की सरकारी मुहिम नहीं चलाई गई होती।

योद्धा चाहे अकेले रहे, उससे तानाशाह को डर लगता है और अकेला योद्धा प्रमाणिक होगा तो यह डर सौ गुना बढ़ जाता है। राहुल गांधी का डर सौ गुना वाला है। संपादकीय में कहा गया कि यह अच्छा है कि राहुल गांधी फिर से कांग्रेस अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। संपादकीय में कहा गया, यह सबको स्वीकार करना चाहिए कि भाजपा के पास नरेंद्र मोदी का विकल्प नहीं है और कांग्रेस के पास राहुल गांधी का विकल्प नहीं है।

सामना में कहा गया, राहुल गांधी कमजोर नेता हैं का प्रचार किया गया लेकिन अब भी वह खड़े हैं और लगातार सरकार पर हमले कर रहे हैं। विपक्षी दल फिनिक्स पक्षी की तरह राख से भी उठ खड़ा होगा। शिवसेना द्वारा राहुल गांधी की तारीफ के पहले संजय राउत ने कांग्रेस नेतृत्व वाले संप्रग का विस्तार किए जाने का आह्वान किया था। शिवसेना के सांसद राउत ने कहा था कि विपक्ष को केंद्र के तानाशाही रवैए के खिलाफ एकजुट होना चाहिए और मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के समक्ष एक मजबूत विकल्प मुहैया कराना चाहिए। अगले महीने औरंगाबाद नगर निगम चुनाव के पहले शिवसेना और कांग्रेस के बीच शहर का नाम बदलने की मांग को लेकर गतिरोध चल रहा है।

## औरंगाबाद हवाईअड्डे का नाम बदले जाने पर कोई आपत्ति नही : इम्तियाज जलील

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद से एआईएमआईएम सांसद इम्तियाज जलील ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर महाराष्ट्र में किसी हवाई अड्डे का नाम छत्रपति सम्भाजी महाराज के नाम पर रखा जाता है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन शहर का नाम नहीं बदला जाना चाहिए। गौरतलब है कि जलील की इस टिप्पणी से पहले एक दिन पहले मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने केन्द्र से अनुरोध किया था कि वह औरंगाबाद हवाईअड्डे का नाम छत्रपति सम्भाजी महाराज के नाम पर रखने की अधिसूचना जारी करे। महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने मार्च, 2020 में तय किया कि चिखलथाना स्थित औरंगाबाद हवाईअड्डे का नाम बदलकर सम्भाजी महाराज के नाम पर रखा जाए। राज्य में राकांपा और कांग्रेस के साथ गठबंधन की सरकार में शामिल शिवसेना पिछले कुछ दशक से औरंगाबाद शहर का नाम बदलकर सम्भाजीनगर करने की मांग कर रही है। कांग्रेस का कहना है कि वह ऐसे किसी भी कदम के खिलाफ है। एआईएमआईएम का रुख पूछने पर जलील ने कहा, हमें औरंगाबाद हवाईअड्डे का नाम छत्रपति सम्भाजी के नाम पर रखे जाने से कोई ऐतराज नहीं है। लेकिन हमें शहर का नाम बदलने पर परेशानी होगी। लोकसभा सदस्य ने कहा, छत्रपति सम्भाजी के कार्यो को देखते हुए हम अपने नए औद्योगिक शहर का नाम उसके नाम पर क्यों नहीं रखते हैं। हमारे यहां विश्व स्तर का समृद्धि एक्सप्रेस-वे (मुंबई से नागपुर) है, इसे उनका नाम दिया जा सकता है। मंगलवार को राज्यसभा में भाजपा के सदस्य डॉक्टर भागवत कराद ने नागर विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी से अनुरोध किया था कि वह हवाईअड्डे का नाम छत्रपति सम्भाजी महाराज के नाम पर रखें।

## तमिलनाडु में कांग्रेस के विभिन्न गुटों को साथ लाएगा भारी-भरकम समितियों का गठनः मणिशंकर अय्यर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने बृहस्पतिवार को कहा कि तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले पार्टी की राज्य इकाई के लिए भारी-भरकम समितियां गठित करने से कांग्रेस पर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि यह कदम पार्टी के विभिन्न गुटों को साथ लाएगा। उनकी यह टिप्पणी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है कि पिछले दिनों कई समितियां गठित होने के बाद कांग्रेस के लोकसभा सदस्य कार्ति चिदंबरम ने खुलकर सवाल उठाए थे और कहा था कि इन भारी-भरकम समितियों को बनाने से कोई मकसद पूरा नहीं होगा क्योंकि इनमें से किसी के पास भी कोई ताकत नहीं होगी जिसका मतलब यह कि किसी की कोई जवाबदेही भी नहीं होगी। इनमें से कई समितियों में शामिल अय्यर ने यह उम्मीद जताई कि इस विधानसभा चुनाव में द्रमुक-कांग्रेस गठबंधन के आसानी से जीत हासिल करेगा और इसकी वजह यह है कि इस गठबंधन का मुकाबला बहुत ज्यादा बंटी हुई अन्नाद्रमुक से होने जा रहा है।

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव इस साल अप्रैल-मई में प्रस्तावित है। राज्य में अन्नाद्रमुक की सरकार है और यह पार्टी अपनी शीर्ष नेता जयललिता के निधन के बाद पहला विधानसभा चुनाव लड़ेगी। अय्यर ने यह भी कहा कि अगर अन्नाद्रमुक का कोई धड़ा या फिर पूरी पार्टी ही भाजपा के साथ हाथ मिलाती है तो यह उसके लिए और भी नुकसानदेह होगा क्योंकि तमिलनाडु में कभी हिंदू-मुस्लिम विभाजन जैसी कोई बात नहीं रही और आज भी नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, कांग्रेस अकेले चुनाव नहीं लड़े जा रही है। वह द्रमुक के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ेगी। हमारा मुकाबला वहां पलानीस्वामी और पनीरसेल्वम के बीच बहुत ही ज्यादा बंटी हुई अन्नाद्रमुक से है तथा उनके बीच दिल से कोई सुलह नहीं हुई है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अन्नाद्रमुक की सरकार को गठबंधन सरकार करार देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पलानीस्वामी और उप मुख्यमंत्री पनीरसेल्वम ऐसे गुटों का नेतृत्व कर रहे हैं जिनके बीच सुलह ही नहीं हो सकती। कार्ति चिदंबरम की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर अय्यर ने कहा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी को चलाने का यह भारी-भरकम रास्ता है। यह पार्टी के प्रादेशिक नेतृत्व में मतभेदों को खत्म करने का माध्यम है। मैं इसका कोई प्रतिकूल असर नहीं देखता। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन भारी-भरकम समितियों में से कुछ ज्यदा सक्रिय सदस्य एक छोटा समूह बनाएंगे जो निर्णय लेना वाला होगा।

यह पूछे जाने पर कि इतने ज्यादा लोगों को समितियों में शामिल करने से पार्टी को नुकसान हो सकता है तो कांग्रेस नेता ने कहा, इससे पार्टी एकजुट होगी। इससे सभी गुट महसूस करते हैं कि उनका प्रतिनिधित्व है और संबंधित समितियों में उनके गुटों के प्रतिनिधि प्रभावी हैं। कांग्रेस ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गत शनिवार को अपनी राज्य इकाई के लिए 32 उपाध्यक्षों समेत कई पदाधिकारियों की नियुक्ति की और कई समितियों एवं चुनाव प्रबंधन दल का गठन किया। कई समितियों में कार्ति को भी शामिल किया गया है।



पटना में जनता दल (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसीपी सिन्हा से भाजपा के वरिष्ठ नेता भूपेन्द्र यादव मुलाकात करते हुए।

# फ्रेट कॉरिडोर देश के तेजी से विकास का गलियारा: मोदी

भाषा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में निर्मित कोविड-19 के दो टीकों को मिली मंजूरी और नए साल में विकास संबंधी विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि नए साल में देश का आगाज अच्छा है तो आने वाला समय शानदार और जानदार होना तय है।

मोदी ने यह भरोसा पश्चिमी समर्पित मालवहन गलियारा (वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर) के 306 किमी लंबे न्यू रेवाड़ी-न्यू मदार खंड को राष्ट्र को समर्पित करने और न्यू अटेली से न्यू किशनगढ़ के लिए विश्व के पहले डबल स्टैक लांग हॉल कंटेनर ट्रेन आपरेशंस (1.5 किलोमीटर लंबी कंटेनर ट्रेन) को हरी झंडी दिखाने के बाद अपने संबोधन में व्यक्त किया। पिछले साल 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अगली किस्त के रूप में 18,000 करोड़ रुपए किसानों के खाते में हस्तांतरित करने से लेकर दिल्ली मेट्रो की मजेंटा लाइन पर चालकरहित रेल संचालन का उद्घाटन और कोच्चि-मंगलुरू प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को राष्ट्र को समर्पित करने सहित अब तक किए गए विकास की विभिन्न परियोजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, जब नए साल में देश का आगाज अच्छा है तो आने वाले समय और भी शानदार जानदार होना तय है। उन्होंने कहा कि इतने लोकार्पण इतने शिलान्यास इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत ने यह सब कोरोना के संकट भरे कालखंड में किया। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिन पहले भारत ने कोरोना की दो मेड इन इंडिया वैक्सीन भी स्वीकृत की है। भारत की अपनी वैक्सीन ने देशवासियों में नया आत्मविश्वास पैदा किया है। 2021 की शुरुआत में भारत की आत्मनिर्भरता के लिए यह गति देखकर किस हिंदुस्तानी का माथा गर्व से ऊंचा नहीं होगा। आज हर भारतीय का आह्वान है कि न हम रुकेंगे, न हम थकेंगे। हम सब और तेजी से आगे बढ़ेंगे। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित इस समारोह में रेल मंत्री पीयूष गोयल, राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र और हरियाणा के राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य के अलावा दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री क्रमशः अशोक गहलोत और मनोहर लाल खट्टर भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, हरियाणा और राजस्थान के किसानों, उद्यमियों, व्यापारियों के लिए नए अवसर उपलब्ध कराने वाला बताया और कहा कि डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर चाहे पूर्वी हो या पश्चिमी, सिर्फ मालगाड़ियों के लिए आधुनिक रूट नहीं हैं। उन्होंने कहा, ए देश के तेज विकास के कॉरिडोर हैं। प्रधानमंत्री ने कुछ दिन पहले ही पूर्वी कॉरिडोर न्यू भाऊपुर-न्यू खुर्जा खंड की शुरुआत की थी। इसका उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अब वहां मालगाड़ियों की गति 90 किलोमीटर प्रति घंटे दर्ज की गई है। उन्होंने कहा, जिस रास्ते में मालगाड़ियों की औसत गति 25 किलोमीटर प्रति घंटे रही हो वहां अब तीन गुण से ज्यादा तेज मालगाड़ी चलने लगी है। भारत को पहले के मुकाबले विकास की यही गति चाहिए और देश की ऐसी ही प्रगति चाहिए।

उन्होंने कहा कि पश्चिमी कॉरिडोर के आरंभ हो जाने से हरियाणा और राजस्थान में खेती और इससे जुड़े व्यापार आसान होंगे और साथ ही महेंद्रगढ़, जयपुर, अजमेर, सीकर जैसे जिलों में उद्योगों को नई उर्जा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे इन राज्यों की निर्माण इकाईयों और उद्यमियों के लिए काफी कम लागत पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक तेजी से पहुंचने का मार्ग खुल गया है। उन्होंने कहा कि गुजरात और महाराष्ट्र के बंदरगाहों तक तेज और सस्ती कनेक्टिविटी मिलने से इस क्षेत्र में इस क्षेत्र में निवेश की नई संभावनाओं को बल मिलेगा।

न्यू रेवाड़ी-न्यू मदार सेक्शन का हिस्सा हरियाणा और राजस्थान दोनों में आता है। इस मार्ग पर न्यू रेवाड़ी, न्यू अटेली और न्यू फूलेरा जैसे तीन जंक्शन सहित नौ स्टेशन बनाए गए हैं। स्टेशनों में न्यू डाबला, न्यू भगेगा, न्यू श्री माधोपुर, न्यू पछार मालिकपुर, न्यू सकूल और न्यू किशनगढ़ शामिल हैं। इस नए मालवहन गलियारे के खुल जाने से राजस्थान और हरियाणा के रेवाडी-मानेसर, नारनौल, फूलेरा और किशनगढ़ में मौजूद विभिन्न औद्योगिक इकाइयों को फायदा पहुंचेगा।



नई दिल्ली में गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित फ्रेट कॉरिडोर के रेवाड़ी-मदार खंड के कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

# बीएस एदियुरप्पा के लिए दोहरा कानूनी झटका

● उच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार के मामलों में जांच की अनुमति दी

भाषा। बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा को दोहरा झटका देते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय ने भूखंड उपयोग के लिए मंजूरी के आदेश को वापस लेने में हुई कथित फर्जीवाड़े की एक शिकायत को बहाल कर दिया है और भूमि अधिसूचना अवैध तरीके से वापस लेने के 2015 के मामले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने से इनकार कर दिया है।

न्यायमूर्ति जॉन माइकल कुन्हा ने बुधवार को अलाम पाशा की एक याचिका आंशिक तौर पर स्वीकार कर ली और इसके अनुरूप अतिरिक्त नगर दीवानी एवं सत्र न्यायालय के 26 अगस्त 2016 के एदियुरप्पा समेत चार में से तीन आरोपियों के संबंध में उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पाशा की शिकायत खारिज कर दी गई थी। यह मामला एदियुरप्पा के मुख्यमंत्री के तौर पर प्रथम कार्यकाल के दौरान 2012 में कथित रूप से पाशा द्वारा जारी किए गए दस्तावेजों की जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र के आरोपों से संबद्ध है। इस मामले में एदियुरप्पा (तत्कालीन मुख्यमंत्री) के अलावा पूर्व उद्योग मंत्री मुरुगेश निरानी, पूर्व प्रमुख सचिव वी पी बालिगार और कर्नाटक उद्योग मित्र के पूर्व प्रबंध निदेशक शिवस्वामी के. आरोपी हैं। शुरुआत में निचली अदालत ने 2013 में पाशा की शिकायत इस आधार पर खारिज कर दी थी कि आरोपियों के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी नहीं ली गई है। इसके बाद याचिकाकर्ता ने 2014 में एदियुरप्पा के मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद फिर से शिकायत दायर की, लेकिन निचली अदालत ने 26 अगस्त, 2016 को इसी आधार पर इसे खारिज कर दिया। हालांकि, उसने याचिकाकर्ता को सक्षम प्राधिकार से पूर्व में मंजूरी लेने के बाद अदालत में आने की छूट दी। याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय में कहा कि प्रतिवादियों के पद पर नहीं रहने को लेकर उनके खिलाफ अभियोग के लिए मंजूरी आवश्यक नहीं है।

उच्च न्यायालय ने इस पर सहमति जताई और कहा कि मंजूरी नहीं लिए जाने के कारण पहली शिकायत को खारिज करना प्रतिवादियों के पद से हटने के बाद 2014 में दर्ज शिकायत को बरकरार रखने में बाधा नहीं बनेगा, लेकिन उसने तीसरे प्रतिवादी बालिगार के मामले में निचली अदालत का आदेश बरकरार रखा, क्योंकि सरकार ने उनके खिलाफ अभियोजन की मंजूरी नहीं दी थी। इससे पहले, मुख्यमंत्री एदियुरप्पा को झटका देते हुए उच्च न्यायालय ने उनकी वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें कथित तौर पर अवैध तरीके से भूमि अधिसूचना वापस लेने को लेकर उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया गया था। इसके साथ ही, अदालत ने मुकदमे के खर्च के तौर पर मुख्यमंत्री को 25 हजार रुपए जमा कराने का भी आदेश दिया। एदियुरप्पा की याचिका मंगलवार को जब न्यायमूर्ति कुन्हा की अदालत में सुनवाई के लिए आई तो उन्होंने उसे खारिज करते हुए लोकायुक्त पुलिस को मामले की जांच जारी रखने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि एक पखवाड़े में यह दूसरी बार है जब अदालत ने एदियुरप्पा की याचिका खारिज की है। इससे पहले 23 दिसंबर को अदालत ने भूमि अधिसूचना वापस लेने के एक अन्य मामले में चल रही आपराधिक कार्रवाई रद्द करने के एदियुरप्पा के अनुरोध को खारिज कर दिया था। यह मामला गंगनहल्ली में 1.11 एकड़ जमीन की अधिसूचना वापस लेने का है जो बेंगलुरु के आरटी नगर में मातादहल्ली ले आउट का हिस्सा है और इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी एवं अन्य भी आरोपी हैं। सामाजिक कार्यकर्ता जयकुमार हीरेमठ की शिकायत पर लोकायुक्त पुलिस ने वर्ष 2015 में आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-420 के तहत मामला दर्ज किया था।

## धर्म का अधिकार जीवन के अधिकार से बड़ा नहीं: उच्च न्यायालय

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने यह उल्लेख करते हुए कि धर्म का अधिकार जीवन के अधिकार से बड़ा नहीं है, राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह तमिलनाडु स्थित एक मंदिर में कोविड-19 प्रोटोकॉल से समझौता किए बिना धार्मिक रस्मों के आयोजन की संभावना तलाश करे। मुख्य न्यायाधीश संजीब बनर्जी ने बुधवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मौखिक रूप से टिप्पणी की, धार्मिक रीति-रिवाज जनहित तथा जीवन के अधिकार का विषय होने चाहिए। उन्होंने कहा, धर्म का अधिकार जीवन के अधिकार से बड़ा नहीं है...यदि सरकार को महामारी की स्थिति में कदम उठाने हैं...तो हम हस्तक्षेप नहीं चाहेंगे। न्यायमूर्ति बनर्जी और न्यायमूर्ति सेंथिलकुमार राममूर्ति की प्रथम पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह तिरुचिरापल्ली जिला स्थित श्रीरंगम रंगनाथस्वामी मंदिर में कोविड-19 प्रोटोकॉल और जनस्वास्थ्य से समझौता किए बिना उत्सवों और रस्मों के आयोजन की संभावना तलाश करे।

## कोविड-19 से ठीक हुए मरीजों की संख्या उपचाराधीन मामलों का 44 गुना

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में संक्रमण से ठीक होने वाले लोगों की संख्या एक करोड़ के पार हो गई है और इसी के साथ भारत ने कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ा मील का पत्थर पार कर लिया है। चौबीस घंटे की अवधि में 19,587 मरीजों को ठीक होने के बाद छुट्टी दी गई है, इससे ठीक होने वाले मरीजों की कुल संख्या बढ़कर 10,016,859 हो गई है। चौबीस घंटे की अवधि में कुल 222 मरीजों की मौत हुई है। इनमें से 67.57 प्रतिशत छह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से हैं। भारत में संक्रमण से ठीक होने की दर दुनिया में सबसे ज्यादा है। मंत्रालय ने कहा कि उपचाराधीन मरीजों और ठीक हुए मरीजों की संख्या में अंतर लगातार बढ़ रह है और यह वर्तमान समय में 97,88,776 है। उसने कहा कि ठीक हुए मरीजों की संख्या उपचाराधीन मामलों की संख्या का 44 गुना अधिक है। वर्तमान में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 2,28,083 है और यह कुल संक्रमणों का केवल 2.19 प्रतिशत है। मंत्रालय ने कहा कि ठीक हुए मरीजों की संख्या का 51 प्रतिशत पांच राज्यों- महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल से हैं। कोविड-19 से ठीक होने की राष्ट्रीय दर 96.36 प्रतिशत है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ठीक होने की दर 90 प्रतिशत से अधिक है। मंत्रालय ने कहा, भारत की ठीक होने की दर दुनिया में सबसे अधिक है। जिन देशों में संक्रमण के मामले अधिक हैं, वहां भारत की तुलना में ठीक होने की दर कम है। जांच अवसंरचना में विस्तार के साथ, भारत में कोविड-19 संक्रमण दर में भी कमी आई है। प्रतिदिन संक्रमण की दर तीन प्रतिशत से नीचे बनी हुई है। मंत्रालय ने कहा कि सत्रह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की साप्ताहिक संक्रमण की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है।

## अधिकारियों द्वारा ऋण चुकाने की मांग करना, आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं: कोर्ट

**नागपुर।** बम्बई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने एक फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी के खिलाफ ऋण चुकाने की मांग करने पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दर्ज प्राथमिकी रद्द करते हुए कहा है कि यह कर्मचारी के कर्तव्य का हिस्सा है। अदालत ने यह भी कहा कि इसे आत्महत्या के लिए उकसाने वाला कृत्य नहीं कहा जा सकता है। न्यायमूर्ति विनय देशपांडे और न्यायमूर्ति अनिल किलोर की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता रोहित नलवड़े केवल अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा था और उधार लेने वाले प्रमोद चौहान से इसे वसूल करने का प्रयास कर रहा था। चौहान ने बाद में आत्महत्या कर ली थी और और सुसाइड नोट में याचिकाकर्ता पर ऋण की वसूली के लिए उसे परेशान करने का आरोप लगाया था। इस मामले में रोहित नलवड़े के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाने) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## दो इनामी नक्सलियों समेत 14 ने किया आत्मसमर्पण

भाषा। रायपुर


**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में दो इनामी नक्सलियों समेत 14 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

दंतेवाड़ा जिले के पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि नक्सलियों की खोखली विचारधारा से तंग आकर तथा लोन वर्राटू (घर वापस आइए) अभियान से प्रभावित होकर दरभा डिविजन के मलांगिर एरिया कमेटी में सक्रिय 14 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। नक्सलियों ने जिले के किरंदुल थाने में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और पुलिस के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संगठन की अध्यक्ष बामन मिडियामी (35) और मिलिशिया कमांडर राजू मिडियामी (30) के सिर पर एक-एक लाख रूपए का इनाम है।

उन्होंने बताया कि 12 अन्य नक्सलियों में जनमिलिशिया तथा दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संगठन के सदस्य शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को 10-10 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में नक्सलियों की घर वापसी के लिए लोन वर्राटू अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के थाना, शिविरों में नक्सलियों का नाम चिपका कर उनसे समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की जा रही है। उन्होंने बताया कि लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 63 इनामी नक्सलियों समेत 240 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

## 28,400 करोड़ रुपये के पैकेज की मंजूरी जम्मू कश्मीर में समृद्धि का नया सवेरा लाएगी: शाह

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा जम्मू एवं कश्मीर में औद्योगिक विकास के लिए 28,400 करोड़ रुपए के पैकेज की मंजूरी के लिए बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि यह योजना केंद्रशासित प्रदेश में समृद्धि का एक नया सवेरा लाएगी। शाह ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि इससे जम्मू एवं कश्मीर में अभूतपूर्व निवेश आकर्षित होगा व लगभग 4.5 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं का कौशल विकास होगा व वर्तमान उद्योगों को मजबूती मिलेगी, जिससे जम्मू-कश्मीर देश के अन्य क्षेत्रों के समान सक्षम बन पाए। शाह ने कहा कि यह फैसला प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को दर्शाता है। उनके मुताबिक इसके परिणामस्वरूप पहली बार कोई योजना औद्योगिक विकास को ब्लॉक स्तर तक ले जा रही है। उन्होंने कहा, इससे घरेलु निर्माण को बल मिलेगा और ब्लॉक स्तर तक रोजगार सृजन का मार्ग खुलेगा। इसके लिए नरेन्द्र मोदी जी का अभिनन्दन करता हूं। यह योजना जम्मू एवं कश्मीर के गृह, हस्तशिल्प, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के लिए एक वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि इससे निर्माण और सेवा क्षेत्र की नई सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम इकाइयां लगेंगी और साथ ही मौजूदा इकाइयों के विस्तार को भी सहायता मिलेगी। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू एवं कश्मीर को आतंकवाद और अलगाववाद से दूर कर वहां विकासवाद की शुरुआत की है तथा केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा वहां के औद्योगिक विकास के लिए 28,400 करोड़ के पैकेज की मंजूरी का निर्णय उनके हृदय में केंद्र शासित प्रदेश के लिए विशेष स्थान को दर्शाता है।

## सिद्ध पद्धति की औषधि ने अग्रिम मोर्चे के कर्मियों में संक्रमण रोकने में की मदद: डॉ. जे राधाकृष्णन

भाषा। चेन्नई



**तमिलनाडु** के स्वास्थ्य सचिव डॉ. जे राधाकृष्णन ने कहा है कि कोविड-19 महामारी के दौरान सिद्ध पद्धति की औषधि कबसुरा कुदीनीर ने राज्य में अग्रिम मोर्चे के कर्मियों में संक्रमण से मुकाबले में मदद की। उन्होंने कहा कि सिद्ध उपचार पद्धति की कुछ और औषधियां कोविड-19 के हल्के, मध्यम और लक्षण वाले मरीजों के उपचार में सहायक रही।

राधाकृष्णन ने कहा, कबसुरा कुदीनीर वरदान की तरह है। हमने अग्रिम मोर्चे के कर्मियों में संक्रमण रोकने में इसका असर देखा है। केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद और राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान (एनआईएस) के तत्वावधान में चौथे सिद्ध दिवस पर संबोधित करते हुए राधाकृष्णन ने यह टिप्पणी की। कार्यक्रम का विषय कोविड-19 के लिए सिद्ध उपचार पद्धति था। उन्होंने कहा कि लोगों और मरीजों को भी इस औषधि से फायदा हुआ।

उन्होंने कहा, सिद्ध कोविड-19 देखभाल केंद्रों में मरीजों के इलाज के लिए कबसुरा कुदीनीर ही नहीं सिद्ध पद्धति की कुछ और औषधियों का भी इस्तेमाल किया गया। गंभीर मामलों में ब्रह्मानंद भैरव गोलियों का इस्तेमाल किया गया और फेफड़े के संक्रमण से जूझ रहे लोगों के उपचार में यह गोलियां असरदार रही।

उन्होंने कहा कि सिद्ध पद्धति की औषधियों की क्षमता और मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी के प्रोत्साहन के कारण अधिकारियों ने यहां स्टेनली सरकारी चिकित्सा कॉलेज और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के साथ संयुक्त तौर पर अनुसंधान किया। एनआईएस ने सिंतबर में कहा कि औषधियों की मदद से प्रतिरक्षा मजबूत करने में मदद मिलती है। महामारी के दौरान सरकार और विभिन्न एजेंसियों ने कबसुरा कुदीनीर के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया था। इसे 15 जड़ी बूटियों के मिश्रण से तैयार किया जाता है।

## बदरीनाथ यात्रा में नासूर बने लामबगड स्लाइड जोन का ट्रीटमेंट पूरा हुआ

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि बदरीनाथ धाम की यात्रा में पिछले 26 वर्षों से नासूर बने लामबगड़ स्लाइड जोन का स्थाई ट्रीटमेंट कर लिया गया है। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति ने दावा किया गया है कि मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की इच्छाशक्ति और सख्ती की बदौलत यह परियोजना महज दो वर्ष में ही पूरी हो गई है और अगले 10 दिन के भीतर इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि करीब 500 मीटर लंबे स्लाइड जोन (भूस्खलन क्षेत्र) का ट्रीटमेंट (उपचार) 107 करोड़ रू की लागत से किया गया है। इस परियोजना के पूरा हो जाने से बदरीनाथ धाम की यात्रा निर्बाध हो सकेगी और तीर्थयात्रियों को परेशानियों से निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने इस बारे में कहा, हमारी सरकार चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए तत्पर है। लामबगड़ स्लाईड जोन बदरीनाथ यात्रा में बड़ी बाधा थी। हमने इसके ट्रीटमेंट की ईमानदारी से पूरी कोशिश की। इसका परिणाम सभी के सामने है। लगातार प्रभावी निगरानी से वर्षों से अटकी परियोजनाओं को पूरा किया गया है। इसमें कहा गया है कि सीमांत चमोली जिले में 26 साल पहले ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पाण्डुकेश्वर के पास लामबगड़ में पहाड़ के दरकने से स्लाइड जोन बन गया। इसके बाद हल्की सी बारिश में ही पहाड़ से भारी मलबा सडक पर आ जाने से हर साल बदरीनाथ यात्रा अक्सर बाधित होने लगी और यह यात्रा के लिए नासूर बन गया। इके मुताबिक पिछले ढाई दशकों में इस स्थान पर खासकर बरसात के दिनों मे कई वाहनों के मलबे में दबने के साथ ही कई लोगों की दर्दनाक मौत भी हो गई। करोड़ों खर्च होने पर भी इस समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। गौरतलब है कि पूर्व मे लामबगड़ में बैराज के निर्माण के दौरान जेपी कंपनी ने इस स्थान पर सुरंग निर्माण का प्रस्ताव रखा था और उस समय इस सडक पर आधिपत्य रखने वाले सीमा सडक संगठन ने भी उसके लिए हामी भर दी थी।

## पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म, बढ़ेगी ठंड

**लखनऊ।** पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर प्रदेश में तापमान में बढ़ोत्तरी का सिलसिला जल्द थमेगा और इस कारण क्षेत्र में कड़ाके की सर्दी बढ़ेगी। मौसम केंद्र ने इसकी जानकारी दी। आंचलिक मौसम केंद्र के निदेशक जे पी गुप्ता ने बृहस्पतिवार को बताया कि प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है और ऐसा पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण हुआ है। उन्होंने कहा कि लेकिन जल्द ही मौसम फिर करवट बदलेगा। उन्होंने बताया कि विक्षोभ की वजह से बर्फीली पछुआ हवाओं का रुख बदल गया था, जिसकी वजह से प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में तापमान में बढ़ोत्तरी हुई।

मगर अब विक्षोभ का असर जल्द खत्म हो जाएगा और आने वाले एक-दो दिनों में पछुआ हवा अपना असर दिखाएगी और ठिठुरन भरी सर्दी पड़ेगी। अगर कोई विक्षोभ सक्रिय नहीं हुआ तो सर्दी का दौर जारी रहेगा। इस बीच, मौसम केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कुछ पश्चिमी इलाकों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी हुई। इस अवधि में राज्य के गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या तथा झांसी मंडलों में दिन के तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज, लखनऊ बरेली, झांसी, कानपुर तथा मुरादाबाद मंडलों में यह सामान्य से काफी ज्यादा रहा। इस अवधि में गोरखपुर तथा मुरादाबाद मंडलों में रात के तापमान में काफी वृद्धि दर्ज की गई। इस दौरान बांदा, राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# पेज 1 का शेष

### ट्रंप समर्थकों...

सहायक ने बताया कि भीड़ ने 80 वर्षीय शीर्ष डेमोक्रेट नेता के अति सुरक्षित इमारत स्थित कार्यालय में लगे बड़े आइने को तोड़ दिया और दरवाजे पर लगी नाम की पट्टी उखाड़ दी। एक तस्वीर में दिखाई दे रहा है कि ट्रंप की घोर आलोचक रहीं पेलोसी के कार्यालय में रखी मेज पर एक ट्रंप समर्थक पैर रखकर बैठा हुआ है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक दंगाइयों ने मेज पलट दी और कार्यालय की दीवारों पर लगी तस्वीरों को फाड़ दिया। अधिकारियों ने ट्रंप समर्थकों द्वारा करीब चार घंटे तक की गई हिंसा पर काबू पाने के बाद कहा कि कैपिटल अब सुरक्षित है। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी।

### बाइडेन की...

रूप से सत्ता का हस्तांतरण होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका को फिर से महान बनाने की लड़ाई की यह महज शुरुआत है। इसके साथ ही उन्होंने चुनाव में धांधली के आरोपों को दोहराया। बता दें कि 78 वर्षीय बाइडन और 56 वर्षीय हैरिस 20 जनवरी को निर्धारित कार्यक्रम में क्रमश: राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। हालांकि, इस बार कोविड-19 महामारी की वजह से कार्यक्रम सादा रहेगा।

### कोरोना वैक्सीन...

एस्ट्राजेनेका की कोविशील्ड और देश में ही विकसित की गई भारत बायोटेक कंपनी की कोवैक्सीन को आपात स्थिति में सीमित इस्तेमाल के लिए मंजूरी दे दी थी। मंत्रालय ने मंगलवार को कहा था कि वह तीन जनवरी को टीके के आपात स्थिति में सीमित इस्तेमाल की मंजूरी मिलने के 10 दिन में टीका उपलब्ध कराने के लिए तैयार है लेकिन टीका किस तारिख को लाया जाएगा इसका फैसला सरकार करेगी। इस बीच, उत्तर प्रदेश और हरियाणा को छोड़कर सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में आठ जनवरी को टीकाकरण का पूर्वाभ्यास होगा ताकि प्रत्एक जिले में टीके की आपूर्ति के लिए प्रभावी योजना और प्रबंधन को सुनिश्चित किया जा सके।

### जेईई एडवांस...

पाना जरूरी होता है। निशंक ने कहा कि आईआईटी में दाखिले के लिए आईआईटी एडवांस परीक्षा की तिथि तीन जुलाई 2021 सुनिश्चित की गई है। इस बार परीक्षा आईआईटी खडगपुर द्वारा आयोजित कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि शिक्षा मंत्रालय ने पिछले महीने घोषणा की थी कि साल 2021 से जेईई मेंस परीक्षा साल में चार बार आयोजित होगी। जेईई मेंस का पहला सत्र 23 से 26 फरवरी तक आयोजित होगा। इसके बाद मार्च, अप्रैल और मई में जेईई मेंस के अन्य सत्र आयोजित होंगे। वहीं, आमतौर पर फरवरी-मार्च में आयोजित होने वाली 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा इस बार मई से शुरू होंगी।

### बातचीत से...

पर सवार किसानों ने सुबह 11 बजे कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे की ओर मार्च शुरू किया। अपने ट्रैक्टरों पर बैठे, प्रदर्शन कर रहे किसान अपने प्रदर्शन स्थलों से निकले, वाहनों पर उनका मनोबल बढ़ाने के लिए 'स्पीकरों' में गाने बज रहे थे। उनके अन्य साथी किसान मूंगफली, नाश्ता, चाय, और समाचार पत्रों आदि सामान के साथ रास्तों में खड़े भी दिखे। संयुक्त किसान मोर्चा के एक वरिष्ठ सदस्य अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि आगामी दिनों में हम तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ अपना आंदोलन तेज करेंगे। आज के मार्च में हरियाणा से करीब 2500 ट्रैक्टर आए हैं। उन्होंने कि हम आगाह करना चाहते हैं कि अगर सरकार हमारी मांगें स्वीकार नहीं करेगी तो किसानों का प्रदर्शन आगे और तेज होगा।' सिंघू से टिकरी बॉर्डर, टिकरी से कुंडली, गाजीपुर से पलवल और रेवासन से पलवल की तरफ ट्रैक्टर रैलियां निकाली गयी है। पंजाब के होशियापुर से ट्रैक्टर रैली में हिस्सा लेने पहुंचे हरजिंदर सिंह ने कहा कि सरकार एक के बाद एक बैठक कर रही है। उन्हें पता है हमें क्या चाहिए। हम चाहते हैं कि कानून वापस लिए जाए लेकिन हमें सिर्फ बेकार की बैठकें मिल रही हैं। इस रैली के जरिए, हम 26 जनवरी को क्या करेंगे उसकी महज झलक दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज की रैली, केवल दिल्ली की सीमा पर हो रही है, लेकिन एक बार जब हमारे किसान नेता राजधानी में दाखिल होने का निर्णय करेंगे, तो हम वह भी करेंगे।

### कानूनों को...

वाणिज्य राज्य मंत्री सोम प्रकाश के साथ नेतृत्व कर रहे तोमर ने कहा कि वह अभी नहीं कह सकते हैं कि आठ जनवरी को विज्ञान भवन में दोपहर दो बजे 40 प्रदर्शनकारी किसान संगठनों के नेताओं के साथ होने वाली बैठक का क्या नतीजा निकलेगा। मंत्री ने पंजाब के नानकसर गुरुद्वारा के प्रमुख बाबा लखा को गतिरोध खत्म करने के लिए एक प्रस्ताव देने की बात से भी इनकार किया। वह राज्य के एक जानेमाने धार्मिक नेता हैं।

### कुलपतियों की...

**प्रश्न:- गवर्नर के रूप में क्या सरकार को कोई विशेष सुझाव दिया है?**

**उत्तर:-** गुजरात मे आर्गेनिक खाद के प्रोजेक्ट पर भरतलाल काम करते हैं। उन्हें बुलाया। बैठक की। बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए। प्रोजेक्ट देखने के बाद सीएम ने प्रोजेक्ट मांगा और कहा कि गौशालाओं में गायों की कमी नहीं है। यूपी में भी पराली और गोबर के माध्यम से आर्गेनिक खाद बनाई जाएगी। साथ ही गैस भी मिलेगी। वाराणसी में आंगनबाड़ी वर्कर को ट्रेनिंग नहीं दी जाती थी। अभी तीन दिन की ट्रेनिंग हुई है और इस संबंध में पाठ्यक्रम भी तैयार कराया गया है।

**प्रश्न:- शिक्षा के अलावा अन्य विषयों पर सरकार से वार्तालाप होता है क्या?**

**उत्तर:-** सीधे तौर पर न किसी को बुलाती हूं न कोई वार्तालाप होता है। जिस विषय में मेरी रुचि होती है उसके संबंध में आवश्यकतानुसार जानकारी करती हूं।

**प्रश्न:- हाल ही में केजीएमयू कन्वोकेशन के दौरान आपने गुटबाजी व जातिवाद का विषय उठाया था। क्या आपके पास ऐसी शिकायतें आती हैं?**

**उत्तर:-** सीधे तौर पर नहीं आतीं। लिखित रूप से नहीं आती लेकिन जब कोई शिक्षक अथवा एसोसिएशन के लोग मिलने आते हैं, तब मौखिक तौर पर इस बारे में बताते हैं। अब पढ़े-लिखे लोग ऐसा करेंगे तो कैसा लगेगा। यह सब ठीक नहीं है। इससे अच्छे लोगों को काम करने का अवसर नहीं मिल पाता है।

**प्रश्न:- कोई नई यूनिवर्सिटी खोलने का विचार है क्या?**

**उत्तर:-** नहीं। अलबत्ता सरकार 15-16 नए मेडिकल कालेज खोल रही है। नई शिक्षा नीति में खुद कालेजों को आत्मनिर्भर बनाने की बात शामिल है।

**प्रश्न:- अभी हाल ही भातखण्डे संगीत संस्थान की कुलपति को आपने बर्खास्त किया। यह नौबत क्यों कर आयी?**

**उत्तर:-** उन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप थे। मुझे यह जानकर बड़ी हैरत हुयी कि भातखण्डे संगीत सम विश्वविद्यालय का कोई एक्ट ही नहीं है। बिना एक्ट के संस्था का संचालन कैसे हो सकता है। मैंने एक्ट बनाने को कहा है जिससे इसका सही तरीके से संचालन हो सके।

**प्रश्न:- उच्च शैक्षणिक संस्थानों को सोशल रिस्पांसिबिलिटी के दायरे में लाने पर क्या काम हो रहा है?**

**उत्तर:-** हाल ही में 26 यूनिवर्सिटी के 52 लोगों के साथ बैठक की। जल्दी ही 40 आंगनबाड़ी केंद्रों को वजन नापने की मशीन जैसी जरूरी चीजें मुहैया कराने जा रहे हैं। पांच सौ बच्चों के लिए टेबल जैसी चीजें देने की योजना है।

**प्रश्न:- हाल ही में 'लव जिहाद' संबंधी अध्यादेश को आपने अनुमोदित किया है। इस को लेकर बहस मुबाहिसे हो रहे हैं। बात सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची है। क्या कहेंगी इस बारे में?**

**उत्तर:-** परस्पर सहमति और पारदर्शिता के साथ शादी-विवाह में तो किसी को भी आपत्ति नहीं हो सकती। लेकिन छल कपट, लोभ अथवा अन्य अनैतिक व गैर कानूनी तरीकों को रोकने के लिए सरकार ने आवश्यक कदम उठाए हैं। आखिर झूठ बोलकर शादी क्यों की जाती है।

**प्रश्न:-यूनिवर्सिटी में रिसर्च तो होते हैं मगर कुछ जनहित में नहीं दिखाई देता?**

**उत्तर:-** मैंने कहा है कि शोध के लिए चार से पांच ऐसे विषय लिए जाएं जिनका समाज से सरोकार हो।

## खेल मंत्री ने खिलाड़ियों को रेल यात्रा में छूट बहाल करने को पत्र लिखा

**नई दिल्ली।** खिलाड़ियों और खेल संघों के यात्री किराए मे रेलवे छूट वापस लिए जाने पर चिंता जताने के बाद खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने गुरुवार को रेल मंत्री पीयूष गोयल से इन सुविधाओ को बहाल करने का आग्रह किया। रेलवे ने छात्रों, रोगियो और दिव्यांगो के अलावा सभी तरह के यात्रियों को टिकट राशि पर दी जाने वाली छूट निलंबित कर दी है जिससे कि लोग गैरजरूरी यात्रा नही करे। अब ट्रेनिंग और खेल प्रतियोगिताएं शुरू हो गई है और ऐसे मे यात्री किराए मे छूट वापस लिए जाने के कारण अखिल भारतीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंटों में हिस्सा लेने के लिए यात्रा करते समय खिलाड़ियों को मुश्किलो का सामना करना पड़ रहा है।

## इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम पाक दौरे की तैयारी में

**कराची।** इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए इस साल अक्टूबर मे पहली बार पाकिस्तान का दौरा करेगी जबकि इस दौरान पुरुष टीम भी सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए यहां होगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गुरुवार को यह घोषणा की। इंग्लैंड की महिला टीम 14 और 15 अक्टूबर को दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी जबकि इसी दिन पुरुष टीम भी मेजबान टीम के खिलाफ सबसे छोटे प्रारूप के मुकाबले खेलेगी। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच 18, 20 और 22 अक्टूबर को कराची के राष्ट्रीय स्टेडियम मे होगे।

## डकार रैली में भारतीय राइडर संतोष की बाइक दुर्घटनाग्रस्त, कोमा में रखा गया

**नई दिल्ली।** भारत के जाने माने मोटरसाइकल रेसर सीएस संतोष को सऊदी अरब मे चल रही डकार रैली के दौरान दुर्घटना का सामना करना पड़ा और उन्हे दवा देकर कोमा की स्थिति मे रखा गया है। उन्हे एयर एंबुलेंस मे रियाद के अस्पताल मे ले जाया गया है। दुनिया की सबसे बड़ी रैलियों मे से एक मे हीरो मोटोस्पार्ट्स टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले 37 साल के संतोष की बाइक बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त हुई और उन्हे 24 घंटे निरीक्षण मे रखा गया है।

## युवेंटस ने एसी मिलान का अजेय अभियान रोका

**मिलान।** मौजूदा चैंपियन युवेंटस ने एसी मिलान पर 3-1 से जीत दर्ज करके उसका पिछले 27 मैचो से चला आ रहा विजय अभियान रोककर इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए मे लगातार 10वें खिताब की उम्मीद फिर से जगा दी। युवेंटस की तरफ से फेडरिको चीसा (18वें और 62वें मिनट) ने दो गोल किए जबकि अमेरिका के वेस्टन मैकेन्नी (76वें मिनट) ने तीसरा गोल दागा जिससे मिलान को लीग मे पिछले साल मार्च के बाद पहली हार का सामना करना पड़ा। यूरोप की शीर्ष पांच लीग मे मिलान अंतिम अजेय टीम थी। एकमात्र गोल डेविड कालाब्रिया (41वें मिनट) ने किया। इस हार के बावजूद एसी मिलान ने लीग मे अपनी बढ़त बनाए रखी।

# लाबुशेन-पुकोवस्की का उम्दा खेल

### ●तीसरा टेस्ट : भारत के खिलाफ बारिश से प्रभावित पहले दिन आस्ट्रेलिया के दो विकेट पर 166 रन

**भाषा।** सिडनी



मार्नस लाबुशेन और विल पुकोवस्की के अर्धशतकों की मदद से आस्ट्रेलिया ने श्रृंखला में पहली बार विश्वसनीय शुरुआत करते हुए तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के बारिश से प्रभावित पहले दिन गुरुवार को यहां दो विकेट पर 166 रन बनाए। बारिश के कारण बीच में लगभग चार घंटे तक खेल नहीं हो पाया और खेल का समय आगे बढ़ाने के बावजूद दिन भर में 55 ओवर ही डाले जा सके। लाबुशेन अभी 67 रन पर खेल रहे हैं जबकि अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे पुकोवस्की ने भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत से से मिले दो जीवनदान का फायदा उठाकर 62 रन बनाए। चोट से उबरकर वापसी करने वाले डेविड वार्नर (पांच) ने चौथे ओवर में मोहम्मद सिराज की गेंद पर स्लिप में कैच दे दिया था। इसके बाद पुकोवस्की और लाबुशेन ने दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की। स्टीव स्मिथ (नाबाद 31) ने भी श्रृंखला में पहली बार बड़ी पारी खेलने के संकेत दिए। वह अभी 31 रन पर खेल रहे हैं और लाबुशेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़ चुके हैं। आस्ट्रेलिया पहले दो टेस्ट मैचों में केवल एक बार 200 रन की संख्या छू पाया था लेकिन सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल दिख रही पिच पर वह बड़े स्कोर की तरफ बढ़ता दिख रहा है। भारतीय गेंदबाजों ने फिर से लाइन व लेंथ से गेंदबाजी की लेकिन आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों दृढ़ता दिखाई जबकि इस बीच भाग्य ने भारतीयों का साथ नहीं दिया।

युवा बल्लेबाज पुकोवस्की को 26 और 32 रन के निजी योग पर जीवनदान मिले। दोनों अवसरों पर विकेटकीप ऋषभ पंत ने उनके आसान कैच छोड़े। इसके अलावा वह एक बार रन आउट होने से भी बचे। उन्होंने अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे नवदीप सैनी की गेंद पर पगबाधा आउट होने से पहले 110 गेंदे खेली और चार चौके लगाए। बारिश के कारण पहले सत्र में केवल 7.1 ओवर का खेल हो पाया और इस बीच मोहम्मद सिराज ने वार्नर को स्लिप में चेतेश्वर पुजारा के हाथों कैच कराकर भारत को पहली सफलता दिलाई। भारत को बारिश और खराब क्षेत्ररक्षण के कारण अगली सफलता के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। स्थानीय समयानुसार जब खेल दोपहर बाद तीन बजे शुरू हुआ तो रविचंद्रन अश्विन 13 ओवर के बाद आक्रमण पर आए। उन्हें पुकोवस्की का विकेट मिल जाता लेकिन पंत ने आसान कैच छोड़ दिया। इसके कुछ देर बाद सिराज की शार्ट पिच गेंद पर भी इस युवा सलामी बल्लेबाज ने विकेट के पीछे कैच दे दिया था लेकिन फिर से पंत के हाथों से गेंद फिसल गई। पुकोवस्की ने इसका फायदा उठाकर सैनी की टेस्ट पदार्पण पर की गई पहली दो गेंदों पर चौके लगाकर अर्धशतक पूरा किया। इस तेज गेंदबाज ने हालांकि चाय के विश्राम के बाद पुकोवस्की के रूप में ही अपना पहला टेस्ट विकेट लिया जो फुललेंथ गेंद को फ्लिक करने की कोशिश में चूक गए थे। लाबुशेन ने अपने प्रभावशाली ड्राइव से प्रभावित किया तथा कई दर्शनीय शॉट लगाए। उन्होंने तेज और स्पिन आक्रमण का सहजता से सामना किया तथा सिराज की गेंद को खूबसूरत कवर ड्राइव से चार रन के लिए भेजकर अपना नौवां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया।

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया** : पहली पारी,विल पुकोवस्की पगबाधा बो सैनी 62,वार्नर का पुजारा बो मोहम्मद सिराज 05,लाबुशेन खेल रहे है 67, स्मिथ खेल रहे है 31,**अतिरिक्त** : 01,**कुल योग** : 55 ओवर मे : दो विकेट पर 166 रन, **विकेट पतन** :1-6, 2-106,**गेंदबाजी** : बुमराह 14-3-30-0,सिराज 14-3-46-1,अश्विन 17-0-56-0,सैनी 7-0-32-1, जडेजा 3-2-2-0

## अश्विन को दबाव में लाने की कोशिश कर रहा था : स्मिथ



**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने गुरूवार को कहा कि वह रविचंद्रन अश्विन को दबाव में लाने की कोशिश कर रहे थे क्योंकि इस भारतीय ऑफ स्पिनर ने पहले दो टेस्ट में अपनी गेंदबाजी से उन्हें काफी परेशान किया और दो बार आउट भी किया। स्मिथ पहले दो टेस्ट में रन नहीं बना सके लेकिन उन्होंने तीसरे टेस्ट के शुरूआती दिन सिडनी क्रिकेट मैदान पर कुछ आक्रामक शॉट खेलते हुए 31 रन बना लिए हैं और वह मार्नस लाबुशेन (नाबाद 67) के साथ क्रीज पर डटे हैं जिससे आस्ट्रेलिया ने स्टंप तक दो विकेट पर 166 रन बना लिए। स्मिथ और लाबुशेन ने तीसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी निभा ली है। स्मिथ ने पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, क्रीज पर थोड़ा समय बिताकर अच्छा महसूस हो रहा है, मार्नस के साथ साझेदारी करना अच्छा रहा। मैं उसे (अश्विन को) थोड़ा दबाव में लाना चाहता था जो मैंने इस श्रृंखला में अभी तक नहीं किया है।

## पुकोवस्की ने विशेष टेस्ट पदार्पण पर अश्विन को सबसे बेजोड़ गेंदबाज करार दिया

**सिडनी।** विल पुकोवस्की ने जैसी उम्मीद की थी उनका पदार्पण उसी तरह रहा और भारत के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को यहां आस्ट्रेलिया के इस युवा बल्लेबाज को आफ स्पिनर रविचंद्र अश्विन सबसे बेजोड़ गेंदबाज लगे। हेलमेट में गेंद लगने के कारण चक्कर आने जैसी स्थिति के कारण श्रृंखला के पहले दो टेस्ट से बाहर रहे 22 साल के पुकोवस्की ने 62 रन की पारी खेली। श्रृंखला के पहले टेस्ट से पूर्व अभ्यास मैच के दौरान पुकोवस्की के सिर में गेंद लगी थी। पुकोवस्की ने आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, यह शानदार अनुभव था। ईमानदारी से कहूं तो यह मेरे लिए सब कुछ था, मैंने मैदान के अंदर और बाहर कड़ी मेहनत की है, इस उम्मीद में की यह दिन आएगा और यह काफी विशेष दिन था।

## स्मिथ को क्रीज पर पांव जमाने के बाद गेंदबाजी करना मुश्किल होगा : मैक्ग्रा

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने भारतीय गेंदबाजों की प्रशंसा की कि उन्होंने वर्तमान श्रृंखला में स्टीव स्मिथ को पांव जमाने का मौका नहीं दिया लेकिन उन्हें लगता है कि एक बार अच्छी शुरुआत करने के बाद इस बल्लेबाज के लिए गेंदबाजी करना मुश्किल होगा। स्मिथ ने भारत के खिलाफ वनडे में लगातार दो शतक लगाए लेकिन चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले दो मैचों में वह केवल 10 रन बना पाए हैं।

## टेस्ट पदार्पण के बाद सबसे ज्यादा कैच छोड़े हैं पंत ने, विकेट कीपिंग पर काम करने की जरूरतः पोंटिंग

सिडनी। पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने गुरूवार को ऋषभ पंत की यहां तीसरे टेस्ट के शुरूआती दिन खराब विकेटकीपिंग की आलोचना करते हुए कहा कि इस भारतीय युवा ने अपने पदार्पण के बाद किसी अन्य विकेटकीपर से ज्यादा कैच छोड़े हैं और उसे कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। पंत ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर विल पुकोवस्की के दो बार कैच छोड़े, जब वह 26 और 32 रन के स्कोर पर थे जिसके बाद पदार्पण करने वाले इस सलामी बल्लेबाज ने 62 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। ए दोनों कैच रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद सिराज की गेंदों पर छूटे। पोंटिंग ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के बाद से उसने दुनिया में किसी अन्य विकेटकीपर से ज्यादा कैच छोड़े हैं। इससे दिखता है कि उसे अपनी विकेटकीपिंग पर कुछ काम करने की जरूरत है।

## पहले दो मैचों की तुलना में एससीजी पिच पर काफी संयम दिखाना होगाः सिराज

**सिडनी।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने सिडनी की पिच को बल्लेबाजी के मुफीद बताते हुए कहा कि इससे स्पिनरों को जो टर्न मिल रहा है, उससे उनकी टीम को यहां तीसरे टेस्ट में आगे काफी उम्मीद लगी हुई है। पिछले टेस्ट में पदार्पण करने वाले सिराज ने कहा, यह बहुत ही सपाट विकेट है। हमारी योजना ज्यादा कुछ आजमाने के बजाय दबाव बनाने की थी क्योंकि यह बल्लेबाजों के लिए बहुत ही आसान विकेट है। पिछले मैचों की तुलना में यहां बाउंसर भी प्रभावी नहीं हो रहे। लेकिन टेस्ट क्रिकेट में, सब कुछ सयंम होता है और हमें यह ध्यान में रखना चाहिए।

# खिलाड़ियों को रिटेन करने की समय सीमा 21 जनवरी : आईपीएल चेयरमैन बृजेश पटेल

**भाषा।** नई दिल्ली



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के चेयरमैन बृजेश पटेल ने गुरुवार को कहा कि इस टी20 लीग की संचालन परिषद ने फैसला किया है कि आठ फ्रेंचाइजियों को 21 जनवरी तक रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों के नाम सौंपने की स्वीकृति होगी। पटेल और आईपीएल संचालन परिषद के सदस्यों ने इस हफ्ते आनलाइन बैठक की जिसमें अगले आईपीएल की योजना और तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। भारत के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज पटेल ने पीटीआई को बताया कि नीलामी की तारीख अभी तय नहीं की गई है। उन्होंने कहा, 21 जनवरी तक खिलाड़ियों को रिटेन किया जा सकेगा और फ्रेंचाइजियों के लिए ट्रेडिंग विंडो चार फरवरी को बंद होगी। उम्मीद है कि खिलाड़ियों की नीलामी फरवरी के दूसरे या तीसरे हफ्ते में होगी। आठ आईपीएल टीमों के पास खिलाड़ियों को खरीदने के लिए 85 करोड़ की राशि होगी और पटेल ने कहा कि 2021 की नीलामी के लिए बजट राशि में इजाफा नहीं होगा। चेन्नई सुपरकिंग्स के पास पिछली नीलामी के बाद सिर्फ 15 लाख रुपए की राशि बची थी और उम्मीद की जा रही है कि वे केदार जाधव और पीयूष चावला के रूप में कम से कम दो महंगे खिलाड़ियों को रिलीज करके अपने बजट में इजाफा करेंगे। मुंबई इंडियन्स के संभवत: अपने सभी बड़े खिलाड़ियों को रिटेन करने की जरूरत है क्योंकि उसका संयोजन अच्छा है। टीम हालांकि अपने एक करोड़ 95 लाख रुपए के बजट में इजाफे के लिए कुछ खिलाड़ियों को रिलीज कर सकती है। राजस्थान रॉयल्स के पास सर्वाधिक 14 करोड़ 75 लाख रुपए होंगे जबकि सनराइजर्स हैदराबाद की टीम 10 करोड़ 10 लाख रुपए की राशि के साथ नीलामी में उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स के पास नौ करोड़, कोलकाता नाइट राइडर्स के पास आठ करोड़ 50 लाख और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के पास छह करोड़ 40 लाख रुपए की राशि होगी।

## बीसीसीआई ने ब्रिसबेन के सख्त पृथकवास नियमों में राहत के लिए अधिकारिक रूप से सीए को लिखा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने चौथे टेस्ट के लिए ब्रिसबेन मे कड़े पृथकवास प्रोटोकॉल मे राहत देने के लिए गुरुवार को क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) को लिखा है जिसमे मेजबान बोर्ड का ध्यान दिलाया गया कि मेहमान टीम ने दौरे के शुरू मे सहमति के अनुसार कड़े पृथकवास नियमों का पालन किया था। पता चला है कि बीसीसीआई के एक शीर्ष कार्यकारी ने सीए प्रमुख एर्ल एडिंग्स को दौरे के तौर तरीको पर दोनों बोर्डों द्वारा हस्ताक्षर किए गए समझौते पत्र का हवाला दिया जिसमे अलग शहरो मे दो कड़े पृथकवास प्रोटोकॉल का कोई जिक्र नही था। ब्रिसबेन टेस्ट 15 जनवरी से शुरू होगा और पृथकवास नियमो के अनुसार खिलाड़ियों को दिन के खेल के बाद अपने होटल के कमरों तक ही सीमित रहना होगा। बीसीसीआई के सीनियर अधिकारी ने कहा, चर्चा अभी जारी है लेकिन आज बीसीसीआई ने औपचारिक रूप से पत्र भेजकर अपने खिलाड़ियों के लिए ब्रिसबेन मे होने वाले मैच के लिए कड़े पृथकवास नियमों मे राहत देने की मांग की है। हस्ताक्षर किए गए समझौते पत्र मे दो कड़े पृथकवास का जिक्र नही किया।

## मैनचेस्टर यूनाईटेड को हराकर मैनचेस्टर सिटी लीग कप के फाइनल में

**भाषा।** लंदन

मैनचेस्टर सिटी ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी मैनचेस्टर यूनाईटेड को 2-1 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका मुकाबला टोटैनहैम से होगा। ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मैच में सिटी की तरफ से दूसरे हॉफ में जॉन स्टोन्स और फर्नाडिन्हो ने गोल किए। फाइनल मैच 25 अप्रैल को वेम्बले स्टेडियम में खेला जाएगा।फाइनल को सिटी के मैनेजर पेप गार्डियलो का अपने प्रतिद्वंद्वी कोच मारिन्हो से एक और मुकाबले के रूप में देखा जा रहा है।

### पीएसजी ने ड्रा खेला, लियोन का विजय अभियान जारी

**पेरिस।** मार्सियो पोचिटिनो के कोच बनने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने सेंट एटिनी के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला जिससे वह फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में लियोन से पीछे बना हुआ है। लियोन ने लेन्स को 3-2 से हराकर पीएसजी पर तीन अंकों की बढ़त बना ली है। लियोन पिछले 15 मैचों से अजेय है और उसके 18 मैचों में 39 अंक हैं। पीएसजी के इतने ही मैचों में 36 अंक हैं।लिली के पास भी लियोन की बराबरी पर पहुंचने का मौका था लेकिन एंजर्स ने उसे 2-1 से हरा दिया।

## मेस्सी के दो गोल से बार्सिलोना ने बिलबाओ को हराया



**बार्सिलोना।** लियोनेल मेस्सी के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा मे एथलेटिक बिलबाओ को 3-2 से हराया जबकि एटलेटिको मैड्रिड को तीसरी श्रेणी की टीम ने एक अन्य प्रतियोगिता कोपा डेल रे से बाहर का रास्ता दिखाया। बिलबाओ को इनाकी विलियम्स ने तीसरे मिनट में ही बढ़त दिला दी थी। बार्सिलोना की तरफ से किशोर खिलाड़ी पेड्रो गोंजालेज ने 14वें मिनट मे बराबरी का गोल किया। इसके बाद मेस्सी ने 38वें और 62वें मिनट मे गोल दागकर बार्सिलोना को अंकतालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचाया। बार्सिलोना के 17 मैचों में 31 अंक हो गए है। एटलेटिको ला लिगा तालिका मे शीर्ष पर है लेकिन कोपा डेल रे प्रतियोगिता मे वह तीसरी श्रेणी की टीम कोर्नेलो से 1-0 से हारकर बाहर हो गया।

## मोदी आगामी आम बजट पर शुक्रवार को प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ करेंगे चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रमुख अर्थशास्त्रियों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ कल (शुक्रवार) को आगामी आम बजट पर चर्चा करेंगे। इस वर्चुअल बैठक का आयोजन नीति आयोग ने किया है। बैठक में कोविड-19 महामारी की वजह से कई मोर्चों पर पैदा हुई अनिश्चितता के बीच उन उपायों पर चर्चा होगी, जिन्हें बजट में शामिल कर वृद्धि को प्रोत्साहन दिया जा सकता है। बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर, नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार और नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कान्त भी शामिल होंगे। इनके अलावा बैठक में शीर्ष अर्थशास्त्री और विशेषज्ञ.... अरविंद पनगढ़िया, के वी कामत, राकेश मोहन, शंकर आचार्य, शेखर शाह, अरविंद विरमानी तथा अशोक लाहिड़ी भी शामिल होंगे। एक सरकारी अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, प्रधानमंत्री शुक्रवार को अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक करेंगे और उनसे अगले बजट पर विचार लेंगे।

## डीएचएफएल के लिए संशोधित बोली बिना किसी शर्त के दी गई है : ओकट्री

**नई दिल्ली।** अमेरिका की कंपनी ओकट्री कैपिटल ने कहा है कि उसने कर्ज के बोझ से दबी डीएचएफएल के लिए संशोधित बोली बिना किसी शर्त के दी है। साथ ही उसने कंपनी के पुनरोद्धार के लिए 1,000 करोड़ रुपए की नई पूंजी डालने की प्रतिबद्धता जताई है। सूत्रों ने बताया कि ओकट्री ने छह जनवरी को ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) तथा डीएचएफएल के प्रशासक को लिखे पत्र में कहा है कि उसकी समाधान योजना सभी अंशधारकों के लिए स्पष्ट ढांचा पेश करती है।

## वेंकटरामू ने भारतीय डाक भुगतान बैंक के प्रबंध निदेशक, सीईओ का प्रभार संभाला

**नई दिल्ली।** इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक के पूर्व वरिष्ठ कार्यकारी जे वेंकटरामू ने भारतीय डाक भुगतान बैंक (आईपीपीबी) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के रूप में पदभार संभाल लिया है। आईपीपीबी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उनकी नियुक्ति 29 अक्टूबर, 2020 से प्रभावी है। आईपीपीबी के चेयरमैन प्रदीप्त कुमार बिसोई, जो डाक विभाग के सचिव भी हैं, ने एक बयान में कहा, वेंकटरामू की भुगतान उत्पादों, संबंधित तकनीकों और प्रणालियों की गहरी समझ के साथ दुरुस्त रणनीतिक और व्यावसायिक क्षमताओं का अनुभव, बैंक को अपनी विकास यात्रा को आगे ले जाने में मदद करेगा।

## नीरव मोदी की बहन, बहनोई पीएनबी मनी लांड्रिंग मामले में सरकारी गवाह बने

**नई दिल्ली।** भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की बहन और बहनोई दो अरब डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले में सरकारी गवाह बन गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि दोनों 579 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त करने में मदद करेंगे। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में धन शोधन (मनी लांड्रिंग) मामले में ईडी फिलहाल लंदन की जेल में बंद नीरव मोदी, उसके रिश्तेदार मेहुल चोकसी और अन्य के खिलाफ जांच कर रहा है।

# 20-21 में अर्थव्यवस्था में आएगी 7.7 प्रतिशत की गिरावट

### सरकार का अनुमान

**भाषा।** नई दिल्ली



कोविड- 19 महामारी के गहरे असर के परिणामस्वरूप देश की अर्थव्यवस्था में चालू वित्त वर्ष (2020-21) में 7.7 प्रतिशत गिरावट का अनुमान है। इससे पिछले वर्ष 2019-20 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 4.2 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई थी। मुख्य रूप से विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के खराब प्रदर्शन की वजह से अर्थव्यवस्था में गिरावट आने का अनुमान है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा बृहस्पतिवार को जारी राष्ट्रीय आय के पहले अग्रिम अनुमान में कहा गया है कि कृषि और जनउपयोगी सेवाओं मसलन बिजली और गैस आपूर्ति को छोड़कर अर्थव्यस्था के लगभग सभी क्षेत्रों में गिरावट आने का अनुमान है। एनएसओ के अनुसार, 2020-21 में स्थिर मूल्य (2011-12) पर वास्तविक जीडीपी या जीडीपी 134.40 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। वहीं वर्ष 2019-20 में जीडीपी का शुरुआती अनुमान 145.66 लाख करोड़ रुपए रहा है। इस लिहाज से 2020-21 में वास्तविक जीडीपी में अनुमानत: 7.7 प्रतिशत की गिरावट आएगी जबकि इससे पिछले साल जीडीपी में 4.2 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई थी। हालांकि, सकल घरेलू उत्पाद में गिरावट का आंकड़ा कुछ अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों मसलन अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) और विश्वबैंक के अनुमान से कहीं कम है। एनएसओ का अनुमान है कि आधार कीमत पर वास्तविक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 2020-21 में 123.39 लाख करोड़ रुपए रहेगा, जो 2019-20 में 133.01 लाख करोड़ रुपए रहा है। जीवीए में शुद्ध करों को शामिल नहीं किया जाता। चालू वित्त वर्ष में विनिर्माण क्षेत्र के जीवीए मे 9.4 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। वहीं 2019-20 में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर लगभग स्थिर (0.03 प्रतिशत) रही थी। एनएसओ का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में खनन और संबद्ध क्षेत्रों तथा व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाओं में क्रमश: 12.4 प्रतिशत और 21.4 प्रतिशत की गिरावट आएगी। इसी तरह निर्माण क्षेत्र में भी 12.6 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। आंकड़ों के अनुसार लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं में 3.7 प्रतिशत की गिरावट आएगी। वहीं वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं में 0.8 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है।

## जीडीपी अनुमान अर्थव्यवस्था में वी-आकार का सुधार आने का संकेत : वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने कहा है कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के बारे मे ताजा अनुमान अर्थव्यवस्था मे वी-आकार (बड़ी गिरावट के बाद तेजी से सुधार) के पुनरोद्धार का संकेत है। यह चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही से आर्थिक गतिविधियो मे लगातार आ रहे सुधार को दर्शाता है। वित्त मंत्रालय ने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा बृहस्पतिवार को जारी राष्ट्रीय आय के पहले अग्रिम अनुमान पर यह प्रतिक्रिया दी है। एनएसओ ने अनुमान लगाया है कि चालू वित्त वर्ष 2020-21 मे भारतीय अर्थव्यवस्था मे 7.7 प्रतिशत की गिरावट आएगी। वित्त मंत्रालय ने बयान मे कहा, 2020-21 का अग्रिम अनुमान चालू वित्त वर्ष की तीसरी और चौथी तिमाही मे आर्थिक गतिविधियो मे तेजी से सुधार का संकेत देता है। यही वजह है कि चालू वित्त वर्ष मे अर्थव्यवस्था मे गिरावट अब 7.7 प्रतिशत ही रहने का अनुमान है। बयान मे कहा गया है कि तिमाही-दर-तिमाही सुधार अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद और लॉकडाउन के बाद वी-आकार के सुधार को दर्शाता है। मंत्रालय ने कहा कि हाल के महीनो मे विभिन्न उच्च चक्रीय संकेतक आर्थिक गतिविधियो मे व्यापक आधार पर सुधार का संकेत देते है।

## रुपया 20 पैसे गिरकर 73.31 रुपए प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और अमेरिकी मुद्रा मे तेजी लौटने के बीच निवेशको की कारोबारी धारणा प्रभावित होने से बृहस्पतिवार को रुपया 20 पैसे गिरकर 73.31 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे रुपए की विनिमय दर 73.10 रुपए प्रति डॉलर पर अपरिवर्तित रुख के साथ खुली। यह कारोबार के दौरान 73.08 रुपए प्रति डॉलर के उच्चस्तर स्तर तथा 73.31 रुपए प्रति डॉलर के निम्नतम स्तर तक भी गया।कारोबार के अंत मे अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले रुपया 20 पैसे गिरकर 73.31 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे पिछले दिन बुधवार को यह 73.11 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।इस बीच, छह मुद्राओ की तुलना मे डॉलर का रुख दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.26 प्रतिशत बढ़कर 89.75 हो गया।स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़ो के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 382.30 करोड़ रुपए के शेयरो की खरीद की।

## बंधन बैंक भारतीय सेना को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेगी

**नई दिल्ली।** बंधन बैंक शौर्य सैलरी अकाउंट के लिए भारतीय सेना के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया। यह सैलरी अकाउंट,भारतीय सेना के वीर जवानों को विशेष बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करेगी। लेफ्टिनेंट जनरल हर्ष गुप्ता अति विशिष्ट सेवा मेडल, युद्ध सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल की उपस्थिति में भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल, रवीन खोसला अति विशिष्ट सेवा मेडल, सेवा मेडलए विशिष्ट सेवा मेडल, महानिदेशक एमपी एंड पीएस और बंधन बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, चंद्रशेखर घोष ने नई दिल्ली में इस समझौता, पत्र पर हस्ताक्षर किया। बंधन बैंक शौर्य सैलरी अकाउंट की सेवाएं, बैंक के नेटवर्क में शामिल बैंकिंग आउटलेट्स के जरिए भारतीय सेना के सेवारत कार्मिकों को उपलब्ध करायी जायेगी। इस खाता के धारकों के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## दिसंबर में 14 प्रतिशत बढ़ी नौकरियां: रिपोर्ट

**मुंबई।** देश मे नियुक्ति गतिविधियो मे दिसंबर 2020 मे इससे पिछले महीने के मुकाबले 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मुख्य रूप से बीमा, वाहन और सहयोगी क्षेत्रो मे रोजगार मे वृद्धि हुई। एक रिपोर्ट मे यह कहा गया है।दिसबर 2020 के लिए द नौकरी जॉब स्पीक इंडेक्स इससे पूर्व माह के मुकाबले 14 प्रतिशत बढ़कर 1,972 रहा। नवंबर 2020 मे यह 1,727 पर रहा था। दिसंबर 2019 के मुकाबले दिसंबर 2020 मे नियुक्ति गतिविधियो मे 10 प्रतिशत की गिरावट आई।

## एमएसपी पर 98,457 करोड़ रुपए में 521.5 लाख टन धान की खरीद

**नई दिल्ली।** तीन नए कृषि कानूनो को रद्द करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर दिल्ली की सीमाओ पर जारी किसानो के विरोध प्रदर्शन के बीच केंद्र सरकार ने चालू खरीफ सत्र के दौरान अब तक 521.48 लाख टन धान की खरीद की है।

## उद्योग समूह का मोदी को पत्र, एमएसएमई क्षेत्र के श्रमिकों को कोविड-19 का टीका मुफ्त लगाया जाए

**नोएडा।** नोएडा उद्यमी संघ (एनईए) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया है कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रम (एमएसएमई) क्षेत्र मे कार्यरत श्रमिको को प्राथमिकता के आधार पर कोविड-19 का टीका मुफ्त लगाया जाए। एनईए ने इस बारे मे बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। 6,000 से अधिक एमएसएमई, एनईए के सदस्य है। एनईए ने मीडिया रपटो के हवाले से कहा है कि कोविड-19 के टीके का दाम 200 से 1,000 रुपए के बीच हो सकता है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र मे एनईए के अध्यक्ष विपिन मल्हान ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र मे लाखो श्रमिक कार्यरत है।

# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट

### ●सेंसेक्स 81 अंक और फिसला

**भाषा।** मुंबई







सूचना प्रौद्योगिकी, बैंक और उपभोग क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बृहस्पतिवार को बीएसई सेंसेक्स करीब 81 अंक फिसल गया। वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बावजूद यहां धारणा कमजोर रही। कारोबारियों ने कहा कि रुपए में भारी गिरावट तथा विदेशी कोषों की निकासी से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 80.74 अंक या 0.17 प्रतिशत के नुकसान से 48,093.32 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक का निफ्टी 8.90 अंक या 0.06 प्रतिशत गिरकर 14,137.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन का शेयर सबसे अधिक 2.03 प्रतिशत टूट गया। इसके बाद नेस्ले इंडिया, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। वहीं दूसरी ओर भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व और एलएंडटी के शेयर 3.75 प्रतिशत तक चढ़ गए। बाजार के व्यापक रुख के उलट बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप 1.05 प्रतिशत तक चढ़ गए। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों के हंगामे को वैश्विक बाजारों ने नजरअंदाज किया। डेमोक्रेट द्वारा जॉर्जिया के सीनेट चुनाव में जीत के बाद वॉल स्ट्रीट रिकॉर्ड उंचाई पर पहुंच गया। इस जीत से डेमोक्रेट को अमेरिका की संसद के दोनों सदनों में बहुमत मिल गया है। इससे निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन को अपनी नीतियों को आगे बढ़ाने में आसानी होगी।

# विश्व के नेताओं ने अमेरिका में हिंसा की निंदा की

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** कैपिटल बिल्डिंग (संसद भवन) में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों के हंगामे और हिंसा की दुनिया भर के नेताओं ने निंदा की है और इसे अप्रत्याशित, दुखद और खौफनाक बताया है।

यूएस कैपिटल में बुधवार को हजारों ट्रंप समर्थकों ने कैपिटल बिल्डिंग में घुसकर संसद के संयुक्त सत्र को बाधित करने की कोशिश की। संवैधानिक प्रक्रिया के तहत संयुक्त सत्र में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन की जीत की पुष्टि होनी थी।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने ट्वीट किया, अमेरिकी संसद परिसर में अशोभनीय दृश्य देखने को मिले। अमेरिका विश्व भर में लोकतंत्र के लिए खड़ा रहता है। यह महत्वपूर्ण है कि सत्ता हस्तांतरण शांतिपूर्ण और तय प्रक्रिया के तहत उचित तरीके से हो।

ब्रिटेन के विदेश मंत्री डोमिनिक राब ने ट्वीट किया, अमेरिका को अपनी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गर्व होना चाहिए और सत्ता के उचित तरीके से हस्तांतरण में गैरकानूनी रूप से इस तरह की हिंसा को बिल्कुल उचित नहीं ठहराया जा सकता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाशिंगटन में ट्रंप समर्थकों द्वारा किए गए दंगे और हिंसा की खबर पर चिंता जताई है। मोदी ने ट्वीट किया, वाशिंगटन डीसी में हिंसा और दंगे की खबरों से चिंतित हूं। सत्ता का सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण हस्तांतरण जारी रहना चाहिए। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को गैरकानूनी प्रदर्शनों के जरिए बदलने की अनुमति नहीं दी जा सकती। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर वीडियो पोस्ट कर कहा, हम लोकतंत्र पर सवाल उठाने वाले कुछ चंद लोगों को हिंसा की इजाजत नहीं दे सकते हैं। हम लोग लोकतंत्र में

## ● शांतिपूर्वक सत्ता हस्तांतरण की अपील की

विश्वास करते हैं और वाशिंगटन में आज जो कुछ हुआ वह असल अमेरिका नहीं है।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, महासचिव वाशिंगटन डीसी के यूएस कैपिटल में हुई घटनाओं से दुखी हैं। उन्होंने कहा, ऐसी स्थिति में, यह महत्वपूर्ण है कि राजनीतिक नेता अपने समर्थकों को हिंसा से दूर रहने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया और कानून के शासन में विश्वास करने के लिए राजी करें।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि उनका देश अमेरिका में कैपिटल परिसर में हुई हिंसा की घटना से बहुत क्षुब्ध है। कनाडा अमेरिका का करीबी सहयोगी देश रहा है। जर्मनी के विदेश मंत्री हीको मास ने ट्विटर पर लिखा, ट्रंप और उनके समर्थकों को अमेरिकी मतदाताओं का फैसला स्वीकार कर लेना चाहिए और लोकतंत्र पर हमला बंद करना चाहिए।

नाटो के प्रमुख जेंस स्टोलटेनबर्ग ने ट्वीट किया, वाशिंगटन डीसी में स्तब्ध कर देने वाले दृश्य दिखे। लोकतांत्रिक प्रक्रिया से हुए चुनाव का निश्चित रूप से सम्मान होना चाहिए। यूरोपीय संघ के विदेश नीति के प्रमुख ने जोसेफ बोरेल ने घटना की निंदा करते हुए ट्वीट किया, दुनिया की नजर में अमेरिका में लोकतंत्र आज असहाय प्रतीत हुआ। यह अमेरिका नहीं है। तीन नवंबर को हुए चुनाव के नतीजों का सम्मान होना चाहिए।

अमेरिका में चीनी दूतावास ने भी अपने नागरिकों को हालात से सावधान किया है। चीन ने अमेरिका में अपने नागरिकों से सतर्क रहने को कहा है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने अमेरिका में हिंसा की घटनाओं को दुखद बताया। उन्होंने कहा, वाशिंगटन में हंगामे और प्रदर्शन की घटनाएं व्यथित करने वाली हैं। ए चिंताजनक है। न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेंसिंडा आर्डन ने एक बयान में कहा कि जो हो रहा है, वह गलत है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में लोगों के पास मतदान करने का, अपनी बात रखने और फिर उस फैसले को शांतिपूर्ण तरीके से मनवाने का अधिकार होता है। इसे भीड़ द्वारा उलटा नहीं जाना चाहिए। अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों ने अमेरिकी लोकतंत्र के केंद्र पर जिस तरह के अराजक दृश्य पैदा किए वे आम तौर पर उन देशों में देखे जाते हैं जहां लोक उभार से किसी तानाशाह का तख्तापलट होता है। अरब या चेकोस्लोवाकिया की क्रांति इसकी मिसाल हैं।

अमेरिका के अन्य सहयोगी देशों ने भी इसे लोकतंत्र पर हमला बताया है। हालांकि, कुछ ने कहा है कि उन्हें भरोसा है कि अमेरिका की लोकतांत्रिक व्यवस्था इससे उबर आएगी। कुछ नेताओं ने निर्वतमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा, भड़काऊ बयानों से हिंसक कार्वाइयां होती हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति तिरस्कार का खतरनाक परिणाम होता है। नाइजीरिया के राष्ट्रपति के निजी सहायक बशीर अहमद ने ट्वीट किया, लोकतंत्र की खूबसूरती? नाइजीरिया में आजादी के बाद कई बार तख्तापलट हो चुके हैं। वहां कई दशक बाद लोकतांत्रिक तरीके से मुहम्मदू बुहारी के नेतृत्व में सरकार बनी है।

चिली के राष्ट्रपति सेबेस्टियन पिनेरा और कोलंबिया के राष्ट्रपति इवान ड्यूक उन लातिन अमेरिकी देशों के नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने प्रदर्शनकारियों की निंदा की। दोनों नेताओं ने भरोसा जताया कि अमेरिका में लोकतंत्र और कानून का शासन कायम रहेगा।इटली में भी लोगों ने हिंसा की घटना पर हैरानी जताई और कहा कि अमेरिका को हमेशा लोकतांत्रिक देश के मॉडल के तौर पर देखा जाता है। इटली के वामपंथी नेता (सेवानिवृत्त) पीरलुजी कास्ताजनेती ने ट्वीट किया, यह ट्रंपवाद का नतीजा है। स्वीडन के पूर्व प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, यह देशद्रोह है।यूरोपीय संसद के अध्यक्ष डेविड ससोली ने भी अमेरिका में हिंसा की घटना की निंदा की है।

## जयशंकर ने श्रीलंका में तमिल नेताओं के साथ प्रांतीय परिषदों की भूमिका पर चर्चा की

**कोलंबो।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को श्रीलंका में तमिल नेताओं के साथ मुलाकात की और राष्ट्रीय मेलमिलाप के प्रयासों के तहत विकास एवं हस्तांतरण तथा प्रांतीय परिषदों की भूमिका के बारे में चर्चा की। यह बैठक सत्तारूढ़ श्रीलंका पीपुल्स पार्टी (एसएलपीपी) के सहयोगियों द्वारा देश की प्रांतीय परिषद की व्यवस्था को समाप्त करने को लेकर जन अभियान शुरू करने की पृष्ठभूमि में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। एसएलपीपी के सिंहली बहुल कट्टरपंथी 1987 में स्थापित प्रांतीय परिषद की व्यवस्था को पूरी तरह से समाप्त करने की वकालत कर रहे हैं। श्रीलंका में नौ प्रांतीय परिषद हैं। बैठक के बाद जयशंकर ने ट्वीट किया, तिरू संपन्थन के नेतृत्व वाले टीएनए शिष्टमंडल से मुलाकात करके प्रसन्न हूं। विकास एवं हस्तांतरण तथा प्रांतीय परिषदों की भूमिका से जुड़े मुद्दों के बारे में चर्चा की। गौरतलब है कि तमिल नेशनल एलायंस (टीएनए) श्रीलंका की मुख्य तमिल पार्टी है। यशंकर ने तमिल प्रोग्रेसिव एलायंस के शिष्टमंडल से भी मुलाकात की। उन्होंने ट्वीट किया, टीपीए शिष्टमंडल से मुलाकात कर प्रसन्न हूं।


वाशिंगटन कैपिटल में हुए हमले के बाद वहां बिखरे मलबे व अन्य चीजों को साफ करते एटीफ पुलिस व अन्य

## हिंसा की कभी जीत नहीं होती : उपराष्ट्रपति माइक पेंस

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**कैपिटल बिल्डिंग** में अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों की हिंसा की कड़ी निंदा करते हुए उप राष्ट्रपति माइक पेंस ने कहा कि हिंसा की कभी जीत नहीं होती, हमेशा आजादी की जीत होती है।हिंसा के बाद कांग्रेस के नए राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडन के नाम पर मोहर लगाने की संवैधानिक प्रक्रिया के लिए एक बार फिर इकट्ठे होने पर पेंस ने यह बयान दिया।



अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हजारों समर्थक कैपिटल बिल्डिंग में घुस गए और पुलिस के साथ उनकी झड़प हुई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल भी हुए हैं। घटना के समय तीन नवम्बर को हुए चुनाव में जो बाइडन की जीत पर मोहर लगाने की संवैधानिक प्रक्रिया चल रही थी।

कांग्रेस के संयुक्त सत्र के एक बार फिर शुरू होने के बाद पेंस ने कहा, हम यहां हुई हिंसा की कठोरतम शब्दों में निंदा करते हैं। हम मारे गए लोगों और साथ ही अपने कैपिटल की रक्षा करते समय घायल हुए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। इस ऐतिहासिक स्थान की रक्षा करने के लिए डटे रहे सभी पुरुषों और महिलाओं के हम हमेशा आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा, कैपिटल में आज हंगामा करने वालों, तुम जीते नहीं हो। हिंसा कभी नहीं जीतती। जीत आजादी की होती है। और यह अब भी जनता का सदन है। पेंस ने कहा, सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर, दुनिया फिर से हमारे लोकतंत्र की ताकत देखेगी, कैपिटल में इस अप्रत्याक्षित हिंसा और हमले के बीच भी अमेरिका के लोगों के चुने प्रतिनिधि अमेरिका के संविधान की रक्षा करने और उसका समर्थन करने के लिए उसी दिन यहां दोबारा एकत्रित हुए हैं। इससे पहले, ट्रंप ने बुधवार को पेंस को भी फटकारा लगाई थी। पेंस ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अवहेलना करते हुए कहा था कि उन्हें निर्वाचक मंडल के मतों को खारिज करने की एकतरफा शक्ति प्राप्त नहीं है। सीनेट में बहुमत के नेता मिच मैककोनेल ने कहा कि अमेरिकी सीनेट इस हमले से धमकाया नहीं जा सकता।

सीनेटर चक ग्रासली ने कहा कि सांसदों को उनके संवैधानिक कर्तव्य निभाने से रोकने के लिए हिंसा का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। वहीं सीनेटर टॉम कारपर के अनुसार, हिंसक भीड़ को देश के लोकतंत्र पर हमला करने के लिए अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति ने भड़काया।

## अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा उप सलाहकार एवं कई अन्य ने दिया इस्तीफा

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों द्वारा कैपिटल परिसर में हिंसा के बाद अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा उप सलाहकार मैट पोटिंगर, प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप की चीफ ऑफ स्टाफ स्टेफानी ग्रीशम, व्हाइट हाउस की प्रेस उप सचिव सारा मैथ्यूज ने इस्तीफा दे दिया।ग्रीशम इससे पहले व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव के रूप में भी सेवा दे चुकी हैं। उनके बाद कैली मैकनेनी को अप्रैल में प्रेस सचिव बनाया गया। बुधवार को इस्तीफा देने वाली वह पहली व्यक्ति हैं।ग्रीशम ने ट्विटर पर एक बयान में कहा कि व्हाइट हाउस में सेवा देना, उनके लिए सम्मानजनक रहा और वह बच्चों की मदद करने के मेलानिया ट्रंप के मिशन का हिस्सा बनकर भी गौरवान्वित महसूस करती हैं तथा उन्हें इस प्रशासन की कई उपलब्धियों पर गर्व है।व्हाइट हाउस से इस्तीफा देने वाली वह पहली वरिष्ठ कर्मचारी हैं। मैथ्यूज ने भी इस्तीफा देने के बाद कहा, संसद में काम करने वाले कर्मी के रूप में मैंने आज जो देखा, उससे बेहद दुखी हूं। मैं अपने पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे रही हूं। हमारे देश को शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता हस्तांतरण की जरूरत है। अधिकारियों ने बताया कि ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा उप सलाहकार मैट पोटिंगर ने भी इस्तीफा दे दिया। एबीसी न्यूज की खबर के मुताबिक व्हाइट हाउस की सामाजिक सचिव रिकी निसेटा ने भी ट्रंप समर्थकों के हिंसक प्रदर्शन के मद्देनजर इस्तीफा दे दिया है।दरअसल जब नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन की जीत को सत्यापित करने के लिए सांसद संसद के संयुक्त सत्र के लिए कैपिटल बिल्डिंग के भीतर बैठे थे, तभी बुधवार को ट्रंप के हिंसक समर्थक इमारत में घुस आए। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी झड़प भी हुई। हिंसा में कम से कम चार लोगों की मौत की खबर है।


उत्तरी स्पेन में कोविड 19 का वैक्सीन लगाने की तैयारी करती स्वास्थ्य कर्मी। साथ में पंक्ति में खड़े लोग

## कैपिटल हिल में हिंसा अमेरिका के लिए बेहद अपमान और शर्मिंदगी का पल : ओबामा

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कैपिटल बिल्डिंग में हिंसा भड़काने के लिए निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह देश के लिए बेहद अपमान और शर्मिंदगी का पल है।यूएस कैपिटल में बुधवार के हजारों ट्रंप समर्थक दंगाइयों के घुसने और संसद के संयुक्त सत्र को बाधित करने के बाद पूर्व राष्ट्रपति ओबामा का यह बयान आया है। घटना के वक्त संसद का संयुक्त सत्र चल रहा था जिसमें नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन की जीत की पुष्टि होनी थी।ओबामा ने एक बयान में कहा, इतिहास कैपिटल में हुई आज की हिंसा की घटना को याद रखेगा जिसे वैध चुनावी नतीजे के बारे में लगातार निराधार झूठ बोलने वाले एक निवर्तमान राष्ट्रपति ने भड़काया। यह अमेरिका के लिए बेहद अपमान और शर्म की बात है। पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने कहा, लेकिन, अगर हम ऐसा कहेंगे कि यह एकदम अचानक हुई घटना है तो हम खुद से मजाक कर रहे होंगे। ओबामा ने रिपब्लिकन पार्टी और इसके मीडिया समर्थकों पर भी हमला करते हुए कहा कि वो



राष्ट्रपति चुनावों में जो बाइडन की जीत को लेकर अपने समर्थकों से सच छुपाते रहे हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने कहा कि वह और उनकी पत्नी ने पूरा घटनाक्रम देखा। उन्होंने कहा, यह सब दिल तोड़ने वाला है। यह कैसे किसी बनाना रिपब्लिक (कमजोर लोकतंत्र) में चुनाव परिणाम को विवादित बना दिया जाता है, हमारे लोकतांत्रिक गणराज्य में नहीं। चुनाव के बाद से ही कुछ नेताओं के अमार्यदित व्यवहार, हमारी संस्थाओं, हमारी परंपराओं और कानून लागे करने वाली हमारी एजेंसियों के प्रति अनादर के भाव से मैं हतप्रभ हूं। पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने इसे अप्रत्याशित घटना बताते हुए कहा, यह हमारे संविधान, हमारे देश, हमारी संसद पर हमला है।

## दक्षिण अफ्रीका को भारत से कोविड-19 टीके की 15 लाख खुराकें मिलेंगी

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका को इस महीने पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) से कोविड-19 टीके की 10 लाख खुराकें मिलेगी जबकि पांच लाख खुराक की दूसरी खेप फरवरी में आएगी। दक्षिण अफ्रीका में कोरोना वायरस से संक्रमण और मौतों की बढ़ती संख्या के बीच यह जानकारी यहां के स्वास्थ्य मंत्री ने बृहस्पतिवार को दी। उल्लेखनीय है कि दवा निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने दुनिया के सबसे बड़े टीका उत्पादक एसआईआई के साथ भारत सरकार एवं निम्न एवं मध्य आयवर्ग के देशों को कोविड-19 टीके की आपूर्ति के लिए साझेदारी की है। एस्ट्राजेनेका के टीके को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने सामान्य जुकाम के वायरस (एडेलोवायरस) के कमजोर संस्करण में अनुवांशिकी बदलाव कर विकसित किया है जिससे इससे मानव शरीर में बढ़ना नामुमकिन है। स्वास्थ्य मामलों से संबंधित संसदीय समिति को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ज़्वेली मखिजे ने कहा कि आयातित टीके का इस्तेमाल अग्रिम मोर्चे पर कार्य कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों के टीकाकरण में किया जाएगा। उन्होंने कहा, आज हम घोषणा कर रहे हैं कि दक्षिण अफ्रीका को सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से जनवरी में कोविड-19 टीके की 10 लाख खुराकें और फरवरी में पांच लाख और खुराकें मिलेंगी। उल्लेखनीय है कि दक्षिण अफ्रीका की सरकार गत हफ्ते कोविड-19 का टीका प्राप्त करने के लिए भुगतान को कथित तौर पर नजरअंदाज करने की वजह से आलोचकों के निशाने पर आ गई थी। उन्होंने संसद में कहा, इस समय मैं विस्तृत जानकारी नहीं दे सकता। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने सार्वजनिक रूप से हमें यह बताने की अनुमति दी है...।

## राष्ट्रपति ट्रंप देश के लिए खतरा हैं, कैपिटल हमले के लिए उनकी जवाबदेही तय हो: अमेरिकी मीडिया

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**अमेरिकी मीडिया** ने कैपिटल पर निर्वतमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों के हमले के बाद ट्रंप को एक खतरा करार दिया है, और कहा है कि वह कार्यालय में रहने के योग्य नहीं हैं, इसलिए उन्हें पद से हटाया जाए।अमेरिकी मीडिया ने ट्रंप को महाभियोग प्रक्रिया या आपराधिक मुकदमे के तहत जिम्मेदार ठहराने की मांग की है।



ट्रंप के हजारों समर्थक बुधवार को कैपिटल में घुस आए और इस दौरान पुलिस के साथ उनकी हिंसक झड़प हुई। इस घटना में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और नए राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडन के नाम पर मोहर लगाने की संवैधानिक प्रक्रिया बाधित हुई।द न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक संपादकीय का शीर्षक कैपिटल हमले के लिए ट्रंप को दोषी ठहराया जाए लगाया है। इस संपादकीय में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप और उनके प्रयासों का समर्थन करने वाले रिपब्लिकन को बुधवार की हिंसा के लिए जिम्मेदार ठहराया जाए। यह हमला उस सरकार के खिलाफ है, जिसका वह नेतृत्व करते हैं और उस देश के खिलाफ है, जिससे प्रेम करने की शपथ उठाते हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। संपादकीय में कहा गया है कि ट्रंप के उकसावे वाले बयानों ने हजारों लोगों की भीड़ को कैपिटल बिल्डिंग में घुसने के लिए उकसाया। इनमें से कुछ सदन और सीनेट में भी घुस आए, जहां देश के निर्वाचित प्रतिनिधि इलेक्टोरल वोटों की गिनती और नए राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडन के नाम पर मोहर लगाने के संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे। वहीं द वॉशिंगटन पोस्ट ने एक संपादकीय का शीर्षक ट्रंप की वजह से कैपिटल परिसर में हमला और उन्हें जरूर हटाया जाना चाहिए लगाया है। संपादकीय में कहा गया है कि चुनावी हार को स्वीकार करने से इनकार करने और लगातार अपने समर्थकों को उकसाने की वजह से बुधवार को हिंसक भीड़ ने कैपिटल बिल्डिंग पर हमला किया।पोस्ट ने संपादकीय में कहा कि राजद्रोह के इस कृत्य की जिम्मेदारी राष्ट्रपति पर है क्योंकि उन्होंने दिखाया है कि कार्यालय में उनका बने रहना, अमेरिकी लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। ट्रंप अगले 14 दिन तक कार्यालय में बने रहने के योग्य नहीं हैं। संपादकीय में कहा गया है कि उप राष्ट्रपति माइक पेंस को तत्काल मंत्रिमंडल की बैठक बुलानी चाहिए और संविधान के 25वें संशोधन का इस्तेमाल करना चाहिए।

संपादकीय में कहा गया, तंत्र में विश्वास की वजह से अमेरिकी जनता सीट बेल्ट बांधती है, यातायात नियमों का पालन करती है और आयकर चुकाती हैं। तंत्र में इसी विश्वास से काम होता है। अमेरिका में सबसे उंचे पद पर बैठे व्यक्ति ने लोगों को उस विश्वास को तोड़ने के भड़काया, न सिर्फ ट्वीट के जरिए बल्कि कदम उठाकर। ट्रंप खतरा हैं और जब तक वे व्हाइट हाउस में रहेंगे तो देश को खतरा बना रहेगा। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने संपादकीय में छह जनवरी, 2021 को काला दिन करार दिया है।

## अमेरिकी सांसदों ने ट्रंप को शीघ्र पद से हटाने की मांग की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के अनेक सांसदों ने निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को तत्काल पद से हटाए जाने की मांग की है। सांसदों का आरोप है कि ट्रंप ने अपने समर्थकों को भड़काया जिसके बाद उनके समर्थक कैपिटल परिसर में घुस गए और हंगामा किया और इससे अमेरिकी लोकतंत्र को ठेस पहुंची है। कांग्रेस सदस्य स्टीवन होर्सफोर्ड ने कहा, कांग्रेस के निर्वाचित सदस्य के तौर पर यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इलेक्टोरल कॉलेज के प्रमाणीकरण को छह जनवरी को दर्ज करें , जैसा की संविधान में रेखांकित है। आज राष्ट्रपति ट्रंप ने हमे इस जिम्मेदारी को पूरा करने से रोका और लोकतंत्र को बाधित किया। कई सांसदों ने होर्सफोर्ड के बयान से सहमति जताई। उन्होंने कहा, 1812 के युद्ध के बाद से पहली बार आज अमेरिकी कैपिटल में सेंधमारी हुई। आज जो मैंने हिंसा और अराजकता देखी वह लोकतांत्रिक प्रतिष्ठानों को बनाए रखने के सिद्धांतों और नियमों के ठीक विपरीत है और आधुनिक वक्त में ए अप्रत्याशित हैं। कांग्रेस सदस्य अर्ल ब्लूमेनॉयर ने ट्रंप के खिलाफ महाभियोग चलाने की मांग की। उन्होंने उप राष्ट्रपति माइक पेंस और अमेरिकी कैबिनेट से राष्ट्रपति को पद से हटाने के लिए संविधान के 25वें संशोधन का इस्तेमाल करने की मांग भी की।उन्होंने कहा, यहां क्या हुआ हमें यह स्पष्ट होना चाहिए। बुरी तरह हारे चुनाव के प्रमाणन को रोकने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति ने घरेलू आतंकवादियों की एक भीड़ को पेन्सिलवेनिया एवेन्यू में हमला करने और अमेरिकी कैपिटल पर कब्जा करने के लिए भेजा। ब्लूमेनॉयर ने कहा, इस व्यक्ति को तत्काल हटाए जाने की जरूरत है और मुझे उम्मीद है कि वह अपनी हरकतों का अंजाम भुगतेंगे। कांग्रेस सदस्य इल्हान उमर ने कहा, सभी नेताओं को इस तख्तापलट की निंदा करनी चाहिए। और राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाया जाना चाहिए और उन्हें राजद्रोह के आरोप में पद से हटा दिया जाना चाहिए।

# डिजिटल स्टार भुवन बैम ने रिलीज़ किया अपना ब्रैंड 'यूथियापा 2.0'

## अपने नाम के अनुरूप उनका ये ब्रैंड आज के युवाओं की अभिरुचियों के साथ तालमेल रखते हुए ही विकसित किया गया है।




हर कोई ये आशा करता है कि वर्ष 2021 कुछ राहत लेकर आ सकता है जो आज की परिस्थितियों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। भुवन बैम यूथियापा नाम से एक इन्क्यूबेटर के लॉन्च के संबंध में एक बड़ा कदम उठाया है। बीबीकी वाइन्स ब्रैंड अब पिछली सफ्लताओं के भरोसे ही नहीं रह जाना चाहता।

यूथियापा 20 को लॉन्च करने के पीछे भी उद्देश्य यही था कि हमारे युवा अपने विचारों के साथ ही अपने व्यक्तित्व, पहचान, साहस तथा आत्मजागरूकता जैसे युवा गुणों को भी अभिव्यक्ति दे सकें। इसका लोगो भी वी के आकार का है जिसमें उनके ब्रैंड की पहचान भी समाहित की गई है। इससे आज की पीढ़ी के भीतर के उत्साह तथा ऊर्जा का सही ढंग से वर्णन हो जाता है। उनके इस संग्रह में स्वेटर, हुडीज़, टी शर्ट तथा अनेक रंगों के परिधान उपलब्ध हैं।

अपने नाम के अनुरूप उनका ये ब्रैंड आज के युवाओं की अभिरुचियों के साथ तालमेल रखते हुए ही विकसित किया गया है। इसका ब्रैंड स्लोगन है 'फॉर द यूथ, बाइ द यूथ'। इस ब्रैंड के उत्पाद हमें आकर्षक तो बनाएंगे ही साथ ही हमें बचपन की भी अनेक यादों को सामने ला लेंगे। उपभोक्ताओं के लिए संग्रह को समर्पित करते हुए भुवन बैम ने कहा, 'यूथियापा 2.0 में हम आकर्षक तथा पहननने में आसान परिधान प्रस्तुत कर रहे हैं। इसके डिजाइन तथा रंग ऐसे हैं जो युवाओं पर अधिक फबते हैं। आज उन्हें ऐसे ही वस्त्र धारण करने चाहिये। तो काम पर जाना हो या कॉलेज या फिर सड़क पर दिखने वाली दूसरी चीजों से तालमेल बिठाने की बात हो, उन्हें हमारे संग्रह में सबकुछ मिलेगा।

रोहित राज यूथियापा के साझेदार हैं उनका कहना था, 'हमारे वस्त्रों में अनूठे प्रिंट रखे गए हैं। इसमें आज के युवाओं की रुचियों तथा वर्तमान पीढ़ी के रुझानों का पूरा ध्यान रखा गया है इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमनें नई पीढ़ी के युवा लोगों के लिए पूरा संग्रह समर्पित किया है। जैसा कि नाम से स्पष्ट है हमारी डिजाइन भी युवाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई हैं। हम आज के प्रतिभाशाली आगे बढ़ते युवाओं को और अधिक स्मार्ट बनाना चाहते हैं। सही कहें तो हमारा पूरा संग्रह हमारे स्लोगन 'फॉर द यूथ, बाइ द यूथ' को पूरी तरह से चरितार्थ करते हैं। अभी तक प्राप्त हुई प्रतिक्रियाएं सकारात्मक रही हैं अब हम विशेषज्ञों से बात करके फ्रेगरेंस सेक्टर में भी प्रवेश करने के लिए प्रयासरत हैं। हम इसे लेकर अत्यंत उत्साहित हैं।

यूथियापा इससे पहले भी उपयोग तथा सांस्कृतिक, राष्ट्रीय तथा वैश्विक समस्याओं के बीच अपने उत्पादों के माध्यम से एक शांत संतुलन स्थापित कर ही चुका है। हमारा स्लोगन 'हसल करो भसड़ नहीं' ने युवाओं के बीच लोकप्रियता हासिल की है। इस स्लोगन में हमने युवाओं से बिना किसी उपद्रव के परिश्रम करने का आग्रह किया है। यही भुवन के जीवन का कार्यसिद्धांत भी है।

# इरफान खान को जन्मदिन पर फिल्म जगत ने किया याद



**मुंबई।** इरफन खान के बेटे बाबिल और बॉलीवुड की कई हस्तियों ने गुरुवार को उनकी 55 वीं जयंती पर दिवंगत अभिनेता को याद किया। पिछले साल अप्रैल में इरफान की एक दुर्लभ प्रकार के कैंसर से मौत हो गई थी। मकबूल नेमसेक , पान सिंह तोमर और हिंदी मीडियम जैसी फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के कारण भारत के सर्वश्रेष्ठ अभिनेताओं में शुमार इरफान के निधन के बाद उनके प्रशंसक, परिवार और पूरा देश शोक में डूब गया था।

उनके जन्मदिन के मौके पर उनके बेटे बाबिल ने इंस्टाग्राम पर एक पुराना वीडियो साझा किया जिसमें इरफान,अपनी पत्नी सुतापा और छोटे बेटे अयान के साथ बाबिल को वीडियो कॉल करने की कोशिश कर रहे हैं।

बाबिल ने कहा कि उनके पिता ने उन्हें तारीखें याद रखने को कभी नहीं कहा लेकिन यह समय उन्हें याद रह गया। उन्होंने लिखा शायद, यही वजह है कि मुझे किसी का जन्मदिन याद नहीं है क्योंकि आपने कभी मेरा जन्मदिन याद नहीं रखा और आपने कभी मुझे आपका जन्मदिन याद रखने के लिए नहीं कहा। यह हमारे लिए सामान्य था लेकिन शायद बाहर से देखने पर यह बेतुका लगता। असल में हम हर रोज उत्सव मनाते थे। इन दिनों पर मम्मा हम दोनों को याद दिलाती थीं, लेकिन इस बार अगर मैंने कोशिश भी की तो मैं आपका जन्मदिन नहीं भूल सकता था। बाबा यह आपका जन्मदिन है। खान के निधन के बाद से ही बाबिल के इंस्टाग्राम पर खान की निजी जिंदगी की झलक मिलती रहती थी। फिल्म जगत से आयुष्मान खुराना, अनुष्का शर्मा और फिल्मकार रितेश बत्रा जैसी हस्तियों ने खान के लिए सोशल मीडिया पर अपनी श्रद्धांजलि पोस्ट की।

# सोनी बीबीसी अर्थ ने भूमि पेडनेकर के सहयोग से लॉन्च किया यंग अर्थ चैंपियंस



**घर** में बंद पड़े.पड़े हमें अहसास हुआ है कि बाहर निकलना कितना स्फूर्तिदायक होता है। इससे हमें अपनी पृथ्वी के प्रति और अधिक अनुरागी होने का एक और कारण मिल गया है। पिछले वर्ष भी हमें पर्यावरण सम्बन्धी व्यापक संकट के संकेत मिले थेए जिसने हमें अगली पीढ़ी के लिए एक बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया था। आज युवाओं की आवाज को बल देने और और उन्हें सकारात्मक कदम उठाने के लिए प्रेरित करने की अत्यंत आवश्यकता हैए क्योंकि उनकी आज की छोटी-छोटी कारवाईयों से भविष्य में बड़ा अंतर आ सकता है।

इस सोच का पालन करते हुए सोनी बीबीसी अर्थ बॉलीवुड स्टार और जलवायु कार्यकर्ता भूमि पेडनेकर के सहयोग से अपनी बौद्धिक संपदा श्यंग अर्थ चैंपियंस लॉन्च कर रहा है। उल्लेखनीय है कि भूमि पेडनेकर अपनी अग्रणी पहल, क्लाइमेट वॉरियर के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का मजबूत अभियान चला रही हैं। सभी जलवायु.चैतन्य स्टूडेंट्स के लिए इस राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता के द्वारा सोनी बीबीसी अर्थ और भूमि पेडनेकर एक साथ मिलकर एक प्लैटफॉर्म प्रस्तुत कर रही हैं जहां न केवल नवाचारी विचारों को समानित और पुरस्कृत किया जाएगाए बल्कि एक बेतार और अधिक संवहनीय भविष्य के विषय में सोचने के लिए भारत के युवाओं को प्रेरणा भी मिलेगी।

बॉलीवुड स्टार और जलवायु कार्यकर्ता भूमि पेडनेकर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की तलवार हम पर लटक रही है और यह एक वास्तविक ख़तरा है। क्लाइमेट वॉरियर की अपने पहल के माध्यम से मैं इस संकट की गंभीरता और इसके नतीजों को उजागर करने का कर्मठतापूर्वक प्रयास कर रही हूँ।

क्रिमिनल जस्टिसः बिहाइंड क्लोज़्ड डोर्स देखकर तापसी पन्नू ने कहा


# चाहे आप विवाहित हैं या नहीं, सहमति सबसे जरूरी है



**हॉटस्टार** स्पेशल्स प्रेज़ेंट्स क्रिमिनल जस्टिसः बिहाईंड क्लोज़्ड डोर्स में पंकज त्रिपाठी, अनुप्रिया गोयनका कीर्ति कुल्हरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह डिज़्नी हॉटस्टार वीआईपी पर स्ट्रीम हो रहा है। पिछले हफ्ते रिलीज़ हॉटस्टार स्पेशल्स प्रेज़ेंट्स क्रिमिनल जस्टिसः बिहाईंड क्लोज़्ड डोर्स में अनेक महिलाओं की गंभीर समस्याओं के संवेदनशील चित्रण के चलते इसे दर्शकों एवं आलोचकों की सराहना मिल रही है। पंकज त्रिपाठी, अनुप्रिया गोयनका और कीर्ति कुल्हरी अभिनीत यह शो वैवाहिक बलात्कार एवं शोषण की दर्दनाक सच्चाई पर रोशनी डालता है और दिखाता है कि बंद दरवाजे के पीछे क्या होता है।

अभिनेत्री तापसी पन्नू, जो इससे पहले महिलाओं की अनेक समस्याओं पर बोल चुकी हैं, उन्होंने यह शो देखा और इस विषय पर अपने विचार रखे। तापसी पन्नू ने कहा, क्रिमिनल जस्टिसः बिहाईंड क्लोज़्ड डोर्स में हमारे देश की अनेक महिलाओं की दर्दनाक वास्तविकता का चित्रण किया गया है। इसमें वैवाहिक बलात्कार के मुद्दे को उठाया गया है। यह शो समस्याओं को संवेदनशील तरीके और समझदारी से उठाता है और यह शो उस समय आया है, जब लॉकडाऊन के दौरान महिलाओं के घरेलू शोषण के मामलों में तेज वृद्धि हुई। मेरा मानना है कि नहीं मतलब नहीं, चाहे आप शादी शुदा हैं या नहीं, सहमति सबसे जरूरी है। मुझे उम्मीद है कि यह शो महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ाएगा ताकि वो इस तरह के अपराध के खिलाफ आवाज उठा सकें और समाज के दबाव के चलते चुप्पी न साध लें। पंकज त्रिपाठी, कीर्ति कुल्हरी और अनुप्रिया गोयन्का ने क्रिमिनल जस्टिस बिहाईंड क्लोज़्ड डोर्स में शानदार प्रदर्शन किया है।

## वेब बेड



### हिस्ट्री ऑफस्वेयर वर्ड्स

निकोलस केज़ ने अंग्रेजी के कसम खाने वाले कुछ कुख्यात शब्दों को लेकर इस मसखरी तथा गहनता से देखें तो शैक्षिक सीरीज़ का आयोजन किया है। शो नेटलिक्स पर 5 जनवरी से जारी।



### ल्यूपिन

ये शो आरसेन ल्यूपिन की साहस गाथाओं से प्रेरित है जिसमें एक सीधा-सादा अपने पिता से बदला लेने के लिए एक समृद्ध परिवार से पंगा लेने निकल पड़ता है। इसमें आपको उमर सई, लुडिविन सेग्नियर, क्लोटिल्डे हेस्मे जैसे मंझे कलाकार हैं और जो 8 जनवरी को नेटलिक्स पर जारी होगी।



### ब्लिंग एंपायर

इस सीरीज़ में लॉस एंजेल्स के एशियाई तथा एशियाई अमरीकी धनी लोग एक रियलिटी शो में मस्ती के लिए जम कर पार्टियों का आयोजन करते देखने को मिलेंगे। सीरीज़ 15 जनवरी को नेटलिक्स पर जारी होगी।

# प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर सत्य पॉल का निधन



**कोयंबटूर।** भारतीय साड़ी को नई पहचान देने वाले प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर सत्य पाल का निधन हो गया है। उनके पुत्र पुनीत नंदा ने यह जानकारी दी। वह 79 वर्ष के थे। पॉल को दिसंबर में मस्तिष्काघात हुआ था। उन्होंने बुधवार को सद्गुरु के ईशा योग सेंटर में अंतिम सांस ली। नंदा ने फेसबुक पर लिखा, उन्हें दो दिसंबर को मस्तिष्काघात हुआ था और अस्पताल में उनके स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार हो रहा था, उनकी अंतिम इच्छा थी कि जो चीजें उनके शरीर में चुभाई गई हैं या उनके शरीर की निगरानी के लिए लगाई गई हैं उन्हें हटा दिया जाए जिससे वह उड़ सकें। उन्होंने आगे लिखा, अंततः हमें चिकित्सकों से उन्हें वापस ईशा योग सेंटर ले जाने की इजाजत मिली जहां वह 2015 से रह रहे थे। उनकी इच्छा के मुताबिक, वह गुरु के आशीर्वाद से शांतचित्त से परलोक सिधार गए। नंदा ने कहा कि परिवार में यद्यपि पिता को खोने का दुख है लेकिन इस बात को लेकर शांति है कि वह अपनी जिंदगी अच्छे से जीकर पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। ईशा फाउंडेशन के संस्थापक, सद्गुरु ने सत्य पॉल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी एक तस्वीर ट्वीट की। सद्गुरु ने ट्वीट में लिखा, सत्य पॉल, बेहद जोशीला और अथक भागीदारी के साथ जीवन जीने का एक शानदार उदाहरण थे। आपके द्वारा भारतीय फैशन उद्योग में लाया गया उत्कृष्ट नजरिया, एक सच्ची श्रद्धांजलि है। हमारे बीच आपका होना सौभाग्य की बात थी। संवेदनाएं और आशीर्वाद। पॉल ने 60 के दशक में खुदरा क्षेत्र में अपने सफर की शुरुआत की और बाद में यूरोप और अमेरिका में भारतीय हथकरघा उत्पादों के निर्यात का काम बढ़ाया। उन्होंने 1980 में भारत में पहला साड़ी बुटीक , लाअफेयर शुरू किया और फिर अपने बेटे के साथ मिलकर 1986 में अपना फैशन ब्रांड शुरू किया।

# राहुल रॉय को अस्पताल से छुट्टी

**मुंबई।** अभिनेता राहुल रॉय ने बृहस्पतिवार को बताया कि वह अस्पताल से घर आ गए हैं लेकिन पूरी तरह से ठीक होने में अब भी लंबा वक्त लगेगा। अभिनेता पिछले साल मस्तिष्क पक्षाघात का शिकार हो गए थे। आशिकी फिल्म से मशहूर हुए अभिनेता को करगिल में शूटिंग के बाद 27 नवंबर को नानावती अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया था। पिछले महीने 52 वर्षीय अभिनेता को वोकार्ड अस्पताल में भेजा गया था, जहां मस्तिष्क और हृदय की उनकी एंजियोग्राफी हुई थी।रॉय ने इंस्टाग्राम पर अपने शुभचिंतकों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि लंबे समय तक अस्पताल में रहने के बाद वह घर लौट आए हैं और स्वस्थ हो रहे हैं लेकिन पूरी तरह से ठीक होने में अब भी समय लगेगा। रॉय ने बॉलीवुड में करियर की शुरुआत महेश भट्ट की फिल्म आशिकी से 1990 में की थी। इसके बाद उन्होंने फिल्म निर्माता के साथ जुनून और फिर तेरी याद आई जैसी फिल्मों में काम किया।

# मादक पदार्थ मामला : अभिनेत्री श्वेता को न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**मुंबई।** मादक पदार्थों की बरामदगी के मामले में गिरफ्तार दक्षिण भारतीय फिल्मों की अभिनेत्री श्वेता कुमारी को यहां की अदालत ने बृहस्पतिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अदालत ने कहा कि उनकी जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई होगी।

कन्नड और तेलुगु फिल्मों में अभियन कर चुकी कुमारी को स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने कथित तौर पर 400 ग्राम प्रतिबंधित मेफेड्रोन (एमडी) नामक नशीला पदार्थ जब्त करने के बाद सोमवार को पड़ोसी ठाणे जिले के मीरा भायंदर स्थित होटल से गिरफ्तार किया था। कुमारी को बृहस्पतिवार को एनसीबी की हिरासत अवधि खत्म होने के बाद मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया क्योंकि जांच एजेंसी ने उनकी हिरासत बढ़ाने के लिए अदालत से अनुरोध नहीं किया। उल्लेखनीय है कि गोवा और महाराष्ट्र में नशीले पदार्थों की आपूर्ति के खिलाफ अभियान के तहत एनसीबी ने दो जनवरी को 400 ग्राम एमडी जब्त किया जिसके बाद मीरा भायंदर के होटल से अभिनेत्री की गिरफ्तारी हुई। कुमारी ने जमानत याचिका दायर की है जिसपर शुक्रवार को सुनवाई होगी। इसी से जुड़े एक मामले में हास्य कलाकार भारती सिंह के पति हर्ष लिम्बाचिया को कथित तौर पर मादक पदार्थ की आपूर्ति करने के आरोपी को भी अदालत के समक्ष पेश किया गया, उसे बुधवार को गिरफ्तार किया गया था। विशेष लोक अभियोजक अतुल सरपांडे ने बताया कि आरोपी स्वामी नारायण को अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

भारती और हर्ष को उनके घर से मादक पदार्थ मिलने के बाद पिछले साल नवंबर में गिरफ्तार किया गया था और इस समय दंपति जमानत पर है।

एनसीबी अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले की जांच मादक पदार्थ के कोण से कर रही है। इसी कड़ी में अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती, उनके भाई शौविक और मादक पदार्थ के संदिग्ध विक्रेताओं की गिरफ्तारी की गई थी। इस समय रिया और उनका भाई जमानत पर है।

## ट्रेंड बाजार

### जाओ जो तुम्हारा है, उसे हासिल करोः वरुण धवन



**अभिनेता** वरुण धवन ने अपनी सफलता का मंत्र सभी प्रशंसकों के साथ साझा किया है। उन्हेंने सभी लोगों से आग्रह किया है कि जो उनका है वो उन्हें लेने का प्रयास करना चाहिये।

वरुण ने अपनी एक फोटो इंस्टाग्राम पर पोस्ट की थी जिसमें वो शर्टविहीन होकर अपनी मांसपेशियों का प्रदर्शन करते दिख रहे हैं। वो इसमें काली बेसबॉल पैंट पहने हैं उनके पीदे नीला आकाश तथा समुद्र दिख रहा है।

इसमें आगे लिखा था 'जाओ जो आपका है उसे प्राप्त करो'

वरुण ने हाल ही में उनकी डिजिटल रिलीज़ 'कुली नं 1 की थी जिसमें उनके सामने सारा अली खान अभिनेत्री थीं।


इसके बाद उन्हें आप जुग जुग जियो, में देख पाएंगे। इस फिल्म में आप मनीष पॉल तथा यूट्यूब सनसनी प्रजाक्ता कोली अपने पदार्पण रोल में दिखाई देंगे।

### अनिल कपूर ने कुछ फिल्मों को 'केवल बड़े परदे के लिए' बताया



**अभिनेता** अनिल कपूर का कहना है कि 'कई फिल्में ऐसी होती हैं जो बड़े परदे के लिए ही बनी होती हैं। मेरी भी कुछ फिल्में हैं जो इसी साल रिलीज़ होंगीं और मुझे आशा है कि मेरे प्रशंसक इन फिल्मों को सिनेमा हॉल में देख पाएं। मैं इस बारे में अधिक निश्चित इसलिये हूं क्योंकि लोग थियेटरों में फिल्में देखने के लिए व्यग्र होते जा रहे हैं। कुछ फिल्में ऐसी भी होती हैं जो आपको सिनेमा हॉल और ओटीटी दोनों में ही अच्छी लग सकती हैं और एके वर्सेज़ एके ऐसी ही फिल्म है।

### केजीएफ टाइम्स का पहला संस्करण जारी



**केजीएफ** चैप्टर 2 इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित गिऔल्म के रूप में सामने आई है।

फिल्म के निर्माताओं ने केएफ्जी टाइम्स के पहले संस्करण को लॉन्च कर दिया है। ये न्यूज़ लेटर फिल्म के सभी प्रशंसकों को अत्यंत प्रिय लगा है क्योंकि इसमें उन्हें केजीएफ का एक आइडिया तो लग ही जाता है। इसमें उन्हें सीन के पीछे के दृश्य, दूसरी बातें तथा फिल्म के कुछ स्थिर चित्र भी शामिल किये गए हैं।

इसके बारे में बात करते हुए निर्देशक प्रशांत नील का कहना है, 'हम केजीएफ टाइम्स लेकर इसलिये आए हैं क्योंकि केजीएफ के लिए जिस प्रकार का उत्साह है उसे देखकर ऐसा करना ही पड़ा। हम फिल्म के बारे में एक झलक दर्शकों को दिखाना चाहते थे साथ ही इसकी कुछ फोटो तथा दूसरी बातें भी प्रशंसकों तक पहुंचाना भी हमारा लक्ष्य था।'

### सिंगर सिया ने मातृत्व को दर्द और पुरस्कार दोनों बताया



**हॉलिवुड** गायिका सिया ने कई साल पहले दो लड़कों को गोद लिया था और उनका कहना है कि माता-पिता के रूप में उनकी देखभाल एक पुरस्कार तथा दर्द दोनों ही होते हैं।

उन्होंने बताया, 'हमारे लिए ये कठिन होने के साथ ही दर्द तथा पुरस्कार दोनों है। मैं केवल इतना ही कह सकती हूं कि मैं उन्हें बार बार याद दिलाती रहती हूं कि मैं आपके लिए उपलब्ध हूं। और मैं कहीं नहीं जा रही हूं और उन्हें ढेर सा प्यार करती हूं। मेरा मानना है कि यदि आप किसी को कहते हैं कि आप उसे सदा के लिए प्यार करते हैं तो ये कुछ डरावनी बात हो जाती है जबकि आप अपने जीवन में 28 अलग अलग घर में रह चुके हों।' गायिका ने इससे पहले मातृत्व को 'उनके द्वारा किया गया सर्वश्रेष्ठ कार्य' बताया था।

बिल के विरोध में किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च, प्रशासन से हुई तीखी झड़प

# किसानों के हुंकार से हिला प्रशासन, हांफते रहे हुक्मरान



सीतापुर-किसान बिल के विरोध में प्रदर्शन करते किसान पायनियर



सीतापुर-किसान बिल के विरोध में प्रदर्शन करते किसान पायनियर

● **आंदोलनकारियों ने एडीएम को दिया ज्ञापन ग्रासफार्म से बहुगुणा चौराहे तक किया प्रदर्शन**

संवाददाता। सीतापुर

**कृषि** कानूनों के विरोध में दिल्ली बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन के समर्थन में किसान संगठनों के आह्वान पर गुरुवार को सीतापुर में सैकड़ों काश्तकारों ने ट्रैक्टर मार्च किया। जिले के ग्रामीण इलाकों से भारी संख्या में काश्तकार अपने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के संग जिला मुख्यालय पहुंचे। इसी बीच सीतापुर जिला और पुलिस प्रशासन ने उन्हें हरगांव और रामकोट में रोकने का प्रयास किया। इससे पहले रात से ही किसान नेताओं के घरों पर पुलिस की दबिश का दौर शुरू हो गया था। झरेखापुर के पास रोके जाने से सीतापुर जिला मुख्यालय के मिलेट्री ग्रॉस फार्म पर ट्रैक्टर के साथ इकटठा हुए सिक्ख किसानों ने हंगामा करना शुरू कर दिया और नारेबाजी करने लगे। वह लालबाग चौराहे पर जाकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देने ध्की जिद करने लगे, इसी बीच सिटी मजि. शिशिर कुमार और सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह के बीच कई बार वार्ता का दौर भी चला। एक दौर ऐसा भी आया कि आंदोलनकारी ट्रैक्टर के साथ सीतापुर-लखनऊ हाईवे बाई जाम करने की तैयारी करने लगे, ट्रैक्टरों को स्टार्ट कर फुल एक्सीलेटर दबाते रहे, जिससे कि अधिकारियों की धुकधुकी तेज हो गई। प्रशासन और पुलिस भी उनसे निपटने को तैयार हो गई। झड़प की नौबत आती, कि इससे पहले संदेशा आ गया कि झरेखापुर में रोके गए किसान नेता ज्ञानी गुरूदीप सिंह चीमा को छोड़ दिया गया है और एसडीएम सदर अमित भट्ट लेकर पहुंच रहे हैं। इधर, आंदोलनकारियों की हर गघ्तिविधियों पर सिटी मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार, सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह, कोतवाल टीपी सिंह, तालगांव कोतवाल अजय कुमार, मानपुर कोतवाल राय साहब द्विवेदी मय फोर्स मुस्तैद रहे, आखिर में तय हुआ कि आंदोलनकारी किसानों का बहुगुणा चौराहे पर ज्ञापन लिया जाएगा, जहां पहुंचने के बाद फिर एक बार आंदोलनकारी नगर में जाने की जिद करने लगे, वो बार-बार यह मांग कर रहे थे, कि उन्हें लालबाग चौराहे तक जाने दिया जाए, लेकिन प्रशासन ने पहले उन्हें आरएमपी मोड के पास बैरिकेटिंग कर उनका रूट बहुगुणा चौराहे की तरफ डाइवर्ट कर दिया, फिर बहुगुणा चौराहा से बाई पास हाइवे की तरफ जाने की इजाजत दे दी। इसी बीच रोडवेज बस स्टेशन की ओर जाने को लेकर आंदोलनकारियों और पुलिस के बीच आधे घंटे तक झड़प होती रही। पुलिस ने गाड़ियों से बैरिकेटिंग कर रास्ते को रोक दिया। जब आंदोलनकारी बहुगुणा चोराहा से सीधे बाईपास जाने लगे, तब पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन वो नाकाम रहे। किसानों ने अपना ज्ञापन बहुगुणा चौराहा पर एडीएम विनय पाठक और एएसपी उत्तरी राजीव घ्दीक्षित को दिया। आंदोलनकारियों में सिक्ख संगठन उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष गुरूपाल सिंह, सिंह, महासचिव रंजीत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरजीत सिंह, सचिव जसवंत सिंह, उपाध्यक्ष हरदीप सिंह, करनैल सिंह, भुपिंदर सिंह, विक्रमजीत, कोषाध्यक्ष गुरजीत सिंह, ज्ञानी गुरूदीप सिंह चीमा, संगतिन किसान मजदूर संगठन की घ्नेत्री ऋचा सिंह, भाकियू नेता उमेश पांडेय, सचींद्र मोहन, पिंदर सिंह सरदार गुरूवचन सिंह, निर्भय सिंह, वीरेंद्र यादव, कौशलेंद्र घ्मौर्य, शिव प्रकाश सिंह, अमित सिंह, उत्तम सिंह, राम नरेश, अल्पना सिंह, कमल किशोर, मुन्ना कुरैशी, मुख्तार आदि शामिल रहे।

शारदा ग्रामोद्योग सेवा संस्थान ने किया आयोजन

## इक्वायन सौ से दीपों से जगमग हुआ दधीचि कुंड



मिश्रिख-दीपों से जगमगाता दधीचि कुंड, मौजूद लोग पायनियर

● **विश्व विख्यात महर्षि दधीच तीर्थ पूरा रोशनी से भर गया**

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**शारदा** ग्रामोद्योग सेवा संस्थान मिश्रिख द्वारा सायंकाल 7:00 बजे दिन बुधवार को पुत्री शांभवी के जन्मोत्सव पर प्रथम बार महर्षि दाधीच की पावन तपोभूमि पर स्थित दधीच कुंड तीर्थ की विशाल पंचकोशी आरती व दीपदान एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एबीवीपी कार्यकर्ताओं के सहयोग से 51 सौ से अधिक दीपक प्रज्वलित कर दधीच कुंड की शोभा में चार चांद लगा दिया खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने सभी आए हुए पुरोहित महंतों को बेच साल यार फोन कर आशीर्वाद प्राप्त किया विश्व विख्यात महर्षि दधीच तीर्थ पर जगमगा रहे दीपों को देखने के लिए कस्बे की महिलाएं पुरुषों और बच्चों का तांता लग गया इस मौके पर प्रमुख रूप से महनत देवानंद गिरी, राज नारायण पांडे, राहुल शर्मा पुरोहित, कपिल दिक्षित भास्कर मिश्रा, कमलाकांत मिश्रा, मनोज पांडे, संजीव, विपिन मिश्रा, प्रमोद, व्यास, प्रदीप गुप्ता, विवेक सिंह शिव सागर यादव सहित हजारों की भीड़ एकत्रित रही।

लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में फिर चोरी

## कप्तान साहब! चोरों से सुरक्षित नहीं रही लहरपुर की आवाम



लहरपुर- चोरी के बाद टूटी हुई सेफदिखाती हुई पीड़िता पायनियर

● **एक माह में एक दर्जन से अधिक हो चुकीं चोरियां, पुलिस की कार्यशाली पर उठ रहे सवाल**

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**कप्तान साहब!** अब तो हद हो चुकी है, लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के लोग चोरों से अपने सामान की सुरक्षा के लिए रात-रात जाग रहे हैं। आम जनमानस का लहरपुर कोतवाली पुलिस से विश्वास उठता जा रहा है। कोतवाल की कार्यशैली सवालों के घेरे में है व पूरी प्रशासनिक व्यवस्था को कटघरे में लाकर खड़ा कर देता है। कोतवाली क्षेत्र में लगातार चोरी लूट हत्या की घटनाएं हो रही हैं और लहरपुर पुलिस कुंभकरण की नींद में सो रहे हैं। ना तो उन्हें अपने उत्तरदायित्वों-कर्तव्यों का बोध हो रहा है और ना ही अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में वह किंचित मात्र भी गंभीर नही दिखते हैं। लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं के सिलसिलेवार क्रम में बीती रात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सैदीपुर में 6-7 की रात को अज्ञात चोरों ने दीवार पर चढ़कर अलीमुन बेवा रसूल अहमद के घर पर धावा बोलकर घर के अंदर कमरे में रखी अलमारी से एक हजार नगद, सोने के झाले, चांदी टीका व चांदी की तीन जोड़ी पायल उठा ले गए। पीड़िता ने कोतवाली आकर लिखित तहरीर दी है पर कोतवाली पुलिस ने अभियोग पंजीकृत करना उचित नहीं समझा। इसी तरह 6-7 की रात को ही मोहल्ला बागवानी टोला में आलोक राजपूत पुत्र देवकी राजपूत निवासी पुरवा बेहटी के छोटे भाई सलिल उर्फ भोला की सब्जी की दुकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर चारों तरफ लगे लकड़ी के टट्टर को तोड़कर अंदर घुस कर एक बैटरी, मटर ,लहसुन, प्याज, गोभी व तराजू समेत अन्य फुटकर सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली को लिखित तहरीर देकर घटना से अवगत कराया है पर समाचार लिखे जाने तक दोनों चोरी की घटनाओं की प्राथमिकी लहरपुर कोतवाली पुलिस ने दर्ज नहीं की थी। गौरतलब है कि इससे पूर्व पिछले 10 दिनों में 1 दर्जन से अधिक चोरी की बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं पर इन घटनाओं के खुलासे को लेकर लहरपुर कोतवाली पुलिस चुप्पी साधे हुए हैं। इस संबंध में जब पुलिस क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र यादव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वह हरगांव में हैं, इस संबंध में कोतवाली प्रभारी से बात करेंगे और घटनाओं का हर हाल में खुलासा किया जाएगा।

### बड़ी घटनाओं का भी नहीं हो सका खुलासा

**लहरपुर** क्षेत्र में अभी जल्दी ही कुछ बड़ी चोरियां जो लाखों में हो चुकी है, लेकिन पुलिस खुलासा नहीं कर पा रही है। बताते चले कि इसमें पुलिस द्वारा पीड़ित की तहरीर पर घटना भी नहीं दर्ज की जा रही थी।

## उमाशंकर त्रिवेदी के निधन पर शोक

**मिश्रिख सीतापुर।** सीतापुर अखिल भारतीय मानस मेला समिति के जनक एव वर्तमान महामंत्री व ब्राह्मण समाज के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ के अगुवाई करने वाले 87 वर्षीय स्वर्गीय उमा शंकर त्रिवेदी का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। स्वर्गीय त्रिवेदी का अंतिम संस्कार गोपाल घाट पर किया गया। निधन पर विश्वम्भर तिवारी, रत्नेश द्विवेदी, आकाश राय, सुधांशु मिश्रा, आशीष मिश्रा, श्रवण बाजपेयी, वाई एन मिश्रा अध्यक्ष विधुत पेंशनर परिषद, शिव बालक त्रिवेदी, शिव कुमार शास्त्री, रामदत्त मिश्रा, सचिन त्रिपाठी, डा वीरेन्द्र कुमार आर्य, अनुपमा द्विवेदी, अजय त्रिवेदी, नैमिष रत्न तिवारी, शशिकांति तिवारी अम्ब्रीश दीक्षित, विनीता सिंह, सीमा बाजपाई, प्रियंका मिश्रा,अपूर्व अग्निहोत्री, धीरज पाण्डेय,मनोज दीक्षित, लक्समी कांत बाजपाई, विजय कुमार अवस्थी, आदि ने शोक व्यक्त किया।

## कांग्रेस का चला सृजन अभियान

**सीतापुर।** शहर कांग्रेस कमेटी ने वार्ड संगठन सृजन अभियान के तहत सिविल लाइन्स और कजियारा वार्ड में बैठक का आयोजन किया गया। दोनों बैठकों में शहर अध्यक्ष सन्तोष भार्गव ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों के बारे में बताया और नवील अहमद को कजियारा और दिलदार गाजी को सिविल लाइंस वार्ड का अध्यक्ष मनोनीत किया। इस दौनान शहर कॉंग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अनुज सिंह चौहान, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, धीरेश कश्यप, उपदेश गुप्ता, पीयूष मिश्रा, नोमान अंसारी, इमरान अली, पीसीसी सदस्य एम.एल. पाण्डेय आदि मौजूद थे।

## पांच दारोगाओं पर गिरी गाज

**सीतापुर।** विवेचनाओं को लेकर लापरवाही बरतने वाले जिले के पांच दारोगाओं पर गाज गिरी है। एसपी ने तत्काल प्रभाव से दारोगाओं को निलम्बित कर दिया है। एसपी आरपी सिंह की ओर से मिली जानकारी के अनुसार रामकोट थाना के देवेन्द्र सिंह, बिसवां के वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, शहर कोतवाली के रमेश चन्द्र तिवारी व अतुल कुमार वर्मा एवं रामकोट थाना के पवन द्विवेदी को विवेचनाओं में हीला-हवाली का दोषी पाया गया। जिससे खफा पुलिस अधीक्षक द्वारा इन्हें संस्पेड करने की कार्रवाई की गई है।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष की 18वीं पुण्यतिथि

# सीतापुर के विकास के लिए स्व. गुप्त सदैव रहे प्रयत्नशील : अनूप गुप्ता



सीतापुर-कार्यक्रम को सम्बोधित करते नगर अध्यक्ष आकाश बजरंगी, मंच पर मौजूद अतिथि



सीतापुर-स्व. राजेन्द्र गुप्त की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, विधायक ज्ञान तिवारी, महेन्द्र यादव, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह व स्वागत करते पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी, रितेश सिंह व अन्य पायनियर

● **स्व. राजेंद्र गुप्ता की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि**

संवाददाता। सीतापुर

**पूर्व वित्त** मंत्री एवं भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय राजेंद्र गुप्ता की 18वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को नगर कार्यालय के नीचे स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भाजपाइयों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पधारे मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने स्वर्गीय राजेंद्र गुप्ता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए कहा कि राजेंद्र गुप्त जैसा व्यक्तित्व सदियों में कभी-कभी उभरता है। कार्यकर्ताओं को संगठन के गुण बताकर संगठन का कार्य करने के लिए उन्हें सदैव प्रेरित करते रहते थे। अनूप गुप्ता ने कहा कि सीतापुर के विकास के लिए वह सदैव प्रयत्नशील रहे। विकासपरक आदर्श युक्त राजनीति की वो धरोहर थे। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर हम लोगों को संगठन व समाज के कार्यों को आगे बढ़ाना है। जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने स्वर्गीय राजेंद्र गुप्ता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि करते हुए कहा कि स्वर्गीय राजेंद्र गुप्त कुशल संगठन कर्ता व राजनीतिक मामलों के मर्मज्ञ विशाल हृदय के व्यक्ति थे। सीतापुर में विकास के उन्होंने नए आयाम स्थापित किए थे। उनके आदर्श सदैव हम सबको प्रेरणा देते रहेंगे। सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने स्वर्गीय राजेंद्र गुप्त को राजनीति का कोहिनूर बताया तथा कहा कि वो सदैव कार्यकर्ताओं की चिंता किया करते थे। पार्टी संगठन को खड़ा करने में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। बिसवां विधायक महेंद्र यादव ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि लगातार छह बार विधायक रह कर उन्होंने पार्टी व समाज की सेवा की तथा लोगों को जोड़ने की उम्र में अद्भुत कला थी। पूर्व विधायक राकेश सिंह ने कहां की बड़े पदों पर रहकर भी स्वर्गीय राजेंद्र गुप्त में कभी अहम नहीं दिखा उनके विचार हमेशा प्रासंगिक रहेंगे जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्र ने कहा कि वह अब हमारे बीच नहीं हैं पर उनके आदर्श हमेशा हम लोगों का मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे स्वर्गीय राजेंद्र गुप्ता कार्यकर्ताओं के लिए एक अभिभावक की की तरह थे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात नगर कार्यालय के नीचे मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता द्वारा निराश्रित मित्रों को कंबल वितरण भी किया गया। इस अवसर पर पूनम मिश्रा, दिनेश शर्मा, विश्राम सागर राठौर, पशुपतिनाथ धवन, पूर्व जिला अध्यक्ष उमाकांत मिश्र ,राकेश त्रिपाठी, अजय, संजय मिश्रा, रोहित सिंह, अजय भार्गव , मंडल अध्यक्ष आकाश अग्रवाल, गोदावरी मिश्रा, परीक्षित त्रिपाठी, भंवर सिंह, नीरज वर्मा झल्लर, राहुल मिश्रा, सुरेश गुप्ता, श्री प्रकाश सिंह, जितेंद्र मेहरोत्रा, अनूप विश्वकर्मा ,आशीष गीतू मिश्रा, ओम प्रकाश मिश्रा, राजीव मेहरोत्रा, अभिषेक मिश्रा, वीर विक्रम सिंह,पंकज गुप्ता, अंजनी शुक्ला,सहज गुप्ता, अरविंद श्रीवास्तव, सचिन मिश्रा, शिवांशु मिश्रा, राम लखन कश्यप, अरुण शर्मा, आदि लोग मौजूद रहे। वही पिछड़ावर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद राजेश वर्मा ने स्वर्गीय राजेन्द्र गुप्ता की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें राजनीति का शिखर पुरुष बताया। सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि अपने संसदीय ज्ञान व राजनैतिक कौशल से उन्होंने प्रदेश ही नही देश मे भी अपनी छाप छोड़ी। वो हमेशा लोगो के दिलो में रहेंगे। स्वर्गीय राजेन्द्र गुप्ता की पुण्य तिथि पर जिले में सांसदों,विधायको व कार्यकर्ताओं ने अनेक स्थानों पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर फल वितरण आदि भी किया।

## मंच पर जगह नहीं मिली तो झंडा निहारने लगे पूर्व जिलाध्यक्ष



सीतापुर-तस्वीर में एक गाड़ी के पास झंडा निहारते दिख रहे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता है, ये वहीं गुप्ता है जिनके अध्यक्षीकाल में भाजपा ने जिले की 9 विधानसभा सीटों में से 7 पर परचम लहराया था। वर्तमान में उनकी दशा देखिए कि स्व. राजेन्द्र गुप्ता की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें मंच पर जगह तक नहीं मिली, ऐसे में उन्होंने गाड़ी के पास खड़े होकर समय बिताया। (फोटो-विपिन राजवंशी)

# चौदह से घरों तक गंगाजल पहुंचाएगा गायत्री परिवार

● **महामारी से बचाने के लिए हरिद्वार-आपके द्वार की शुरू करेगा पहल**

संवाददाता। सीतापुर



**अखिल** भारतीय विश्व गायत्री परिवार वैश्विक कोविड आपदा के दरम्यान पड़ने जा रहे महाकुंभ- 2021 के दृष्टिगत एक महत्वपूर्ण सुरक्षा विचार पर अमल करने जा रहा है। हरिद्वार-आपके द्वार की अभिनव पहल के तहत चौदह जनवरी से लाखों घरों तक गंगाजल पहुंचाया जाएगा। ताकि लाखों लोगों का हरिद्वार कूच रोककर महामारी के खतरे से बचाया जा सके। अभियान पर संजीदगी से कार्यान्वय शुरू हो गया है। गायत्री परिवार, शांति कुंज हरिद्वार की विस्तार योजना में बेहद महत्वपूर्ण नैमिषारण्य में श्रीराम आरण्यक का भूमि पूजन पिछले वर्ष फरवरी में हुआ था, मार्च आखिर से कोरोना आपदा के बावजूद श्रीराम आरण्यक आकार ले चुका है। समर्पित परिजनों की मशक्कत ने जंगल में मंगल कर दिया है। लॉक डाउन समाप्ति के बाद अस्थाई कुटीरों में समय-समय पर साधना शिविर भी चलाए गए हैं। तेज गति से बढ़ रहे श्रीराम आरण्यक को सेंटर बनाकर अवध क्षेत्र में हरिद्वार-आपके द्वार अभियान को प्रत्येक घर तक पहुंचाने की योजना है। अभियान पर संजीदा अमल के लिए अधिकतम परिजनों और संत समाज को जोड़ने का कार्य आरंभ हो चुका है। आरण्यक में साधु-संत-महात्मा व दंडी स्वामियों का समागम कर महाकुंभ -21 के मददेनजर विचार-विमर्श तथा हरिद्वार -आपके द्वार अभियान को सफल बनाने का उद्यम शुरू किया गया है। समागम में संतों के सम्मान के साथ गुरूदेव के विचारों व साहित्य के वितरण में सहयोग की अपील की जा री है। आरण्यक में विगत दिवस आयोजित संत समागम में सुभाष चंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी पर रक्तदान की अपील भी संत समाज ने की। संत समागम के इतर गायत्री परिवार के सैकड़ों परिजनों की भागीदारी में विश्व कल्याण के लिए सामूहिक गायत्री मंत्र के जाप व प्रार्थना सभा का आयोजन भी हुआ। आयोजन में गुरू-माता के चित्र, साहित्य तथा गंगाजल को प्रत्येक घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। ताकि महाकुंभ-21 के दौरान लोगों की भीड़ को हरिद्वार पहुंचने से रोककर कोविड से बचाया जा सके। गायत्री परिवार की ट्रस्टी प्रो. रंजना प्रवीर ने बताया कि आयोजन में सीतापुर, लखीमपुर, हरदोई, बाराबंकी, लखनऊ, शाहजहांपुर के परिजन मौजूद थे। परिजनों को स्वामी सच्चिदानंद, स्वामी विद्यानंद सरस्वती, पहला आश्रम के भरतदास, साहवी मुमुक्षा का आर्शीवचन प्राप्त हुआ। प्रो. रंजना प्रवीर ने बताया कि श्रीराम आरण्यक में अभियानी ललित दीक्षित के संयोजन में वसंत पंचमी से नियमित रूप से पांच दिवसीय साधना शिविर के आयोजन का निर्णय भी ट्रस्ट बैठक में लिया गया । श्रीराम आरण्यक के लगातार विकास तथा अन्य प्रमुख बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में ट्रस्टी सुधाकर सिंह,विपिन सहाय, एलके त्रिवेदी,अजय मिश्रा, प्रमोद शुक्ला, भगवत शरण अवस्थी, रंजना आदि प्रमुख मौजूद थे। आयोजन में श्यामजी वैश्य, विनीत सिंह, राम खेलावन शुक्ला, संजय गुप्ता, सीपी शुक्ला, प्रेम प्रकाश अवस्थी, शिव नारायण चौरसिया, मिश्री लाल मौर्या, अजय मौर्य, अवधेश वर्मा, वीके सिंह, अनिल तिवारी, अमित अवस्थी, संतोष पांडेय, अतुल मिश्रा आदि प्रमुख का प्रमुख योगदान रहा।

सपा की मासिक बैठक

## अब बूथ स्तर पर मजबूत करेंगे सपा: झीन बाबू

**रेउसा सीतापुर।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक सेवता विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेंद्र कुमार सिंह 'झीन बाबू' के सुपौली स्थित आवास पर विधानसभ अध्यक्ष सीताराम यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से बूथ स्तर तक संगठन को गति प्रदान करने पर चर्चा हुई। उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए झीन बाबू ने कहा कि जिस तरह के हालात है प्रदेश में उससे यह स्पष्ट हो गया है कि 2022 में सपा सरकार बनने के बाद ही उत्तर प्रदेश खुशहाल हो सकेगा। आज प्रदेश में अपराधों की बाढ़ आयी हुई है। मासिक बैठक को सम्बोधित करते हुए समाजवादी लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष रिजवान अहमद ने कहा कि प्रदेश का हर वर्ग आज परेशान है। किसानों की कोई सुनने वाला नही है। उन्होंने कहा कि 2022 में अखिलेश यादव के नेतृव की सरकार बनने के बाद ही बिगड़े हालात सुधरेंगे। मासिक बैठक में विधानसभा महासचिव कुद्दूस खान, सचिव प्रदीप सिंह, श्रवण कुमार निर्मल, राकेश सिंह, कफील काजी, सरवर अली, भानू सिंह, ताज मो. जगेश्वर भार्गव, विपिन कुमार, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

### कोषागार में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**सीतापुर।** जिला कोषागार कार्यालय में गुरूवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी कार्यालय के अलग-अलग पटलों के जिम्मेदारों को आयकर कटौती के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कोषागार अधिकारी जहान्वी मोहन, आयकर अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, निरीक्षक अंकुर पाण्डेय ने प्रषिक्षण दिया।

# प्रदर्शन करने जा रहे दो हजार किसानों को पुलिस ने रोका



**सिंगाही-खीरी।** तिकुनियां, सिंगाही आदि स्थानों से ट्रैक्टर, बाइक और चारपहिया वाहनों से आए दो हजार से अधिक किसानों को सिंगाही रोड पर प्रीतम पुरवा जाने वाले मार्ग पर रोंक लिया। पलियाए झंडी और ढखेरवा रोड से आने वाले किसान ब्लाक तक ट्रैक्टर से गए। उसके बाद सभी किसान एकजुट होकर पीडब्लूडी गेस्ट हाउस के पास एकत्रित हुए और एसडीएम ओपी गुप्ता को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। तिकुनियां से ट्रैक्टरों की संख्या करीब दो सौ होने के कारण प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। तिकुनियां से भारी पुलिस और तहसीलदार धर्मेंद्र पांडे की देखरेख में किसान निघासन पहुंचे। पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ और प्रभारी निरीक्षक मुस्तैद रहे। सिंगाही और ढखेरवा रोड समेत अन्य बड़े वाहनों पर कस्बे के अंदर प्रवेश करने पर पाबंदी लगा दी गई जिससे वाहनों की जाम लग गई।

## आधा दर्जन ब्लाकों में चला सृजन अभियान



**लखीमपुर-खीरी।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में जिले के बिजुआ, लखीमपुर, पसगवां, नकहा, रमियाबेहड़ आदि आधा दर्जन से ज्यादा ब्लाकों में सृजन अभियान की बैठकों का आयोजन हुआ। इसी कड़ी में ब्लाक बिजुआ की न्याय पंचायत मूडाखुर्द एन्याय पंचायत सहपुर में संगठन सृजन अभियान के तहत बैठकों का आयोजन हुआ। प्रमुख रुप से जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी सहजेंद्र दीक्षित, जिला सचिव ललित कुमार बाल्मीकि, जिला सचिव प्रभारी इंचार्ज केके मिश्रा, पीसीसी सदस्य चुन्नू लाल बाल्मीकि, आयोजक रामपाल राज, युवा नेता उदित त्रिवेदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। दोनों कार्यक्रमों में लगभग चार-चार दर्जन कार्यकर्ताओं की उपस्थिति बराबर बनी रही। मुड़ाखुर्द बैठक हिकमतनगर में हुई। सहसपुर की बैठक ग्राम भदेड़ में हुई। कार्यक्रम में कौशल कुमार गौतम, रघुनाथ प्रसाद, सालिकराम, कालूराम गौतम, शहाबुद्दीन, तुलसीराम, प्यारेलाल, जसकरन लाल, रामनिवास राठौर, रामपाल शाक्य, शिवदयाल, अजय कुमार गौतम, राम सागर, रामगोपाल शाक्य, सद्दाम हुसैन, शिवराज सिंह, मिसबाहुद्दीन कलामुद्दीन, शिव गोविंद, कैलाश चंद पटेल, प्रदीप कुमार पटेल, रिजवान अली, रामू गुप्ता, आसिफ, मोइनुद्दीन, मोहम्मद अकील, संकटा प्रसाद राज, गुलफाम जमील अहमद आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे। दोनों जगहों पर न्याय पंचायत अध्यक्ष सहित 21-21 कार्यकर्ताओं की सूची का गठन कर लिया गया।

# बाइक-ट्रक की टक्कर में चीनी मिल के केन मैनेजर की मौत

- कार सवार के डोर खोलने की वजह से हुआ हादसा
- बचने के जद्दोजहद में केन मैनेजर आए ट्रक के नीचे



संवाददाता। मैलानी-खीरी

**हादसों** का कहर अब रूकने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला मैलानी थाना क्षेत्र के कस्बा संसारपुर का है। गोला की बजाज हिन्दुस्तान शुगर मिल में कार्यरत केन मैनेजर संजीव कुमार पुत्र सत्य पाल उम्र लगभग 44 निवासी मिर्जापुर नाटेर जिला बिजनौर किसी काम से बाइक पर सवार होकर गोला से खुटार की तरफ जा रहे थे। तभी कस्बा संसारपुर में हीरो मोटर साइकिल एजेंसी के सामने खड़ी वैन के अंदर बैठे सवार किसी व्यक्ति ने दरवाजा खोल दिया। जिससे संजीव कुमार ने बाइक साइड से निकलने का प्रयास किया। इस बीच खुटार की तरफ से आ रहे ओवर गन्ने से ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में संजीव कुमार बाइक सहित ट्रक के पहिये के आ गए जिससे ट्रक के नीचे दब कर उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर भीड़ एकत्र हो गयी। सूचना पाकर संसारपुर चौकी प्रभारी सतीश चंद्र हमराह पुलिस कर्मियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। आपको बताते चले जहां एक तरफ प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ओवर लोड वाहनों निरंतर अंकुश लगाने के परिवहन व पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देश देते हैं परन्तु यह आदेश कार्यवाही के नाम पर महज खाना पूर्ति करके इतिश्री कर दी जाती है। परिवहन व पुलिस विभाग सत्ताधारी नेता प्रभाव व मोटी रकम लेकर इन ओवर लोड वाहनों व डग्गामार वाहनों के संचालन में सहयोग प्रदान करने का काम कर रहे हैं।

# किसानों के हित में है सरकार का बिल:सुनील



- बधाई समारोह का हुआ आयोजन

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**कुम्भी ब्लॉक** में आयोजित बधाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह व विशिष्ट अतिथि गोला विधायक अरविंद गिरि का स्वागत हुआ। पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजेन्द्र सिंह भदौरिया, अनिल सिंह भदौरिया, क्षेत्र पंचायत सदस्य, पूर्व प्रधान महिला व पुरुष, ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी, कर्मचारीगण व अन्य गणमान्य व्यक्ति सम्मलित हुए।सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुनील सिंह ने राज्य व केंद्र सरकार की उपयोगी नीतियों व विशेषकर किसान कानून को लेकर स्पष्ट किया कि यह कानून किसानों के पुरतया हित में है। मुख्य अतिथि ने सभा में उपस्थित सभी प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पुन: चुनाव जीतने की शुभकामनाएं प्रदान की। विशिष्ट अतिथि अरविंद गिरि ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी पूर्व प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को सरकार की नीतियों पर विश्वास करना चाहिए क्योंकि केंद्र व राज्य सरकार की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं को पूर्व सरकारों की तुलना बहुत बेहतर ढंग से जनहित में प्रचार व प्रसार किया है। सरकार का मुख्य उद्देश्य सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास है जिस कारण सरकार की समस्त योजनाएं बिना किसी भेदभाव के सभी को प्रदान की गई हैं। उन्होंने उज्ज्वला योजनाएं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाएं गन्ना किसानों का भुगतान जैसे विभिन्न विषयों पर अपने वक्तव्य दिए।

# कन्या सुमंगला योजना के प्रति किया जागरूक



**लखीमपुर-खीरी।** अनन्त जीवन की आशा व सत्यमार्ग जीवन ट्रस्ट ने मिशन शक्ति के तहत संयुक्त रूप से कन्या सुमंगला योजना के प्रचार-प्रसार हेतु जागृति अभियान चलाया। ट्रस्ट के कर्ताधर्ताओं ने घर-घर जाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने बताया कि इस योजना से लाभ लें क्योंकि यह योजना बेटियों को आर्थिक, सामाजिक, मानसिक एवं शैक्षिक रूप से मजबूत करने वाली है। यदि बेटियां बढ़ेंगे तो देश का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। ट्रस्ट चेयरमैन अरविंद कुमार बताया कि यह कार्य केवल एक व्यक्ति का नहीं है। कोई भी व्यक्ति ट्रस्ट को अपना योगदान दे सकता है। उनके साथ जिला प्रभारी अनिल कुमार सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# फूलबेहड़ व ज्ञानपुर में कांग्रेसियों ने की बैठक

- किसान कानून को वापस लेने की उठाई मांग



संवाददाता। लखीमपुर-खीरी।

**प्रदेश कांग्रेस** कमेटी के आवाहन पर श्रीनगर विधान सभा की न्याय पंचायत फूलबेहड़ एवं ज्ञानपुर में कांग्रेस की सर्जन अभियान के तहत बैठक आयोजित हुई। जिला महामंत्री प्रभारी श्रीनगर रवि तिवारी, पीसीसी सदस्य हफीज खान व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अफसर अली मौजूद रहे।

रवि तिवारी ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं केंद्र व राज्य सरकार की कुरीतियों के बारे में बताया। साथ ही यह भी कहा कि मोदी सरकार ने जो किसानों के प्रति रवैया अपनाया है लोकतंत्र में ठीक नहीं है। तत्काल प्रभाव से किसानों की मांगें मान लेनी चाहिए नहीं तो आने वाले समय में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। देश का किसान एवं नौजवान इनको माफ नहीं करेगा। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक विभाग इरफान मिर्जा, राम सिंह यादव, हफीज खां, पीसीसी सदस्य अकील खान, नरेश पाल, मोहम्मद इस्लाम, शत्रोहन लाल, शिवकुमार, रंजीत कुमार, जितेंद्र कुमार एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य रमेश कुमार आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था का आखिर जिम्मेदार कौन!

- जिला मुख्यालय में बैठने वाले अधिकारी मौन क्यों

संवाददाता। फतेहपुर

**खास हो** या फिर आम आदमी सभी के इलाज की जिम्मेदारी लेने वाला स्वास्थ्य विभाग जब खुद इलाज की बाट जोह रहा हो तो फिर ऐसे लोगों का इलाज कौन करेगा। आज ऐसे ही प्रश्न हर एक आदमी के दिमाग में गूंज रहे है। गूंजे भी क्यों ना क्योंकि इलाज करने वाला ही जब बीमार हो। ग्रामीण इलाकों की स्वास्थ्य सुविधा को मजबूत करने को लेकर प्रदेश सरकार बराबर दिशा निर्देश जारी करती आ रही है और खास हो या फिर आम आदमी सबके इलाज की समुचित व्यवस्था करने की बात बराबर दोहरा रही है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी सरकार की मंशा पर पलीता लगा रहे हैं और छोटी-छोटी बीमारियां जानलेवा साबित हो रही हैं इलाकों की गड़बड़ स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर आये दिन आवाजें उठती रहती हैं और सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्रों के अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्रों की जो स्थिति है उसे देख कर ऐसा ही लगता है कि जिले में बैठने वाले स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों नें ग्रामीण इलाकों में संचालित स्वास्थ्य सुविधाओं की ओर से अपना मुंह फेर लिया हो। यदि ग्रामीण इलाकों में संचालित स्वास्थ्य सुविधाओं की बात करें तो दस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ-साथ 11 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है इनके अलावा नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने का दावा ठोक रही हैं लेकिन जब आधे से अधिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सकों के अभाव में चल रहे हो तो फिर ग्रामीण इलाकों की स्वास्थ्य व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त कहा जाए या फिर केवल सरकारी कागजों में।

# सदर विधायक ने फतेहपुर में विद्युत ट्रान्सफार्मर रिपेयरिंग वर्कशाप खोले जाने की उठाई मांग

संवाददाता। फतेहपुर

**विधानभवन लखनऊ** में आयोजित ऊर्जा विभाग की बैठक में सदर विधायक विक्रम सिंह ने ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव अरविन्द कुमार से मिलकर जनपद की विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में पत्र देकर अवगत कराया कि जनपद में 400 केवीए तक के ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग की योजना बनाये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया कि उनकी जानकारी में विद्युत विभाग जनपद में ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग हेतु वर्कशाप बना हुआ है एवं ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग हेतु कर्मचारी भी उपलब्ध है किन्तु इसमें सिर्फ 200 केवीए तक के ही ट्रांसफार्मरों की रिपेयरिंग की जाती है। इस विषय पर अनुरोध है कि इस वर्कशाप में 400 केवीए तक के ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग हेतु विद्युत विभाग को निर्देशित किया जाये क्योंकि जनपद के शहरी क्षेत्र में 400 केवीए के दर्जनों ट्रांसफार्मर लगे हुये है जिनसे लगातार विद्युत आपूर्ति शहरी क्षेत्र में उपभोक्ताओं को की जाती है, जब कभी 400 केवीए का ट्रांसफार्मर किसी कारणवश कार्य करना बन्द कर दे तो उपरोक्त कार्यशाला से तुरन्त रिपेयर किये हुये 400 केवीए ट्रांसफार्मर को उस स्थान पर स्थापित करके विद्युत आपूर्ति कम से कम समय में बहाल की जा सके।बाकरगंज पुलिस चौकी के पीछे विद्युत विभाग की जमीन का संरक्षण एवं क्षमता वृद्धि के सम्बन्ध में अवगत कराया कि नगर क्षेत्र बाकरगंज पुलिस चौकी के पीछे विद्युत विभाग ने कई वर्ष पूर्व 11/0.44 का उपकेन्द्र बनाकर उनके आस पास के फीडरों द्वारा उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जाती थी। जिसमें ट्रांसफार्मर की क्षमता बढाने की बात भी प्रस्तावित थी, जिसके लिये पर्याप्त मात्रा में उपकेन्द्र की जमीन में अवैधानिक रूप से कब्जे हो चुके है, न तो ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत आपूर्ति का विस्तार किया गया और न ही अवैध कब्जे हटाकर विद्युत विभाग ने उस जमीन को आज तक अपने आधीन किया है। उपरोक्त विषयक में सक्षम अधिकारियों से कई बार बात की जा चुकी है किन्तु हर समय सिर्फ आश्वासन देकर टाल दिया जाता है। जैसा कि पता चला है कि इस जमीन पर बाउण्ड्री आदि का निर्माण करने हेतु प्राकलन बनाया जा चुका है किन्तु अधिकारियों की शिथिलता के कारण उस पर प्रभावी रूप से कार्य सम्पादन की व्यवस्था नहीं की जा रही है।बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र फरीदपुर उपकेन्द्र में अधिक लोड होने के कारण आय दिन लो वोल्टेज की समस्या आती है। जिससे कृषि सिंचाई आदि में गम्भीर समस्यायें बनी रहती है, जिसके कारण विगत कई वर्षो से इस उपकेन्द्र के पास के उपभोक्ताओं को विद्युत सही ढंग से नहीं मिल पा रही है। उपभोक्ताओं के विगत 3 वर्षो से बिजली आपूर्ति न हो पाने के कारण ट्यूबबेल ठप्प पड़े है। कनेक्शन धारी उपभोक्ताओं को विभाग द्वारा बिल नियमित दिया जा रहा है, जो कि न्यायसंगत नही है। इस उपकेन्द्र से आस-पास की कई ग्राम पंचायतें प्रभावित होती है।शहरी क्षेत्र के अतिआवश्यक क्षेत्रों में जिसमें शहरी आबादी बसी हुयी है में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था न हो पाने के सम्बन्ध में पत्र दिया और शहर की विद्युत व्यवस्था से अवगत कराया। जिसमें प्रमुख सचिव अरविन्द कुमार ने सदर को आश्वासन दिया कि उक्त प्रकरणों में अतिशीघ्र कार्यवाही की जायेगी। जिससे ऊर्जा सम्बन्धी होने वाली समस्याओं से निजात मिल सके।

## क्विक न्यूज

### दूसरे की जमीन का बैनामा कर पचपन लाख हड़पे

**संडीला (हरदोई)।** जालसाजों ने दूसरे की भूमि का बैनामा करके एक व्यक्ति से पचपन लाख ठग लिये। मामले की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। नगर के मोहल्ला सुम्बाबाग निवासी अतुल शुक्ला पुत्र राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला ने एफआईआर दर्ज कराते हुए कहा कि ग्राम टिकरा दाउदपुर निवासी तौफीक पुत्र बुलाकी ने उसको ग्राम तिलोइयां स्थित गाटा संख्या 107 की भूमि खरीदने के लिए कहा तथा जमीन के स्वामी मोहम्मद इदरीस पुत्र उमर निवासी ग्राम सोम को अपना रिश्तेदार बताते हुए कहा किवह उस जमीन को सस्ते भाव में दिला देगा। उक्त जमीन साढ़े बारह लाख रुपये में बचने के पश्चात 23 नम्वबर 2016 को इसकी रजिस्ट्री फर्जी आईडी लगाकर कर दी। जिसमें दो लाख इकतीस हजार का स्टाम्प पेपर लगा। इसके बाद तौफीक ने एक दूसरी जमीन स्थित ग्राम मल्हपुर खसरा नम्बर 63 को छत्तीस लाख अस्सी हजार रुपये में 28 नवम्बर 2016 को उसके नाम रजिस्ट्री कर दी। इस प्रकरण का पता तब चला जब उसने इस भूमि का दाखिल खारिज कराने के लिए तहसील से सम्पर्क किया। जब इसके बाद मो इदरीस पुत्र मो उमर ने उसके खिलाफ पुलिस को तहरीर दी कि उसकी जमीन अतुल शुक्ला द्वारा फर्जी तरीके से नामांत्रण करा ली गयी है। बाद में तत्कालीन थानाध्यक्ष ने इस मामले में सुलह समझौते के लिए उसको फोन किया। बाद में तौफीक अपने साथियों के साथ उसके रेस्टोरेंट पर गया और उसे जान से मार डालने की धमकी दी तथा स्वयं को मुख्तार अंसारी का रिश्तेदार बताया। अतुल शुक्ला के अनुसार जब उसने अपना पैसा मांगा तो तौफीक ने उसे चार लाख रुपये का एक चेक दिया जब उसने बैंक जाकर उक्त चेक को कैश कराना चाहा तो पता चला कि उसके खाते में मात्र चौदह सौ रुपये है। बाद में अतुल शुक्ला की तहरीर पर तौफीक पुत्र बुलाकी, मो इदरीस पुत्र मो उमर तथा उसके अज्ञात साथियों के विरुद्व धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर ली गयी है।

### भूमि विवाद में मारपीट

**संडीला (हरदोई)।** भूमि विवाद मे जमकर मारपीट हुई जिसमें कई लोग घायल हो गये। ग्राम रसूलपुर निवासी सुखपाल ने एफआईआर दर्ज कराते हुए कहा किवह घर के बाहर बंधी भैंस को खोलने के लिए जा रहा थां इसी बीच ग्राम निवासी सुशील वहां पहुंचा। सुशील ने उससे भूमि विवाद को लेकर गाली गलौज की। जब उसने इसका विरोध किया तो सुशील तथा उसके साथियों ने लाठी डण्डों से उसे बुरी तरह पीटा। तहरीर पर मामले की एफआईआर दर्ज कर ली है।

### महिला ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ग्राम मगदीपुर में गुरूवार की सुबह पति से लड़ने के बाद लगभग 35 वर्षीय एक महिला ने जहर खा लिया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मगदीपुर गांव निवासी सुरेश की पत्नी माया देवी का आज सुबह अपने पति से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी। जिससे गुस्से में आकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उधर सूचना पाकर पुलिस ने जिला चिकित्सालय मार्च्युरी पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में दो घायल

**बिंदकी (फतेहपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के बैरमपुर गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अमरजीत सिंह उम्र 45 वर्ष पुत्र मतौली सिंह निवासी भदवा थाना मलवा घायल हो गए। इनको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उधर नगर के मोहल्ला तहसील रोड में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सौरभ अग्निहोत्री उम्र 26 वर्ष पुत्र विजय कुमार अग्निहोत्री निवासी महाजनी गली कस्बा बिंदकी घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। दोनों ही दुर्घटनाओं के बाद हड़कंप मचा रहा। मौके पर भारी भीड़ लगी रही।

### मारपीट में 5 वर्षीया बच्ची घायल

**बिंदकी (फतेहपुर)।** बच्चों के विवाद में हुई मारपीट में एक 5 वर्षीय मासूम बच्ची गंभीर घायल हो गई। जिसको गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ऊदूपुर गांव में बच्चों के विवाद में मारपीट हो गई। मारपीट के मामले में श्रीराम यादव की 5 वर्षीय पुत्री दर्पण देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जब हालत में सुधार नहीं हुआ तो सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस मामले में मां मिथिला देवी ने बताया कि उसका पति बाहर काम करता है। वह अपने बच्चों के साथ घर में रहती है। उसने बताया कि बच्चों के विवाद में गांव के ही धीरेंद्र सिंह के परिवार के सदस्यों ने उसकी बच्ची को पीट कर घायल कर दिया है।

# भाजपा की दोगली नीति से किसान परेशान: सपा

- किसान घेरा कार्यक्रम में भाजपा सरकार पर सपा नें कसा तंज भंडारण पर घेरा

समाजवादी पार्टी

संवाददाता। चौडगरा (फतेहपुर)

**किसान बिल** के खिलाफ केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए दिल्ली में चल रहे है किसान विरोध प्रदर्शन को समर्थन दे रहे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में समूचे प्रदेश में जगह-जगह किसानों का समर्थन करते हुए बिल के खिलाफ सपा कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जहां जनपद के मौहार मजरे पाली खेड़ा, गुनीर मजरे दला खेड़ा, महरहा गांव सहित तीन सेक्टर में बिन्दकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी महेंद्र बहादुर उर्फ बच्चा सिंह के नेतृत्व में किसान घेरा कार्यक्रम के दौरान चौपाल लगाकर पार्टी की नीतियों व सपा सरकार में किए गए विकास कार्यों का बखान करते हुए। कृषि बिल पर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर तंज कसते हुये कहा की पार्टी के द्वारा किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता चाहे एंबुलेंस 108, 102, डायल 112 सहित प्रमुख योजनाएं है। जिसका स्वरूप बदलकर सरकार ने अपना नाम सम्मिलित कर दिया। कृषि बिल पर भंडारण व्यवस्था से किसानों का हित नहीं हो सकता। अनाज उत्पादन के पहले ही किसान के ऊपर कर्ज चुकाने की जिम्मेदारी आ जाती है जिसे किसान अनाज बेचकर चुकाता है। ऐसे में भंडारण व्यवस्था केवल उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाएगी जो किसान हित में नहीं है। राष्ट्रवाद के मुद्दे पर खोखली राजनीति करने वाली भाजपा सरकार आज तक पुलवामा हमले में लाए गए आरडीएक्स खुलासा नहीं हो पाया आखिर कैसे जवानों के काफिले तक आरडीएक्स पहुंचा। रोजगार, महंगाई व शिक्षा के मुद्दे पर सरकार गोलमोल जवाब दे रही है। नोट बन्दी, विदेश से काला धन लानें का दम भरनें वाली सरकार की असलियत जनता जान चुकी है। अब सरकार का झूठ जनता के सामने नहीं चल पाएगा। कई बड़े चुनाव को संपन्न कराने के बाद भी कोविड-19 का हवाला देकर विपक्ष की आवाज को सरकार दबाने का हर संभव प्रयास करती है। अब सरकार का झूठ जनता के सामने नहीं चल पाएगा। कई बड़े चुनाव को संपन्न कराने के बाद भी कोविड-19 का हवाला देकर विपक्ष की आवाज को सरकार दबाने का हर संभव प्रयास करती है। जो दुखद है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनुरूद्ध यादव विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व प्रमुख मलवाँ पिन्टू सिंह चौहान, राजेश यादव, राजेन्द्र यादव, जय सिंह, सुरेश पाल, लोहा सिंह यादव, राकेश तिवारी बापू, सत्यस्वरूप मिश्रा, संतोष निषाद, मनीष तिवारी, कल्लू तिवारी, अरूण यादव आदि उपस्थित रहे।

## बुंदेलखण्ड राष्ट्र समिति ने चलाया जागरूकता अभियान

**फतेहपुर।** जनपद के कई कालेजों में बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति ने युवा छात्रों को जागरूक करने का अभियान चलाया है। शुरुआत जिलाध्यक्ष युवाशक्ति अंशू सिंह परमार की अगुवाई में एएस इंटर कालेज ज्वालागंज और राजकीय इंटर कालेज जीटी रोड में युवा छात्रों को बुन्देलखण्ड के इतिहास और अलग राज्य के आंदोलन से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। जिलाध्यक्ष ने सभी छात्रों को भगत सिंह और चंद्रशेखर जैसा आदर्श स्थापित करने की बात कही और जनपद को चित्रकूट धाम मंडल में शामिल किए जाने की सरकार से की जा रही मांग से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जनपद को न तो पूर्वांचल बोर्ड या आयोग और न तो बुन्देलखण्ड बोर्ड या आयोग से कोई भी केंद्र और राज्य से मिल रहे विशेष पैकेज में शामिल नही किया गया। उनकी मांग है कि अधिकारों की लड़ाई छात्रों के सहयोग से तेज की जाएगी। बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति के युवा छात्र जगाओ मुहिम के प्रथम कार्यक्रम में श्रेष्ठ रस्तोगी, प्रशान्त रस्तोगी, अमित सोनी, प्रवीण गुप्ता, शिवम सोनी, करण सिंह, सचिन दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# लोकतंत्र सेनानी के अंतिम संस्कार में उमड़ा जन सैलाब



**खागा ( फतेहपुर )।** तहसील क्षेत्र के हथगाव विकास खण्ड अन्तर्गत कोतला गांव के लोकतंत्र सेनानी की लम्बी बीमारी के चलते मृत्यु हो गयी और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी प्रहलाद सिंह, सीओ थरियांव अनिल कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार सिंह सहित अनेक अधिकारियों के साथ पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। श्री मुस्ताक डीआईआर और मीसा में जेल की सजा भुगत चुके थे।खागा तहसील क्षेत्र के हथगाम विकास खण्ड अन्तर्गत मुस्ताक हुसैन उम्र लगभग 80 वर्ष पुत्र मुख्तार हुसेन की लम्बी बीमारी के चलते आकस्मिक मौत हो गयी। बताया जाता है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मो0 मुश्ताक डीआईआर और मीसा में जेल गए थे। वे लंबे समय से बीमार थे। जिनका देर रात निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी प्रहलाद सिंह, क्षेत्राधिकारी थरियांव अनिल कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार सिंह, चौकी प्रभारी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचकर नम आंखों से अन्तिम विदाई दिया। बताया जाता है कि मुलायम सिंह यादव की सरकार में उन्हें पचीस हजार रूपये प्रति माह पेंशन देने की शुरुआत की गई थी। जो आजीवन मिलती रही। उनकी पत्नी रईसुन निसा 75 वर्ष अभी जीवित हैं। लोकतंत्र सेनानी के तीन पुत्र हैं। जिनमें एक का निधन हो चुका है। अख्तर हुसैन एवं खालिद हुसैन अपने परिवार के साथ जीवन यापन कर रहे हैं। इस मौके पर तब्बन प्रधान, जयकरण सिंह, शोएब अहमद, कायमुल हक, शोएब अहमद, दिनेश कुमार, सीताराम, लोकतंत्र सेनानी शहजादे, अरुण कुमार, तनवीर कल्लू, एजाज अहमद, सुल्तान अहमद आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने चौपाल में खतौनी, कंबल, गोल्डेन कार्ड बांटे

**संवाददाता।** कानपुर देहात

● डीएम ने बेहमई गांव में चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं विद्युत, आवास, पेंशन, राशन आदि को सुन निस्तारण के दिये निर्देश

**जिलाधिकारी** डा. दिनेश चन्द्र ने सिकन्दरा तहसील क्षेत्र के ग्राम बेहमई में ग्रामीणों के साथ आयोजित चौपाल की अध्यक्षता की। जिलाधिकारी ने चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं बिजली, पानी, राशन, पेंशन, आवास आदि को ध्यान पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। वहीं जिलाधिकारी ने वरासत अभियान के तहत 211 मृतकों के वारिसानों को निःशुल्क खतौनी वितरित की। वहीं आयुष्मान भारत योजना के तहत 16 निःशुल्क गोल्डेन कार्ड वितरित किये तथा 17 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किये। वहीं 53 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किये तथा सर्दी से बचाव हेतु करीब 300 पात्र गरीब व्यक्तियों को कम्बल वितरित किये गये जिसमें कुछ साधुसंतों को भी कम्बल वितरित किये। वहीं करीब 11 विभागों द्वारा स्टाल भी लगाये गये।

जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कैम्प व स्टाल लगाकर शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी लोगों को दे तथा पात्र गरीब व्यक्तियों को योजना का लाभ भी दिलाये। उन्होंने कहा कि वरासत अभियान के तहत गांव गांव जाकर मृतक व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके वारिसानों का नाम खतौनी में दर्ज किया जाये तथा इसमें किसी प्रकार से लापरवाही न की जाये। जिलाधिकारी ने एसडीएम सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सर्दी का मौसम चल रहा है तथा गरीब व्यक्तियों को चिन्हित कर कम्बल वितरित किये जाये तथा भीड़ वाले स्थानों पर अलाव भी जलाये जाये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने भी शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी तथा पुलिस से सम्बन्धी समस्याओं को सुना तथा उनका निस्तारण भी कराया। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन भी किया गया तथा स्टालों के माध्यम से जानकारी दी दी गयी। वहीं जिलाधिकारी ने राजकीय इंटर कालेज बेहमई का निरीक्षण किया तथा उपस्थित अध्यापक अध्यापिकाओं को कडे निर्देश देते हुए निर्देशित किया कि समय से उपस्थित होकर पठन पाठन का कार्य करे तथा बच्चों को सही प्रकार से शिक्षा प्रदान करें। वहीं जिलाधिकारी ने बक्सौंधी गांव के एक किसान द्वारा कुम्हडे की खेती किये जाने पर वहां पहुंच किसान से बातचीत भी की तथा उसे पूछा कि कितना फायदा हुआ तो किसान ने बताया कि करीब 1 लाख का मुनाफा हुआ है तथा किसान ने बताया कि अगर गेंहू करते तो करीब 25 हजार का मुनाफा होता जिस पर जिलाधिकारी ने प्रसंस होकर किसान का उत्साह वर्धन किया तथा एक कम्बल भी भेट किया और कहा कि इसी प्रकार किसानों को गेंहू, धान की खेती न कर कुछ इसी तरह की खेती कर अपनी आये को दोगुना व चौगुना कर सकते है।



बेहमई गॉव में आयोजित चौपाल में महिला को कम्बल प्रदान करते डीएम

## माटीकला पुरस्कार के लिए करें आवेदन

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड' उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा माटीकला पुरस्कार योजना संचालित है इस योजना के अन्तर्गत विभाग से संचालित योजनाओं में जनपद कार्यालय में सूचीगत, पंजीकृत, वित्तपोषित कार्यरत इकाईयों जिसकी न्यूनतम उम्र 18 वर्ष पूर्व हो तथा मिट्टी के अच्छे करीगत, शिल्पी योजना के पात्र हो तो अपना वायोडाटा जिसमें इकाई का नाम, उद्योग, कार्य प्रारम्भ करने का श्रोत बैंक, निजी, उद्योग में व्यय धनराशि, उत्पादन, बिक्री, रोजगार, कार्यरत व्यक्ति की संख्या, मजदूरी, विशेष व फोटोग्राफके साथ अपना आवेदन पत्र पूर्ण कर दिनांक 11 जनवरी 2021 को कार्यालय दिवस सायं 2 बजे तक जमा करें। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने दी है।

# डीएम ने शासन के 37 बिन्दुओं के विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा, दिये निर्देश



**कानपुर देहात** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने कलेक्टेट सभाकक्ष में शासन के 37 बिन्दुओं के विकास व निर्माण कार्योए सरकार के 4 वर्ष पूर्ण हो रहे पर बुकलेट बनाये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन के 37 बिन्दुओं के विकास व निर्माण कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कार्य करे तथा जिस विभाग द्वारा लापरवाही बरती जायेगी तो उस विभाग के अधिकारी के खिलाफ कडी कार्यवाही करते हुए शासन को अवगत कराया जायेगा।

उन्होंने कहा कि जो निर्माण कार्य अधूरे पडे है उनके समय सीमा के अन्दर पूर्ण कराये इसमें किसी प्रकार की लपरवाही न की जाये। वहीं जिलाधिकारी ने सरकार के 4 वर्ष पूर्ण हो रहे के लिए जनपद से विधानसभावार विभिन्न विभागों के द्वारा किये गये विकास कार्यो व निर्माण कार्यो की सूचना हर हाल में समय से उपलब्ध कराये अगर इस कार्य में किसी भी विभाग द्वारा की जाती है तो बर्दाशत नही की जायेगी। इस मौके पर अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सीडीओ सौम्या पाण्डेयए डीएसटीओ शीश कुमारए अपर डीएसटीओ अजय वीर सिंहए जिला सूचना अधिकारी वीएन पाण्डेयए सीएमओ डा0 राजेश कटियारए डीएफ्ओ डा0 ललित मोहन गिरीए डीसी मनरेगा हरीशचन्द्रए पीडी दिनेश यादवए उप निदेशक कृषि विनोद कुमार यादवए जिला कृषि अधिकरी सुमित पटेलए श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनीत त्रिपाठीए जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार आदि विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चला चेकिंग अभियान बिना पंजीयन वाले ई-रिक्शों को किया गया सीज

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** कायमगंज नगर सहित लगभग पूरे जनपद के हर शहर और कस्बे में ई रिक्शों की भरमार के कारण प्रायः हर मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित होता है। कायमगंज नगर में व उसके बाईपास मार्ग पर उप जिलाधिकारी सुनील कुमार यादव के निर्देशन में यातायात कर अधिकारी बीके आनंद एवं प्रभारी निरीक्षक डॉ0 विनय प्रकाश राय ने पुलिस बल के साथ चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान में लगभग अट्ठारह ई-रिक्शा पकड़ कर उन्हें सीज कर दिया गया। वीके आनंद ने बताया कि इनमें से ऐसे ई-रिक्शा को रिलीज कर दिया जायेगा। जिनके चेचिस नंबर जांच में सही पाए जाएंगे। इन ई रिक्शों का पंजीयन भी हो जाएगा। किंतु चेचिस नंबर ना होने की स्थिति वाले रिक्शे मुक्त नहीं हो पाएंगे क्योंकि यह किसी कंपनी द्वारा मानक के सापेक्ष न होकर जुगाड़ से बनाए जाते हैं। जो यातायात नियम के अनुकूल नहीं होते। उनके अनुसार जनपद में लगभग 600 ई रिक्शा उपलब्ध है। नियमानुसार स्थानीय स्तर पर सभी को पंजीयन कराना चाहिए। यदि ऐसा नहीं कराते तो वह सभी कार्यवाही की जद में आ सकते हैं।

# नानचून महराजगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बने



**महराजगजं रायबरेली।।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य और कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, पूर्व प्रमुख, वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य राम शंकर चौधरी के पुत्र प्रदीप चौधरी उर्फ नानचून को महराजगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कृपा शंकर शर्मा की अध्यक्षता में कस्बे के सुविख्यात दानेश्वर मंदिर प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पंकज तिवारी और विशिष्ट अतिथि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव सुशील पासी रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कांग्रेसियों ने अपने नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। आपको बता दें कि, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी और प्रदेश सचिव सुशील पासी ने मौजूदा सरकार की जनविरोधी नीतियों और नीतियों की जमकर बखिया उधेड़। दोनों नेताओं ने संसद में पास हुए तीनो बिलों को किसान विरोधी बताते हुए भाजपा सरकार को किसान विरोधी करार दिया है। इस मौके पर राज कुमार दीक्षित, साहब शरण पासी पूर्व प्रत्याशी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कृपाशंकर शर्मा, अजीत सिंह विधानसभा प्रभारी, मीना मिश्रा राम शंकर चौधरी पूर्व ब्लाक प्रमुख, हौसला प्रसाद तिवारी, भरत मिश्रा, इरशाद आलम , आशुतोष सिंह प्रिंसू वैश्य दिनेश मिश्रा राहुल सिंह, रितेश त्रिवेदी, हनोमान जायसवाल समेत सैकड़ों कांग्रेसियों ने नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया।

# केएनआईपीएसएस में ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली पर हुआ सेमिनार

**सुल्तानपुर।** केएनआईपीएसएस प्रबंधन संकाय फरीदीपुर में ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली पर गुरुवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया। छात्रों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रबंध संकाय के निदेशक प्रोफेसर डॉ.एसडी शर्मा ने एमबीए एवं बीबीए के छात्र छात्राओं को ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की।

श्री शर्मा ने ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली पर चर्चा करते हुए बताया कि जब भी हमारे देश में कोई भी बदलाव किया जाता है, चाहे वह शिक्षा हो या टेक्नोलॉजी का क्षेत्र हो। हम सभी को परिवर्तन स्वीकार करना चाहिए। ठीक उसी प्रकार से ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली में ऑनलाइन माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने का भी एक नया दौर शुरू हो गया है तो यह हम सभी की एक जिम्मेदारी है कि ऑनलाइन शिक्षा पद्धति के फायदे व नुकसान को समझे और शिक्षा के क्षेत्र में ऑनलाइन माध्यम का बेहतर ढंग से प्रयोग करें। वहीं संस्थान के प्रोफेसर माधवेंद्र सिंह ने बताया कि ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली का भारत के अलावा अन्य देशों में पहले से बेहतर ढंग से प्रयोग किया जा रहा था, लेकिन इस कोरोना काल में भारत में हर एक वर्ग,व्यापार,रोजगार,शिक्षा में प्रयोग शुर हो गया है। अगर शिक्षण व्यवस्था की बात की जाय तो अभी कंप्यूटर ज्ञान के अभाव के कारण लोग प्रयोग करने से परहेज करते है। इस आधुनिकता के दौर में ऑनलाइन शिक्षा का प्लेटफार्म एक कारगर हथियार साबित होने वाला है। इस मौके पर डॉ.निखिल श्रीवास्तव, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ.टीनू कौर, डॉ.इंद्रजीत कौर, डॉ.राम सागर सिंह, मैथ्यू भास्कर सिंह, राहिबा भास्कर सिंह, विनीशनाथ ओझा, माधवेंद्र प्रताप सिंह, आलोक कुमार, रितु बरनवाल एवं आनंद कुमार सिन्हा आदि मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी की सरकार के कार्यकाल में किया गया शिक्षकों का हित

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी सदैव शिक्षकों के सम्मान के लिए सकल्पित रही है। शिक्षामित्रों का समायोजन, वित्तविहीन शिक्षकों का मानदेय, अधिक संख्या में नये विद्यालयों का सृजन कर रोजगार उपलब्ध कराने का अवसर आदि अनेकों कल्याणकारी योजनाऐं समाजवादी पार्टी की सरकार के कार्यकाल में लागूकर शिक्षकों का हित किया गया। उक्त उद्गार समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने समाजवादी शिक्षक सभा के नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्षों को मनोनयन पत्र देते हुए व्यक्त किये। इस अवसर पर समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष जे0पी0 यादव ने मनोनीत ब्लाक अध्यक्षों से कहा कि ब्लाक कमेटी गठित कर विधान सभा क्षेत्रों के सभी बूथों तक प्रभावशाली ढंग से समाजवादी पार्टी को सक्रिय, सुदृढ़ एवं विस्तार कराने का परिश्रम पूर्वक कार्य करना है।

# चालीस फीसद खाते एनपीए डीएम ने की वसूली की तैयारी

**फर्रुखाबाद ।** बेरोजगार युवाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए बैंकों की ओर से मुद्रा योजना के तहत ऋण देने वाले 40 फीसदी लाभार्थी पैसा डकारकर बैठ गए। जनपद में योजना के तहत अभी तक ऋण लेने वाले कुल 11358 में से 4744 के खाते बैंकों की एनपीए बुक का हिस्सा हो चुके हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा के 80 फीसद खाते एनपीए हो गए हैं। बैंकों का करोड़ों रुपये डूबने की कगार पर पहुंच गया है। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने अब इस डूब रही रकम की रिकवरी के लिए वसूली के निर्देश दिए हैं।

वर्ष 2015 में शासन की ओर से दुकानदारोंए व्यापारियोंए विक्रेताओं और सेवा क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को तेज करने के लिए मुद्रा ऋण योजना शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य बेरोजगार युवाओं और पहले से काम कर रहे छोटे उद्यमियों को मदद करना था। योजना के अंतर्गत तीन प्रकार के ऋण दिए गए। शिशु ऋण के तहत 50 हजार रुपये, किशोर लोन के तहत पांच लाख रुपये तक और तरुण ऋण के तहत पांच से दस लाख के बीच के ऋण की व्यवस्था की गई। योजना के तहत कामर्शियल वाहन की खरीदए सर्विस सेंटर की स्थापनाए खाद्य एवं प्रसंस्करण गतिविधियां, कृषि संबंधी गतिविधियां आदि अनुमन्य थीं। शुरुआती दौर में बैंकों ने मुद्रा योजना के तहत गारंटी का कोई प्राविधान न होने के कारण ऋण देने में आनाकानी की। हालांकि शासन और प्रशासन के दबाव में बैंकों ने ऋण देना शुरू किए। अभी तक जनपद में 11358 लोगों को मुद्रा योजना के तहत ऋण उपलब्ध कराए जा चुके हैं। हालांकि अब तक इनमें से 4744 उद्यमी डिफाल्टर की श्रेणी में आ गए हैं। इन खातों में दी गई धनराशि को बैंकों ने श्नॉन पर्फार्मिंग एसेट्सश् की श्रेणी में डाल दिया है। अकेले स्टेट बैंक का ही 6.78 करोड़ और आर्यावर्त ग्रामीण बैंक का 25.45 करोड़ डूबने की कगार पर है। बैंक ऑफ बड़ौदा के तो 80 फीसद खाते एनपीए हो गए हैं। हाल में हुई समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने इस स्थिति पर कड़ी आपत्ति जताई है और अब बैंकों से एनपीए खातों का तहसीलवार विवरण तलब किया है जिससे राजस्व अधिकारियों के माध्यम से बैंकों की डूबी हुई धनराशि की वसूली का प्रयास किया जा सके। बैंक.कुल ऋण.एनपीए- एसबीआइ.565.121,सीबीआइ.112.60, एजीबी.8425.3978,बीओबी.95.76आंध्रा.50.02,यूनियन.214.45,सिडीकेट.191.101,इंडियन.15.02,बीओआइ.1210.245,पीएनबी.180.41,यूको.55.10,इलाहाबाद.112.23,ओबीसी.23.07,केनरा.18.03,आइडीबीआइ.23.08,कुल.11358.4744।

## क्विक न्यूज

### निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक 15 जनवरी को

**कानपुर देहात।** मा. आयोग के निर्देशों की जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज वर्मा ने बताया कि अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2021 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक 15 जनवरी 2021 को जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 205- रसूलाबाद (अ0जा0), 206-अकबरपुर रनियां, 207- सिकन्दरा तथा 208- भोगनीपुर के प्रत्येक मतदान स्थलो पर कराया जा रहा है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों को जनसामान्य की सुविधा के लिए संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (तहसील कार्यालय) तथा प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर कार्यालय समय में निःशुल्क देखी जा सकती है।

### आईटीआई में प्रवेश की अन्तिम तिथि 16 जनवरी तक बढ़ी

**कानपुर देहात।** जनपद में संचालित राजकीय आईटीआई में प्रवेश की अन्तिम तिथि 16 जनवरी 2021 तक विभाग व शासन के निर्देशानुसार बढ़ा दी गयी है। पूर्व से आवेदन किये हुए अभ्यर्थी स्वयं उपस्थित होकर नियमानुसार प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण कराते हुए प्रवेश ले सकते है। यह जानकारी नोडल प्रधानाध्यापक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ज्योति किरन टोप्पो ने दी है। आधा दर्जन छात्रों को ऑन लाइन पढ़ाई को दिये स्मार्ट फोन ऑन लाइन शिक्षा प्रणाली के तहत चल रहे शिक्षण कार्य को आधा दर्जन छात्र स्मार्ट फोन ना होंने के चलते कर नही पा रहे थे। जिसके चलते विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ0 विशाल अग्रवाल नें आधा दर्जन छात्रों को स्मार्ट फोन उपलब्ध कराये। जिससे छात्रों के चेहरे खिल उठे। प्रधानाचार्य आरसी पांडेय, पूर्व छात्र ले0 कर्नल सर्वेश सिंह यादव, ले0 कर्नल नीरज श्रीवास्तव, एलुमनी एसोसिएशन अध्यक्ष संजय तिवारी, अनिल श्रीवास्तव, अनिल प्रताप सिंह, विमल राठौर, शिक्षक केसी कुशवाह, संजीव कुमार, राकेश शुक्ला, आशीष राठौर, बलराम सिंह, अरुण कुमार आदि रहे। संचालन अध्यापिका सोनल गुप्ता नें किया।

### सपा सुप्रीमो के जन्मदिन को लेकर सौपीं गई जिम्मेदारी

**फर्रुखाबाद।** बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती के जन्मदिन को पार्टी कार्यकर्ता बनानें की पूरी तैयारी में हैं। जिसके लिए पदाधिकारियों की बैठक कर अवश्यक निर्देश और जिम्मेदारी दी गयीं। फतेहगढ़ के भोलेपुर स्थित एक गेस्ट हाउस में बसपा की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य सेक्टर प्रभारी कानपुर मंडल हेमंत प्रताप सिंह, मुख्य सेक्टर प्रभारी दीप सिंह, प्रवेन्द्र शंखवार रहे। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के साथ ही बसपा सुप्रीमो के जन्मदिन को लेकर भी जरूरी दिशा निर्देश दिये गये। जिसमे पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां भी दी जन्मदिन को लेकर भी जरूरी दिशा निर्देश दिये गये। जिसमे पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां भी दी गयीं। जलाध्यक्ष नगेन्द्र पाल जाटव, सेक्टर प्रभारी राजकुमार गौतम, शिव कुमार गौतम, देश राज शाक्य, विमल वेगी, डॉ0 अकलीम अहमद, सत्यपाल जाटव, सुभाष गौंतम आदि रहे।

### तीन किलोमीटर की परिधि में लगेगा मेला रामनगरिया

**फर्रुखाबाद।** आगामी दिनों में शुरू होंने जा रहे माघ मेला रामनगरिया की जिला प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी हैं। समतलीय करण के साथ ही मंच निर्माण का कार्य भी जोरों पर हैं। शहर के पांचाल घाट गंगा तट पर वर्षों से लगने वाले मेला रामनगरिया को लेकर जिला प्रशासन नें व्यवस्था को बनने का कार्य शुरू कर दिया है। पहले पूरे मेला क्षेत्र का समतलीय करण किया जा रहा है। उसके बाद पांचाल आदि का कार्य भी तेज होगा। फिलहाल संस्कृति पांडाल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष पांडाल मंच की लम्बाई भी बढ़ाई गयी है। इसके साथ ही पिछले वर्ष मेला क्षेत्र लगभग 2 किलोमीटर में बसाया गया था। जबकि इस वर्ष कोरोना के चलते मेला क्षेत्र का दायरा एक किलोमीटर अधिक बढ़ा दिया गया है। जिससे अब मेला लगभग 3 किलोमीटर के दायरे में लगेगा। मेला व्यवस्थापक संदीप दीक्षित ने बताया कि पांडाल वाटरप्रूफहोगा जो बारिश के दिनों में किसी तरह की कोई असुविधा ना हो। जगह-जगह हैंड पंप व शौचालय बनाने की व्यवस्था भी शुरू हो गई है।

### चाचा को निसंतान दिखाकर भतीजी ने हड़प ली लाखों की जमीन

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कंपिल थाना क्षेत्र के गांव जिनौल में भतीजी ने चाचा को राजस्व अभिलेखों में निरूसंतान दिखाकर लाखों रुपये की जमीन हड़प ली। वरासत खुद के नाम दर्ज कराकर बेच दी। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री के पोर्टल पर की गई है। गांव जिनौल निवासी रामस्वरूप की मौत हो चुकी है। उनके एक पुत्र रामनरेश है। राजस्व अभिलेखों में रामनरेश के नाम वरासत दर्ज नहीं हो सकी। इससे पहले रामस्वरूप की भतीजी ने क्षेत्रीय लेखपाल व अन्य कर्मचारियों से साठगांठ कर खुद को चाचा का वारिस बताकर अभिलेखों में वरासत दर्ज करा ली। करीब 13 बीघा भूमि भतीजी ने एक अन्य व्यक्ति को बेचकर रजिस्ट्री कार्यालय में बैनामा कर दिया। जानकारी पर यह आरोप लगाकर पुत्र रामनरेश ने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।


### अंक नहीं छात्र का सर्वांगीण विकास भी जरूरी

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ के केन्द्रीय विद्यालय में ब्रिगेडियर राजीव पुरी का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान ब्रिगेडियर पुरी नें कहा की छात्र के जीवन के परीक्षा परिणाम के अंकों से ज्यादा उसका सर्वागीण विकास जरूरी है। जिससे वह जीवन की दौड़ में बहुत आगे जा सकें। विदाई समारोह में शामिल होनें केन्द्रीय विद्यालय पंहुचे ब्रिगेडियर राजीव पुरी नें विद्याली परिसर में लगीं महात्मा गाँधी, डॉ0 सर्व पल्ली राधाकृष्णन, रविन्द्र नाथ टैगोर, पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम की प्रतिमाओं का लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जो देश शिक्षित है वही प्रगति करता है। शिक्षा सबको मिली चाहिए। ज्ञान बढ़ानें से बढ़ता है ज्ञान कोई छीन नही सकता। उन्होंने कहा कि पूर्व में देश शिक्षा प्रणाली में कुछ पिछड़ा था। लेकिन अब धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के लिए बच्चो को केबल अंक लाना ही जरूरी नही बल्कि सामान्य ज्ञान व खेलकूद समेत हर क्षेत्र का ज्ञान जरुरी है।

### स्कूल से सामान चोरी

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव कुबेरपुर स्थित परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में चोर बाल बाउंड्री फांद कर अंदर घुस गए। प्रवेश करने के बाद शातिर चोरों ने विद्यालय के रसोईघर, शिक्षण कक्ष, स्टोर रूम, कार्यालय कक्ष सभी के ताले तोड़ दिए। प्रातः पहुंचे प्रधानाध्यापक वसीमउद्दीन खां अस्त-व्यस्त पड़े सामान तथा टूटे ताले देखकर दंग रह गए। इसके तुरंत बाद प्रधानाध्यापक ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर अवगत कराया कि चोरों ने विद्यालय में रखी विज्ञान किट, गणित किट, खेलकूद किट तथा आठ बड़े साइज की बाली चटाई ,मिड डे मील की स्टील प्लेटें ,फाइबर प्लेट व कटोरिया ,दो दर्जन चाइना बोन कप, चायना बोन केतली एवं ?5000 मूल्य के सैनिटाइजर आदि सामान चुरा लिया ।सूचना मिलने के उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना का निरीक्षण कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है।

# बौद्ध तीर्थस्थल को पर्यटन स्थल का दर्जा मिलने की उम्मीद बढ़ी



**फर्रुखाबाद।** प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ स्थल संकिसा को इस वर्ष पर्यटन स्थल घोषित किए जाने की उम्मीद है। यदि ऐसा हुआ तो संकिसा के विकास में चार चांद लग जाएंगे। हालांकि अभी विदेशी श्रद्धालुओं की ओर से बने मठ.मंदिर ही यहां की शोभा बने हैं। संकिसा स्थित धार्मिक स्थल पर देश, दुनिया के बौद्ध श्रद्धालु शांति की अनुभूति पाने आते हैं। सपा शासन में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संकिसा के विकास के लिए 500 एकड़ से अधिक भूमि मांगी थी। इसका प्रस्ताव भी तत्कालीन जिलाधिकारी एनकेएस राठौर ने भेज दिया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री ने संकिसा के कायाकल्प का वायदा धर्मगुरु दलाईलामा से संकिसा में भेंट के दौरान किया था। कांग्रेस शासन में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा भी आ चुके हैं। हाल ही में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी संकिसा आकर विकास का वायदा किया था। इससे अब इस साल संकिसा को पर्यटन का दर्जा मिलने की आस जागी है। विधायक सुशील शाक्य ने बताया कि फिलहाल संकिसा डाक बंगले से धार्मिक स्थल तक सड़क के चौड़ीकरण का काम चल रहा है। संकिसा के विकास के लिए वह गंभीर हैं। उम्मीद है कि इस दिशा में सफलता मिलेगी।

### कंपिल व श्रृंगीरामपुर को भी मिल सकता है तोहफा

तीन वर्ष पूर्व तत्कालीन पर्यटन मंत्री रीता बहुगुणा जोशी ने यहां आकर वायदा किया था कि वह जैनतीर्थ स्थल व महाभारत कालीन नगरी कंपिल एवं संकिसा को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाएंगी। श्रृंगी ऋषि की तपोस्थली श्रृंगीरामपुर को पहचान दिलाने के लिए जनप्रतिनिधि भी प्रयासरत हैं। जिससे उम्मीद है कि इन स्थानों का भी कायाकल्प होगा।

# एसडीएम ने जमालपुर और गौरी बेरिया गौशालाओं की जांची हकीकत



● निराश्रित मवेशियों के चारा-पानी में गड़बड़ी पर मिलेगा कड़ा दंड

**घाटमपुर।** मुख्य मंत्री के कड़े निर्देशों के बाद अधिकारी लगातार क्षेत्र की गौशालाओं का निरीक्षण करने के साथ उनकी जमीनी हकीकत परखने का अभियान सा चला रखा हैं बीते बुद्यवार को मुख्य बिकास अधिकारी महेन्द्र कुमार ने क्षेत्र के गांव रेवना और बरनॉव की गौशालाओं का निरीक्षण करने के बाद आज उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव भी कोरियॉ के मजरा जमालपुर पंहुचे और वहॉं की गौशाला का निरीक्षण किया तथा शीत लहर को देखते हुए उन्होंने मवेशियों को ठंड से बचाने के लिये अवश्यक उपाय किये जाने का निर्देश दिया। इसके बाद उप जिलधिकारी गांव गौरी बेरिया की गौशाला की हकीकत जॉंची, उन्होंने यहॉं भी शीत से बचाव तथा गोवंशों के लिये चारा-पानी की व्यवस्था के आदेश ग्राम प्रधान को दिये। इस मौके पर गौशालाओं में लगे मजदूरों को मानदेय न मिलने की शिकायत पर आवश्यक कार्यवाही आश्वासन दिया। उनके साथ पशु चिकित्सा अधिकारी घाटमपुर भी थे।

# सीएनजी बसें बंद होने से मैजिक संचालकों की चांदी

● विधायक ने भी कमिश्नर से भेंट कर सीएनजी बसें चलाने की मांग

● कोविड-19 के चलते 10 माह से बन्द हैं सीएनजी बसें



बस स्टैण्ड के बाहर सवारियां बैठती मौजिक

**घाटमपुर।** कानपुर रुट पर चलने वाली सीएनजी बसों के बन्द होने से जहॉं आवागमन में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है वहीं डग्गामार वाहन संचालक यात्रियों से मनमाना किराया वसूल कर लोगों की जेब हल्की कर रहे हैं। बताया जाता है कि बीते 10 माह पहले कोरोना-19 के चलते इस मार्ग पर चलले वाली करीब तीन दर्जन सीएनजी बसें बन्द कर दी गयी थी जो अभी भी बंन्द है। उधर घाटमपुर बस स्टैण्ड के बाहर घाटमपुर-नौबस्ता चलने वाली मैजिकें व आटो रिक्सा स्टैण्ड बनाये हुए हैं तथा बस स्टैन्ड से लेकर चौराहे तक डग्गामारी करने वाली मैजिकों और आटो रिक्सा वालों की धमा चौकड़ी और बीच सड़क में खड़ी होकर सवारियॉं बैठाने व उतारने के चलते दिन भर जाम जैसे हालात बने रहते हैं तथा यात्रियों का पैदल चलना दुश्वार हो रहा है और कोतवाली पुलिस तब बस स्टाप पर नजर आती है जब कोई उनके बिभाग के आला अधिकारी को आना होता है।

बस स्टाप के सामने कानपुर रोड के अलावा हमीरपुर और मूसानगर रोड पर चलने वाली मैजिके व आटो रिक्सा वाहर सड़क पर खड़े होकर बुला बुला कर सवारियॉं बैठाते रहते हैं जिसके चलते पैदल यात्री जान जोखिम में डाल यमदूतों के आगे चलने को बिवश रहते है, वैसे तो नगर के मुख्य चौराहे पर आये दिन जाम जैसे हालत बने रहते हैं और जुम्मेदार जाम से निजात दिलाने के बजाय सार्ट कट रास्ता अपना कर निकल जाते है। केवल आम जन मानस व बाहर से आने-जाने वालों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। यदपि क्षेत्रीय बिधायक उपेंन्द्र नाथ पासवान ने बीते दिनों कमिश्नर डा0 राज शेखर से भेट कर उन्हे कानपुर रोड की बन्द सीएनजी बसें चलने की मॉंग की थी, शायद अन्य जन प्रतिनिधियों की तरह उनकी भी ये पहल रद्दी की टोकरी में पड़ी रह जायेगी।

## बांदा में सड़क निर्माण को लेकर खूनी संघर्ष

# जमकर हुई फायरिंग, धारदार हथियार भी चले, एक की मौत

**बांदा।** जनपद के गिरवां थाने के खुरहंड गांव के पूर्व प्रधान के बेटे अजीत सिंह की गुरुवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। विवाद जिला पंचायत निधि से निर्माणाधीन सड़क को लेकर हुआ था। गोली लगने से करीब लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हत्या की सूचना पर एसपी, एएसपी समेत कई थानों का फोर्स गांव पहुंच गया। बांदा। जनपद में कानून व्यवस्था की उड़ाई धज्जियां सत्ता पक्ष की हनक के चलते एक पक्ष ने जबरन निजी भूमि पर आम रास्ते की आरसीसी रोड बनवाने का किया प्रयास जिस पर भूमिधर लोगों ने किया विरोध। इसके चलते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में 2 घंटे लगातार हुई फायरिंग हुई। खूनी संघर्ष सदर विधायक और जिला पंचायत अध्यक्ष के सहयोगी भाजपाई अजीत





सिंह को लगी गोली जिसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दोनों पक्षों में लगभग एक दर्जन लोग हुए घायल जमकर लाठी-डंडे चले और फायरिंग हुई। इस दौरान कुछ लोगों के छर्रे लगे कुछ लाठियों से घायल हो गए। खूनी संघर्ष से चारों तरफ चीख.पुकार मच गई। सूचना पाते ही जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक सब कुछ खत्म हो चुका था एक व्यक्ति की मौके पर जान चली गई घायलों को जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया लगभग आधा दर्जन लोगों को कानपुर रेफर किया गया है। हालांकि अप्पर पुलिस अधीक्षक ने इस मामले की पुष्टि की है मृतक का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम की बात कही है और कुछ घायलों को कानपुर रेफर करने की बात कही है। आपको बताते चलें कि बांदा विधानसभा के खुरहंड ग्राम में यह आरसीसी रोड का निर्माण चल रहा था अचानक इसमें खूनी संघर्ष और भीषण गोलीकांड सामने आ गया विधायक प्रकाश दुबे दी जी के ठेकेदार को गोली लगी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई आमने सामने 2 घंटे तक भीषण गोलीकांड होता रहा चीख.पुकार चित्कार आवाजें आती रही जब आला अधिकारी मौके पर चारों तरफ से घेराबंदी की तब तक हत्यारी मौके से फरार हो गए घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया मृतक को पोस्टमार्टम हेतु पंचनामा करके मेडिकल कॉलेज भेजा गया और लगभग आधा दर्जन लोगों को कानपुर रेफर किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) महेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि गिरवा थाना क्षेत्र के खुरहण्ड गांव में एक सड़क के निर्माण को लेकर वर्तमान ग्राम प्रधान के पति अनूप सिंह और पूर्व ग्राम प्रधान छत्रपाल सिंह के बेटे अजित सिंह (37) के बीच कहासुनी हो गई थी।

# 2022 में सपा बनायेगी यूपी में पूर्ण बहुमत की सरकारः अखिलेश

- धर्म नगरी चित्रकूट के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे पूर्व सीएम ने योगी सरकार पर जमकर बोला हमला
- बदायू कांड ने देश को किया शर्मसार



पूर्व सीएम अखिलेश यादव का स्वागत करते सपाई।

**चित्रकूट।** आगामी विधानसभा चुनाव के मददेनजर समाजवादी पार्टी संगठनात्मक ढांचा मजबूत करने में जुट गई है। कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने के लिए गुरूवार को धर्म नगरी चित्रकूट के दो दिवसीय दौरे पर आये समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का हवाई पटटी पहुंचने पर सपाईयों ने पुष्प गुच्क्ष देकर किया। इस दौरान सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कानून व्यवस्था को लेकर सूबे की योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। यादव ने कहा कि योगी सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। लगातार बढ रहीं हत्या,लूट और बलात्कार की घटनाओं से पूरे प्रदेश की जनता त्रस्त है। उन्होने दावा किया कि 2022 के विधानसभा चुनाव में यूपी से भाजपा सरकार का सफाया होगा और पूर्ण बहुमत से सपा की सरकार बनेगी।

धर्म नगरी चित्रकूट के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव का हवाई पटटी पर समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. बी पांडेय के नेतृत्व में राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद विश्वभंर निषाद, सपा प्रवक्ता एमएलसी सुनील सिंह साजन, जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव, पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल, श्यामाचरण गुप्त, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, पूर्व प्रत्याशी डा. निर्भय सिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिव शंकर यादव, शिक्षक सभा के राष्ट्रीय महासचिव जर्नादन यादव,राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप यादव आदि दर्जनों सपाईयों ने पुष्प गुच्क्ष देकर स्वागत किया। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने दावा किया कि 2022 में होने वाले उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि किसान विरोधी भाजपा सरकार को सड़क पर ले आएंगे और यह सरकार जाएगी तभी लोकतंत्र बचेगा।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का किसान बिल किसानों का डेथ वारंट है। यह विधेयक केवल पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाला है। भाजपा सरकार लगातार किसानों का तिरस्कार कर रही है। सपा मुखिया का कहना है कि किसानों के हितों की अनदेखी करने वाला जो कृषि विधेयक भारत सरकार लाई है, उससे किसान अपनी जमीन का मालिक न रहकर मजदूर हो जाएगा।

कृषि उत्पादन मण्डी की समाप्ति और विधेयक में न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलना सुनिश्चित न होने से किसान अब अपनी फसल औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर होगा। गेहूं, धान की फसल को आवश्यक वस्तु अधिनियम से हटाये जाने से किसान को बड़े आढ़तियों और व्यापारिक घरानों की शर्तों पर अपनी फसल बेचना मजबूरी होगी। समाजवादी पार्टी किसानों की आवाज दबने नहीं देगी।

## डीएम ने लोनिवि के अधिशासी अभियंता से किया जवाब-तलब

**हमीरपुर।** शासन की प्राथमिकताओं एवं विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक डीएम डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने सरीला से पुरैनी होते हुए मुस्करा मार्ग के अभी तक गड्ढामुक्त ना होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी से स्पष्टीकरण मांगा है उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर सभी सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाए। डीएम ने कहा कि कृषकों को दिए जाने वाले सोलर पंपों का नेडा द्वारा शत-प्रतिशत सत्यापन किया जाए तथा आपूर्ति करने वाली संबंधित कंपनी एजेंसी से संपर्क कर सोलरपंप शीघ्र वितरित कराया जाए। सभी गौशालाओं में अनिवार्य रूप से चौकीदार रखे जाय इसमें किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित खंड विकास अधिकारी और पशु चिकित्सा अधिकारी की जिम्मेदारी तय होगी तदनुसार कार्रवाई की जाएगी। 100: अन्ना पशुओं का टीकाकरण तथा ईयरटैगिंग की जाय।

## तीन फरार हत्यारोपितों के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

संवाददाता। बांदा

**शहर के** चर्चित तिहरे हत्याकांड के फरार तीन आरोपितों के घरों में जहां पुलिस ने कुर्की की नोटिस चस्पा की है। वहीं माइक से सूचना जारी करते हुए मुनादी भी कराई है। पुलिस को देखकर मोहल्ले में भीड़ लगी रही है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला परशुराम तालाब चमरौडी निवासी सिपाही अभिजीत उसकी मां रमा व बहन निशा की 20 नवंबर की रात उसके ताऊ के लड़कों व रिश्तेदारों ने धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने सिपाही के भाई की तहरीर पर पुलिस ने 15 नामजद समेत दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। बाद में पुलिस ने टापटेन अपराधी सोमचंद समेत 12 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। घटना में शमिल हत्यारोपित सूरज धर्मेंद्र व उसकी पत्नी शिववती फरार चल रहे हैं। पुलिस न्यायालय के आदेश पर बुधवार को हत्यारोपितों के मोहल्ले परशुराम तालाब पहुंची। वहां कोतवाली निरीक्षक जय श्याम शुक्ल ने फरार हत्यारोपितों के घरों के बाहर कुर्की की नोटिस चस्पा किया।

माइक से उन्होंने उद्घोषणा किया कि फरार हत्यारोपितों के विरुद्ध कुर्की के पहले 82 की कार्रवाई पूरी की गई है। यदि समय रहते उनकी गिरफ्तारी नहीं होती तो घरों में कुर्की की कार्रवाई पूरी की जाएगी। इस दौरान ढोल से मुनादी भी पूरे क्षेत्र में पिटवाई गई। जिससे फरार हत्यारोपितों तक पुलिस की ओर से हुई कार्रवाई की सूचना पहुंच सके। कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि अगले चरण में अब सिर्फ कुर्की होना शेष बचा है।

### मौदहा बांध में जंगलराज कायम

## अभियंताओं की लापरवाही के चलते सैकड़ो बीघा फसल हुई जलमग्न

**हमीरपुर।** स्थानीय सिचाई विभाग के मौदहा बांध विभाग में जंगलराज कायम है, विभाग में अधिशासी अभियंता का कार्यभार किसी के पास नही है।आज मुस्करा ब्लाक के चिल्ली गांव में विभागीय कर्मियो की लापरवाही के चलते नहर का पानी भर जाने से सैकड़ो बीघा फसल जलमग्न हो गयी है आज सैकड़ो ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मिलकर अपनी पीड़ा बतायी है।

जानकारी के मुताबिक मुस्करा ब्लाक के चिल्ली गांव की सिचाई व्यवस्था छानी ब्रांच से होती है, जब खेतों में फसल बोने के लिये पानी की आवश्यकता थी तब नहरमें पानी नही आया यही नही जब खेतों मे सिचाई हो गयी है तो उसी साइड में नहरो में पानी छोड़ा जाता है जिससे फसल आय दिन भरती रहती है। गांव के भगवती, काशीप्रसाद, केदारनाथ, अवध कुमारी, उमाशंकर, अशोक कुमार, किरन, अनुराग, सुमित, अभिषेक, सतीश चंद्र, भागीरथ, इकवाल, शिवम, धर्मेंद्र कुमार, नजीर, फूलसिंह, देवेंद्र, रामशंकर हरीओम ने जिलाधिकारी डा. ज्ञानेश्वर त्रिपाठी को बताया कि नहर का पानी तालाब में छोड़ा जाता है मगर उस तालाब में कोई जल निकासी नही थी जिससे तालाब का पानी फसलो में भर गया है जिससे सैकड़ो बीघे फसल भर गयी है और नष्ट हो गयी है उधर विभाग के सहायक अभियंता रामकिशुन का कहना है कि अधिशासी अभियंता का कार्यभार झांसी के अधिशासी अभियंता के पास था मगर उनके रिटायर होने के बाद मौदहा के अधिशासी अभियंता के पास कार्यभार सौपने के आदेश शासन ने दिया था मगर उन्होने चार्ज नही लिया है जिससे किसी के पास चार्ज नही है, न ही कोई काम हो रहा है मजे की बात तो यह है कि निर्धारित रोस्टर में 31 दिसम्बर से नहर बंद करने के आदेश है मगर नहर बंद नही की गयी है न ही कोई इस मामले में कोई सुनने वाला नही है, एई का कहना है कि जेई व एई जिससे जो कर सकता है वही कर रहा है। इधर किसानो का कहना है कि सिचाई का पीक सीजन चल रहा है मगर विभाग में कोई भी कर्मचारी व अभियंता सीट में नही बैठता है जिससे कोई सुनने वाला नही है, जगह जगह नहर में खादी हो रही है, न ही पुलिस न ही विभाग का कोई कर्मचारी पेट्रोलिंग कर रहा है, ऐसी लापरवाही जिले में कभी भी नही हुई है पहला मौका है जब विभाग मे इतनी अराजकता देखी जा रही है।

## क्विक न्यूज

### पुरानी रंजिश में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, पांच घायल

**बांदा।** पुरानी रंजिश को लेकर मोहल्ले के दो पक्षों ने धारदार हथियार व तमंचे की बटों से एक दूसरे पर हमला कर दिया। संघर्ष में महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। गंभीर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर समेत चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। शहर कोतवाली से चंद दूरी पर छिपटहरी मोहल्ले में रात को 27 वर्षीय अफसारूल हसन का मोहल्ले के 32 वर्षीय सफीक से पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्ष से धारदार हथियार व तमंचे निकल आए। हमले में एक तरफसे जहां अफसारूल उसकी 22 वर्षीय लहुरी सन्नो घायल हो गए। वहीं दूसरी पक्ष से 28 वर्षीय समरोज हिस्ट्रीशीटर सफीक व उसकी 30 वर्षीय पत्नी सुभरातन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में भर्ती घायल अफसारूल की बहन मारिया ने बताया कि कुछ समय पहले उसके भाई ने हमलावर सफीक के विरुद्ध कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया था। इसी खुन्नस के चलते चार लोगों ने उनके घर में घुसकर धारदार चापड़ व तमंचों की बटों से हमला किया है। दूसरे पक्ष से घायलों ने पुलिस को बताया कि अफसारूल व उसके घर के लोगों ने शराब के नशे में उन पर धारदार हथियारों से हमला किया है। तमंचे से उसके ऊपर फायर भी किया है। जिसमें गोली लगने से बची है। वह और उसके घर के लोग हमले में घायल हुए हैं। कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि गोली चलने की बात सही नहीं है। दोनों पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। शीघ्र आरोपितों की गिरफ्तारी की जाएगी। शराब के नशे में दोनों पक्षों के बीच जहां विवाद होना सामने आया है। वहीं सफीक कानपुर जीआरपी थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

### दहशत के चलते वृद्ध ने केन पुल से नदी में लगाई छलांग

**बांदा।** संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध ने खुदकुशी करने के लिए पुल से केननदी में छलांग लगा दी। मल्लाहों ने गंभीर हालत में उसे पानी से बाहर निकाल कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसने पड़ोसियों पर धमकाने व गांव न जाने देने का आरोप लगाया। वृद्ध जहां दहशत में है वहीं मानसिक उलझन में भी है। महोबा जिले के ग्राम ग्योड़ी निवासी 60 वर्षीय वृद्ध सीताराम ने बुधवार शाम यहां शहर कोतवाली क्षेत्र के केनपुल से नदी में छलांग लगा दी। गनीमत रही कि उसके कूदने की आवाज सुनकर नदी में मौजूद मल्लाह नाव से मौके पर पहुंच गए। वहां उन्होंने पानी में कूदकर आनन.फानन उसकी खोजबीन शुरू की। जिसमें आठ मिनट बाद उसे पानी से बाहर निकाला जा सका। ऊंचाई से कूदने व काफी देर तक पानी में रहने की वजह से उसकी हालत बिगड़ी मिली। इससे आनन.फानन मल्लाहों ने एंबुलेंस 108 को बुलाकर अस्पताल पहुंचाया। वृद्ध ने बताया कि वह इधर कुछ समय से अपनी बेटी रामकली के यहां मवई गांव में रह रहा है। आरोप लगाया कि उसके ग्योड़ी गांव निवासी पड़ोसी उसे घर आने में जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इससे दहशत के चलते वह अपने गांव नहीं जा पा रहा है। इन्हीं से सबसे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है। हालांकि घटना बताते समय उसकी मानसिक स्थिति पूरी तरह सही नहीं लग रही थी। कोतवाली निरीक्षक जय श्याम शुक्ल ने बताया कि अभी तक किसी ने घटना की सूचना नहीं दी है। मामले की जांच कराई जाएगी। अगर कोई दोषी है तो उसके खिलाफकार्रवाई होगी।

### आत्महत्या करने का किया प्रयास

**राठ(हमीरपुर)।** जरिया थाना क्षेत्र के तुरना गांव में अज्ञात कारणों के चलते एक महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।परिजनों ने एंबुलेंस को सूचना दी। महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। तुरना गांव निवासी रामबिहारी राजपूत की 40 वर्षीय पत्नी गोमती ने बुधवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। जब महिला की हालत बिगड़ी तो परिजन एंबुलेंस से सीएचसी ले गये। डा.प्रभात ने बताया कि महिला की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलिज उरई रिफर कर दिया। वहीं परिजनों ने बताया कि पड़ोस के लोगों से कहासुनी हो जाने पर महिला ने जहर खा लिया। क्षेत्र के पहाड़ीगढ़ी गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह की 4 वर्षीय मासूम पुत्री रागनी के ऊपर गर्म पानी गिरने से वह झुलस गई। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये।

### अभ्यास करते वक्त मासूम खिलाड़ी की मृत्यु

**हमीरपुर।** स्थानीय रमेड़ी मोहाल निवासी रमेश का ग्यारह वर्षीय पुत्र नितिन जो फुटबाल खेलने का अभ्यास कर रहा था आज अचानक अभ्यास करते वक्त गिर पडा सभी लोग उसे जिला अस्पताल ले गये जहां पर इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। परिवारीजनों ने बताया कि नितिन के हार्ट में कुछ कमी थी, जिससे खेलते वक्त उसकी मृत्यु हो गयी है। नितिन की मृत्यु से खिलाड़ियो में दुख व्याप्त है।

## शासन की मंशानुरूप करें विकासः डीएम



निर्देश देते डीएम।

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पांडेय की अध्यक्षता में नवीन विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। डीएम ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी विकास कार्य कराए जाएं वह शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण कराएं इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए जो भी कार्य कराए जाएं उन्हें समय से फीडिंग कराएं ताकि जनपद की रैंकिंग अच्छी रहे सिंचाई, विद्युत, कॉपरेटिव, कन्या सुमंगला आदि जिन विभागों के विकास कार्यों की रैंकिंग में कमी आई है संबंधित अधिकारी कार्यों में सुधार करें मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि जिन विभागों के विकास कार्यों में प्रगति नहीं हुई है संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

जिला पंचायत राज अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयों के ऑपरेशन कायाकल्प के कार्य की प्रगति कराएं सभी विद्यालयों में 14 पैरामीटर्स के कार्य पूर्ण होना चाहिए। जिला स्तरीय अधिकारियों से यह भी कहा कि जो विकास कार्यों को लेकर समस्याएं हो तो साप्ताहिक समीक्षा बैठक में निस्तारण कराएं ताकि विकास कार्य को कराने में समस्या न हो। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि सामुदायिक शौचालय व पंचायत भवन के निर्माण का जो शासन से लक्ष्य प्राप्त हुआ है उन कार्यों को शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता युक्त पूर्ण करें उन्होंने कहा कि माननीय प्रभारी मंत्री जी द्वारा जिन बिंदुओं पर प्रगति के निर्देश दिए गए थे उन बिंदुओं पर प्रगति कराई जाए।उन्होंने कर करेत्तर से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति कराई जाए। जिला खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि अवैध खनन व परिवहन पर विशेष ध्यान दें बागै नदी के अवैध खनन, पहाड़ों पर खनन पट्टा का समय समाप्त हो रहा है तथा निर्धारित क्षेत्र से अधिक खनन करने का मौके पर निरीक्षण करके कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। एडीएम जी पी सिंह से कहा कि भू माफियाओं को चिन्हित करके कार्यवाही कराएं और वादों का निस्तारण दायरे से अधिक कराया जाए। श्रम प्रवर्तन अधिकारी को निर्देश दिए कि जो श्रमिक कार्य करते हैं सभी का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराया जाए जिन क्षेत्रों में श्रमिक अधिक कार्य कर रहे हैं वहां पर एक अलग से माइक्रो प्लान बनाकर कराएं तथा ब्लॉक स्तर पर भी कैंप लगाए जाएं। अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई व प्रभागीय वनाधिकारी से कहा कि जहां पर चेक डैम का निर्माण कराया जाना है उसका प्रस्ताव मनरेगा योजना से बनाकर कार्य कराएं रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य पर भी प्रगति कराई जाए उन्होंने खंड विकास अधिकारियों व संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासकीय भवनों पर शत-प्रतिशत रूफ्टॉप वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य अवश्य करा लें तकनीकी सहायता के लिए लघु सिंचाई विभाग कार्य करेगा। अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि किसानों के द्वारा टेल तक पानी नहरों के माध्यम से न पहुंचने की समस्याएं प्राप्त हो रही है इसका स्थलीय निरीक्षण करके अवगत कराएं तथा जिन नहरों में सिल्ट सफाई न हुई हो वहां पर मनरेगा योजना से कराएं तथा बरूवा नाला पर भी साफ सफाई का कार्य मनरेगा से कराया जाए।

## विद्युत कर्मी ने मनमाने ढंग से काटा कनेक्शन

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** विद्युत कर्मी द्वारा मनमाने ढंग से ग्रामीण के विद्युत कनेक्शन की केबल पोल से काटकर उसके दरवाजे पर फेंक दी गई। पीड़िता ने तालग्राम विद्युत उप केंद्र के कई चक्कर काटे। लेकिन विद्युत कर्मियों ने उसका कनेक्शन नहीं जोड़ा। जिस पर पीड़िता ने ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम ऊंचा निवासी प्रकाशो देवी पत्नी जय सिंह कुशवाहा द्वारा ऊर्जा मंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि उसका कनेक्शन बीते 2 वर्ष से चल रहा था। पीड़िता के कनेक्शन की केबिल लाइनमैन सनोज कुमार व अनुज कुमार ने पोल से काटकर मीटर के पास डाल के चले गए। जब वह घर आई तो अपना तार कटा पाया। जानकारी करने पर कोई जबाब नहीं मिला। 20 दिन से वह बिजली घर तालग्राम के चक्कर काट रही है। सुनवाई न होने पर पीड़िता ने उर्जा मंत्री को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

## निर्धारित अवधि में पूर्ण कराएं निर्माण कार्यः डीएम

**कन्नौज।** निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समय अवधि में पूर्ण कराएं। लापरवाही किसी भी दशा में छम्य नही। सड़कों पर काटे गए अवैध कटों को बंद कराया जाए। डीएम द्वारा 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं में से 02 बड़ी परियोजनाओं का औचक निरीक्षण करते हुए उपस्थित अधिशासी अभियंता को दिए। उन्होंने छिबरामऊ सौरिख बिधूना मार्ग पर पूर्ण हो चुके निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की एवं मार्ग पर खड़नी निचली गंगा नहर पर सेतु निर्माण हेतु रिवीजन एस्टीमेट भेजे जाने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देश अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को दिए। सड़क चौड़ीकरण का भी विश्लेषण किया जिसमें उन्होंने मौके पर गड्ढा खुदवा कर गुणवत्ता को जांचा जिसमें गुणवत्ता अच्छी पाई गई। उन्होंने सौरिख बिधूना मार्ग पर बॉर्डर तक किये गए कार्यों को देखा एवं सड़क पर निर्माण कार्य अधूर पाया गया जिसपर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को एक माह में निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। आबादी द्वारा स्थान स्थान पर अवैध कट निकाले गए हैं, जिनको तत्काल चिन्हित कर बंद कराने के निर्देश दिए। उन्होंने खड़नी पर लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाये गए सेतु की गुणवत्ता को भी जांच कर निर्माण कार्य में तेजी लाने एवं पुराने सेतु को बंद कर उस पर बचे स्थान पर पेड़ लगवाए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने उसके पश्चात निचली गंगा नहर एवं कंसुआ नहर पर हो रहे नहर चौड़ीकरण कार्य की गुणवत्ता को भी देखा जिसमें कराये गए चौड़ीकरण कार्य में हटाई गई मिट्टी व सिल्ट के समतलीकरण कार्य नही पाया गया एवं निर्माण कार्यों में भी फिनिशिंग कार्य एवं निर्माण में कमी पाई गई।

## वीडियो मामले की जांच करते वक्त असलहे की फैक्ट्री हाथ लगी

- एक आरोपी चार तमंचे व कारतूस तथा असलहे बनाने के उपकरण बरामद

संवाददाता। सरीला (हमीरपुर)

**हाथों में तमंचा** लेकर नृत्यांगना के साथ डांस करने के मामले में मुख्य आरोपी युवक की गिरफ्तारी के बाद जांच में पुलिस को अवैध असलहे की फैक्ट्री पकडी गयी है मौके से एक आरोपी चार तमंचे व कारतूस तथा असलहे बनाने के उपकरण बरामद हुये। जबकि एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी भागने में सफल रहा है। जरिया थाना क्षेत्र के धगवाँ गाँव में नए साल व जन्मदिन के मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्यांगना के साथ डांस करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर वीडियो के परीक्षण के बाद जरिया थाना पुलिस ने अतरौली गांव के महेश अहिरवार को देशी तमंचे के साथ गिरफ्तार भी कर लिया था। लेकिन वीडियो के बारीकी से परीक्षण के बाद तीन और लोगो की पहचान हुई थी। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में बुधवार की देर रात अतरौली गांव के मैयादीन के निजी नलकूप पर छापामारी की तो असलाहे बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है। मौके से असलाहे बनाने के उपकरण तीन तमंचे व एक अधबना तमंचा, व चार कारतूस, तीन कारतूस के खोखे बरामद किए हैं। थाने के उपनिरीक्षक प्रभुराज सिंह ने बताया की मौके से राहुल निवासी पुरैनी को दबोचा गया है।

## अतिक्रमण से निजात दिलाने की योजना बनी व्यापार मंडल भी शामिल

**मौदहा** (हमीरपुर)कस्बे के नगर पालिका परिषद में व्यापार मंडल के साथ उप जिलाधिकारी सीओ व पुलिस इंस्पेक्टर ने नगर में बढ़ रहे अतिक्रमण में मार्ग अवरुद्ध होने से उत्पन्न होने वाली परेशानियों से निजात दिलाने की योजना बनाई है

मौदहा कस्बे में बाजार के मार्ग में कस्बे में घंटों जाम लगा रहता है तथा जरूरतों सेवाओं के लिए आने जाने वालों को भारी दिक्कत उठानी पड़ती है इन्हीं समस्याओं के समाधान के चलते गुरुवार की शाम नगर के व्यापारियों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें अतिक्रमण हटाए जाने व वनवे ट्राफिक्र रूट बड़े वाहनों का कार्य करने की भी चर्चा हुई जिसमें तय हुआ कि उच्च अधिकारियों से वार्ता करने का रूट नक्शा तैयार कर किया जाएगा व माह में दो बार ई रिक्शा की भी चेकिंग की जाए ऐसी व्यापारियों ने मांग उठाई।

## जालौन पुलिस ने कार सवार तीन गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार



गांजा तस्करों का खुलासा करती पुलिस।

**जालौन ( उरई )।** कोतवाली पुलिस ने बेचने के लिए कार से आ रहे 1 किलो 390 ग्राम गांजा के साथ 3 व्यक्तियों को पकड़ा है। जिनके पास से पुलिस ने 1260 रुपये भी बरामद किए। पुलिस ने पकड़ी गई कार को कोतवाली में खड़ा कराया। कोतवाली प्रभारी रमेश चंद्र मिश्र को सूचना मिली कि कोंच की ओर से एक कार में संदिग्ध कुछ लोग गांजा बेचने के लिए ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने एसआई रामचंद्र को जिम्मेदारी सौंपी। जिसके लिए एसआई रामचंद्र पुलिस फोर्स के साथ सिकरी राजा मोड़ पर कार का इंतजार करने लगे। कुछ ही देर में कोंच की ओर से पुलिस को एक कार आती दिखी। जब पुलिस ने कार को रोका तो कर सवार तीनों लोग उतरकर भागने लगे। पुलिस ने बल प्रयोग कर भाग रहे साबिर अली पुत्र जाफर अली व चंदन सिंह पुत्र अनिल सिंह निवासीगण भगौतीपुर सरैया जिला औरैया एवं दीपू उर्फ आलोक पुत्र उमाशंकर निवासी ब्रह्मनगर औरैया को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने तीनों के पास से 1 किलो 390 ग्राम गांजा एवं 1260 रुपये नगद बरामद किए। पुलिस पकड़ी गई कार समेत तीनों को पकड़ कर कोतवाली ले आई। जहां उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए पुलिस ने तीनों को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## 25 सौ जमा कराकर एक लाख लोन का भरोसा, भागी कंपनी

संवाददाता। बांदा

**बेरोजगारी** का फायदा उठाते हुए निजी कंपनी खोल लाखों की चपत लगा दी गई। 25 सौ रुपये जमा कराने के बाद एक जनवरी 2021 को एक लाख का लोन स्वीकृत करने का झांसा देकर करीब बीस लाख रुपये हड़प कंपनी ताला बंद कर भाग गई। इलाके के साढ़े सात सौ युवकों को अपना शिकार बना लिया गया। एक जनवरी को समय पूरा होने पर खाते में पैसा नहीं आया तो शिकायत पर पुलिस ने कर्मचारियों को पकड़ लिया और थाने ले गए। बाद में छोड़ दिया गया। बुधवार को लोग कार्यालय पहुंचे तो ताला बंद मिला। थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

इलाके के दर्जनों लोगों ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि एकता कंसनटेंसी बैंक नामक कंपनी ने पच्चीस सौ रुपये जमा करने पर एक जनवरी 2021 को स्वरोजगार के लिए एक लाख रुपये लोन मिलने का भरोसा दिया था। पपरेंदा रोड पर कार्यालय खोला गया था। बैंक का प्रबंधक बताने वाले रवि पंवार के कहने पर करीब साढ़ सात सौ लोगों ने उनके कर्मचारियों के जरिए पैसे जमा किए थे।

### पांच के बीच एक को बनाया था हेड

लोगों को शक नहीं हो इसके लिए हर पांच बेरोजगार पर एक युवक को हेड बनाया गया था। जो पैसे जमा करने का काम करते थे। एक जनवरी को खाते में रकम नहीं आई तो ठगी का शक हुआ। थाने में लिखित सूचना दी थी।

### पुलिस कर गई चूक भाग निकले शातिर

लोगों की शिकायत पर पुलिस ने कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों को पकड़ लिया और थाने ले आए। कथित प्रबंधक रवि पंवार ने छह जनवरी तक सभी के खाते में पैसा आने का भरोसा दिया तो सभी को छोड़ दिया गया। छह जनवरी तक इंतजार करने के बाद जब आज लोग कार्यालय पहुंचे तो ताला लटका मिला। रवि पंवार के दोनों मोबाइल नंबर भी बंद मिले।

### इन्होंने दी तहरीर

तिदवारी के शिवकुमार, तुलसी प्रसाद, उमाशंकर, फूलचन्द्र, बबेरू टोलाकला के अवधराज, राजेन्द्र, अवधेश, पपरेंदा के शिवशरण, राजेश, बेला देवी, जगरूप, योगेंद्र, सुशील, रामबाबू, छाया, वंदना, परसौड़ा के दरबारी, रामकिशुन, शिवा कश्यप, लामा के शिवकरण, सुनीता, प्रेमा आदि ने तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक जाकिर हुसैन ने कहा कि एक जनवरी को शिकायत के बाद प्रबंधक व कर्मचारियों को लाया गया था। पता आदि लिखवाकर छोड़ा गया है। अब कंपनी के भागने की तहरीर मिली है जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 8 जनवरी, 2021



# केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सुनी लोगों की फरियाद

● स्टालों पर 1815 पीड़ितों ने दर्ज कराई शिकायत

● प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास योजना के 240 लाभार्थियों ने दिया शिकायती पत्र

**अफ़्ज़ल खान।** बल्दीराय, सुलतानपुर



**हलियापुर** के सुंदरा देवी शिक्षण एंव प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण मे केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के दिशा निर्देशन में जन समस्या निस्तारण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न विभागों से अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहकर क्षेत्र वासियों की जन समस्या को सुना व अधिकांश समस्याओं का निस्तारण करने का दावा भी किया।

गुरूवार की सुबह 10:00 बजे से कार्यक्रम स्थल पर जिले से आए कई विभागों के अधिकारी अलग-अलग अपना शिकायत निस्तारण काउंटर लगाकर बैठ गए और देखते ही देखते शिकायतकर्ताओं की भीड़ भी उमड़ने लगी। शिकायत स्टालों पर 3:00 बजे तक लगभग 1815 शिकायतकर्ता उन्हें अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद जन समस्या निस्तारण कार्यक्रम में 2:45 पर स्थानीय सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पहुंची। उपस्थित लोगों को निस्तारण कैंप में संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने जिले के समस्त विभागों के अधिकारियों द्वारा क्षेत्र वासियों की समस्या सुनने पर उपस्थित अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए अपनी बात शुरू किया। उन्होंने कहा कि कैंप में सुबह 10:00 बजे से अभी तक 1815 लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है जिसमें कुछ शिकायतों का निस्तारण भी हुआ। उन्होंने कहां कि कैंप में 14 विभागों द्वारा स्टाल लगाया गया । जिसमें सबसे अधिक प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 240 लाभार्थियों ने शिकायत पत्र दिया। वही 77 सुमंगला योजना का स्टाल विभाग द्वारा लगाया गया तो उसकी प्रशंसा मंत्री ईरानी ने किया। हलियापुर गांव मे दिवंगत भाजपा नेता हरिनारायण सिंह के घर पहुंच कर शोक संवेदना व परिवार को सांत्वना दी तो वहीं दूसरी तरफ हलियापुर निवासी समाजसेवी प्रभात सिंह ने जनता का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सुप्रीम कोर्ट के वकील बृजेंद्र प्रताप सिंह के माध्यम से स्मृति ईरानी को सौंपा गया जिस पर सांसद महोदया ने गंभीरता से सुना व बगल में बैठे जिलाधिकारी सुल्तानपुर को उसके त्वरित निस्तारण के लिए कहा। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि जो भी मेरे अधिकार क्षेत्र में होगा हम इसका निस्तारण करेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अमेठी दुर्गेश त्रिपाठी, हिंदेश सिंह, रविंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत प्रत्याशी आशुतोष सिंह, प्रधान रिचा सिंह, मुकेश सिंह, चंद्र मौलि सिंह, अरुण मिश्रा, देवेंद्र सिंह, उमा रमण सिंह, कृष्ण कुमार यादव आदि भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सलोन के परशदेपुर में कार्यों का लोकार्पण



**रायबरेली।** भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास तथा टेक्सटाइल मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने तहसील सलोन के आदर्श नगर पंचायत परशदेपुर में विधानसभा सलोन की 11 प्रस्तावित नवनिर्माण विकास कार्य में 10 सम्पर्क मार्ग व 1 लघु सेतु निर्माण कार्य का लोकार्पण किया तथा आमजनमानस की शिकायतों व समस्याओं को सुना तथा समस्याओं के निस्तारण के निर्देश डीएम-एसपी अधिकारियों को दिये। केन्द्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने विधानसभा सलोन के परशदेपुर स्वर भारतीय विद्यालय के प्रांगण में लोक निर्माण विभाग प्रथम की 646.490 लाख की लागत सें 11 प्रस्तावित नवनिर्माण कार्यो का लोकार्पण फीता खीचकर किया। विधानसभा सलोन के परशदेपुर बारा ननौती मार्ग (अ0जि0मा0) के किमी0 4 से बरावन सम्पर्क मार्ग इसी प्रकार सलोन ऊँचाहार मार्ग के जहानपुर, डलमऊ जगतपुर सलोन मार्ग के पूरे पण्डित, पूरे बबुरी (छतोह), धरही कोटिला, रूनीपुर (बसन्तगंज), पूरे बीरे (आशा रसीदपुर), पूरे लाल उपाध्याय (बासूपुर), पूरे कुर्मी व महेशपुर गाजीपुर (मधुकरपुर) सम्पर्क मार्गो के साथ ही रायबरेली में छतोहगांधी नगर मार्ग के किमी0 10 में स्थित सेतु स्पॉन के लघु सेतु का निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

# मुंशीगंज स्मारक पर शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**रायबरेली।** मुंशीगंज स्थल शहीद स्मारक में आयोजित शहीद श्रद्धांजलि समारोह के अवसर जिला पंचायत अध्यक्ष अवधेश सिंह, अपर जिलाधिकारी रामअभिलाष व नगर मजिस्ट्रेट युगराज सिंह ने शहीदों के प्रति शहीद स्तम्भ पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम 7 जनवरी 1921 को हुए किसान आन्दोलन के शहीदों की याद में आयोजित किया जाता है। जिला पंचायत अध्यक्ष अवधेश सिंह व अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष ने कहा कि गरीबों मजलूमों की समस्याओं को दूर कर सक्रिय भूमिका निभाये। आजादी के बाद से देश और प्रदेश मे कई सफ्लताएं व कीर्तिमान स्थापित किए है और निरन्तर विकास की ओर बढ़ रहा है। विसंगतियो और कमियो को दूर किया जाना चाहिए। कुदरत ने भी प्रकृति मे विविधताएं देकर प्रकृति को सुंदर किया है। देश को आजादी दिलाने वाले शहीदों, देशभक्तों के जीवन मूल्यों एवं आदर्शो का स्मरण किया जाये तथा अच्छे कार्यो को सम्पादित कर महान देशभक्तों के सपनों को साकार किया जाये। उन्होने कहा कि रचनात्मक सकारात्मक कार्यो से देश व समाज आगे बढ़ता है। उन्होने कहा कि हमे अपने कतर्व्यो का निवर्हन पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा के साथ करना चाहिए।

# किसान की आय दुगुना करना सरकार का लक्ष्य: केतकी

● 19 अग्रणी औद्यानिक कृषक सम्मानित



**गोंडा।** गुरुवार को उद्यान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय गोष्ठी का शुभारम्भ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती केतकी सिंह तथा जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का शुभारम्भ किया। गोष्ठी के शुभारम्भ के उपरान्त मुख्य अतिथि ने डीएम व सीडीओ के साथ उद्यान विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा प्रगतिशील किसानों से वार्ता कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली।

गोष्ठी में मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने का लक्ष्य रखा गया हैए और उस लक्ष्य को पाने के लिए सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही है तथा तमाम तरह की योजनाओं को संचालित कर रही है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि औद्यानिक फसलों का उत्पादन कर किसान भाई अच्छी आमदनी कर सकते हैं।

जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने कहा कि औद्यानिक फसलों की मार्केटिंगए भण्डारण व संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ष्हर थाली में सब्जी होष्ष् अभियान के तहत किसानों को मात्र पचास रूपए की लागत पर उन्नतशील बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैंए जिसका लाभ हमारे किसान भाइयों को उठाना चाहिए। जिलाधिकारी ने उद्यान विभाग की विभिन्न क्रान्तिकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए उपस्थित कृषकों का आह्वान किया कि अच्छी आमदनी के लिए किसानों को अमरूदए लीचीए पपीताए परवलए तुलसीए अदरकए हल्दी आदि की तकनीकी खेती को अपनाना चाहिए। उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पॉली हाउस तथा ग्रीन हाउस आदि अन्य उन्नत तकनीकों को प्रमोट किया जाय तथा ज्यादा से किसानों को इन योजनाओं से जोड़ा जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आगामी दिनों में किसान कल्याण मिशन मेले के दौरान उद्यान विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार.प्रसार सुनिश्चित कराने के साथ ही योजनाओं के तहत चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित कराया जाय। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट के बीच आज विश्व में भारतीय औषधीय पौधों की डिमाण्ड बढ़ी है। ऐसे में औषधीय गुणों वाले पौधों की खेती को बढ़ावा देकर किसान अच्छी आय कमा सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। महिलाएं स्वरोजगार के साथ.साथ कृषि क्षेत्र में भी अच्छे आयाम हासिल कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में स्वयं सहायता समूहों को और अधिक प्रोत्साहित किया जाएगा। गोष्ठी में उपनिदेशक उद्यान अनीस श्रीवास्तवए जिला उद्यान अधिकारी मृत्युन्जय सिंहए मनकापुर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा0 राम लखन यादव तथा उद्यान निरीक्षक अनिल शुक्ला द्वारा उद्यान विभाग की योजनाओं के बारे में कृषकों को विस्तार से जानकारी दी गई।

# कुम्हडौरा गांव के गरीबों को बांटे कंबल



**लालगंज रायबरेली।** समाजसेवी व पूर्व प्रधान शैलेंद्र सिंह ने कुम्हडौरा गांव के हजारो गरीबो को ठंड से बचाव के लिये कंम्बलो का वितरण कर सैकडो गणमान्यो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

कुम्हड़ौरा गांव स्थित पूर्व प्रधान के आवास में आयोजित समारोह में कुम्हडौरा गांव सभा समेंत आसपास के गांवो के लगभग 1500 गरीबो को पूर्व प्रधान ने कम्बल देकर उन्हे ठंड में राहत प्रदान की है। कंबल पाकर गरीबो के चेहरे खुशी से खिल उठे। लाभार्थियो ने एक स्वर में कहा कि पूर्व प्रधान ने गाढे वक्त में हमेशा उनकी मदद की है। गांववासी हमेशा उनके कर्जदार रहेगें। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के लगभग चार सैकडा गणमान्यो को भी पूर्व प्रधान ने शाल भेंटकर उन्हे सम्मानित किया।

पूर्व प्रधान शैलेंद्र सिंह ने कहा कि गरीबो की सेवा करने पर उन्हे आत्मीय सुख प्राप्त होता है। बडे बुजुर्गो के आर्शीवाद से ही उन्हे हर कार्य में सफ्लता मिलती है। इस मौके पर केदार सिंह चौहान, पूर्व प्रधान अनिल सिंह, उदय नारायण सिंह, सूर्य बक्स सिंह, उदित नारायण, अजय सिंह उर्फ पप्पू, हरिगोविंद सिंह, बबलू पंडित, अवधेश सिंह, रामकरन सिंह, जयचंद्र दुबे, जग्गा सिंह, राजकिशोर सिंह, रामगोपाल त्रिपाठी, विकास, सुनील कुमार, धुन्नू, शिवसरन दीक्षित, महेश सिंह चौहान समेंत भारी संख्या में गणमान्य व लाभार्थी मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**ऊंचाहार,रायबरेली।** अरखा ऐशपांड में राख को ट्रक में लोडिंग कराने वाले ठेकेदार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय मार्ग के बगल मिलने पर अफ्रा तफ्री मच गई। सूचना पर पहुंचे मृतक के भाई ने इलाज के लिए युवक को सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार मुन्ने 45 पुत्र मेहर अली निवासी जादवपुर कोतवाली भोजीपुर जनपद बरेली क्षेत्र के अरखा मे एनटीपीसी से निकलने वाली राख को ट्रकों में भरवाने की ठेकेदारी का कार्य करता था।मंगलवार की रात अरखा प्लाई फैक्ट्री के पास लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय मार्ग के बगल पड़े होने की सूचना मिली। सूचना पर पहुंचे उसके भाई मोहम्मद अली ने एंबुलेंस की मदद से उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने देखते ही युवक को मृत घोषित कर दिया।

# वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता का लंबी बीमारी के बाद निधन

**खीरों, रायबरेली।** काँग्रेस के वयोवृद्ध एक काँग्रेसी नेता का लम्बी बीमारी के बाद गुरुवार की दोपहर को उनके पैतृक आवास पर निधन हो गया। उनका अन्तिम संस्कार उनके पैतृक गाँव रामपुर मजरे भीतरगांव में उनकी भूमिधरी जमीन पर किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार रामपुर निवासी गंगा प्रसाद अहीर (90) पुत्र गयादीन आजादी के बाद से ही सक्रिय रूप से काँग्रेस पार्टी के सदस्य थे। राष्ट्र पिता महात्मा गांधी द्वारा गठित सेवादल को पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी द्वारा खीरों ब्लाक में संचालित किया गया और गंगा प्रसाद को वर्ष 1966 में कांग्रेस सेवादल का ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। वर्ष 1966 से वर्ष 2020तक लगातार 55 वर्षों से गंगाप्रसाद काँग्रेस सेवादल के ब्लाक अध्यक्ष के रूप में कार्य करते रहे। इस दौरान पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा इन्हें कई बार शीर्ष पद देने का आग्रह किया गया। लेकिन इन्होंने कोई पद स्वीकार नहीं किया। अपने 55 वर्षों के कार्यकाल में इन्होंने खीरों ब्लाक के विभिन्न गाँवों में निश्शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन कराया। अनेक निश्शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन कराया। इनके प्रयासों से क्षेत्र के हजारों बीमारों को नि:शुल्क इलाज का लाभ मिला। क्षेत्र के हजारों लोगों की आँखों का निश्शुल्क ऑपरेशन कराकर आँखों को रोशनी दिलाई। गंगाप्रसाद अपनी सेवा धर्मिता के कारण क्षेत्र की गरीब जनता के बीच में लोकप्रिय थे। गंगाप्रसाद गत लगभग 5 माह से बीमार चल रहे थे। इनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग उनके अन्तिम दर्शन के लिए उनके पैतृक गाँव रामपुर पहुँचे और शोक संवेदना व्यक्त किया ।

# टायर फटने से पलट गई कार छह लोग गंभीर रूप से घायल

**श्रावस्ती।** इकौना . बलरामपुर बहराईच बौद्ध परिपथ मार्ग पर श्रावस्ती रेजीडेंसी होटल के सामने इंडिगो टाटा कार का अगला टायर फ्टने से असंतुलित होकर पलट गई । जिसकी चपेट में आकर बाइक सवार दंपति व कार सवार सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । जिन्हें एम्बूलेंस की सहायता से इकौना सीएचसी मे लाया लाया चिकित्सक ने घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के चलते सभी घायलों को ट्रामा सेंटर बहराइच रिफ्र कर दिया है। जनपद सिद्धार्थनगर थाना इटवा निवासी मुख्तार पुत्र उमर 35 वर्ष जमातउल्ला पुत्र मस्जिदुल 28 वर्ष व थाना रोजा जनपद शाहजहांपुर निवासी खालिद पुत्र जहीर खान 45 वर्ष तशरीफ़ पुत्र इरशाद 35 वर्ष इंडिगो टाटा कार सीतापुर से इटावा के लिए ऊनी साल आदि अन्य कपड़े की खरीदारी कर सिद्धार्थनगर जनपद थाना इटवा जा रहे थे । तभी बलरामपुर की ओर से बाइक सवार एक दंपत्ति बाइक संख्या यूपी 47 धू 1970 आ रहा था तभी रेजीडेंसी श्रावस्ती होटल के सामने कार का अगला टायर फ्ट जाने से गाड़ी असंतुलित हो गई। जिसमें कार व बाइक सवार सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास एवं नवीन थाना श्रावस्ती पुलिस ने घायलो को उठाकर सीएचसी इकौना में लाकर दाखिल कराया गया। चिकित्सक ने सभी घायलों की दवा उपचार के बाद ट्रामा सेंटर बहराइच के लिए रेफ्र कर दिया है। बाइक सवार दंपति दोनो की पहचान नहीं हो सकी है । बाइक सवार पति पत्नी को भी रेफ्र कर दिया गया है। नवीन थाना श्रावस्ती की पुलिस ने सभी घायलों को बहराईच ट्रामा सेंटर में ले जाकर दाखिल कराया। बाइक सवार दंपति की हालत नाजुक बताई जा रही है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

**संवाददाता।** सुलतानपुर

**जिले में** पहली बार पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने गुरूवार को युवाओं में जोश भर दिया। सूबे की योगी सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहाकि गौशाला में बंधी गायें प्रतिदिन कड़ाके की ठंड में मर रही हैं। प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ गायों को गुड़ खिलाकर फ्टो खिंचवा रहे हैं। प्रदेश में अपराध, भ्रष्टाचार महिला उत्पीड़न, महाकुंभ मेला घोटाला, छात्रवृति समेत अन्य विभागों के घोटालों पर अंकुश नहीं लगा पा रहे है।

सृजन अभियान को धार देने पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर भी हमला बोला। कहाकि सत्ता में काबिज मोदी सरकार चुनाव से पूर्व जीरो टोलरेंस की बात करती रही। सत्ता पाने के बाद किसान विरोधी कार्य कर रही है। एक महीने से किसान दिल्ली की सड़कों पर धरनारत होकर ठंड में मर रहे हैं। उनसे बात करने के लिए सरकार के पास समय नहीं है। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार उर्फ लल्लू ने जयसिंहपुर तहसील के बगल की बाग में बरौसा चौराहे पर आयोजित संगठन सृजन सम्मेलन में मौजूद कार्यकर्ताओं व किसानों को से कहाकि सभी गांव,न्याय पंचायत व बूथ स्तरीय लोग पुन: अपने घर यानी कांग्रेस पार्टी में वापसी करें। जिससे इस अहंकारी, किसान विरोधी, पूंजीपतियों की सरकार को जड़ से उखाड़ फेंका जाए। उन्होंने केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार पर जमकर हमला बोला, प्रदेश में बढ़ते अपराधों पर तंज कसते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री की तुलना शोले फिल्म के जेलर असरानी से की। कार्यक्रम का संचालन पार्टी के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता हर्ष नारायण मिश्र ने किया। इस मौके पर पार्टी जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, पूर्व जिलाध्यक्ष ओ0पी0 चौधरी, पवन मिश्र नन्हे, प्रमोद मिश्र, मानस तिवारी,वरुण मिश्र,अभिनव मिश्र, तेज बहादुर पाठक समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार उर्फ लल्लू का जिले के अलीगंज, राजापुर, कुड़वार, बांसी, शहर बस स्टाप, गोलाघाट, सैफुल्लागंज, इटकौली, बरौसा बगिया चौराहा, कुड़ेभार, मुइली, पीढ़ी चौराहे पर कांग्रेसियों ने काफ्लि को रोककर जोरदार स्वागत किया।



### रैली निकाल हुई आगवानी

सुल्तानपुर की न्याय पंचायत बैठकों में शामिल होने आए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरूण मिश्र के नेतृत्व में बाइक रैली के साथ स्वागत किया गया। बाइक रैली में पूर्व प्रवक्ता शकील अंसारी, मोहित तिवारी, आवेश अहमद, आशुतोष मिश्रा, शाहबाज खान, वरुण तिवारी, ईशान अहमद, नितेश मिश्रा, अनुराग मिश्रा, पवन शुक्ला, राजेश यादव, अंकुश शुक्ल सेनानी, अजय कुमार, विपिन सिंह, राहुल तिवारी, धनंजय शुक्ल, जयंत सिंह, अभिषेक सिंह, फैजान अहमद समेत सैकड़ों युवक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## क्विक न्यूज

### शराब पीकर मारपीट करने का आरोप

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरबक्सखेड़ा मजरे सगुनी में पुरानी रंजिश के कारण नशे की हालत में एक युवक ने अपने पड़ोस की लड़की की पिटाई कर दी । उक्त गाँव की निवासिनी कोमल पुत्री शिवमोहन लोधी ने आरोप लगाया है कि गत बुधवार की देर शाम पुरानी रंजिश के उसके गाँव के कृपा पुत्र छेददू शराब के नशे में उसके दरवाजे आकर गाली दे रहे थे । मना करने पर लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया । प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । घायल पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण सीएचसी खीरों में कराकर आगे की कार्यवाही की जा रही है ।

### गैर इरादतन हत्या में मामले में आठ वर्ष का कारावास

**सुलतानपुर।** गैर इरादतन हत्या के अभियुक्त विधान बंगाली को फ्स्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय न्यायाधीश पूनम सिंह ने 8 साल की सजा व 8000 रूपये के अर्थ दंड से किया दंडित किया है। सरकारी वकील मनोज कुमार दुबे के मुताबिक दिनांक एक जून 2013 की सुबह वादी मुकदमा इस्तेखार के चाचा इसरार सुत शेरअली निवासी खडसा व रामबहादुर सुत श्रीराम चंद्र निवासी ग्राम पूरब बिसारा थाना मुसाफिरखाना को मुस्कान ढाबा (खडसा) पर काम करने वाले बंगाली ने सोते समय कुल्हाड़ी से सर में मार कर बेहोश कर दिया था। जिसमें बाद में रामबहादुर की मृत्यु हो गई थी। सरकारी वकील मनोज कुमार दुबे ने कुल 7 गवाहों को परीक्षित कराया था। तदुपरांत अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर फ्स्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय न्यायाधीश पूनम सिंह ने अभियुक्त विधान बंगाली को 8 साल की सजा व आठ रूपये के अर्थ दण्ड से दंडित किया।

### निर्माण कार्यों में सुनिश्चित कराएं गुणवत्ता: डीएम

**गोंडा।** डीएम मार्कण्डेय शाही ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिए जनपद के सभी विभागाध्यक्षों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट व सख्त चेतावनी दी है कि विभागों या विभाग से जुड़ी संस्थाओं के जो भी निर्माण कार्य हो रहे हैंए उनका कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए यह देखें कि निर्माण कार्य गुणवत्तापुर्ण व समयबद्ध ढंग से कराए जा रहे हैं अथवा नहीं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी विभागाध्यक्ष कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक व इकाई प्रभारी के साथ निरीक्षण कर निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में प्रत्येक सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य के कारण कोई अप्रिय घटना होती है तो तो इसके लिए कार्यदायी संस्था के साथ.साथ सम्बन्धित प्रशासकीय विभागए जिसके लिए निर्माण कार्य कराया जा रहा हैए के जनपद स्तरीय अधिकारी को भी उत्तरदायी ठहराया जाएगा।

### गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी बैठक 11 को

**गोंडा।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी समारोह के आयोजन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही की अध्यक्षता में आगामी 11 जनवरी को अपरान्ह 03 बजे से जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी। सभी सम्बन्धित अधिकारियों को समय से बैठक में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए गए हैं। यह जानकारी नाजिर सदर ने दी है।

### सेवानिवृत्त शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने की बैठक

**गोंडा।** स्थानीय एलबीएस पीजी कालेज के सेवानिवृत्त शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की बैठक अवधेश कुमार की अध्यक्षता और मंगल प्रसाद के संचालन में सम्पन्न हुयी। बैठक में सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि कोरोना अवधि में रोके गये मंहगाई भत्ते की बहाल किया जाए और वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली सभी सुविधायें पूर्ववत बहाल किया जाये। कोरोना योद्धाओं को विशेष सुविधाएं दी जायें। बैठक में अवधेश कुमार, हरीराम, आरके श्रीवास्तव, मंगल, रामदेव, राम चन्द्र, दया शंकर, बैजनाथ आदि सेवानिवृत्त कर्मियों ने सहभाग किया।

### बाल विवाह पर प्रभावी अंकुश लगाने को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने की बैठक

**श्रावस्ती।** बाल विवाह पर अंकुश लगाने को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ईशान्त प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गयी । जिसमें जिला प्रोबेशन अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी प्रतिनिधि बेसिक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें प्रतिनिधि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी परिषदीय विद्यालयों में नामांकित विद्यालयवार विस्तृत सूचना तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी को आंगनवाडी केन्द्रों में पंजीकृत गैर पंजीकृत बालिकाओं की ग्राम पंचायतवार सूचना प्रस्तुत करने तथा सूची को जिला पंचायत राज अधिकारी को संकलित करने के निर्देश दिये गये तथा प्रत्येक 15 दिवस पर ग्राम पंचायत के समिति द्वारा सूचना वार्तालाप कर सूचना संकलितए की जायेगी जिसका ब्लाक स्तर पर गठित कमेटी द्वारा मूल्यांकन किया जायेगा ग्राम स्तर पर टीम गठित की गयी है।जो ग्राम पंचायत बैठके करके बाल विवाह न करने हेतु गाँव के लोगो को प्रेरित करेंगे।

### बिना सल्फर और जिंक के किसानों को नही दी जा रही यूरिया

**सुलतानपुर।** साधन सहकारी समितियों व प्राइवेट दुकानों पर बिना सल्फ्र और जिंक के यूरिया नही दी जा रही है। जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। दूबेपुर विकास खण्ड के प्रतापगंज स्थित साधन सहकारी समिति और भदैंया ब्लॉक के केनौरा स्थित साधन सहकारी समिति पर किसानों को यूरिया के साथ जिंक या सल्फ्र लेने को मजबूर किया जा रहा है। किसानों ने बताया कि यदि जिंक या सफ्ल्र लेने से इन्कार किया जाता है तो सचिव द्वारा बिना खाद दिए ही समिति से बैरंग वापस कर दिया जा रहा है। यही हाल प्राइवेट दुकानदारों का भी है। जहां पर यूरिया के साथ घटिया किस्म का जिंक और सल्फ्र लेने के लिए किसानों को विवश किया जा रहा है। पीड़ित किसानों ने जिलाधिकारी से बिना सल्फ्र और जिंक के यूरिया दिलवाए जाने की मांग की है।

### लापता युवक की मिली लाश

**करौंदी कला, सुलतानपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा हिन्दुआबाद निवासी फ्गूदास का लड़का राजकुमार दो जनवरी की रात को अचानक लापता हो गया। काफ्री खोजबीन के बाद भी कोई पता नही चला। जिसके तुरन्त बाद फ्गूदास ने लड़के के लापता होने की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। मगर पुलिस भी महज कागजों तक ही सीमित रह गई। बृहस्पतिवार को दोपहर के लगभग 1 बजे मछुआरों ने लाश को नदी में तैरते देखा जिसकी पहचान लापता युवक राजकुमार के रूप में हुई। सूचना पाकर थाना प्रभारी चन्द्रशेखर मौके पर पहुचे जिसके दौरान ग्रामीण काफ्री आक्रोशित हो गए। हालात को बिगड़ता देख मौके पर कादीपुर कोतवाल क्षेत्राधिकारी सुरेन्द्र कुमार उपजिलाधिकारी महेंद्र कुमार ने पहुचकर लोगो को शांत कराया। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। मृतक की मां का रो रो कर बुरा हाल है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की मौत

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां महाराजगंज मार्ग पर देर शाम लगभग 8रू00 बजे थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव के पास महाराजगंज से बछरावां आ रही मोटरसाइकिल को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अज्ञात वाहन की तलाश में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।विदित हो बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां महाराजगंज मार्ग पर बीती देर शाम लगभग 8रू00 बजे महाराजगंज से बछरावां की ओर आ रही मोटरसाइकिल को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल चालक की मौके पर ही मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है। थाना अध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा जाएगा। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है शव की पहचान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### रविशंकर ने टॉप किया संस्कृत टीजीटी

**कादीपुर (सुलतानपुर)।** क्षेत्र के पतजू पहाड़पुर निवासी रविशंकर सिंह ने टीजीटी 2016 के संस्कृत विषय में टाप किया है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड द्वारा बुधवार को घोषित किये गये परिणाम में रविशंकर सिंह को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। जिससे परिवार सहित क्षेत्र वासियों में हर्ष व्याप्त है। ग्राम पतजू पहाड़पुर निवासी हौसिला प्रसाद सिंह के पुत्र रविशंकर की प्रारम्भिक शिक्षा गांव के ही प्राथमिक विद्यालय से हुई । हाईस्कूल जनता इंटर कालेज कुंदाभेरोपुर व इंटर सरस्वती इंटर कालेज उमरी से करने के पश्चात वे प्रयागराज चले गए। वहां इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक और परास्नातक किया तथा तैयारी में लग गए । रविशंकर सिंह ने सफ्लता का सारा श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को देते हुए कहा कि अग्रजों, अनुजों व मित्रों ने यह मुकाम पाने में बड़ी सहायता की है। रविशंकर के मित्र व राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि बताते हैं कि ग्रामीण परिवेश से निकल कर प्रतियोगी परीक्षा टाप करने वाले रविशंकर स्थानीय युवकों के लिए प्रेरक सिद्ध होंगे।

### 300 शीशी नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा दिशा.निर्देश दिए गए हैं। जिसके क्रम मे दिनांक बुधवार को थाना मल्हीपुर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त कुंवारे पुत्र श्याम निवासी मंतुरी थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती के कब्जे से 300 शीशी नाजायज नेपाली शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मल्हीपुर पर मु0अ0सं0 07द्2021 धारा 60द्63 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 8 जनवरी 2021



# रिंग रोड से खुलेगा अब ग्रेटर अयोध्या का रास्ता

### चार हजार करोड़ की बनी परियोजना, ग्लोबल कंसलेंट की हो रही तलाश

### बस्ती के 129 गांवों का होगा चौमुखी विकासः सचिव एडीए

संवाददाता। विक्रमजोत ( बस्ती )

**ग्रेटर** नोएडा की तर्ज पर रामनगरी में 81 किमी परिधि में रिंग रोड बनाकर हजारों एकड़ में आवासीय, व्यावसायिक और औद्योगिक उपनगर बसाने की तैयारी है। इसके लिए चार हजार करोड़ की परियोजना बनाई गई है। इस परियोजना को अमली जामा पहनाने में अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव आरपी सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एक तरह से से इन्हें षिल्पकार भी कहा जा रहा है। रामनगरी के चारों ओर विस्तार की यह नई योजना जल्द सामने आ जाएगी। यहां राममंदिर समेत पौराणिक अयोध्या 251 मीटर ऊंची श्रीराम की मूर्ति समेत 12 सौ एकड़ में वैदिक सिटी को लेकर भूमि सुरक्षित करने के लिए पहले फेज पर काम चल रहा है। योजना को आकार देने में लगे अयोध्या विकास प्राधिकरण ने तय किया है कि जहां-जहां रिंग रोड लखनऊ, रायबरेली, प्रयागराज, आजमगढ़, गोरखपुर, गोंडा हाइवे को काटेगा, वहां भव्य चौराहा बनाने के साथ आधुनिक सुविधाओं से युक्त बाजार भी विकसित किया जाएगा।

एडीए की ओर से तैयार योजना में अयोध्या के चारों ओर विस्तार की अपार संभावना दर्शाई गई है। पहले फेज में रिंग रोड अयोध्या से लखनऊ रोड पर सोहावल के पास से निकलकर रायबरेली रोड, प्रयागराज रोड, आजमगढ़ रोड को काटते हुए भव्य अयोध्या के प्रस्तावित अधिग्रहीत क्षेत्र के किनारे से निकलते हुए फोर लेन प्रस्तावित बंधा मार्ग से सीधे सरयू पुल से जुड़ेगा। लेकिन बाद में बंधा मार्ग को भी इको जोन घोषित करके एक नए पुल के जरिए इसे डीएनडी की तर्ज पर गोरखपुर मार्ग के विक्रमजोत तक नई फोरलेन बनाकर विस्तार दिया जाएगा। फिर यहीं से आगे रिंग रोड को छपिया मार्ग गोंडा मार्ग को काटते हुए सरयू पर एक और पुल बनाकर सोहावल के पास जोड़कर पूरा किया जाएगा। इस कार्य में सैकड़ों अरब धनराशि खर्च होगी लिहाजा पूरा प्लान प्रदेश सरकार से केंद्र सरकार को जाएगा जहां से फेजवार इस योजना पर खर्च और पूरा करने की टाइम लाइन तय होगी। अयोध्या विकास प्राधिकरण का प्लान है कि नया बाईपास जहां-जहां हाईवे पर काटेगा वहां पर चौमुखी विकास किया जाए।

जिसमें वाटर पार्क और उद्योगों का विकास करना। एडीए का इरादा शुरूआती चरण में कम से कम 15 सेक्टर बनाने का है। नए बाईपास पर ही व्यावसायिक व इंडस्ट्रियल कार्यों के लिए योजना बनाई जाएगी।

## टीकारण कार्ययोजना की हुई गहन समीक्षा

**मिर्जापुर**। प्रभारी जिलाधिकारी अविनाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक आहूत कर आगामी 11 जनवरी को कोरोना वैसीन के टीकारा के द्वितीय फंसे की कार्ययोजना की समीक्षा गयी। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गयाा कि जनपद में कुल 19 सेन्टरों पर 40 बूथ बनाये गये है। अपर जिलाधिकारी यूपी सिंह ने बताया कि सभी सेन्टरों पर एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा तहसील स्तर पर एक जानल मजिस्ट्रेट की तैनाती की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर पुलिस कर्मी एव होमगार्ड की ड्यूटी लगायी जाये इसी प्रकार वैक्सीन को बूथ तक पहुॅचाने के लिये स्वास्थ्य विभाग के टीम के साथ पुलिस फोर्स उपलब्ध रहेगा। इस अवसर पर वैक्सीन को जनपद में लाने व जिला मुख्यालय से वैक्सीन को सेन्टरों पर पहुॅचाने के बारे में जानकारी दी गयी।

## बस्ती मेडिकल कालेज

# संविदा पर नियुक्ति का फर्जीवाड़ा पकड़ा गया

### प्रधानाचार्य के हूबहू हस्ताक्षर से 44 लोगों की नियुक्ति का फर्जी पत्र जारी कर दिया गया डीएम ने दिए जांच के आदेश

संवाददाता। बस्ती

**महर्षि** वशिष्ठ मेडिकल कालेज बस्ती में विभिन्न पदों बड़े पैमाने पर संविदा पर नियुक्ति का फर्जीवाड़ा पकड़ में आया है। हाईकोर्ट में विचाराधीन एक विशेष अनुज्ञा याचिका का हवाला देते हुए मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य के हवाले से 44 लोगों की नियुक्ति का फर्जी पत्र जारी कर दिया गया। मामला प्रधानाचार्य नवनीत कुमार के संज्ञान में आया तो वे अवाक रह गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए उनके द्वारा डीएम को इस प्रकरण से अवगत कराया गया। मामला शायद पकड़ में नहीं आता यदि नियुक्ति के हवाले से सूची में शामिल 15 लोग मेडिकल कालेज में नियुक्ति के लिए नहीं आते। कार्यालय निदेशक (प्रशासन) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, महर्षि वशिष्ठ स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, रामपुर बस्ती एवं उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्रांक नियुक्ति दिनांक 3-11 2020 द्वारा नियुक्ति आदेश निर्गत कर दिया गया। इस फर्जीवाड़े में मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य का हूबहू हस्ताक्षर भी बनाने का प्रयास किया गया। जबकि मेडिकल कालेज प्रशासन द्वारा इस तरह का कोई नियुक्ति आदेश जारी नहीं किया गया है। फर्जीवाड़ा कर नियुक्ति के लिए आदश के साथ नियुक्ति के लिए जिनके नाम दिए गए हैं उनमें बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर जिले के लोगों का नाम शामिल है। मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य के फर्जी हस्ताक्षर से किए गए फर्जीवाड़ा का मामला संज्ञान में आने के बाद से मेडिकल कालेज में हड़कम्प की स्थिति है। डीएम द्वारा नियुक्ति के इस फर्जीवाड़े को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई जा रही है। बताया जारहा है कि फर्जी नियुक्ति करने वालों का एक गिरोह बस्ती सहित पूरे प्रदेश में सक्रिय है।

## महाराजा प्रताप की प्रतिमा के ऊपर से हाईटेंशन तार हटाने को ज्ञापन दिया

संवाददाता। बस्ती

**श्री** राजपूत करणी सेना ने सिविल लाइन स्थित महाराणा प्रताप की मूर्ति के ऊपर से गए बिजली के हाइटेंशन तार को हटाए जाने की मांग किया है। बिजली के हाईटेंशन तार के चलते मूर्ति की साफ सफाई और जयंती पर माल्यापर्ण के दौरान खतरे की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा नगर बाजार चौराहे पर शहीद राजा उदय प्रताप सिंह की प्रतिमा पर छत्र लगवाने, बिना क्लास चलाए अप्रैल से ही जबरन फीस, एडमिशन शुल्क और परीक्षा शुल्क लेने वाले निजी स्कूलों पर कार्रवाई किए जाने आदि मांगों को डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया है। ज्ञापन सौपने के दौरान यशवंत सिंह 'रोलू', चन्द्रेश प्रताप सिंह, मनीष सिंह, अर्पित सिंह, राजकुमार सिंह, करन प्रताप सिंह व अन्य मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर श्री राजपूत करणी सेना की जिला कार्यालय पर हुई बैठक में क्षत्रिय एकता सम्मेलन और गांव- गांव तक संगठन को मजबूत करने पर विमर्श किया गया।

# पंचायत चुनाव को लेकर भाजपाइयों ने कसी कमर

संवाददाता। संतकबीरनगर



**गुरुवार** को खलीलाबाद में पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष बद्री प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत के वार्डो के संयोजक, ब्लाकों के संयोजक, मंडल अध्यक्ष और जिले के पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में प्रदेश के सह संगठन मंत्री भवानी सिंह ने पंचायत चुनाव के मद्देनजर भाजपा को सर्वव्यापक बनाने पर जोर दिया। कहा कि भाजपा की सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर काम करती है। इसलिए समाज के हर वर्ग को भाजपा से जोड़कर सर्वव्यापी बनाना हम कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। भाजपा को सर्वव्यापी बनाने के लिए जरूरी है कि गांव से लेकर जिला पंचायत तक संगठन का कार्यकर्ता नेतृत्व करे। इसके लिए पंचायत चुनाव में लगे कार्यकर्ताओं को अपनी पकड़ हर क्षेत्र में बनानी चाहिए। सामाजिक समीकरण से लेकर हर उस बिंदु पर ध्यान देना चाहिए, जिससे हम आसानी से पंचायत का चुनाव जीत सकें। हम ऐसा तंत्र विकसित करें कि संगठन का कार्यकर्ता प्रत्याशी हो, और चुनावी सफलता भी हासिल करे। कहा कि भाजपा राजनीति के लिए राजनीति नहीं करती है, बल्कि राष्ट्र नीति के लिए राजनीति करती है। कहा कि आज भाजपा के पक्ष में अनुकूलता है। दुनिया हमारे पीछे चल रही है। इस अनुकूलता का लाभ हमें पंचायत चुनाव में उठाना चाहिए। प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष और पंचायत चुनाव प्रभारी प्रकाश पाल ने भी पंचायत चुनाव की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने पूर्व की सपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उस समय आरक्षण लागू करने पंचायती राज नियमावली कि धज्जियां उड़ाई गई। भाजपा की सरकार ऐसा नहीं करने वाली। आरक्षण की व्यवस्था पंचायती राज नियमावली के तहत ही बनेगी। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत सदस्य पद के लिए भाजपा प्रत्याशी खड़ा करेगी। प्रधान और बीडीसी के पद पर चुनाव लड़ने के सम्बन्ध में स्थानीय फोरम निर्णय करेगी। उन्होंने पंचायत चुनाव में पार्टी का कैडर खड़ा करने का आह्वान करते हुए कहा कि अपने कार्यकर्ताओं को ही चुनाव लड़ाना है।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान दें अफसरः सीडीओ

संवाददाता। मीरजापुर

**प्रभारी** जिलाधिकारीध्मुख्य विकास अधिकारी अविनाश सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में निर्माणाधीन एजेंसियों एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की निर्माणाधी कार्यो के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने कार्यो का स्व्य स्थलीय निरीक्षण कर उपयोग की जारी सामग्रियों की जॉच लोक निर्माण विभाग के लैब से टेस्टिंग करायें तथा जॉच रिपोर्ट स्वयं हस्ताक्षार कर जिला संख्याधिकारी कार्यालय में उपलबध करायें। उन्होंने कहा कि जनपद में वर्तमान में 50 लाख से उपर के कुल 103 निर्माणाधीन कार्य है जिनमें से 12 पूर्ण हो गये है। शेष पर सभीर अधिकारी स्व्यं गुणवत्ता व समयबद्धता का जांच स्वयं करगें किी स्तर पर लापरवाही होने पर सम्बंधित विभागीय अधिकारी भी एजेंसी के साथ जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि जिस कार्य में धनराशि न हो व्यक्तिगत रूप से जिलाधिकारी से सम्पर्क कर उनकी तरफसे अपने विभाग में पत्राचार करधनराशि की डिमांड तत्कल भेज दें ताकि कार्य को समय से पूरा किया जा सके। जांच रिपोर्ट में गुणवत्ता व धनराशि की डिमांड तत्कल भेज दें ताकि कार्य को समय से पूरा किया जा सके। जांच रिपोर्ट में गुणवत्ता व समयवद्धता का निधारण अवष्य किया जाय। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों मे चल रहे कार्यो को जिला पंचायत राज अधिकारी, क्षेत्र पंचातयतों में खण्ड विकास अधिकारी, जिला पंचायत के कार्यो में अपर मुख्य अधिकारी स अन्य से सम्बंधित कार्यो में सम्बंधित विभाग जांच करेर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगें।

## अन्तरराज्यीय वालीबॉल प्रतियोगिता 11 से

बीजपुर ( **सोनभद्र** )। स्थानीय थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा अंजानी के टोला बखरिहवां में विगत वर्षों की भांति 10वीं अन्तर्राजीय दो दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता 11 व जनवरी को आयोजित किया जाएगा। संघर्ष फ्रेंड्स क्लब बखरिहवां के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए आयोजक मण्डल के संरक्षक पूर्व जिला पंचायत सदस्य जरहां डा. राम प्रसाद गोड़ व अध्यक्ष एवं अधिवक्ता मानवाधिकार आयोग मनीराम गुप्ता ने यह जानकारी दी।

# अब गोल्डन कार्ड भी बनाएंगे आरोग्य मित्र

**बदलाव**

संवाददाता। मीरजापुर

**आयुष्मान** भारत योजना के हर पात्र व्यक्ति का गोल्डन कार्ड बनाने में तेजी लाने के लिए जिले में अब 11 आरोग्य मित्रों की नियुक्ति की गई है। उम्मीद है कि इनकी मदद से अब गोल्डन कार्ड बनाने का कार्य तेज हो सकेगा।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सुबोध सिन्हा ने बताया कि डीएम के आदेशानुसार आयुष्मान भारत योजना में विभाग की ओर से खास पहल की गई है। इसके तहत अधिकाधिक गोल्डन कार्ड बनाने के लिए जिले के 11 केन्द्रों पर तैनात आरोग्य मित्र गोल्डन कार्ड बनाने का कार्य करेंगे। इसके लिए जिले के लाभार्थी प्रधानमंत्री पत्र, मुख्यमंत्री पत्र, आधार कार्ड व निर्वाचन पहचान पत्र ले जाकर निशुल्क कार्ड बनवा सकते हैं। जिले में तैनात एक आरोग्य मित्र को महीने में दो हजार गोल्डन कार्ड बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। इस तरह 11 आरोग्य मित्रों की मदद से जिले में हर महीने 22000 हजार गोल्डन कार्ड बन सकेंगे। जिला सूचना प्रबन्धक राहुल मिश्र ने बताया कि यह योजना गरीब परिवार के लिए संजीवनी बूंटी है। इसलिए इस काम में अत्यन्त पारदर्शिता रखने की हिदायत दी गई। इस योजना के तहत कई लाभार्थियों को एक नया जीवनदान भी मिला है। जिगना थाना क्षेत्रवासी दिहाड़ी मजदूर मुटूनू के ब्लडकैंसर से पीड़ित 5 वर्षीय पुत्र विपिन का एक घण्टे के अन्दर ही गोल्डेन कार्ड बन गया। कैंसर पीड़ित बालक के पिता ने अपनी व्यथा जिलाधिकारी को बताई कि बच्चे का उपचार इलाहाबाद में चल रहा है।

बेहतर इलाज के लिये लखनऊ के लिए रेफर किया जा चुका है। पीड़ित बालक का पिता मजदूरी करता है और उसका चाचा विकलांग है। मजदूरी के अलावा उसके पास आय का कोई दूसरा स्रोत नहीं है। लाभार्थियों की सूची में परिवार के मुखिया व परेशान श्रमिक का नाम देखकर डिस्ट्रिक्ट इन्फर्मेशन सिस्टम मैनेजर राहुल ने प्रयास कर तत्काल कार्ड बनवा दिया।

# चढ़ने लगा गावों का सियासी पारा

**पंचायत चुनाव**

### सुरक्षा की दृष्टि से पिपरा गौतम मतदान स्थल को गांव के मध्य से हटाने की मांग

संवाददाता। बस्ती



**ग्राम** पंचायत चुनावों की आहट होते ही गावों का तापमान गर्म होना शुरू हो गया है। प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील, अतिसंवेदनशील गावों में चुनाव के दौरान सुरक्षा को लेकर व्यूह रचना शुरू कर दी हैं। प्रशासन के लाख कवायद के बावजूद जनपद के कई ऐसे गांव है जहां ग्राम पंचायत चुनाव मतदान दिन तक माहौल खूनी संघर्ष में बदल जाता है और सारी कवायद धरी रह जाती है। इस बार के पंचायत चुनाव में भी कई ग्राम पंचायतों में चुनाव के हिंसक होने की आशंका अभी से जताई जाने लगी है। बहादुरपुर ब्लाक के पिपरा गौतम के गांव के निवासी बताते है कि शायद ही कोई ऐसा चुनाव रहा हो जिसमे खूनी झडप ना हुई हो। लेकिन ग्राम पंचायत चुनाव में स्थितियां और भी असहज हो जाती है। 2015 के ग्राम पंचायत चुनाव में एक पत्रकार के साथ केवल द्वेषवश मारपीट की गई, असमाजिक तत्वो को यह गवारा नही था कि मीडिया वहां कवरेज करे। आबादी के बीचो-बीच मतदान स्थल होने से असामाजिक तत्वों को छिपने छिपाने का भरपूर मौका मिल जाता है। 2015 में ग्राम पंचायत चुनाव में लगभग 4300 मतदाताओ के लिए प्राथमिक विद्यालय एवं जूनियर हाई स्कूल को मतदान स्थल बनाया गया था। जर्जर हो चुके प्राथमिक विद्यालय एवं जूनियर हाई स्कूल को इस बार मतदान स्थल न बनाये जाने की मांग की गई है। जर्जर भवन में मतदान स्थल न बनाए जाने के लिए पिपरागौतम गांव निवासी राम प्रताप सिंह ने अपर आयुक्त, राज्य निर्वाचन आयोग, जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियो को पत्र लिखकर मतदान स्थल बदलकर गांव के ही गौतम इंटर कालेज को नया मतदान स्थल बनाने का आग्रह किया है। बता दें कि ग्राम सभा चुनाव के अलावा सभी चुनावों के लिए यही विद्यालय मतदान स्थल बनाया जाता है। प्रार्थना पत्र की गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने जांच के लिए उपजिलाधिकारी सदर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी को नामित कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

# योगी सरकार ने विकास कार्यों को दी गतिः विधायक



संवाददाता। सेमरियावां ( संतकबीरनगर )

**समूह** की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार लगातार कृत संकल्पित हैं। हर तबके के लोगो को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं मिले जिसके लिए भाजपा सरकार निरंतर विकास कार्यों को गति दे रही हैं। उक्त बातें गुरुवार को ब्लॉक परिसर में आयोजित की जन चौपाल में सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे ने समूह की महिलाओं एवं क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनने के बाद कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी को आवास, पेंशन, शौचालय आदि विभिन्न योजनाएं सभी को मिले जिसके लिए सरकार लगातार प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा मैने जति धर्म की बात से ऊपर उठकर क्षेत्रवासियों की मदद की हैं और शत प्रतिशत समस्याओं का निराकरण कराया हैं। उन्होंने कहा कि आवास प्लस सूची में जिसका नाम हैं या किन्हीं कारणों छूट गया सूची में नाम डलवा ले उन्हें भी जल्द ही आवास की योजनाएं मिलेगी। उन्होंने समूह की महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि महिला समुह की जो समस्या हैं जल्द ही वो ब्लॉक पर जिला स्तरीय बैठक कराकर उसका निस्तारण करायेगे। इस दौरान जन चौपाल में सबसे अधिक आवास से सम्बंधित समस्याएं आयी। तो वहीं चौपाल में आयी समूह की ब्लॉक अध्यक्ष जानकी देवी, दुलारी देवी, कांती देवी व संगिता ने जन चौपाल में अपनी बातो को रखते हुए कहा कि ब्लॉक पर अधिकारियों द्वारा किसी भी काम को लेकर आने पर शोषण किया जाता हैं उन्होंने ब्लॉक के कर्मियों पर कमीशन मागने का आरोप भी लगाते हुए चौपाल में अपनी बाते रखी। इससे पूर्व सदर विधायक का प्रमुख मुमताज अहमद, प्रमुख प्रतिनिधि गुफरान चौधरी, मुश्ताक अहमद के नेतृत्व में बिगरा मीर चौराहे पर पटाखे और गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान हरिशचन्द्र पाण्डेय, संजय सिंह, मन्टू राय, सुरेन्द्र पाठक, डा.शकील खान, इरफान अहमद, गुफरान अहमद, राजू, बृजेश सिंह सैंथवार, अरविंद पाण्डेय, साकिब, राम जी चौधरी, सत्य प्रकाश पाठक, पंकज शर्मा, राजेश चौधरी, गुड्डू पठान आदि लोग मौजूद रहे।

# एसपी आधी रात निकल पड़े चौकियों का जायजा लेने



संवाददाता। संतकबीरनगर

**पुलिस** अधीक्षक डा. कौस्तुभ द्वारा बुधवार की देर रात्रि को पुलिस थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत चौकी तामेश्वरनाथ, थाना महुली क्षेत्रांतर्गत चौकी शनिचरा बाबू व थाना धनघटा क्षेत्रांतर्गत चौकी पौली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा चौकी भवन का निरीक्षण किया गया तथा परिसर की साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया गया। चौकी पर नियुक्त कर्मचारियों के नियतन व उपस्थिति के सम्बन्ध में प्रभारी चौकी प्रभारियों से जानकारी ली गयी व मुख्य आरक्षी तथा बीट आरक्षी की बीट बुट का अवलोकन किया गया व उसमे पाई गयी कमियों को बिन्दुवार सूचनाएं भरने के लिए निर्देशित किया गया। क्षेत्र के हीस्ट्रीशीटरों, गुण्डों, गैंगेस्टरों आदि अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक की कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में शान्ति व कानून व्यवस्था स्थापित करने हेतु पर्याप्त मात्रा में गश्त, संदिग्ध वाहन व व्यक्तिओं की चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिये प्रभावी कार्यवाही हेतु भी संबंधित को निर्देशित किया गया।

# ऊंचाहार में केंद्रीय विद्यालय के लिए मिला आश्वासन

**ऊंचाहार**,रायबरेली। भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष अभिलाष चन्द्र कौशल की पहल पर ऊंचाहार को केंद्र सरकार बड़ी सौगात देने जा रही है । केंद्रीय कपड़ा एवं महिला बाल विकास कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी ने भाजपा नेता की मांग पर ऊंचाहार में केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए सहमति प्रदान किया है । गुरुवार को जिले के नसीराबाद में आयोजित एक समारोह में भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से मुलाकात की । भाजपा नेता ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि ऊंचाहार में एनटीपीसी की बड़ी परियोजना है । जिससे क्षेत्र में अध्ययन रत बच्चो में काफी संभावनाएं है ।लेकिन स्थानीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी शिक्षा की माकूल व्यवस्था नहीं है । जिसके कारण क्षेत्र के छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा के जिला मुख्यालय जाना पड़ता है । विशेषकर छात्राओं को बाहर जाकर शिक्षा ग्रहण करना असुविधा जनक है । ऊंचाहार में राजकीय महाविद्यालय के अलावा शिक्षा के लिए राजकीय स्कूल नहीं है । इसलिए ऊंचाहार में यदि एक केंद्रीय विद्यालय खोला जाता है तो न सिर्फ रायबरेली जनपद अपितु सीमा से जुड़े प्रतापगढ़ जनपद के विद्यार्थियों के लिए भी लाभप्रद होगा । भाजपा नेता कि इस मांग पर केंद्रीय मंत्री ने सहमति जताते हुए पूरे मामले में मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा इस मामले में उचित निर्णय के लिए सदर्भित करने का आश्वासन दिया है । यदि इस मामले में सरकार सकारात्मक कदम उठाती है तो वास्तव में ऊंचाहार के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी ।

## सोनभद्र में 2905 बच्चों का टीकाकरण

**सोनभद्र**। त्रैमासिक विशेष टीकाकरण अभियान के अंतर्गत जनपद में स्वास्थ्य विभाग ने माह दिसंबर में 2905 बच्चों तथा 1021 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया है। स्वास्थ्य टीम द्वारा उन बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया जा रहा है जो किसी वजह से टीकाकरण से वंचित रह गए थे। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेम सिंह ने बताया कि बीते नवंबर माह से यह विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है जो जनवरी 2021 तक चलेगा। इस अभियान के दौरान शून्य से एक वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। विभाग की टीम ने टीकाकरण सत्र पर आने वाली महिलाओं व बच्चों तथा उनके परिजनों को कोविड-19 संक्रमण से बचाव की जानकारी भी दे रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि माह दिसंबर में 556 सत्र चलाया जाना था।

# ऊर्जाराज्य मंत्री ने धनावल गांव में सुनीं किसानों की समस्याएं

संवाददाता। मीरजापुर

**यूपी** की योगी सरकार किसानों की समस्याओं को लेकर बेहद गंभीर है। नोडल अफसर के बाद विभाग के मंत्री जिले जिले जाकर किसानों की समस्याएं सुन रहे हैं। पटेहरा ब्लाक के धनावल गांव पहुंचे ऊर्जा राज्य मंत्री रमाशंकर सिंह पटेल ने किसानों की समस्याएं सुनी। मंत्री ने कहा की जिन आप की समस्या मई-जून तक दूर कर दिया जाएगा। किसानों के जिस समस्या को बीस सालो से अभी तक पिछली सरकार नही दूर कर सकी उस कार्य को हमारी सरकार दूर कर रही है। वहीं आप को बता दूं की ऊर्जाराज मन्त्री व क्षेत्रीय विधायक धनावल में किसानो के बुलाने पर उनकी समस्या सुनने पहुचे थे वही विभाग के संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुये कहा की अगर इनकी समस्या का समाधान जल्द से जल्द दूर नही किया गया तो आप सब के खिलाफ कार्रवाई होगी।

कृषि कानून को लेकर दिल्ली में भले ही किसान प्रदर्शन कर रहे हो। लेकिन यूपी की योगी सरकार किसानों के हित के लिए काम कर रही है। यूपी की योगी सरकार में ऊर्जा राज्य मन्त्री की जिम्मेदारी संभाल रहे ऊर्जा राज्य मन्त्री एव क्षेत्रीय विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने अपने विधानसभा मे दौरे के दौरान किसानों के बुलाने पर आज धनावल गांव प पहुंचे, जहां उन्होंने किसानों की समस्या के साथ साथ बिजुली विभाग से पीड़ित ब्क्तीयो की भी समस्या सुनी। इतना ही नही मंत्री ने किसानों से उनकी समस्याएं सुनी जिसके बाद किसानों की समस्याओं के समाधान के लिये सम्बन्धी अधिकारियो को निर्देशत भी किया। राज्य मंत्री ने बताया कि सीएम योगी किसानों की समस्या को लेकर बेहद गंभीर है। आप सब की समस्या हमारे संज्ञान मे नहीं था आज आप लोगो के जरिये हमें जानकारी हुई है, इस समस्या का समाधान जल्द कराकर अप सभी की उमीद को कायम रखेंगे। किसानों की समस्याएं जो भी हैं उनका समाधान तत्काल किया जाएगा। वहीं एक किसान के द्वारा मन्त्री के पास लाईट की मीटर लेकर पहुचने पर मौके पर बैठी बिजुली विभाग के एक्सईएन को फटकार लगाते हुये कहा की इनकी समस्या जल्द से जल्द सही कर दिया नही तो सम्बन्धी अधिकारियो के खिलाफ भी कार्यवाही की जायेगी मामला यह था की किसान को उज्ज्वला योजना के तहत कनेक्शन कर मीटर हाथ मे पकड़ा दिया गया और बिल भी भेज दिया गया।

# पत्नी से अवैध संबंध के शक में चचेरे भाई को उतारा मौत के घाट

संवाददाता। सोनभद्र

**माची** थाना क्षेत्र के मड्पा गांव में शनिवार को हुई हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए युवक ने स्वीकार किया कि पत्नी से अवैध संबंध के शक में चचेरे भाई को मौत के घाट उतारा। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी उसकी निशानदेही पर बरामद कर ली है। शनिवार को माची थाना क्षेत्र के मड्पा गांव में दोपहर बाद राजेश यादव पुत्र कांता यादव की अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने कई लोगों से पूछताछ की। उसका रक्तरंजित शव उसके घर से लगभग एक किलोमीटर दूर अरहर के खेत में मिला था। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल डॉक्टर राजीव कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक सदर अभिनव यादव समेत तमाम पुलिस के लोग बिहार से सटे मडपा गांव रात में ही पहुंच गए थे। वहां मौजूद लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस टीम लौट आई थी मृतक के पिता द्वारा माची थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी ।अगली सुबह पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने भी मौके पर अगली सुबह पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने भी मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया था। इस हत्या को चुनौती मानते हुए शीघ्र आरोपी को गिरफ्तार करने का निर्देश उनके द्वारा दिया गया था। सीओ सदर माची थाना अध्यक्ष पन्नुगन्ज थाना अध्यक्ष एसओजी प्रभारी और स्वाद टीम प्रभारी सभी अपने अपने स्तर से मामले के खुलासे में लग गए। हत्या का कोई चश्मदीद नहीं था ऐसे में इसका खुलासा पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। पूछताछ के लिए पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों को गांव व अगल बगल से उठाया था।

## हेरोइन के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** राणा महेंद्र प्रताप सिंह क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के निर्देशन तथा तहसीलदार सिंहए प्रभारी निरीक्षक ढेबरुआ के नेतृत्व में यस यस बी और पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में सुमित हरितए सहा यक कमांडेंट एस एस बी बढऩी तथा उप निरीक्षक विक्रम अजीत राय द्वारा हमराह पुलिस बल के साथ एक व्यक्ति को इंडो एनेपाल बॉर्डर पिलर संख्या 568 के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से 11 ग्राम हेरोइन अवैध बरामद हुई गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान इस्माइल पठान पुत्र अब्दुल करीम पठान निवासी ग्राम लक्ष्मी नगर थाना कृष्णानगर जनपद कपिल वस्तु ;नेपाल राष्ट्रद्ध। के रूप में हुई पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना ढेबरूआ में मुअसं दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई कर उसे न्यायालय भेज दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस गिरफ्तारी मेण्सण्क माण् सुमित हरित, कुमार, सुनील कुमार पोखरियाल, हे काण्सतीश सिंह तोमर, कांस्टेबल संजय रोशन कुमार, उपनिरीक्षक विक्रम अजीत राय,प्रभारी चौकी बढऩी हे काण् विजय यादव, चौकी बढनी थाना ढेबरूआ जनपद सिद्धार्थनगर। की उपस्थिति रही है।

## 8 जनवरी तक खुला रहेगा छात्रवृत्ति पोर्टल

**देवरिया।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रामपाल यादव ने बताया है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जिन संस्थाओं द्वारा पाठ्यक्रमए सीट व फीस लाक नही किया गया वे अपने विश्वविद्यालय एफिलिटिंग एजेन्सी स्तर पर लाक ध्संशोधन करने के लिये 8 जनवरी तक छात्रवृत्ति पोर्टल खोला गया है। जनपद के समस्त शिक्षण संस्थायें अपने संसि में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की सीट, फीस,मान्यता की स्पष्ट कापी 2 दिवस के अन्दर जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। जिससे कि आपके संस्था का पाठ्यक्रम व फीस लाक किया जा सके।

## जनसुनवाई पोर्टल पर की माइनर की सफाई में धांधली की शिकायत

**महराजगंज, जौनपुर।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत पूरा गंभीरशाह ग्राम पंचायत स्थित उमरी माइनर में सिल्ट सफाई का कार्य मानक के अनुरूप न करके केवल कोरमपूर्ति का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जनसुनवाई पोर्टल पर किया। आरोप है कि माइनर में से निकाली गई 30 से 40 ट्राली मिट्टी ठेकेदार द्वारा बेच दी गई है। सिल्ट की सफाई का कार्य मानक के अनुरूप नहीं किया गया ह जिससे किसानों को सिंचाई में परेशानी ै जिससे किसानों को सिंचाई में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी शिकायत गांव के ही अभिषेक यादव ने अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग से किया। इस संबंध में अधिशासी अभियंता का कहना है कि मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# राममंदिर निर्माण को निधि समर्पण अभियान

### 5 जनवरी से 15 फरवरी तक चलाया जाएगा विशेष अभियान



संवाददाता। मऊ

**श्रीराम** मंदिर निधि समर्पण अभियान खण्ड परदहां का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। इस दौरान 15 जनवरी से 15 फरवरी तक श्रीराम मंदिर निर्माण को चलाए जा रहे विशेष अभियान की सफलता को लेकर रणनीति बनाया गया। श्रीराम मंदिर निर्माण निधि समर्पण के लिए खण्ड परदहां कार्यालय का उद्घाटन संघ के जिला प्रचारक राजीव नयन ने किया। जागरुकता व उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए संघ के जिला प्रचारक राजीव नयन ने कहा कि श्रीराम जन्म भूमि के महानायक स्वण् अशोक सिंघल जी की आत्मा आज श्रीराम मंदिर की भव्य रुपरेखा तैयार होने पर काफी संतुष्ट होगी। उन्होंने अभियान को गति देते हुए कहा कि पूरे एक माह में हम सभी मंदिर के लिए राममय होकर काम करेंगे। हिंदू जनमानस में मंदिर निर्माण के लिए गांव.गांव परिवार.परिवार जाकर धन समर्पण निधि को एकत्रित कर श्रीराम मंदिर निर्माण तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के ट्रस्ट को समर्पित करेंगे। बताया कि हम सभी राम भक्तों इस कार्य के लिए पूरे तनए मनए धन के साथ भगवान श्री रामचंद्र की सेवा में समर्पित रहना होगा। परदहा खंड अभियान के प्रमुख सचिंद्र सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर ही देश व समाज का पूर्ण उत्थान किया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य रुप से परदहा खंड अभियान के प्रमुख सचिंद्र सिंह,खंड कार्यवाह सुमित दुब, खण्ड अभियान निधि प्रमुख भगत सिंह, सह अभियान प्रमुख आनंद सिंह गुड्डू, नीरज सिंह कार्यालय प्रमुख, पंकज गिरी, पंकज तिवारी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, अजीत सिंहए गणेश सिंह, मनोज सिंह एडवोकेट, शेषनाथ सिंह, हरिओम सिंहए नकवीए सत्यम सिंह, रमाशंकर सिंह,विपिन कुमार सिंह,ललन सिंह, विशाल सिंहए रामकृष्ण गोलू, सुधांशु सिंहए राजीव रोशन सिंह, रामागिरी,जवाली मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## अध्यक्ष और महामंत्री पद पर होगा चुनाव, सभी पर्चे वैध

**संवाददाता, सकलडीहा,चन्दौली।** बार एसोसिएशन सकलडीहा के वार्षिक चुनाव को लेकर गुरूवार को सभी आवेदनों की जांच की गयी। अध्यक्ष महामंत्री सहित सभी पदों पर भरा गया पर्चा वैध पाया गया। वही अध्यक्ष व महामंत्री पद पर किसी ने पर्चा वापसी नही लिया। अंत में चुनाव अधिकारी द्वारा उम्मीदवारों की सूचना जारी करते हुए अध्यक्ष और महामंत्री पद पर चुनाव कराने की घोषणा किया। वही शेष अन्य पदों पर एकल उम्मीदवार होने के कारण निर्विरोध मान लिया गया है। दो पदों के चुनाव परिणाम के बाद सभी घोषणा एक साथ किया जायेगा। मुख्य चुनाव अधिकारी कुबेर सिंह व उप चुनाव अधिकारी जनार्दन मिश्र व सहायक चुनाव अधिकारी बुद्धिराम व यशवंत सिंह यादव की देखरेख में नामांकन पत्रों की जांच किया गया। अध्यक्ष पद पर पूर्व महामंत्री नितिन तिवारी और राजकुमार सिंह के पर्चा वैध होने की सूचना जारी किया गया। इसके बाद महामंत्री पद पर अजय कुमार रंजन और कृष्ण मुरारी शंकर पाठक पर्चा वैध होने की सूचना जारी किया गया। दोनों पदों पर आमने सामने लड़ाई होने पर चुनाव में कांटे की टक्कर की संभावना जताया गया है। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार यादव, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, पुस्तकालय मंत्री धीरेन्द्र कुमार पांडेय, सहायक सचिव प्रशासन पर अनुराग उपाध्याय के भी पर्चा वैध पाया गया। कार्यकारिण सदस्य में रमाकांत पांडेय, शिव कुमार सिंह,जयप्रकाश ओझा, यशवंत सिंह यादव, मनोज पांडेय, जगदीश सिंह, कुबेरनाथ सिंह जनार्दन मिश्र, और बुद्धिराम का भी पर्चा वैध रहा। मुख्य चुनाव अधिकारी कुबेर सिंह ने बताया कि अध्यक्ष और महामंत्री पद पर दो दो उम्मीदवारों में किसी के पर्चा वापस नही करने पर 16 जनवरी को सुबह दस बजे से चुनाव कराया जायेगा।

# देवरिया में प्रभारी मंत्री का जोरदार स्वागत



संवाददाता। देवरिया



**जनपद** के प्रभारी मंत्री और उत्तर प्रदेश सरकार में उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, कृषि निवेश मंत्री श्री राम चौहान के देवरिया आगमन पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य पवन कुमार मिश्र के भीखमपुर रोड स्थित आवास पर पहुँचे और लगभग 1 घण्टे रुके। पवन कुमार मिश्र ने प्रभारी मंत्री को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिला कार्यसमिति सदस्य पवन कुमार मिश्र ने पत्र के माध्यम से प्रभारी मंत्री को जन समस्याओं से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पिछले बार जनपद दौरे पर आए प्रभारी मंत्री जी को देवरिया नगरपालिका सिमा विस्तार में कुछ गांवो को शामिल करने का अनुरोध भी पत्र के माध्यम से किया गया थाए जिस पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन द्वारा शासन को पत्र लिखा गया है। नगर पालिका सिमा विस्तार में शामिल होने से गांवो का सर्वांगीण विकास होगा। प्रभारी मंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों से भी मुलाकात किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरुण सिंह। संतोष त्रिगुणायत, अजय शाही, गंगा सिंह कुशवाहा, जिला मंत्री निर्मला गौतम, अभिषेक जायसवाल, महेश मणि,शिव कुमार राजभर, मीडिया प्रमुख सत्येंद्र मणि, अम्बिकेश पांडेय ,पूर्व जिला महामंत्री कृष्णनाथ रॉय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय उपाध्याय, नगर अध्यक्ष संजय पांडे, नगर महामंत्री दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, हिन्दू युवा वाहिनी जिलाध्यक्ष मुन्ना राय, भाजपा नेता अरविंद पांडेय, नवीन सिंह, अंकुर सिंह, अंकित शाही, रितेश शर्मा, उमेश सिंह, विजेंदर चौहान, अभय तिवारी, रामचन्द्र मिश्र, राजीव मिश्र,रमाशंकर तिवारी ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया ।

## प्रभारी मंत्री ने किया नवसृजित थाना बरियापुर का उद्घाटन



**देवरिया।** नवसृजित थाना बरियापुर का उद्घाटन विधिवत मंत्रोच्चार एवं पूजाए अर्चना के साथ शिलालेख अनावरण एवं फीता काटकर मुख्य अतिथि जनपद प्रभारीध्राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान श्रीराम चौहान द्वारा किया गया। प्रभारी मंत्री श्री चौहान ने सम्बोधन में कहा कि बिहार राज्य का सीमावर्ती होने के कारण इस थाने की उपयोगिता अहम है। सबल सशक्त सीमा होए चाहे देशए जिले व थाने का हो यह प्राथमिकता हैं। बरियारपुर जो थाना बना हैए वह अपनी भूमिका ठीक से इसके लिये निर्वहन करेगा तथा अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभायेगा। भू.माफिया अपराधियों पर अंकुश लगेगा। उन्होने कहा कि इस थाना क्षेत्र के सीमा में ऐसे जो भी गांव दुरस्त होए उन्हे चिन्हित कर उसे इस थाना क्षेत्र में जोडा जायेए ताकि जनमानस को दिक्कत व परेशानी न हों। उन्होने यह भी कहा कि थाना जहां बुराईयों पर अंकुश लगाता है, वही अपने इकबाल के कारण लोगो में सुधार लाने एवं सही जीवन जीने को प्रेरित करता है। थाना सुधार का भी केन्द्र होता है। उन्होने लोगो से भी अपेक्षा करते हुए कहा कि जो भी समस्याये हो उसका समाधान आपसी प्रेम भाईचारे व सद्भाव के साथ आपसी मेलमिलाप से करने को प्राथमिकता देनी चाहिये। सदर सांसद डा. रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि थाना लोकार्पण यादगार का एक अवसर है। जनता को पुलिस का सहयोग व सहायता त्वरित रुप से मिले और थाने की दूरियां कम होए इसके लिये पूरे प्रदेश मे थानो की संख्या बढाने का कार्य मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया है। सरकार की नियत जनता की सुरक्षा है। उन्होने कहा कि बिना जन सहयोग के अपराध नियंत्रित नही होता है। अपराध नियंत्रण में सभी की भूमिका होती हैए इसमें जन सहयोग जरुरी है। समाज संरक्षित होए सभी को सुरक्षा मिलेए इसके लिये कार्य करना चाहिये। उन्होने कहा कि पुलिस का सहयोग कर इस थाने को श्रेष्टतम व आदर्श थाना बनायें। सलेमपुर सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में थाने का स्थापना होना अपराधियों पर सिकंजा कसने का एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होने कहा कि पुलिस सभ्य लोगो के साथ मित्रवत व्यवहार करें और अपराधियों के साथ कडाई बरते। सदर रामपुर कारखाना कमलेश शुक्ला ने कहा कि इस थाने के बनने से जन समस्याओं के निस्तारण में त्वरित गति आयेगी वही अपराध नियंत्रण में भी इसकी भूमिका होगी। जिलाधिकारी अमित किशोर ने कहा कि सुदूर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर इस थाना के बनने से अंकुश लगेगा। उन्होने कहा कि बरियारपुर पीएचसीए पावरहाउस के बगल में थाना भवन बनाये जाने के लिये जमीन चिन्हित किया गया है। पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र ने प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक रामपुर कारखाना, जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी के पहल के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि सभी का असीम सहयोग रहा है कि अल्पतम समय में ही नये थाने का सृजन हुआ। उन्होने कहा कि अभी तीन नये थाने प्रस्तावित है। जिसमें खामपार.बनकटा थाना क्षेत्र से हरेराम चैराहा, सलेमपुर में सरौरा एवं सदर कोतवाली देहात के रुप में सोनूघाट में थाना बनाया जाना प्रस्तावित है। 5 नये थाने बनने से अपराध एवं अपराधियों के नियंत्रण में और सुधार होगा।

## दावा आपत्ति निस्तारण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : एसडीएम

संवाददाता। सकलडीहा

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव को लेकर अधिकारियों के बीच सरगर्मी तेज होगयी है। गुरूवार को एसडीएम प्रदीप कुमार बीएलओए अमीन और बीईओ व सीडीपीओ के साथ तहसील सभागार में बैठक किया। इस दौरान दावा आपत्ति की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया। लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दिया। 27 दिसम्बर को मतदाता सूची का प्रकाशन के बाद 3 जनवरी तक दावा आपत्ति लिये जाने का समय निर्धारित किया गया था। 11 जनवरी से पूर्व मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन होना है। दावा आपत्ति के कुल तीन हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुआ था। बीएलओ की लापरवाही के कारण शिकायतों का निस्तारण नही हो पाया था। एसडीएम प्रदीप कुमार सम्बन्धित विभाग के अधिकारी और बीएलओ के साथ बैठक कर देर शाम तक शिकायतों का निस्तारण का निर्देश दिया। इसके बाद अमीनों के साथ बैठक कर वसूली में प्रगति लाने का हिदायत दिया। चेताया कि लापरवाही पर सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। अंत मे बीईओ द्वारा परिषदीय विद्यालय के जूता वितरण शुरू कराने को कहा। इस मौके पर नायब तहसीलदार बृजेश सिंह, बीईओ सुरेन्द्र बहादूर सिंह, सीडीपीओ अवधेश सिंह, निर्वाचन कार्यालय प्रभारी केहर सिंह,चन्द्रभूषण, संजय मौर्य, अमित कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## अतिरेक ने कैट में हासिल किया 99.8 प्रतिशत अंक



मछलीशहर, जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामविलास पाल के भांजे अतिरेक पाल ने कॉमन एडमिशन टेस्ट ;कैटद्ध में 99ण्08 प्रतिशत अंक प्राप्त करके सफलता का कीर्तिमान स्थापित किया है। मूल रूप से भदोही जनपद के सरई मिश्रानी निवासी अतिरेक की सफलता पर राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदीए भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ब्रहम्देव मिश्रा, महामंत्री राजेंद्र श्रीवास्तव, जिला मंत्री सुरेश गुप्ता, कमलेश सिंह,अनुराग सिन्हा, मनोज जायसवाल, शिवम पाल आदि ने बधाई दी है।

## डा.सिंधु का प्रवक्ता पद पर चयन



**जफराबाद, जौनपुर।** सिरकोनी विकास खण्ड के बहादुरपुर गांव निवासी डाण् सिंधु यादव का प्रवक्ता पद पर चयन हुआ है। उनके इस सफलता से गांव में खुशी का माहौल है। उक्त गांव निवासी डाण् सिंधु के पति दिनेश यादव सरस्वती निकेतन इंटर कालेज बैरीपुर में प्रधानाचार्य हैं। डाण् सिंधु यादव प्रबन्धक नन्दलाल यादव की पुत्रबधू हैं। इस मौके पर कपिल दूबेए शिव नारायण, सनत दुबे, राजकुमार यादव, राकेश यादव, सुनील यादव, अमित यादव आदि मौजूद रहे।

## सपा नेता की माता का निधन

**जौनपुर।** शिया जामा मस्जिद के मुतवल्ली व वरिष्ठ सपा नेता अली मंजर डेजी की माता सुगरा बेगम का गुरुवार की सुबह चहारसू स्थित आवास में बीमारी के चलते निधन हो गया। यह समाचार मिलते ही शिया जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना महफुजूल हसन खानए सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादवए श्याम बहादुर पाल सहित समाजसेवियों का तांता शोक प्रकट करने में लगा रहा।

## खादी और ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 10 जनवरी से

**जौनपुर।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन आगामी 10 से 25 जनवरी तक नगर के बीआरपी इंटर कॉलेज में किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए निदेशकध्प्रभारी डीएस भाटी ने बताया कि प्रदर्शनी के लिये भव्य एवं आकर्षक पंडाल बनाया जा रहा है जो ग्राहकों का ध्यान अपनी तरफआकर्षित कर रहा है। जनपद के खादी प्रेमी ग्राहकों की बहु प्रतिक्षित मांग रविवार से पूरी होने जा रही है। जिसमें विशेष सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से विशाल एवं आकर्षक बने पंडाल के सजावट कार्य को अंतिम रुप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन खादी और ग्रामोद्योग आयोग ,भारत सरकारद्ध के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रीता वर्मा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे।

## लायंस क्लब बन गई विश्व की सबसे बड़ी सेवाभावी संगठन : डा. क्षितिज शर्मा

### लायंस क्लब जौनपुर मेन ने मनाया उत्सव समारोह

**जौनपुर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के सदस्यता वृद्धि में पूरे विश्व में सर्वाधिक सदस्य भारत में होने पर लायंस क्लब जौनपुर मेन द्वारा नगर के चहारसू स्थित नर्सिंग होम में उत्सव समारोह मनाया गया। संस्थाध्यक्ष सोना बैंकर ने लोगों का स्वागत करते हुए इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। मल्टिपल काउंसिल चेयरमैन डाण् क्षितिज शर्मा ने कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में लायंस क्लब महती भूमिका निभा रहा है। क्लब मानवीय सेवाओं व सद्भावनाए समर्पण भाव से काम करते हुए विश्व की सबसे बड़ी सेवाभावी संगठन बन गई है। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय लायंस सदस्यों के लिये बड़े ही गर्व की बात है। जो अब पूरी दुनिया में हमारा देश नम्बर एक देश बन गया है। डाण् क्षितिज ने बताया कि विश्व के 210 देशों में कुल लायंस सदस्यता 1413366 है। अमेरिका में 284960 सदस्य हैंए अब अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए भारत में 285140 सदस्य हो गये हैं जो ऐतिहासिक है। डिस्ट्रिक्ट आब्जर्वर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि अमेरिका में अक्टूबर 1917 में लायंस क्लब इंटरनेशनल का गठन गैर राजनैतिक सेवा संगठन के रुप में हुआ।

# चौधरी चरण सिंह स्मारक फुटबाल का हुआ शुभारंभ



संवाददाता। केराकत, जौनपुर

**केराकत** स्पोर्ट्स डेवलपमेन्ट एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित स्व.चौधरी चरण सिंह स्मारक फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को हुआ। मानवेन्द्र सिंह सुमन पीजी कालेज की डायरेक्टर डा. सुमन यादव ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच मुगलसराय की रेडमैक्स स्पोर्टिंग क्लब और जौनपुर की शीराजे हिन्द स्पोर्टिंग क्लब के बीच खेला गया। टाई ब्रेकर के सहारे मुगलसराय की रेडमैक्स स्पोर्टिंग क्लब ने जौनपुर की शीराजे हिन्द स्पोर्टिंग क्लब को हराकर 5.3 के गोलान्तर से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच की ट्राफी मुगलसराय के बलवीर कौशल को पत्रकार आरिफ अंसारी ने दिया। दोनों टीमों ने बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया लेकिन मैच का दोनों हाफ गोलरहित रहा। निर्णायक संतराम ने टाई ब्रेकर का निर्णय लियाए जिसमें मुगलसराय 5.3 गोल के अन्तर से विजयी रही। उद्घाटन समारोह की विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मीना साहू व डा उर्मिला गुप्ता रहीं।

## खेल से होता है ऊर्जा का संचारः मो. साहिद



**जौनपुर।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा शाहगंज विकासखण्ड स्थित सर सैयद इण्टरमीडिएट सबरहद के खेल मैदान में ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य मोण् साहिद नईम ने कहा कि खेल का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। खेल से युवाओं में आपसी सौहार्द की भावना उत्पन्न होती है। साथ ही प्रतिभागियों में नई ऊर्जा का संचार भी होता है। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी राम कृपाल यादव व आशा राम यादव के संयोजन में सम्पन्न क्रीडा प्रतियोगिता में विकासखण्ड के सुदूर गांवों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। 100 मीटर दौड़ में छोटू यादव एवं 400 मीटर में मनोज कुमार प्रजापति व 800 मीटर में रामजी यादव प्रथम स्थान पर रहे। 1500 तथा 3000 मीटर दौड़ में सतीश कुमार यादव को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

## तीन गोवंश तस्कर गिरफ्तार,9 मवेशी बरामद

**चकिया, इलिया चन्दौली ।** पुलिस ने क्षेत्र के बेन गांव के पास से 9 राशि गोवंशों को बरामद करने के साथ ही तीन तस्करों को पकड़ा है।बताया गया कि तस्कर गोवंशों को पैदल ही बिहार के रास्ते पश्चिम बंगाल बध हेतु ले जा रहे थे।

पकड़े गये अभियुक्तों को थाने लाने के बाद पुलिस ने मु0अ0सं0 4ध्2021धारा 3ध्5एध्8व 11 गोवंश पशु तस्करी पंजीकृत कर विविध कार्यवाही कर रही है।पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्तों का नाम गोरख निवासी केराडीह थाना शहाबगंज, रामपति निवासी केराडीह थाना शहाबगंज तथा संतोष निवासी इमिलिया थाना चकिया चन्दौली बताया है। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस में चौकी प्रभारी इलिया नसीबुद्दीन,नौशाद,बच्चा यादव,रमेश यादव,मुकेश कन्नौजिया, रविशंकर गौतम व अवनीश कुमार थाना इलिया शामिल रहे।

## गैंगस्टर एक्ट के वांछित को पुलिस ने पकड़ा

**चकिया चंदौली ।** स्थानीय पुलिस ने मूसाखांड़ गांव निवासी जामवंत यादव नामक एक यूपी गैंगस्टर एक्ट के नामित वांछित अभियुक्त को पकड़ने में सफलता पाई है।बताया गया कि पकड़ा गया अभियुक्त लगातार फरार चल रहा थाए जिसका मुख्य पेशा गोवंशों के तस्करी का था। इस संबंध में जानकारी प्राप्त हुई कि पुलिस ने आज सुबह मूसाखंड बांध से इसे गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त को थाने लाने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रहमतुल्लाह खान, कांस्टेबल आशुतोष चौधरी, कांस्टेबल रमेश कुमार तथा हेड कांस्टेबल साधु शरण सिंह शामिल रहे।

# विदाई समारोह में सेवानिवृत्ति शिक्षकों को किया गया सम्मानित



संवाददाता। करंजाकला,जौनपुर

**बीआरसी** करंजाकला प्रांगण में 2020 के सेवानिवृत्त शिक्षकों का विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी करंजाकला सुनील कुमार रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रधानाध्यापक नगेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान सेवानिवृत्त अध्यापकों अब्दुल बारी, शमशाद अहमद,पुष्पा सिंह, पुष्पावती देवी को माल्यार्पण, अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छ, सम्मान पत्र, धार्मिक ग्रंथए पेनए डायरीए मिष्ठान आदि देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला मंत्री संजय सिंह, जिलाध्यक्ष डा अतुल प्रकाश यादव, मनोज यादव, अर्चना सिंह, श्री पाल ने कहा कि सेवानिवृत्त गुरुजनों को आदर्श के रूप में देखते हुए उनके द्वारा दिखाये मार्ग पर चलते हुये प्राथमिक शिक्षा को और ऊंचाइयों पर ले जाने का पूरा प्रयास करेंगे। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम की प्रशंसा किया। डा नीतीश सिंह ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर दिलीप सिंह, राजन सिंह, जफर अली, प्रदीप सिंह, शहला नसरीन, राजेश कुमार,राजेश सिंह, जनार्दन सिंह, अनिल मिश्रा, शैलेंद्र पाल, विनोद सिंह, अनिल यादव, अजय राय,श्रीप्रकाश पाल, चंद्र प्रकाश,मेवा यादव, दिनेश मौर्य, संजीव अस्थाना, मो हाशिम, शैलेन्द्र सिंह, अजय गौतम,पूजा, इमरान, विजय गुप्ता, धान मनी, नीतू सिंह, बबीता सिंह, प्रीति मौर्या, शशिकांत, फैज अली, अभिषेक, वीरेन्द्र यादव, सुनील,समर फरीद, रितेश, संजय यादव, सुनील यादव, वाहिद, उपमा, प्रभात सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अतुल सिंह ने किया।

# आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर किया गया स्वागत

### आम आदमी पार्टी सदस्यों ने बैठक करके बनाई रणनीति

संवाददाता। मऊ

**आम** आदमी पार्टी जिला इकाई के सदस्यों की बैठक स्पाम गेस्ट हाउस पुरानी तहसील में संपन्न हुआ। इसमें पंचायत चुनाव के प्रभारी बनाए गए दिल्ली के द्वारका से विधायक विनय मिश्रा के आगमन की रूपरेखा पर चर्चा किया गया। साथ ही साथ कांग्रेस के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सुशील चौधरी के आम आदमी पार्टी में शामिल होने पर उनका स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र राणावत ने माला पहनाकर स्वागत किया। कहा की सुशील चौधरी के पार्टी में आने से आम आदमी पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य रुप से पूर्व जिलाध्यक्ष अंकित कुमार रावए एके सहाय, विक्रम जीत सिंह, कमलेश द्विवेदी, हाजी सईदुर्रहमान, मुस्ताक अहमद,मुर्तजा नदीम, आरिफअजीज, अवधेश मौर्य, स्वामीनाथ प्रसाद, अरुण कुमार, राम छबीला साहनी, अनिल कुमार, मुकेश यादव, अमरीश यादव, डॉ आर पी राव, गिरिजेश यादव, मनोज सिंह, हरिकेश यादव, देवभूषण राम, अविनाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मानक के विपरीत बन रहा अंत्येष्टि स्थल

**बढ़नी।** सिद्धार्थनगरनगर पंचायत प्रशासन द्वारा चरगहवा नदी के तट पर 28 लाख रुपये की लागत से बन रहे अंत्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य में मानकों के विपरीत निर्माण सामग्री का उपयोग किये जाने को लेकर उच्चाधिकारियों को शिकायत की गई है। शिकायतकर्ताओं ने नींव व पिलरों की मजबूती सहित घटिया काम की जांच तकनीकी टीम से कराने की माँग की है।

## ठंड से बचने की है आवश्यकता : रवि

**धानापुर,चन्दौली।** कस्बा स्थित बाबा वीर बौरहवा सभागार स्थल पर शान्ति क्लीनिक के द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आईजननकीय गया। कार्यक्रम में बीएचयू के चिकित्सक डॉ रविशंकर मौर्य ने ठंड के समय में वायरल इनफेक्शन सर्दी जुखाम बुखार खांसी से बचाव के साथ हृदय शुगर फेफड़े में सूजन गठिया जैसे रोगियों को ठंड से बच कर रहने की आवश्यकता बताई। साथ ही नियमित चेकअप और दवा के सेवन से गंभीर से गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा सकता है। श्री मौर्या ने बताया कि इस समय ठंड की वजह से लोगों को फेफड़े में इन्फेक्शन का खतरा बढ़ गया है इस समय गरम पानी का सेवन करने से लाभ होगा लोगों से आव्हान किया कि किसी भी छोटी बीमारी जुखाम बुखार खांसी को हल्के में न ले अपने नजदीकी चिकित्सक से सलाह लेकर इलाज जरूर करें लापरवाही न बरतें इस अवसर पर मुकेश मौर्य रविजीत कुशवाहा बृजेश कुमार सतीश सेठ आका अनिल यादव कृष्णा बिपिन रस्तोगीएचंदन यादव डॉ एमके बिंद डॉ दीपक बिंद मौजूद रहे।

# खाद्य व रसद मंत्री को धान क्रय केन्द्रों में मिलीं खामियां

## निरीक्षण में अधिकारियों पर जमकर बरसे मंत्री

## बदोसराय क्रय केन्द्र को भ्रष्टाचार का अड्डा कहा



**संवाददाता।** बाराबंकी

**खाद्य** एवं रसद मंत्री रणवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह ने गुरुवार को जनपद के विभिन्न धान क्रय केंद्रों एवं मंडी समितियों का निरीक्षण किया कमियां पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारी को फटकार भी लगाई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सिरौलीगौसपुर संवाददाता के अनुसार क्रयकेन्द्र बदोसरांय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे खाद्य रसद राज्यमंत्री को तमाम खामियां मिली। क्रय केंद्र पर पर व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायतें किसानों द्वारा की गई।

नियम के विपरीत बिना टोकन के हो रही धान की तौल को देख कर मंत्री का पारा चढ गया। केन्द्र पर व्याप्त अव्यवस्था से नाराज मंत्री ने केंद्र प्रभारी एवं आरएमओ को कडी फटकार लगाई। निरीक्षण करने पहुंचे खाद्य रसद विभाग के राज्य मंत्री रणवेन्द्र प्रताप सिंह ने केन्द्र पर मौजूद किसानों दीपक मिश्रा, रामरतन, रवीन्द्र कुमार, रामसुमिरन वर्मा, शैलेन्द्र सिंह आदि किसानों से बात कर हकीकत की जानकारी ली। ग्राम बरौलिया निवासी किसान रामसुमिरन वर्मा ने मंत्री से शिकायत करते हुए कहा कि यहां पर किसान यूनियन और वीआईपी के नाम पर नियम विरुद्ध धान तौला जाता है,जबकि आम किसान महीनों से टोकन लिए घूम रहा है। मंत्री ने पूर्व में धान तौला चुके कई लोगों के फोन नम्बरों पर बात की जिसमें एक भी व्यक्ति ने सही जवाब नहीं दिया। जिसके बाद मंत्री ने इस केंद्र को प्रदेश का सबसे भ्रष्ट क्रय केन्द्र बताया। इससे पूर्व मंत्री ने सफदरगंज मडी समिति एवं रामनगर मंडी समिति का भी दौरा कर औचक निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के उपरांत पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का निर्देश है कि किसी किसान को परेशानी न होने पाए। फिर भी इन्होंने गलती की है तो इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान डीएसओ संतोष बिक्रम शाही सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय रामलीला मेले का आयोजन

**मसौली** (बाराबंकी)। धनुषयज्ञ मेलों के आयोजन से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्रति भक्ति भावना जागृत होती है। तथा भगवान के जीवन के बारे में लोगो को जानकारी मिलती है।

उक्त बातें ग्राम मेढ़िया में शुरू हो रहे तीन दिवसीय धनुष यज्ञ रामलीला मेले का उदघाट्न करते हुए पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने कही। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन समाज के सभी वर्ग के लोगो के लिए आदर्श है । श्री गोप ने कहा कि दीन दुखियों एवं निर्बलों की रक्षा और उनका उत्थान ही राम राज्य का मूल सिद्धांत था। भय और भूख रहित समाज की स्थापना के लिए प्रदेश की समाजवादी पार्टी भी निम्न वर्गों के साथ ही समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील है जिसके परिणाम है कि पूर्ववती सपा सरकार में प्रदेश के ऐतिहासिक विकास के कार्य लोगों के सामने हैं। इससे पूर्व उन्होंने फीता काटकर और भगवान के प्रतीक स्वरूपों की आरती उतारकर मेले का शुभारंभ किया।

# दिनदहाड़े 80 लाख के आभूषण लूटे

## आक्रोशित व्यापारियों ने किया हाइवे जाम



**संवाददाता।** प्रतापगढ़

**नये** एसपी को बदमाशों ने खुली सलामी देते हुए दिनदहाड़े नगर मे ही अस्सी लाख के जेवरात की लूट की खौफनाक वारदात अंजाम दे दी। लूट की घटना को लेकर जहां जिला प्रशासन मे हडकंप मच गया। वहीं नगर के व्यापारियों मे भी घटना को लेकर उबाल आ गया। व्यापारियों ने चौक पर मार्ग जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू किया।

इस बीच एसपी शिवहरि मीणा ने व्यापारियों के बीच पहुंचकर 24 घंटे के भीतर लूट की घटना के खुलासे का आश्वासन दिया तब जाम समाप्त हो सका। नगर के श्यामबिहारी गली निवासी सुरेश सोनी की ज्वैलरी की दुकान है। उसकी शिव ज्वैलर्स की दुकान मे गुरूवार की सुबह करीब साढे नौ बजे दो बाइक पर सवार पांच अज्ञात नकाबपोश बदमाश पहुंच गये। तीन बदमाश अंदर घुसकर ज्वैलरी मालिक को पिस्टल सटा दी। बदमाशों ने करीब 80 लाख के दुकान मे रखे सोने चांदी के आभूषण लूट लिये। वहीं गल्ले मे रखा चार पांच हजार नकद भी बदमाश उठा ले गये। लूट के बाद बदमाश अपनी अपनी बाइक से फुर्र हो गये। व्यापारी की चीखपुकार सुन आसपास के व्यापारी दौडे तो दुकान मे लूट का नजारा देख दंग रह गये। सूचना मिलते ही शहर कोतवाल विपिन सिंह फोर्स के साथ आननफानन मे घटनास्थल पर पहुंचे। घटना को लेकर नगर के व्यापारियो व शहरियों मे आक्रोश फैल गया। नाराज लोगों ने प्रयागराज फैजाबाद हाइवे को जाम कर दिया।

आक्रोशित लोग पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। जानकारी होने पर एसपी पहुंचे और आक्रोशित लोगों को जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाकर आक्रोश को शांत कराया। नगर क्षेत्र मे दिनदहाड़े लूट की घटना से लोग भयभीत हो उठे है। अभी पिछले दो जनवरी को ही नगर कोतवाली के गायत्री नगर मे रूरल बार एसो. के जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा के घर बदमाशो ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। अधिवक्ता के घर डकैती की घटना से जिले के अधिवक्ता भी आक्रोशित है। ऐसे मे बेखौफ बदमाशों ने पुलिस के हरे जख्म पर दूसरा वार कर दिया।

# जिलाधिकारी ने ग्रामीण पेयजल योजना का किया गहन निरीक्षण

**संवाददाता।** अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज विकासखंड संग्रामपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत करनईपुर ग्रामीण पेयजल योजना का निरीक्षण किया। उक्त योजना का निर्माण जल निगम द्वारा कराया जा रहा है। अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि ग्राम पंचायत करनईपुर में 268.77 लाख की लागत से 300 किलो लीटर की क्षमता की ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का निर्माण कराया जा रहा हैए उन्होंने बताया कि उक्त योजना हेतु अभी तक शासन द्वारा 176.26 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है, जिसके सापेक्ष लगभग 98 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होने बताया कि योजना अंतर्गत बोरिंग, पंप हाउसए पंपिंग प्लांट, विद्युत कनेक्शन आदि कार्य पूर्ण हो गए हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत करनईपुर के 12 मजरों में 600 घरों को कनेक्शन दिया जाना था जिसमें से अब तक 574 घरों को कनेक्शन देते हुए पानी की सप्लाई प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पूरी ग्राम पंचायत में लगभग 34 किलोमीटर अंडरग्राउंड पाइप पड़नी थी जिसमें से 30 किलोमीटर पाइप अंडरग्राउंड पड़ चुकी है, योजना अंतर्गत अभी फर्श व खड़ंजा का कार्य शेष है।

## शहीद सुधाकर के सम्मान में न्यायिक कार्य से रहे विरत

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। बेल्हा के अमर शहीद लाल सुधाकर सिंह के सम्मान मे गुरूवार को यहां अधिवक्ता न्यायिक कामकाज से विरत रहे। परिसर मे अधिवक्ताओं ने शोकसभा कर किया और शहीद के सम्मान मे भारत माता के जयकारे लगाये। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश व संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, उपाध्यक्ष विनय शुक्ल, महामंत्री रामकुमार पाण्डेय, टीपी यादव, राममोहन सिंह, विकास मिश्र, संदीप सिंह, लाल राजेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, संतोष पाण्डेय, विजय तिवारी, धीरेन्द्र शुक्ल, घनश्याम मिश्र आदि मौजूद रहे।

# शहीद के परिवार के सदस्य को नौकरी देगी सरकार

## कैबिनेट मंत्री ने 50 लाख रुपये का चेक सौंपा



**संवाददाता।** प्रतापगढ़

**प्रदेश** के जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री डा. महेन्द्र सिंह, विधायक रानीगंज धीरज ओझा, विधायक सदर राजकुमार पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीना, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) शत्रोहन वैश्य, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, उपजिलाधिकारी सदर मोहन लाल गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विकास खण्ड सदर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम व पोस्ट गोड़े में पहुँचकर शहीद नायब सूबेदार सुधाकर सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के घोषणा के क्रम में कैबिनेट मंत्री डा. महेन्द्र सिंह ने शहीद सुधाकर सिंह की पत्नी को 35 लाख रूपये, शहीद की माता को 15 लाख रूपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया और कहा कि सहायता धनराशि बचत खाते में हस्तान्तरित कर दी गयी है। उन्होने शहीद की पत्नी का ढाढ़स बंधाते हुये कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में आपके परिवार के सदस्य को नौकरी प्रदान की जायेगी तथा शहीद के नाम पर पक्की सड़क का नाम रखा जायेगा। उन्होने शहीद के परिवार के सदस्यों को आश्वस्त करते हुये कहा कि इस दु:ख की घड़ी में शासन एवं प्रशासन आपके साथ है। इस दौरान उन्होने कहा कि शहीदों की शहादत का कोई मूल्य नही चुकाया जा सकता।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर स्वास्थ्य शिविर संपन्न



**संवाददाता।** बाराबंकी

**वंश** गोपाल राष्ट्रीय पुनर्वास ट्रस्ट व महिला कल्याण विभाग के संयुक्त अभियानों नारी रक्षा शिक्षा मिशन तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत एक दिवसी स्वास्थ्य शिविरसंपन्न हुआ। बताते चलें कि संकट मोचन इंटर कॉलेज थाना कोठी अंतर्गत स्थित ग्राम इनायतपुर में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन वंश गोपाल राष्ट्रीय पुनर्वास ट्रस्ट के अध्यक्ष नागेश कुमार पटेल तथा स्वयंसेवक रुचि यादव व ललिता के नेतृत्व में महिला कल्याण विभाग के सहयोग से बालिकाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा तथा स्वयं की रक्षा की जानकारी प्रदान कराते हुए परीक्षण कर दवा प्रदान कराई गई। इस अवसर पर नागेश पटेल ने कहा की चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो नागेश पटेल ने बालिकाओं को 1098 1090 112 181 टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी वहीं पर महिला कल्याण विभाग से आए अधिकारी रुचि शर्मा ने विभाग की कन्या सुमंगला योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना सहित तमाम योजनाओं की जानकारी दी। मेडिकल टीम में आई डॉक्टर अखिलेश के द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक अरुण कुमार वर्मा सहित समस्त स्टाफ व कक्षा 9 से 12 के सभी छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## युवा समाजसेवी ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**संवाददाता।** जामों (**अमेठी**)

**विकासखंड** अंतर्गत ग्रामसभा कटारी में राहुल मिश्रा ने अपनी ग्राम सभा के जरूरतमंद महिलाओं व पुरुषों को कंबल वितरण किया उपरोक्त कंबल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नंद किशोर त्रिपाठी उर्फ नंदा बाबा रहे इस कंबल वितरण कार्यक्रम में कटारी ग्राम सभा के लगभग सभी गांव व पुरवो के लोग अच्छी खासी तादाद में मौजूद रहे इस कार्यक्रम में कटारी गांव के लगभग सभी नौजवानों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया उपरोक्त कार्यक्रम में रिटायर्ड कैप्टन मोहम्मद रशीद, नितेश तिवारी, दीपू तिवारी सहित सभी जाति व धर्म के लोग मौजूद रहे लगभग 1500 कंबल का वितरण राहुल मिश्रा के द्वारा करवाया गया कार्यक्रम के अंत में राहुल मिश्रा ने आए हुए सभी इष्ट मित्रों वह ग्राम वासियों का आभार व्यक्त किया ।

# लोकतंत्र सेनानी के निधन से शोक



**संवाददाता।** मुसाफिरखाना (अमेठी)

**क्षेत्र** के कंजास गांव निवासी 65 वर्षीय लोकतंत्र सेनानी हुब लाल पासी के आकस्मिक निधन की सूचना पर क्षेत्र में शोक छा गया। विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों ने घर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। मुसाफिरखाना विकास क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पूरे बरजोर मजरे कंजास गांव निवासी हुब लाल पासी पुत्र ननकू 1975 में आपातकाल के दौरान जेल गए थे । करीब 20 वर्ष की उम्र तत्कालीन सरकार द्वारा विपक्ष के आवाहन पर आंदोलन में शामिल होने के चलते गिरफ्तार कर लिए गए थे ।लंबे समय तक जेल में बंद रहे हुब लाल 1977 में जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद जेल से छूटे ।बुधवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे लोकतंत्र सेनानी के आकस्मिक निधन की सूचना पर एसडीएम सुनील त्रिवेदी सीओ मनोज यादव तहसीलदार श्रद्धा सिंह चौकी प्रभारी उमेश मिश्रा लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण दत्त पाठक, राम मूर्ति तिवारी, सपा जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव प्रधान बृजेश यादव सहित अन्य लोगों ने उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित ।लोकतंत्र सेनानी राम मूर्ति तिवारी की आपत्ति के बाद दोपहर करीब तीन बजे उनके पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर देने के बाद राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया ।

## 18 प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामाकंन पत्र

फतेहपुर (**बाराबंकी**)। बार संघ के चुनाव मे बृहस्पतिवार को विभिन्न पदों पर कुल 18 प्रत्याशियोंने अपने.अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। कल इल्डर्स कमेटी द्वारा नामांकन पत्रों की जांच करके वैध प्रत्याशियों की घोषणा की जायेगीए और कल ही पर्चा वापसी का समय निर्धारित किया गया है।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए ओमप्रकाश यादव, राजेन्द्र प्रसाद वर्माए इन्द्रेश कुमार शुक्ला, प्रदीप कुमार निगम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रघुवर दयाल उपाध्यक्ष (प्रथम), राजीव नयन तिवारी, नफीस अहमद, कृष्ण कान्त मिश्रा, उपाध्यक्ष द्वितीय पद के लिए सन्तोष कुमार शर्मा, महामंत्री पद के लिए रामलाल वर्मा, संजय कुमार सिंह, रामसिंह चौहान, संजय सिंह नम्बरदार, विष्णु कुमार मौय, संयुक्त मंत्री प्रशासन आशाराम भारती, संयुक्त मंत्री प्रकाशन कुबेर सिंह, संयुक्त मंत्री आदि है।

# प्रतिबंध के बावजूद चहेते ढाबों पर खड़ी होती है रोडवेज बसें

**संवाददाता।** रामसनेहीघाट (**बाराबंकी**)

**क्षेत्र** के भिटरिया चौराहे पर बस अड्डा का निर्माण ना होने के कारण रोडवेज चालक व परिचालक द्वारा सुविधा शुल्क वसूलने हेतु अपने चहेते ढाबों पर बसें खडी की जाने का सिलसिला जारी हैं जिससे आने जाने वाले लोगों को घोर कठिनाइयां उठानी पड़ रही है परिवहन विभाग के आलाधिकारी मौन बने हुए हैं। गौरतलब हो कि तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले कोटवा सड़क से लेकर रानीमऊ चौराहे तक लगभग एक दर्जन रोडवेज ढाबों पर यात्रियों से भरी बसों को अपने चहेतों के ढाबों पर खडी की जाती है ढाबा मालिकों द्वारा चालक एवं परिचालक को फ्री खाना नाश्ता पानमसाला व शराब देने के साथ 300 से 500 रुपये प्रति चक्कर सुविधा शुल्क भी दिया जाता है वहीं यात्रियों से महंगे दाम वसूल कर सडा गला भोजन खिलाया जाता है अगर कोई यात्री खाने का विरोधकरता है तो उसके साथ मारपीट गालीगलौज करना ढाबा संचालको द्वारा आम बात हो गई है। मजे की बात तो यह है कि स्थानीय पुलिस भी सब कुछ जानते हुए अनजान बनी है चाहे 108 पुलिस हो या हल्का पुलिस सभी का ठिकाना क्षेत्र में चलने वाले अवैध ढाबे ही है और तो और भिटरिया मे बस रुकने का एक निश्चित स्थान ना होने के कारण दो से तीनकिलोमीटर पहले रात्री मे घंटों देर तक रूकी रोडवेज की बसों से यात्री अपने स्थान पहुंचे हेतु पैदल ही चल देते हैं जिससे उनके साथ आये दिन अनहोनी घटनाएं घटने की आशंका त्रीव हो जाती है क्षेत्र के बुद्धिजीवी वर्ग ने शासन से भिटरिया मे जल्द से जल्द बस अड्डा निर्माण कराये जाने की मांग की है ताकि भ्रष्टाचारी चालकों परिचालकों पर अंकुश लग सके।


# रुदौली वापसी सहित कई मांगों को लेकर सड़क पर उतरे वकील

**संवाददाता।** बाराबंकी

**रुदौली** तहसील वापसी, अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट, युवा वकीलों को प्रोत्साहन भत्ता, टोल टैक्स माफी सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय के वकीलों ने जोरदार प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रतिनिधि अपर जिलाधिकारी सन्दीप गुप्ता को सौंपा। जिला बार एसोसिएशनके अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह के नेतृत्व में कचहरी प्रांगण से निकला जुलूस फैजाबाद अयोध्या राज मार्ग पर पहुंचा। आंशिक जाम लगाने के बाद जुलूस पीडब्ल्यूडी के डाक बंगला पहुंचा। आनन फानन में कोतवाल पंकज सिंह भी भारी फोर्स के साथ पहुंच गये। अपर जिलाधिकारी सन्दीप गुप्ता भी मौजूद रहकर स्थिति नियंत्रित करने में लगे रहे। डाक बंगले में मौजूद राम नगर के विधायक शरद अवस्थी व हैदरगढ़ के विधायक बैजनाथ रावत भी सकते में आ गये। इसके बाद जुलूस डाक बंगले से निकल कर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा जहां सभा मे तब्दील हो गया। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह की अध्यक्षता महामंत्री नरेन्द्र वर्मा के संचालन में देर तक चली सभा को बरिष्ठ उपाध्यक्ष अमीनुद्दीन, अशोक वमा, राकेश तिवारी, किस्मत अली, मुख्तार अहमद, लल्लन यादव, कौशल किशोर त्रिपाठी, हुमायू नईम खान, मो. शमीम, अनूप कल्याणी, रितेष मिश्रा, रईस कादरी, अशोक द्विवेदी, महेंद्र सिंह, सीबी सिंह, भानू सिंह, आरपी गौतम ओमप्रकाश यादव, शिव शंकर रावत, निहाल यार खान आदि मौजूद रहे।

# मारपीट कर दबंगों ने गिराया दलित का घर, लगाई आग

**संवाददाता।** बाराबंकी



**कीमती** जमीन पर कब्जेदारी को लेकर करीब एक दर्जन दबंगों ने दलित किसान का घर गिरा कर उसके छप्पर में आग लगा दी। पीड़ित परिवार के विरोध पर हमलावरों ने आधा दर्जन लोगों को घायल कर दिया। करीब एक घंटा चले तांडव में पुलिस से आक्रोशित लोगों ने मार्ग जाम कर दिया। बेकाबू हालात को देखते हुए एडिशनल एसपी ने कई थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुच कर हालात को काबू में करके अवरुद्ध मार्ग को खुलवाया। पुलिस ने इस घटना में आट लोगों पर मारपीट का मामला दर्ज करके दो लोगो को हिरासत में लिया है। प्राप्त विवरण के मुताबिककस्बा जहांगीराबाद के पास ग्राम कुटी मुख्य मार्ग पर दलित रामगुलाम अपने परिवार के साथ रहकर खेती किसानी करता है। मुख्य मार्ग के किनारे एक जमीन को लेकर पीड़ित परिवार और रमेश यादव गणेश प्रसाद आदि से विवाद चला आ रहा है जिसका मामला न्यायालय में लंबित है।

गुरुवार को सुबह नौ बजे अचानक करीब एकदर्जन लोग लाठी डंडों से लैस होकर रामगुलाम के घर पहुच कर उसके घर की दीवार ढहा कर छप्पर में आग लगा दी। पीड़ित के मुताबिक इससे फसल का 40 बोरी धान तीन बोरी गेंहू 15 किलो आटा 16 हजार की नगदी कपड़ा रजाई समेत सारी गृहस्थी जलकर राख हो गयी। यही नही दबंगों ने फूलमती (75 वर्ष) आयुषी, माही, फेमिला, रामसेवक, कुमारी देवी को मारपीट कर घायल कर दिया।
पीड़ित परिवार के मुताबिक हमला प्री प्लान था। गुरुवार की सुबह आठ बजे बिना वजह उसके दो बेटों सुमित और श्याम लाल को पुलिस थाने उठा ले गयी ।

इसके बाद हमलावरों रमेश यादव, गणेश प्रसाद, गोपी, गोमती, रामशंकर, रामदुलार, हनुमान, हरगोविंद, फूलचंद व जयचंद्र ने मनमाने तरीके से आगजनी करके उपद्रव किया । इसी कदम के विरोध में घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गयी और शहर आने वाले मुख्य मार्ग पर बल्लियां लगा कर जाम कर दिया । मौके पर पहुचे पुलिस ने सख्त कार्रवाई का भरोसा देकर मार्ग खुलवाया।

## राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल में ढेरों अनियमितताएं

**संवाददाता।** अमेठी

**प्रदेश** सरकार की मंशा है कि ग्रामीणों क्षेत्रो में आखिरी जन तक दवाईओं की कमी न हों। जिसके तहत आयुष में पूरे प्रदेश में नये नये डॉक्टरों की तैनाती की गयी है। लेकिन अस्पताल में शासन के आदेश का कोई असर नही है। मामला स्थानीय ब्लाक अंतर्गत कौहार ग्राम सभा मे संचालित राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल का हैं। जहाँ अनियमितताओ का बोलबाला काफी देखने को मिल रहा है। शासन के आदेशानुसार अस्पताल के खुलने का समय सुबह 10 से 4 बजे तक उपस्थिति रहने का है। जबकि अस्पताल की दीवार पर डॉक्टर का नाम व नम्बर अंकन नही हुआ है। इसके अलावा अस्पताल खुलने का निर्धारित समय 8 से 2 बजे तक ही है। जिससे दूर दराज से आये मरीजो को बैरंग वापस लौटना पड़ता है।

# बेटियों के जन्म को महोत्सव के रूप में मनाया जाए: डीएम

**संवाददाता।** ललितपुर

**जिलाधिकारी** अन्नावि दिनेशकुमार द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में जन्मी 19 बालिकाओं के जन्म के उपलक्ष्य में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत उनकी माताओं को बधाई सन्देश सम्मान पत्र बेटियों के नाम पर वृक्ष लगाने हेतु एक.एक वृक्ष गमला सहित बच्चों के कपड़े ड्राई फूड्स एवं कैरी बैग का वितरण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि बेटियो के जन्म को महोत्सव के रूप में मनाये। लड़कियों का पालन पोषण स्वास्थ और शिक्षा बिना किसी भेदभाव के समान अधिकारों के साथ सशक्त नागरिक बनाये। बेटियां आज किसी भी स्तर पर बेटो से कम नहीं है बेटा तो एक ही कुल का नाम रोशन करता है लेकिन बेटी दो दो कुलो की शान होती है साथ ही जन्मी पुत्रियों के परिजनों से कहा गया कि वह मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत अपनी बच्चियों का ऑनलाइन आवेदन कराये तथा अन्य महिला बालिकाओं से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। बेटियों की शिक्षा बाधित न होने दे बेटियों को शिक्षित करें जिससे वह अपना उज्जवल भविष्य बना सके।
जिनको यह सामग्री वितरित की गई, उनमें भूरी अहिरवार पत्नी हरिराम ग्राम खिरियाखुर्द रोटानी राजपूत पत्नी अवधेश ग्राम धोबन खेरी सोनम जैन पत्नी रोहित जैन सरायपुरा धनकुँवर पत्नी स्वामी प्रसाद ग्राम सुनवाहा आरती विश्वकर्मा पत्नी सतेन्द्र तालाबपुरा रचना पत्नी बहादुर ग्राम सिवनीखुर्द आरती जैन पत्नी अवश्य ग्राम खिमलासा मध्य प्रदेश अंजलि पत्नी सोन प्रताप ग्राम पड़ोरिया सपना चौहान पत्नी केशवेन्द्र विदिशा दीक्षा पत्नी देवेन्द्र ग्राम खड़ोवरा यशोदा पत्नी भानुप्रताप ग्राम बिरारी साक्षी यादव पत्नी आशीष ग्राम अंधेर वर्षा कुशवाहा पत्नी संजू ग्राम गड़िया सरस्वती पत्नी मान सिंह ग्राम हीरापुर सुदामा पत्नी ओमकार ग्राम बुढ़वार ने जुड़वा पुत्रियों को जन्म दिया लक्ष्मी अहिरवार पत्नी विजय प्रताप नेहरूनगर रमा नामदेव पत्नी संजीव तालाबपुरा वन्दना रजक पत्नी करन पिसनारी बाग को पुत्री प्राप्ति के उपलक्ष्य में सम्मान पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ हरेन्द्र सिंह चौहान, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार पटेल, डॉ बद्रीप्रसाद इटेलिया महिला कल्याण अधिकारी ममता श्रीवास, बाल संरक्षण अधिकारी पंकज कुमार जयराम आदि उपस्थित रहे।

## अनियन्त्रित ट्रैक्टर ट्राली ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत

**संवाददाता।** बाराबंकी

**गुरुवार** को एक अनियन्त्रित टैळ्क्टर ट्राली ने साइकिल सवार को रौंद दिया जिससे साइकिल सवार की मौके पर मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया और ट्रैक्टर ट्राली को हिरासत में लें लिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार बडडूपुर थाना क्षेत्र के खन्टा का पुरवा निवासी पैरु (35 वर्ष) पुत्र सियाराम कुर्सी कस्बे में मिर्च का पौंधा खरीदने जा रहा था।

टिकैतगंज के निकट एक अनियन्त्रित ट्रैक्टर ट्रॉली नें रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है वही इंसपेक्टर कुर्सी शशिकांत यादव ने बताया ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर कार्यवाही की जा रही है।